www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक –1 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59

YEARS 67 देशबन्धु



सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई कलयुग का प्रतीक : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ दिल्ली विश्वविद्यालय में गोबर विमर्श
■ 2014 से 15 प्रतिशत बढ़े प्राइवेट स्कूल, लगातार बढ़ा रहे फीस
पृष्ठ 6

■ अमेरिकी जज ने ट्रम्प प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका
■ देश में कोई राजा नहीं है : जो बाइडेन
पृष्ठ 7

# कोंडागांव मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

## किलम-बरगुम मरकामपाल में हुई मुठभेड़, हथियार बरामद



**कोण्डागांव**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला पुलिस द्वारा 15 एवं 16 अप्रैल के दरम्यानी रात में किलम-बरगुम मरकामपाल में हुए मुठभेड़ में 2 खूंखार नक्सली के मारे जाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि उपरोक्त मुठभेड में पूर्वी बस्तर का डीव्हीसीएम होलधर एवं एसीएम रामे मारा गया। साथ ही एके-47 रायफल एवं अन्य हथियार- गोला बारूद मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया है। वहीं सर्च अभियान जारी है।

जिला कोंडागांव एवं नारायणपुर की सीमा से सटे ग्राम किलम-बरगुम मरकामपाल क्षेत्रान्तर्गत जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर कोंडागांव डीआरजी/बस्तर फाईटर्स टीम, माओवादी विरोधी अभियान पर 15 अप्रैल को निकली थी ।अभियान के दौरान 15 अप्रैल शाम को सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुआ और मुठभेड़ के बाद सर्चिंग करने पर अब तक दो नक्सली के शव बरामद हुए। मारे गये दोनों नक्सलियों पर क्रमशः 08 लाख एवं 5 लाख कुल 13 लाख का इनाम घोषित है।

मुठभेड़ स्थल से 1 नग एके-47 रायफल एवं अन्य हथियार, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद हुआ ईलाके में सर्च अभियान जारी है। सर्च अभियान पूरा होने के बाद ही ज्ञात हो सकेगा कि और कितने माओवादी मारे गए हैं।

## नक्सल डिप्टी कमांडर ने किया सरेंडर

**मोहला-मानपुर**। बस्तर और महाराष्ट्र के मध्य माओवादियों के जंक्शन माने जाने वाले मोहला मानपुर जिला सहित बस्तर में लाल सेना का अहम किरदार रहे नक्सल डिप्टी कमांडर ने लाल आतंक का दामन छोड़ एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।



■ कई बड़ी वारदातों में था शामिल

आत्मसमर्पित नक्सली का नाम रूपेश उर्फ सुखदेव मंडावी है, जो राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिविजन के कोतरी एरिया कमेटी का मेंबर भी था। रुपेश कई बड़ी वारदातों में शामिल था। मानपुर ब्लॉक के मुंजाल गांव निवासी रूपेश मंडावी पर पांच लाख रुपए का इनाम था। 34 वर्षीय रूपेश मंडावी सन 2012 से नक्सल संगठन में भर्ती हुआ था, तब से वह आरकेबी डिविजन सचिव व दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी के खास साथी के तौर पर मोहला-मानपुर समेत बस्तर के कांकेर जिला व अबूझमाड़ इलाके में सक्रिय था। इस बीच कई बड़ी नक्सल वारदातों में भी रूपेश मंडावी शामिल रहा। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिला मुख्यालय में पत्रकारवार्ता लेकर दी। इस दौरान केंद्रीय अर्ध सैनिक बल आईटीबीपी व जिला पुलिस के आला अफसरों की मौजूदगी मे रूपेश मंडावी को पुनर्वास नीति के तहत नकद राशि भेंट की गई। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि जिले में आईटीबीपी व जिला पुलिस द्वारा पुनर्वास नीति का किए जा रहे प्रचार प्रसार ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# नक्सलवाद के समूल उन्मूलन को लेकर सरकार पूरी ताक़त और समर्पण के साथ काम कर रही : मुख्यमंत्री साय



**जगदलपुर/रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज बस्तर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष %प्रेरणा% में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता से निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर के विकास की यात्रा अब ठहराव नहीं, निरंतर गति की मांग करती है। हमारा प्रयास है कि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और हर हितग्राही तक शासन की पहुँच सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर अब पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं, नए भारत की संभावनाओं का प्रवेश द्वार बन रहा है। यहां का हर गाँव, हर परिवार विकास की मुख्यधारा से जुड़े — यही हमारा लक्ष्य है। आयुष्मान, आधार, आवास और विद्युतीकरण जैसी योजनाएं केवल सरकारी परियोजनाएं नहीं, बल्कि आम जन

■ **अंतिम छोर तक योजनाओं का पहुंचे लाभ और हर हितग्राही तक शासन की पहुँच हो सुनिश्चित**

की गरिमा और सुरक्षा की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। हम उन्हें सिर्फ कौशल नहीं, स्वाभिमान देना चाहते हैं। अब हमारा मंत्र है — हर घर में उजाला, हर हाथ में रोजगार और हर दिल में विश्वास। यही बस्तर की नई पहचान होगी, और यहीं से छत्तीसगढ़ की विकास गाथा को नई ऊँचाई मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज की बैठक अत्यंत उपयोगी रही और इसमें बस्तर संभाग के विकास, शांति स्थापना और योजनाओं की प्रगति को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। यह देखकर संतोष होता है कि बस्तर संभाग में शासन और प्रशासन की टीम युवा, ऊर्जावान और संकल्पबद्ध दिख रही है। जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और समस्त अधिकारियों की उपस्थिति यह प्रमाणित करती है कि हम सब विकास के प्रति गंभीर हैं और बस्तर में शांति स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिए कि नक्सलवाद के समूल उन्मूलन हेतु सरकार पूरी ताक़त और समर्पण के साथ काम कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में नक्सल उन्मूलन का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और यह लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का संकल्प है। हमारे सुरक्षा बलों का साहस, समर्पण और रणनीति के साथ काम करना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने जाति प्रमाणपत्र की प्रक्रिया को ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सार संक्षेप

### भारत-उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

पुणे। भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक का छठा संस्करण बुधवार को पुणे के औंध में विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने यहां बताया कि 28 अप्रैल तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व 60 सैन्यकर्मियों की जाट रेजिमेंट और भारतीय वायुसेना की एक बटालियन कर रही है। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व उज्बेकिस्तान सैन्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। यह अभ्यास भारत और उज्बेकिस्तान में हर वर्ष बारी-बारी से किया जाता है। पिछला संस्करण उज्बेकिस्तान के टर्मेज़ जिले में हुआ था।

### कैंसर पीड़ित बुजुर्ग ने पत्नी की हत्या कर खुद भी दी जान

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कैंसर पीड़ित एक बुजुर्ग ने पहले अपनी पत्नी को गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 60 वर्षीय कुलदीप त्यागी के रूप में हुई है, जबकि उनकी पत्नी का नाम अंशु त्यागी था। यह घटना बुधवार सुबह नंदग्राम क्षेत्र में उस समय हुई जब कुलदीप त्यागी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पहले पत्नी को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार दी।

### वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**नई दिल्ली**। पद्म विभूषण से सम्मानित भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह की 106 वीं जयंती पर यहां तुगलकाबाद वायु सेना स्टेशन में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। विशिष्ट फ्लाइंग क्रास (डीएफसी) से सम्मानित मार्शल अर्जन सिंह की प्रतिमा का अनावरण एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमान, एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग ने किया। इस कार्यक्रम में वायु सेना स्टेशन में महिला कल्याण संघ (आर) की अध्यक्ष श्रीमती रितु गर्ग, भूतपूर्व वायु सैनिक और अनेक मौजूदा वायु सैनिक शामिल हुए।

### जैन मुनियों पर हमले से नाराज लोगों ने मौन जुलूस निकाला

**जोधपुर**। मध्य प्रदेश के सिंगोली में जैन साधुओं पर हुए हमले के बाद जैन समाज में आक्रोश है। राजस्थान के जोधपुर में जैन समाज के लोगों ने बुधवार को मौन जुलूस निकाला और संतों को सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जैन मुनियों के लिए पुलिस सुरक्षा और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सिंगोली में जैन मुनियों पर हमले की घटना के विरोध में बुधवार को जोधपुर में जैन समाज ने मौन जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया।

# प्रदेश में 4 नए स्मार्ट औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे : मुख्यमंत्री



**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने आज तेलीबांधा स्थित उद्योग भवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सीएसआईडीसी प्रदेश में औद्योगिक वातावरण के निर्माण में बेहतर कार्य करेगा। राजीव अग्रवाल अनेक पदों पर कार्य किये हैं। उनके अनुभवों से उद्योग जगत को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राज्य में नई औद्योगिक नीति से प्रदेश का विकास होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वर्तमान में 4.50 लाख करोड़ रूपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राज्य में खनिज, बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता से उद्योगों को फलने-फूलने का अवसर मिलेगा।

■ **सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने किया कार्यभार ग्रहण**

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में सेक्टर आधारित उद्योगों को एक ही परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव जिला के ग्राम पटेवा में 322 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए 350 करोड़ रूपए, राजनांदगांव जिला के ग्राम बिजेतला में 50 एकड़ में स्पेश मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपए, नवा रायपुर के 20 एकड़ में रेडिमेट गारमेंट पार्क के लिए 30 करोड़ रूपए तथा नवा रायपुर में ही 30 एकड़ में फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना के लिए 40 करोड़ रूपए की घोषणा की। इस तरह कुल 445 करोड़ रूपए की लागत से 4 स्मार्ट औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों के विकास के लिए एक अनुकुल ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सोने की कीमत ने बनाया नया रिकॉर्ड, 98 हजार पार

**नई दिल्ली**, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने की कीमत एक ही दिन में 1,650 रुपए बढ़कर 98,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर का ही असर है कि सोने की कीमतों में इतना उछाल आया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को 99.9 परसेंट शुद्धता वाले सोने का भाव 96,450 रुपए पर बंद हुआ था. इस ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल के खिलाफ चार्जशीट का विरोध**

# ईडी दफ्तर के बाहर पूर्व सीएम बघेल, टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन




### ईडी अपने तरीके से करती है काम : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशायल अभी मामले की जांच कर रही है. कांग्रेस के आरोपों पर बोले कि केंद्रीय एजेंसी अपने तरीके से काम करती है। मामले में निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई की जा रही है।

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर। मोदी सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसी ईडी के दुरुपयोग तथा ईडी द्वारा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध अदालत में पेश की गयी चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस ने आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में राजीव गांधी चौक में धरना देकर कांग्रेस ने ईडी की कार्यवाही का विरोध किया।

इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह कार्यवाही कांग्रेस के नेताओं को डराने और बदनाम करने के लिये किया जा रहा है। इसके अलावा कुछ भी नहीं है ।नेशनल हेराल्ड वह समाचार पत्र है। जनता की आवाज सरकार तक पहुंचे इसलिये नेशनल हेराल्ड की स्थापना की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने नेशनल ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## कांग्रेस का देशभर में ईडी दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजीएल) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। इसके विरोध में पार्टी ने देशभर में ईडी दफ्तरों के बाहर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**इमामों की बैठक में बोली ममता**

## मुर्शिदाबाद हिंसा में भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत

**कोलकाता**, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर बुधवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में इमामों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, बीएसएफ और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए। ममता ने कहा कि मुझे मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में बांग्लादेश के शामिल होने की खबर मिली है। क्या बॉर्डर की सुरक्षा में बीएसएफ की भूमिका नहीं है? राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा नहीं करती है। केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से वक्फ कानून को रोकने और अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय को नियंत्रण में रखने की मांग की।

## डायरिया की चपेट में विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा के 14 लोग, 1 की मौत



**सरगुजा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। लुंड्रा ब्लॉक अंतर्गत चिरगा पंचायत के बेवरापारा में डायरिया का प्रकोप देखने को मिला है। यहां रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के 14 पहाड़ी कोरवा ग्रामीण डायरिया से पीड़ित पाए गए हैं, जबकि एक संक्रमित महिला की मौत हो गई है। डायरिया फैलने की सूचना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, कोरवा बाहुल्य बेवरापारा गांव में डायरिया फैलने की सूचना सोमवार को स्वास्थ्य अमले को मिली। वहीं गांव की एक 60 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला की दोपहर को मौत हो गई, जो डायरिया से पीड़ित थी। इसके बाद धौरपुर के बीएमओ डॉ। राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में टीम ने गांव पहुंचकर तत्काल पीड़ितों की जांच की और 11 लोगों को सीएचसी धौरपुर में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन मरीजों को मंगलवार शाम तक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि बाकी अन्य ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा सवाल**

## क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे

**नई दिल्ली**, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से एक अहम सवाल पूछा है। अदालत ने पूछा कि क्या अब मुसलमानों को हिन्दू धार्मिक ट्रस्टों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी? यह सवाल वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान उठाया गया। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की बेंच ने इस अधिनियम पर कई सवाल उठाए। विशेष रूप से, बेंच ने 'वक्फ बाय यूजर' की प्रथा पर सवाल किया। 'वक्फ बाय यूजर' का मतलब है कि अगर कोई संपत्ति लंबे समय से धार्मिक या धर्मार्थ कार्यों के लिए इस्तेमाल हो रही है, तो उसे वक्फ माना जाएगा, भले ही उसके कोई औपचारिक कागजात न हों। सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**सहुलियत** अब चलती ट्रेन में कर सकेंगे कैश निकासी

# पंचवटी एक्सप्रेस में लगा भारत का पहला एटीएम

■ सभी 22 कोचों के यात्री कर सकते हैं उपयोग

**मुंबई, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश का पहला ट्रेन एटीएम स्थापित कर दिया है। इसके सुविधा के बाद, यात्री चलती ट्रेन में आसानी से कैश निकाल सकते हैं। एटीएम को ट्रेन के एसी कोच में स्थापित किया गया है और इसका ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है।**

*ह मशीन यात्रियों को ट्रेन चलने के दौरान भी कैश निकालने की सुविधा देती है। इसे भारतीय रेलवे की इनोवेटिव और नॉन-फेयर रेवेन्यू आईडिया (आईएनएफआरआईएस) के हिस्से के रूप में पेश किया गया है। इस पहल को भारतीय रेलवे के भुसावल डिवीजन और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बीच सहयोग से शुरू किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल अच्छा रहा और पूरी यात्रा के दौरान मशीन सुचारू रूप से काम करती रही। हालांकि, इगतपुरी और कसारा के बीच के हिस्से में कुछ समय के लिए नेटवर्क संबंधी समस्याएं आईं, क्योंकि यह रीजन सुरंगों और सीमित मोबाइल कनेक्टिविटी के कारण खराब सिग्नल के लिए जाना जाता है। भुसावल के मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने कहा, परिणाम अच्छे रहे। लोग अब यात्रा के दौरान कैश निकाल सकेंगे। हम मशीन के प्रदर्शन की निगरानी करते रहेंगे। पांडे ने आगे कहा कि यह आईडिया पहली बार भुसावल डिवीजन द्वारा आयोजित आईएनएफआरआईएस बैठक के दौरान प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, एटीएम को एसी कोच में रखा गया है, लेकिन पंचवटी एक्सप्रेस के सभी 22 कोचों के यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये सभी कोच वेस्टिबुल के माध्यम से जुड़े हुए हैं।*

***एटीएम में शटर सिस्टम लगाया गया***

*कैश निकासी के अलावा, यात्री एटीएम का उपयोग चेक बुक ऑर्डर करने और खाता विवरण प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। बड़ी बात यह है कि यही एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों के भी उपलब्ध होगा, क्योंकि यह पंचवटी एक्सप्रेस के साथ एक ही रेक साझा करता है। इसका मतलब है कि लंबे रूट पर ज्यादा यात्रियों को भी इस सुविधा का फायदा मिलेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एटीएम में शटर सिस्टम लगाया गया है और चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है।*

# देश

**उवाच** "बिहार में अकेले 2024 में दर्जन भर पुल गिरने के मामले सामने आए हैं। स्थिति इतनी भयावह थी कि एक दिन में पांच-पांच पुल तक गिरे। बिहार में पुल गिरने की खबरें भीषणतम भ्रष्टाचार की कहानी बयान करते हैं।

-डॉ. शकील अहमद खान, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 29.0 |

# सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई कलयुग का प्रतीक : कांग्रेस

## नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के आरोप पत्र पर जताई निराशा

**लखनऊ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर निराशा जताते हुए पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और जिस अखबार ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया, उस पर ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवाना कलियुग का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार पिछले 11 साल से सत्ता में हैं, उसके पास कोई साक्ष्य, कोई सबूत, कुछ नहीं है वरना वे 365वें दिन का इंतज़ार करने को मजबूर नहीं होते । यह सरकार की बौखलाहट ही नहीं उनका मानसिक और नैतिक दिवालियापन भी दिखाता है। तिवारी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कलयुग इसी को कहते हैं कि आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले परिवारीजनों के खिलाफ तथा उस 'नेशनल हेराल्ड' अखबार के खिलाफ, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया था



**मोदी सरकार के पास कोई साक्ष्य, सबूत, कुछ नहीं है वरना वे 365वें दिन का इंतजार करने को मजबूर नहीं होते : प्रमोद तिवारी**

उसके खिलाफ उस संगठन ने जिसने वर्ष 1942 में अंग्रेजों का साथ दिया था और अंग्रेजों की फौज में भर्ती की अपील की थी, वह राजनैतिक पार्टी ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवा रही है तथा अंग्रेजों के सपनों को पूरा कर रही है। भाजपा उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'। उन्होने कहा कि एसोसियेटड जनरल लिमिटेड (एजेएल) के अखबार नेशनल हेराल्ड की स्थापना पंडित जवाहर लाल नेहरू, रफी अहमद किदवई और पुरूषोत्तम दास टंडन जैसे लोगों ने की थी। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की आवाज थी जब अधिकांश अखबार अंग्रेजों की बातें छापते थे। नेशनल हेराल्ड को ब्रिटिश हुकूमत ने बैन भी किया था। एजेएल पर कर्ज चढ़ने के कारण कांग्रेस ने 2002-2011 के बीच 100 बैंक हस्तांतरण/ चेक के माध्यम से उसे 90 करोड़ रुपए का लोन दिया और यह लोन वीआरएस, ग्रेज्यूटी, पीएफ, टैक्स और बिजली बिल अदा करने के काम आया। तिवारी ने कहा है कि यह कहना झूठ है कि यंग इंडिया ने एजेएल को टेकओवर कर लिया और यह भी सरासर झूठ है कि 'गांधी परिवार' इससे खूब पैसा बना रहा है।

### राजनैतिक हथियार के रूप में हो रहा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग : दिग्विजय



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय समेत विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आज कहा कि इनका उपयोग राजनैतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद सिंह ने कहा कि देश में नेहरू गांधी परिवार एक ऐसा परिवार है, जिसने 1930 से लेकर आज तक अपनी संपत्ति देश को ही सौंपी है। खुद के लिए स्वार्थ सिद्धि से कभी कोई संपत्ति उन्होंने अपने लिए अर्जित नहीं की है। भ्रष्टाचार का कोई आरोप उन पर आज तक नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई को एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। नेशनल हेराल्ड के केस में एक पैसा भी नेहरू गांधी परिवार ने अपने ऊपर खर्च नहीं किया है। एक रुपए भी अपने काम में उपयोग नहीं किया है। शुद्ध रूप से यह प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डिरिंग एक्ट का केस बनता ही नहीं है।

## हैदराबाद में दो व्यावसायिक संस्थानों पर ईडी की छापेमारी



**हैदराबाद,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने बुधवार को यहां दो व्यावसायिक संस्थानों सुराना इंडस्ट्रीज और उसकी सहयोगी कंपनी साई सूर्या डेवलपर्स पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुराना समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के आवासों के साथ-साथ साई सूर्या डेवलपर्स के शीर्ष अधिकारियों के आवासों पर भी छापेमारी की। इसके अलावा बोवेनपल्ली, सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और माधापुर सहित कई स्थानों पर छापेमारी की गई। गौरतलब है कि सुराना समूह ने कथित तौर पर चेन्नई के एक प्रमुख बैंक से कई हजार करोड़ रुपए का ऋण लिया था। सीबीआई ने कथित ऋण चूक और उधार ली गई राशि को चुकाने में विफलता के लिए समूह के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज किया है। ऐसा माना जा रहा है कि ईडी अपनी चल रही जांच के तहत समूह से जुड़े हालिया वित्तीय लेनदेन की भी जांच कर रही है।

## कांचा गाचीबोवली वन भूमि पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागतयोग्य : रामाराव

हैदराबाद, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांचा गाचीबोवली में वन क्षेत्र को बहाल करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के आदेश और तेलंगाना सरकार को अपने मुख्य वन्यजीव वार्डन के माध्यम से क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश का स्वागत किया है। पर्यावरण अधिवक्ताओं के लिए शीर्ष न्यायालय के फैसले को बड़ी जीत बताते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि बीआरएस उच्चतम न्यायालय के आदेशों का तहे दिल से स्वागत करती है। उम्मीद है कि कम से कम अब मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को सद्बुद्धि आयेगी कि वे पर्यावरण विनाश से बच नहीं सकते।

उन्होंने शीर्ष न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य सरकार से 'खुद को मूर्ख बनाने' से बचने का आग्रह किया। उन्होंने वनों की रक्षा के लिए काम करने वाले सभी लोगों, खास तौर पर हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को हैदराबाद शहर में करीब 400 एकड़ वन भूमि की सुरक्षा के लिए उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक



■ **पर्यावरण अधिवक्ताओं के लिए शीर्ष न्यायालय के फैसले को बताया बड़ी जीत**

धन्यवाद दिया। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शीर्ष न्यायालय की केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) की सिफारिश का भी स्वागत किया, जिसने रेवंत सरकार द्वारा कांचा गाचीबोवली की जमीन को कथित तौर पर एक निजी संस्था को गिरवी रखने में संभावित वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख किया।

बीआरएस नेता ने कहा कि यह बीआरएस के इस रुख को पुष्टि करता है कि बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी हुई है। यह भी पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री तेलंगाना के लोगों पर 10,000 करोड़ रुपये का घोटाला करने के लिए जिम्मेदार हैं तथा वह राज्य के वनों और वन्यजीवों के खिलाफ नंबर एक खलनायक बन गए हैं।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में ड्रग तस्करों पर कार्रवाई, कई गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस टीम पर हमले के बाद पुलिस ने बारी ब्राह्मणा के बलोले खड्ड इलाके में छापे मारकर कई लोगों को गिरफ्तार किया है। गत नौ अप्रैल को हुए इस हमले में थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बारी ब्राह्मणा के नए एसएचओ के नेतृत्व में जानकारी के आधार पर बलोले खड्ड और गुज्जर बस्ती में छापेमारी कर नशा तस्करों और पिछले सप्ताह पुलिस पर हमला करने वालों को गिरफ्तार किया।

### आचार्य देवव्रत ने की नायब सिंह सैनी से भेंट

**गांधीनगर।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने आवास संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) पर स्वागत किया। इस दौरान दोनों गणमान्य व्यक्तित्वों के बीच विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। उन्होंने राज्यपाल की प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में दीर्घकालिक सेवाओं, प्रेरक योगदान एवं समर्पण भाव की सराहना की। देवव्रत ने इस अवसर पर प्राकृतिक खेती को केवल एक कृषि पद्धति नहीं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और किसान की समृद्धि से जुड़ा एक व्यापक आंदोलन बताया।

### सपा ने अखिलेश के लिए मांगी एनएसजी सुरक्षा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने केंद्र सरकार से पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिये एनएसजी सुरक्षा बहाल करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फखरुल हसन चांद द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री को बुधवार को भेजे एक पत्र में कहा गया है कि सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जिसके अध्यक्ष को पिछले दिनो जानलेवा हमलों की धमकी खुलेआम दी गयी है जिस पर राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। चूंकि पार्टी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी आते जाते रहते हैं, इसलिये उनकी जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा के साथ साथ एनएसजी कवर भी दिया जाना जरुरी है।

### महाराष्ट्र में उपद्रवियों के पथराव में चार अधिकारी हुए घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के जिला नासिक स्थित काठे गली इलाके में बुधवार को उपद्रवी भीड़ ने पत्थरबाजी की, जिसमें चार अधिकारी सहित 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नासिक में 'अवैध' सतपीर दरगाह को हटाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ उस समय उग्र हो गई, जब तड़के करीब 05:30 बजे पुलिस और नगर निगम ने निर्माण को हटाना शुरू किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

## हेमन्त सोरेन से आम लोगों ने की मुलाकात



**रांची,**16 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड ,रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में बुधवसार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर, अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को जाना तथा उनसे आवेदन प्राप्त किए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निर्देश दिए। सोरेन ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

### गुजरात सरकार का सरकारी कर्मचारियों को तोहफा

# महंगाई भत्ते में की दो फीसदी की बढ़ोतरी

**अहमदाबाद,**16 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुशखबरी दी है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। सातवें वेतन आयोग से लाभान्वित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। छठे वेतन आयोग से लाभान्वित हो रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे पहले राज्य सरकार ने दिसंबर 2024 में महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी थी, जो 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। राज्य सेवा, पंचायत सेवा और अन्य के कुल 4.78 लाख कर्मचारियों और 4.81 लाख पेंशनभोगियों को छठे और सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलेगा। 3 महीने यानी 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक के महंगाई भत्ते के अंतर का भुगतान अप्रैल 2025 के वेतन के साथ एक



**अप्रैल में मिलेगा एरियर**

किस्त में किया जाएगा।

**इन कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा**

यह आदेश राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों पर लागू होगा, जिनके भविष्य निधि खाते राज्य सरकार के नियंत्रण में हैं तथा पंचायत कर्मचारियों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी विद्यालयों/संस्थाओं पर लागू होगा, जिनके कर्मचारियों को राज्य सरकार के अनुमोदन से सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन पुनरीक्षण का लाभ दिया गया है। समुचित संशोधनों के साथ इस महंगाई भत्ते का लाभ प्राथमिक शिक्षकों और पंचायत में प्रतिनियुक्ति या स्थानांतरित कर्मचारियों के साथ-साथ कार्य-संबंधित प्रतिष्ठानों में कार्यरत उन कर्मचारियों को भी मिलेगा, जिन्हें सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन संशोधन की मंजूरी दी गई है। पंचायतों द्वारा अपने कर्मचारियों को स्वीकृत महंगाई भत्ते के कारण तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को उनके शिक्षकों को तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं को उनके कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते के कारण होने वाले व्यय का विनियमन इन आदेशों में निर्धारित अनुसार किया जाएगा। इन आदेशों के कारण होने वाला व्यय इस शर्त के अधीन अनुदान के लिए पात्र होगा कि इस प्रकार स्वीकृत महंगाई भत्ते में अंतर का हिस्सा राज्य सरकार के समकक्ष कर्मचारियों को स्वीकार्य हिस्से से अधिक नहीं होगा। मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री पटेल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस कर्मचारी हितकारी निर्णय के अमल के लिए वित्त विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**केंद्र सरकार ने जनवरी में महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की थी**

इससे पहले केंद्र सरकार ने अपने केंद्रीय कर्मचारियों को जनवरी 2025 में बढ़ोतरी का तोहफा दिया था। राज्य सरकार के कर्मचारियों को फिलहाल 53 फीसदी डीए मिलता है, अब से राज्य कर्मचारियों को 53 की जगह 55 फीसदी डीए मिलेगा, हालांकि बढ़ा हुआ डीए कब लागू होगा, इसकी जानकारी आधिकारिक घोषणा के बाद ही मिलेगी।

## मुजफ्फरपुर में आग से झुलसकर चार बच्चों की मौत

**मुजफ्फरपुर,**16 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह आग से झुलसकर चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रामपुरमनी गांव के वार्ड संख्या 12 स्थित एक घर शॉट सर्किट से आग लग गयी। इस दौरान घर में रखे चार रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के दस अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में चार बच्चों की झुलसकर मौत हो गयी। मृतकों की पहचान विपुल कुमार, ब्यूटी कुमारी, हंसिका कुमारी और सृष्टि कुमारी के रूप में की गई है। घटना की जानकारी के बाद दमकल की टीम मौके पर आग बुझाने का प्रयास कर रही है।

# दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में आंदोलन पर उतरे छात्र

### पानी-बिजली की समस्या को लेकर कराई ओपीडी सेवा ठप

**दुमका,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में पानी-बिजली से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे छात्र-छात्राओं ने बुधवार को अस्पताल की ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप करा दी और कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने सोमवार और मंगलवार को भी इस मुद्दे पर कॉलेज परिसर में बाल्टी-बर्तन लेकर प्रदर्शन किया था। छात्रों का कहना है कि तीन दिन से हॉस्टल में पानी नहीं आ रहा है। बिजली आपूर्ति की स्थिति भी बेहद खराब है। हॉस्टल के तमाम कमरों की वायरिंग से लेकर स्विच बोर्ड तक उखड़ गए हैं। पानी नहीं आने से उनके लिए नहाना और कपड़े धोना मुश्किल हो गया है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज की लिफ्ट पिछले एक साल से अधिक समय से खराब है। इससे चार मंजिल तक जाने में काफी



परेशानी होती है। ये समस्याएं एक-डेढ़ साल से चली आ रही हैं। हॉस्टल की अव्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने पूर्व में कई बार मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ जिला प्रशासन का भी ध्यान आकृष्ट कराया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को कॉलेज के छात्र-छात्राएं तख्तियां लेकर अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच कुछ छात्रों ने फोन पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से बात की। उन्होंने आश्वस्त किया है कि वे एक टीम कॉलेज भेज रहे हैं, जो परिसर का निरीक्षण कर समस्याएं दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी परेशानी दूर नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

**सैकड़ों लोगों को इलाज कराए बगैर लौटना पड़ा**

बहरहाल, ओपीडी सेवा ठप रहने से बुधवार को सैकड़ों लोगों को इलाज कराए बगैर लौटना पड़ा। हालांकि, इमरजेंसी और इनडोर सेवाएं जारी हैं। धरना पर बैठे छात्र-छात्राओं का कहना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कॉलेज कैंपस का निरीक्षण करना चाहिए। वे खुद यहां आकर देखें कि हम लोग किस हाल में रह रहे हैं।

## अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडु विस से किया बहिर्गमन

**चेन्नई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु विधानसभा में मुख्य विपक्ष दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने तीन मंत्रियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति न मिलने पर लगातार दूसरे दिन सदन से बहिर्गमन किया। विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावुरे ने बुधवार को तीन मंत्रियों के खिलाफ उनके द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे को उठाने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया। प्रश्नकाल के तुरंत बाद, विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक सदस्यों ने इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति मांगी, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने यह कहते हुए अनुमति देने से इन्कार कर दिया कि दो मंत्रियों को अपने विभागों के लिए अनुदान की मांग पर बहस में बोलना है। अध्यक्ष ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव उनके विचाराधीन है। सदन के नेता और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सदन के नियम 72 के तहत नोटिस देने में कुछ भी गलत नहीं है और यह तय करना अध्यक्ष का विशेषाधिकार है कि इस पर चर्चा कब की जानी चाहिए।

## बिहार में पलायन की स्थिति भयावह : शक्ति सिंह यादव

**पटना,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने आरोप लगाया कि बिहार में पलायन की स्थिति भयावह है और इसे रोकने की जगह सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान नहीं करके पलायन को और बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है।

यादव ने राजद प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में पलायन की स्थिति भयावह है और पलायन रोकने की जगह सरकार मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान नहीं करके पलायन को और बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। जहां सरकार के स्तर से गरीब मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि और योजना की सामग्री का दिसम्बर, 2024 के बाद अब तक 3588 करोड़ रुपए



■ **मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि 3588 करोड़ पर कुंडली मारकर बैठी केंद्र सरकार**

बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। बिहार में केन्द्र सरकार के मंत्री आते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, फोटो सेशन में भाग लेते हैं लेकिन मजदूरों की बकाया राशि पर चुप्पी साध लेते हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिहार आये, बड़ी-बड़ी बातें किये लेकिन किसानों और मजदूरों के संबंध में एक भी बातें नहीं की। यादव ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि 3588 करोड़ रुपए पर कुंडली मारकर बैठ गई है।

**पर्यटन** *कश्मीर में ट्यूलिप गार्डन की प्राकृतिक सुंदरता ने मोहा पर्यटकों का दिल*

# पिछले वर्षों की तुलना में पर्यटकों की संख्या में हुई ऐतिहासिक वृद्धि

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। हालांकि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक कश्मीर में मौसम के कूल-कूल रहने की भविष्यवाणी की है पर ट्यूलिप गार्डन की देखभाल करने वालों के चेहरों पर बढ़ती गर्मी शिकन के भाव जरूर ला रही है। दरअसल अप्रैल में श्रीनगर में 32 डिग्री का तापमान नया रिकार्ड बनाने लगा है और यह ट्यूलिप के फूलों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।**

यह सच है कि श्रीनगर में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन में इस वसंत में पर्यटकों की अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है, 26 मार्च, 2025 को खुलने के बाद से केवल 20 दिनों में रिकार्ड तोड़ 6,71,926 टूरिस्टों का स्वागत किया गया। यह उल्लेखनीय संख्या उद्यान के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है, जिसने इसे भारत के सबसे अधिक मांग वाले वसंत आकर्षणों में से एक के रूप में स्थापित किया है। जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित और शांत डल झील के सामने स्थित, यह उद्यान वर्तमान में पूरी तरह से खिले हुए 1.7 मिलियन ट्यूलिप का घर है, जो परिदृश्य को लाल, पीले, गुलाबी, बैंगनी और सफेद रंग के जीवंत मोज़ेक में बदल देता है। चल रहे ट्यूलिप शो द्वारा प्राप्त विवरणों के अनुसार इस वर्ष 27,810 स्थानीय, 3,91,918 घरेलू पर्यटक और 2,198 अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्टों सहित एक उदार भीड़ को आकर्षित किया है। पिछले वर्षों की तुलना में टूरिस्टों की संख्या



■ **उद्यान में खिले हुए हैं 1.7 मिलियन ट्यूलिप के फूल**

में यह वृद्धि ऐतिहासिक है। 2022 और 2023 दोनों में, उद्यान में 3.65 लाख पर्यटक आए, और 2024 में यह संख्या बढ़कर 4.45 लाख हो गई। हालांकि, इस साल का आंकड़ा पहले ही 6.71 लाख से अधिक हो चुका है, और सीजन के कई दिन अभी भी बाकी हैं, इसलिए अंतिम संख्या और भी अधिक होने की उम्मीद है।

जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रिकार्ड भीड़ को क्षेत्र के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप का खिलना देश में वसंत ऋतु के प्रमुख आकर्षणों में से एक बन गया है। यह रिकार्ड तोड़ प्रतिक्रिया कश्मीर में एक सुरक्षित और सुंदर गंतव्य के रूप में पर्यटकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। आने वाले पर्यटक उद्यान की सुंदरता की प्रशंसा में भावविभोर हैं। गुजरात के एक पर्यटक संदीप ने कहा कि यह कश्मीर की मेरी पहली यात्रा है, और मैं बस मंत्रमुग्ध हूं। मैंने अपने जीवन में फूलों का ऐसा रंगीन प्रदर्शन कभी नहीं देखा। यह अनुभव शब्दों से परे है। यूनाइटेड किंगडम के एक यात्री ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन की प्राकृतिक सुंदरता, कश्मीर के गर्मजोशी भरे आतिथ्य के साथ मिलकर इसे किसी भी यात्री के लिए एक जरूरी जगह बनाती है। रिकार्ड पर्यटकों की उपस्थिति ने स्थानीय समुदाय में आर्थिक उत्साह भर दिया है। गार्डन के बाहर आइसक्रीम की दुकान चलाने वाले इलियास अहद ने कहा कि व्यापार में तेजी आ रही है।

उन्होंने कहा कि यह वर्षों में सबसे अच्छा मौसम रहा है। कुछ दिनों में, मैंने शाम से पहले ही अपना सारा स्टाक बेच दिया। भीड़ ने हम सभी को एक नई उम्मीद दी है।

## 12 साल में की 100 फिल्में, मौत के वक्त दो महीने की प्रेग्नेंट थीं 'सूर्यवंशम' फेम सौंदर्या

**मुंबई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। 17 अप्रैल 2004 वो काला दिन था, जब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे कामयाब अभिनेत्री में से एक सौंदर्या या सौम्या सत्यनारायण की प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। महज 31 साल की उम्र में सूर्यवंशम की राधा ठाकुर दुनिया को अलविदा कह गईं। अभिनेत्री की सफलता का आलम तो यह था कि वह 12 साल में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम कीं। बताते हैं कि मौत के वक्त अभिनेत्री दो महीने की प्रेग्नेंट थीं। सौंदर्या को न केवल साउथ सिनेमा में, बल्कि बॉलीवुड में भी उनके काम के लिए दर्शक काफी पसंद करते हैं। अमिताभ बच्चन स्टारर सूर्यवंशम में राधा ठाकुर का किरदार उन्होंने बखूबी पर्दे पर निभाया। हिंदी के साथ ही राधा तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयाली समेत अन्य भाषाओं में भी कई फिल्में कीं।

# 'ठंडे पैर और पैरों में भारीपन हो सकता है वेरिकोज वेन्स का संकेत'

**ओपन हार्ट जर्नल में पब्लिश अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों को पैरों में ठंड अधिक लगती है, उनमें नॉर्मल लोगों के मुकाबले वेरिकोज वेन्स होने की संभावना 49 फीसदी से 89 फीसदी तक ज्यादा होती है**



**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, अगर आपके पैर बहुत ठंडे रहते हैं और उनमें भारीपन महसूस होता है तो इसका कारण नसों का फूलना हो सकता है, जिसमें मेडिकल भाषा में वेरीकोज वेन्स कहते हैं। वेरिकोज वेन्स यानी पैरों में

- **ये समस्या सुपरफिशियल, डीप और परफोरेटर वेन्स में भी हो सकती है**
- **यह समस्या 2 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक वयस्कों में देखी गई**

उभरी हुई और सूजी हुई नसें। वेरिकोज वेन्स तब होती हैं जब पैरों की नसें ठीक से काम नहीं कर पाती हैं। ये समस्या सुपरफिशियल, डीप और परफोरेटर वेन्स में भी हो सकती है। यह समस्या 2 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक वयस्कों में देखी गई है, और महिलाओं में इसकी संभावना ज्यादा होती है। इसके लक्षणों में पैरों में भारीपन, दर्द, जलन या धड़कन जैसा महसूस होना, खुजली, बेचैनी, सूजन, पैरों में ऐंठन, गंभीर मामलों में घाव या अल्सर भी हो सकते हैं। ताइवान की चुंग शान मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया कि ज्यादा ठंड लगना भी इसका एक अहम लक्षण हो सकता है, लेकिन इसे आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

ओपन हार्ट जर्नल में पब्लिश अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों को पैरों में ठंड अधिक लगती है, उनमें नॉर्मल लोगों के मुकाबले वेरिकोज वेन्स होने की संभावना 49 फीसदी से 89 फीसदी तक ज्यादा होती है। यह भी पाया गया कि जिन लोगों को पैरों में ठंड और भारीपन दोनों महसूस होते हैं, उनमें वेरिकोज वेन्स की संभावना और भी अधिक होती है। जिन लोगों का काम लंबे समय तक खड़े रहने वाला होता है, उन्हें वेरिकोज वेन्स होने का खतरा 45त्न ज्यादा होता है।

यूनिवर्सिटी की टीम से युंग-पो लियाव ने अपने लेख में कहा, 'हमारी स्टडी में पैरों के निचले हिस्से में ठंड के प्रति मध्यम से गंभीर स्तर की ज्यादा संवेदनशीलता देखी गई है, जिसे अब तक वेरिकोज वेन्स से जुड़े एक निजी अनुभव के तौर पर कम आंका गया है।' 30 से 70 वर्ष के 8,782 लोगों को इस अध्ययन में शामिल किया गया। इनमें से 676 लोगों को मध्यम या गंभीर वेरिकोज वेन्स थी। उनसे पूछा गया था कि उन्हें पैरों में ठंड कितनी लगती है और उनके पैरों में कितना भारीपन महसूस होता है।

# पुराने दर्द के कारण चार गुणा तक बढ़ सकता है डिप्रेशन होने का खतरा : अध्ययन



**'दर्द सिर्फ शरीर का नहीं होता, उसका असर मन पर भी पड़ता है। हमारी रिसर्च यह दिखाती है कि शारीरिक बीमारियां मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती हैं।': डस्टिन शीनॉस्ट, प्रोफेसर**

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। तीन महीने या उससे ज्यादा समय तक रहने वाला पुराना दर्द (क्रॉनिक पेन) डिप्रेशन की संभावना को चार गुना तक बढ़ा सकता है। यह जानकारी एक अध्ययन में सामने आई है। दुनिया भर में लगभग 30 प्रतिशत लोग किसी न किसी पुराने दर्द जैसे कि पीठ दर्द या माइग्रेन से परेशान रहते हैं। इन लोगों में से हर तीन में से एक व्यक्ति को एक से ज्यादा जगहों पर दर्द की समस्या होती है। अध्ययन में पाया गया कि केवल एक जगह पर दर्द होने की तुलना में शरीर के एक से ज़्यादा हिस्सों में दर्द होने पर डिप्रेशन का खतरा ज्यादा होता है।

**दुनिया भर में लगभग 30 प्रतिशत लोग किसी न किसी पुराने दर्द जैसे कि पीठ दर्द या माइग्रेन से परेशान**

येल स्कूल ऑफ मेडिसिन के रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डस्टिन शीनॉस्ट ने कहा, 'दर्द सिर्फ शरीर का नहीं होता, उसका असर मन पर भी पड़ता है। हमारी रिसर्च यह दिखाती है कि शारीरिक बीमारियां मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती हैं।' शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि शरीर में होने वाली सूजन (इंफ्लेमेशन) की वजह से भी दर्द और डिप्रेशन का आपस में संबंध हो सकता है। सूजन से जुड़ा एक प्रोटीन सी-रिएक्टिव प्रोटीन (जो लिवर द्वारा सूजन की प्रतिक्रिया में बनता है) इस संबंध को समझने में मदद कर सकता है। यह अध्ययन यूके बायोबैंक के 4 लाख 31 हजार से ज़्यादा लोगों के आंकड़ों पर आधारित है, जिनको 14 साल तक फॉलो किया गया। दर्द को सिर, चेहरा, गर्दन, पीठ, पेट, कमर, घुटना और सामान्य दर्द जैसे हिस्सों में बांटा गया था।

शोध में यह भी सामने आया कि चाहे दर्द शरीर के किसी भी हिस्से में हो, अगर वह लंबे समय तक बना रहता है, तो उससे डिप्रेशन होने की आशंका अधिक हो जाती है। प्रोफेसर शीनॉस्ट ने कहा, 'हम अकसर मानसिक स्वास्थ्य को शरीर के अन्य हिस्सों जैसे दिल या लिवर से अलग मानते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि हमारे शरीर के सभी अंग एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं।' शोधकर्ताओं का मानना है कि अगर दर्द और डिप्रेशन के पीछे के कारणों को और गहराई से समझा जाए, तो इसका इलाज खोजने में मदद मिल सकती है।

# अमेरिका के टेक्सास में खसरे का प्रकोप, 560 से अधिक मामले सामने आए



- **इस साल करीब 24 राज्यों में खसरे के 712 मामले सामने आए**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका 2000 में घोषित 'खसरे से मुक्त' होने का दर्जा खो सकता है: विशेषज्ञ**

**ह्यूस्टन,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य टेक्सास में खसरे के 561 मामले सामने आए। टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट हेल्थ सर्विसेज (डीएसएचएस) ने यह जानकारी दी। डीएसएचएस ने बताया कि पिछले पांच दिनों में 20 नए केस दर्ज किए गए। इसके साथ ही अब तक खसरे से पीड़ित 58 रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसएचएस ने संभावना जताई कि रोग के अत्यधिक संक्रामक होने के कारण इसके मामलों में वृद्धि हो सकती है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने शुक्रवार को बताया कि इस साल करीब 24 राज्यों में खसरे के 712 मामले सामने आए। इनमें से लगभग 97 प्रतिशत मामले उनके हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है या जिनके वैक्सीनेशन की स्थिति स्पष्ट नहीं है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की मानें तो टेक्सास के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पिछले महीने ही चेतावनी दी थी कि यह प्रकोप कई महीनों तक या पूरे साल तक जारी रह सकता है। उन्होंने बताया कि औसत से कम टीकाकरण स्तर वाली समुदायों को इस प्रकोप से सबसे अधिक नुकसान हो रहा है।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रकोप जारी रहा तो संयुक्त राज्य अमेरिका 2000 में घोषित 'खसरे से मुक्त' होने का दर्जा खो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है। संक्रमित व्यक्ति के सांस लेने, खांसने या छींकने के कारण यह आसानी से फैलता है। यह गंभीर बीमारी मौत का कारण भी बन सकता है। कोई भी शख्स इस बीमारी के चपेट में आ सकता है लेकिन यह बच्चों में सबसे आम है। यह बीमारी सांस लेने वाले तंत्र को संक्रमित करती है और फिर पूरे शरीर में फैल जाती है। खसरा के लक्षण की अगर हम बात करें तो इसमें तेज बुखार, खांसी, नाक बहना और पूरे शरीर पर दाना आना शामिल है।

# ब्रश से ज्यादा क्यों बेहतर है आयुर्वेद में वर्णित दातुन, किस महीने में करें कौन सा दातुन



**महर्षि वाग्भट बताते हैं कि दातुन वही बेहतर है जो स्वाद में कसैला या कड़वा हो और नीम से ज्यादा कड़वा क्या हो सकता है? मगर उन्होंने नीम से भी अच्छे मदार के दातुन के बारे में बताया है। अष्टांग हृदयम में नीम, मदार के अलावा बबूल, अर्जुन, आम, अमरुद, जामुन, महुआ, करंज, बरगद, अपामार्ग, बेर, शीशम के साथ ही बांस का भी वर्णन मिलता है।**

**महर्षि ने चैत्र माह से लेकर गर्मी भर नीम, मदार या बबूल का दातुन करने के लिए बताया है। सर्दियों में अमरुद या जामुन, तो वहीं, बरसात के मौसम में उन्होंने आम या अर्जुन का दातुन करने की सलाह अपने ग्रंथ में दी है। महर्षि के ग्रंथ में वर्णित है कि नीम के दातुन को निरंतर नहीं किया जा सकता है। इसके लिए बीच में विराम देना आवश्यक है।**

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। 'दन्तविशोधनम् गन्धम् वैरस्यम् च निहन्ति, जिह्वादन्त, आस्यजम् मलम् निष्कृष्य सद्यः रुचिम् आधत्ते।' महर्षि वाग्भट के अष्टांग हृदयम में यह श्लोक वर्णित है, जिसका अर्थ है 'दांतों की सफाई से दुर्गंध दूर होती है, जीभ, दांत से गंदगी दूर होती है और स्वाद में सुधार आता है। दांतों की सफाई के साथ पूरे शरीर के लिए दातुन को फायदेमंद माना जाता है। इसके लिए समय भी निर्धारित है। प्राकृतिक ब्रश का इस्तेमाल करना कई गुना फायदेमंद है। नीम, बबूल या अन्य टहनियों से बनी दातुन न केवल दांतों को स्वच्छ और चमकदार बनाती है, बल्कि मसूड़ों की देखभाल भी करती है। अष्टांग हृदयम में महर्षि वाग्भट ने दातुन के बारे में विस्तार से बताया है। दातुन कैसा होना चाहिए? किस महीने में किसका इस्तेमाल करें, इसे लेकर भी बहुत कुछ लिखा गया है।

महर्षि वाग्भट बताते हैं कि दातुन वही बेहतर है जो स्वाद में कसैला या कड़वा हो और नीम से ज्यादा कड़वा क्या हो सकता है? मगर उन्होंने नीम से भी अच्छे मदार के दातुन के बारे में बताया है। अष्टांग हृदयम में नीम, मदार के अलावा बबूल, अर्जुन, आम, अमरुद, जामुन, महुआ, करंज, बरगद, अपामार्ग, बेर, शीशम के साथ ही बांस का भी वर्णन मिलता है। महर्षि ने नीम, मदार समेत 12 ऐसे वृक्षों का नाम बताया है, जिनके दातुन आप कर सकते हैं। इनके इस्तेमाल के लिए माह भी निर्धारित हैं। महर्षि ने चैत्र माह से लेकर गर्मी भर नीम, मदार या बबूल का दातुन करने के लिए बताया है। सर्दियों में अमरुद या जामुन, तो वहीं, बरसात के मौसम में उन्होंने आम या अर्जुन का दातुन करने की सलाह अपने ग्रंथ में दी है। महर्षि के ग्रंथ में वर्णित है कि नीम के दातुन को निरंतर नहीं किया जा सकता है। इसके लिए बीच में विराम देना आवश्यक है। तीन महीने लगातार करने के बाद मंजन या दूसरे दातुन का इस्तेमाल करना चाहिए। वृक्ष विशेष के रस न सिर्फ हमारे दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि शरीर के कई रोगों में भी राहत मिलती है। नीम के दातुन में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो दांतों पर जमी प्लाक और बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। नीम के दातुन से मसूड़ों में सूजन और खून आने की समस्या को खत्म किया जा सकता है। मुंह से आने वाली दुर्गंध भी दूर होती है। नीम की छाल में निम्बीन या मार्गोसीन नामक तिक्त तत्व और निम्बोस्टेरोल पाया जाता है। इसकी टहनी से निकले रस से मसूड़ों की सूजन, पायरिया, दांतों में कीड़ा लगना, आदि कष्ट दूर होते हैं।

अष्टांग हृदयम में वर्णित है कि यदि गर्भवती महिलाएं नीम की ताजी टहनियों की दातुन सुबह-शाम नियमित रूप से करती हैं, तो उसका गर्भस्थ शिशु निरोगी जन्म लेता है तथा उसे किसी भी प्रकार के रोग निरोधी टीकों को लगाने की आवश्यकता ही नहीं होती। आयुर्वेद में बबूल की दातुन कफनाशक, पित्तनाशक, रक्त संबंधित अनेक समस्याओं को दूर करने वाला माना जाता है। बबूल के अंदर एक गोंद होता है, जिसमें पाए जाने वाले तत्व अतिसार, फेफड़े से संबंधित समस्याओं के साथ ही दांतों के असमय न गिरने देने, मसूड़ों से खून न निकलने, मुंह के छालों का रोकने का भी गुण होता है।

# पीरियड्स के बारे में अभी भी शर्म और संकोच के साथ की जाती है बात : सामंथा



**'हम महिलाओं ने बहुत तरक्की कर ली है, बहुत आगे आ गए हैं। फिर भी पीरियड्स के बारे में बात करने की बारी आती है तो अभी भी चुप्पी, फुसफुसाहट और शर्म, संकोच के साथ बात की जाती है: सामंथा रूथ प्रभु, अभिनेत्री**

**मुंबई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अपनी बेबाकी के लिए मशहूर अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने पीरियड्स के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि पीरियड्स के बारे में बातचीत अभी भी शर्म, फुसफुसाहट और संकोच के साथ की जाती है।

सामंथा ने बताया, 'हम महिलाओं ने बहुत तरक्की कर ली है, बहुत आगे आ गए हैं। फिर भी पीरियड्स के बारे में बात करने की बारी आती है तो अभी भी चुप्पी, फुसफुसाहट और शर्म, संकोच के साथ बात की जाती है।' अभिनेत्री ने अपने पॉडकास्ट टेक20 के एक एपिसोड में न्यूट्रिशनिस्ट राशि चौधरी से पीरियड्स, साइकिल सिंकिंग, एंडोमेट्रियोसिस और महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर बात की।

उन्होंने बताया, 'राशि चौधरी से बात करके मुझे याद पता चला कि इन पुरानी धारणाओं को तोड़ना कितना महत्वपूर्ण है। हमारे साइकल मजबूत हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे जीवन को पुष्ट करते हैं। यह ऐसा कुछ नहीं है जिस पर शर्मिंदा होना चाहिए या छिपाना चाहिए या, उस मामले को हल्के में नहीं लेना चाहिए।' पॉडकास्ट के एक एपिसोड में सामंथा ने अपने शरीर, अपने रिश्ते, एंडोमेट्रियोसिस जैसी दुर्बल करने वाली बीमारी और एक महिला होने के नाते आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की।

पॉडकास्ट में सामंथा ने कहा, 'पीरियड्स साइकल हमारे मन और शरीर को कैसे प्रभावित करता है, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें हर गुजरते साल के साथ लगातार सीखते रहना चाहिए। राशि, अपने अनुभव और अपने ज्ञान की गहराई के साथ चीजों को समझाने का एक बहुत ही स्पष्ट तरीका रखती हैं और मुझे खुशी है कि हम साथ मिलकर इस तरह की अच्छी बातचीत कर पाए जो सही मायने में समझने के लिए जरूरी है। फिल्मों की बात करें तो, सामंथा अपकमिंग फिल्म 'शुभम' के साथ निर्माता की दुनिया में कदम रख चुकी हैं।

# बेहतरीन अभिनेता हैं रणबीर कपूर : इमरान हाशमी



**मुंबई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच इमरान हाशमी ने कहा, उन्होंने बॉलीवुड में उभरती प्रतिभाओं के बारे में खुलकर बात की और रणबीर कपूर को उनकी जनरेशन का बेस्ट स्टार बताया। उन्हें मौजूदा पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बताते हुए हाशमी ने 'एनिमल' में रणबीर के अभिनय की तारीफ की। रणबीर की अभिनय क्षमता की तारीफ करते हुए इमरान ने कहा, 'मैं सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा- यह शोर से भरा एक इको चैंबर है। इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। लेकिन रणबीर कपूर एक ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी मैं वाकई प्रशंसा करता हूं। मुझे एनिमल में उनका अभिनय पसंद आया। कई युवा अभिनेता बेहतरीन काम कर रहे हैं और स्क्रीन पर नए नजरिए को ला रहे हैं।'

# रसोई में मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल : सेहत, स्वाद और परंपरा का अनमोल संगम



- **स्वाद और परंपरा की दृष्टि से भी ये काफी महत्वपूर्ण हैं। आयुर्वेद के अनुसार, भोजन को धीमी आंच में पकाना ही सबसे बेहतर तरीका है**
- **मिट्टी के बर्तनों में खाना बनाने और खाने के फायदे न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़े हैं, बल्कि स्वाद और परंपरा की दृष्टि से भी ये काफी महत्वपूर्ण हैं**

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। चकाचौंध और आधुनिकता की दुनिया में आज किचन में स्टील, नॉन-स्टिक और प्रेशर कुकर जैसे बर्तन आम हो गए हैं। लेकिन, आयुर्वेद और विज्ञान आज एक बार फिर पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की ओर लौटने की सलाह दे रहा है। मिट्टी के बर्तनों में खाना बनाने और खाने के फायदे न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़े हैं, बल्कि स्वाद और परंपरा की दृष्टि से भी ये काफी महत्वपूर्ण हैं। आयुर्वेद के अनुसार, भोजन को धीमी आंच में पकाना ही सबसे बेहतर तरीका है। मिट्टी के बर्तनों में खाना धीरे-धीरे पकता है, जिससे इसमें मौजूद सभी जरूरी पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। जबकि प्रेशर कुकर में तेज भाप और दबाव के कारण ऐसा नहीं होता है। प्रेशर कुकर में खाना बनने के दौरान 87 फीसदी तक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, लेकिन मिट्टी के बर्तनों में ये 100 फीसदी तक सुरक्षित रहते हैं। साथ ही, भोजन में मौजूद सभी प्रोटीन शरीर को खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं।

मिट्टी के बर्तन भारत में पारंपरिक रूप से सदियों से उपयोग में लाए जा रहे हैं। मिट्टी के बर्तन अन्य धातुओं के बर्तनों की तुलना में आज भी काफी सस्ते होते हैं। विभिन्न आकारों, डिजाइनों और रंगों में ये बर्तन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल जाते हैं। मिट्टी के बर्तनों में पकाया हुआ खाना न केवल स्वास्थ्यवर्धक होता है, बल्कि इसका स्वाद भी लाजवाब होता है। सौंधी खुशबू और मसालों का मेल एक ऐसा जायका तैयार करता है जिसे कोई भी भूल नहीं सकता। खाने के हर निवाले को यह खास बना देता है, या यूं कहें तो खाने के स्वाद को दो गुना कर देता है।

आज के दौर में मिट्टी के बर्तन केवल सेहत के लिहाज से ही नहीं, बल्कि सजावट और पारंपरिकता के लिए भी पसंद किए जा रहे हैं। खूबसूरत कलाकारी से सजे ये बर्तन किचन और डाइनिंग टेबल को एक देसी और आकर्षक रूप देते हैं। सुबह की चाय कुल्हड़ में हो या ठंडा पानी मटकी में, इसका अनुभव अलग ही होता है। इस इंसान को हर रोज 18 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्वों की जरूरत होती है।

# कीटनाशक नहीं, पीजीआर नहीं: कुलगाम के एक व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थों के खिलाफ मधुमक्खियों को हथियार बनाया

■ सुरेश एस डुग्गर



**शब्बीर ने मधुमक्खियों के झुंडों को सुरक्षित रूप से पकड़ने और स्थानांतरित करने के लिए एक विशेष झुंड-पकड़ने की तकनीक विकसित की है।**

**जम्मू,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले का एक व्यक्ति मीठी और संधारणीय क्रांति के साथ लहरें पैदा कर रहा है। कुलगाम के सोनीगाम गांव के एक उच्च योग्यता प्राप्त युवा शब्बीर अहमद इटू -जिनके पास स्नातकोत्तर डिग्री, शारीरिक शिक्षा में एमफिल और एसईटी परीक्षा उत्तीर्ण है -एक बार एक संविदा कालेज व्याख्याता के रूप में काम करते थे। हालांकि, प्रकृति के प्रति उनके जुनून ने उन्हें मधुमक्खी पालन की दुनिया में पहुंचा दिया है। शब्बीर अब अपने बगीचे में प्राकृतिक प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर (पीजीआर) के रूप में मधुमक्खियों का उपयोग करते हैं, जिससे हानिकारक रासायनिक परागण की आवश्यकता पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। उनके तरीके न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि जीवन रक्षक भी हैं। मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित, शब्बीर साथी उत्साही लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले मधुमक्खी बक्से, उपकरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वह पूरे साल शहद निकालते हैं और चार अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, जो अब उनके साथ काम करते हैं। उन्होंने परागण के उद्देश्य से अन्य बागवानों को मधुमक्खी कालोनियों को बेचना भी शुरू कर दिया है। शब्बीर ने मधुमक्खियों के झुंडों को सुरक्षित रूप से पकड़ने और स्थानांतरित करने के लिए एक विशेष झुंड-पकड़ने की तकनीक विकसित की है। ज्ञान, कौशल और सही उपकरणों के संयोजन का उपयोग करते हुए, वह झुंड की रानी को ढूंढता है और उसे बक्से में बंद कर देता है, जिससे बाकी मधुमक्खियां तैयार किए गए छत्ते में उसका अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित होती हैं। यह मानवीय तरीका मधुमक्खियों और समुदाय दोनों की भलाई सुनिश्चित करता है और स्वस्थ परागण और शहद उत्पादन को बढ़ावा देता है। वह बिना किसी सुरक्षात्मक गियर का उपयोग किए, अपने नंगे हाथों से पेड़ों से मधुमक्खियों के झुंडों को हटाने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की एचएडीपी योजना ने भी उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद की, जिससे उन्हें सब्सिडी के तहत एक इकाई प्रदान की गई।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बागों में पीजीआर का अत्यधिक उपयोग हानिकारक रासायनिक जोखिम के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहा है। हम जैविक तरीके को भूल चुके हैं, और यह जैविक खेती को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक कदम है। शब्बीर ने किसानों से रासायनिक पीजीआर से बचने और इसके बजाय बेहतर फल उपज के लिए मधुमक्खियों जैसे प्राकृतिक परागणकों का उपयोग करने का आग्रह किया। वे कहते थे कि आपको इन मधुमक्खियों पर भरोसा करना चाहिए - आप फलों की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में परिणाम देखेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बाग में मधुमक्खियों की दस कालोनियां स्थापित की हैं और फूल और फल की संरचना के मामले में परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं। सेब के बागों में परागण के लिए मधुमक्खियों को शामिल करके, किसान बेहतर फल सेट और उपज की उम्मीद कर सकते हैं। ये परागणक फूलों के बीच पराग स्थानांतरित करते हैं, उचित निषेचन सुनिश्चित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बेहतर आकार, आकार और रंग के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेब मिलते हैं - अंततः बेहतर फसल और बढ़ी हुई लाभप्रदता की ओर अग्रसर होते हैं।

रायपुर, गुरूवार 17 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# गुजरात से बड़ी लड़ाई का संकेत देते राहुल

पिछले माह यानी मार्च में, तत्पश्चात मात्र 6 दिन पहले कांग्रेस की अहमदाबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आये ही थे, मंगलवार-बुधवार को वे फिर से गुजरात में थे। वे आये थे एक ऐसे राज्य की पार्टी इकाई में प्राण फूंकने पहुंचे जो पिछले साढ़े तीन दशकों से सत्ता से बाहर है। यहां पार्टी का केवल एक सांसद है तथा सिर्फ 17 विधायक हैं। दरअसल कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ-साथ राहुल गांधी जमीनी स्तर तक पार्टी का रूप-रंग बदलते दिखाई दे रहे हैं। राज्य के चुनाव अभी दूर हैं (2027 में होंगे) लेकिन संगठन की जो नयी कार्यप्रणाली यहां राहुल विकसित कर रहे हैं, वह अन्य सूबों में भी लागू हो सकती है। होनी ही चाहिये। पिछले दौरे पर राहुल ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मैराथन मुलाकातें की थीं। उसके बाद कार्यकर्ताओं को दिये सम्बोधन में उन्होंने भितरघात करने वाले कांग्रेसियों को साफ कर दिया था कि 'वे भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय संगठन से बाहर चले जायें।' इस बात को उन्होंने इस दौरे में दोहराया है। उन्होंने पिछली बार गुजरात में ही कहा था कि 'पार्टी से कुछ ऐसे लोगों को निकाल बाहर करने की जरूरत है जो भारतीय जनता पार्टी से मिले हुए हैं।' साफ है कि उनकी यह चेतावनी गुजरात के नेताओं तक सीमित न होकर सभी राज्य इकाइयों के लिये अलार्म होगी।

मंगलवार को अहमदाबाद कांग्रेस कार्यालय में उन्होंने जिला अध्यक्षों तथा पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की थी जिसमें 5 सदस्यों की एक टीम बनाई गई जो 45 दिनों में आलाकमान को जमीनी रिपोर्ट देगी। इसके बाद नये जिलाध्यक्ष नियुक्त होंगे। इसका मानदण्ड उनकी सक्रियता, पार्टी के प्रति निष्ठा एवं दृढ़ वैचारिक प्रतिबद्धता होगी। बुधवार को राहुल ने मोडासा जिले के अरावल्ली में 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत की जिसका उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों और उनके अध्यक्षों को सशक्त और जवाबदेह बनाना है। इस नई प्रणाली से पार्टी के संगठन को मजबूती मिलने की आशा है। याद हो कि अहमदाबाद सीडब्ल्यूसी में राहुल ने कहा था कि जिला अध्यक्ष ही संगठन की नींव बनें। वे ही पार्टी की मुख्य ताकत होने चाहिये। जिला कमेटी और जिला अध्यक्ष को शीर्ष नेतृत्व पार्टी की बुनियाद बना रहा है। पार्टी इकाई ने अधिवेशन के बाद गुजरात के 33 जिलों और 8 प्रमुख शहरों के अध्यक्षों की नियुक्ति हेतु 42 केंद्रीय और 183 प्रदेश स्तर के पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

उन्होंने इस बात को दोहराया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को हराने की ताकत केवल कांग्रेस में है; और जीत का रास्ता गुजरात से होकर जाता है। बुधवार की बैठक में राहुल ने कहा कि, 'देश में चल रही लड़ाई सिर्फ राजनीतिक नहीं वरन भाजपा-संघ और कांग्रेस के बीच विचारधाराओं की लड़ाई भी है। उन्होंने याद दिलाया कि 'गुजरात ने ही पार्टी को दो सबसे बड़े नेता- महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए हैं परन्तु हमें लंबे समय से गुजरात में नाकामी मिल रही है।' राहुल का यह बतलाना कि कई सूत्रों से उन्हें जानकारी मिली है कि वरिष्ठ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा रचनात्मक नहीं बल्कि विनाशकारी है। साथ ही, टिकट वितरण प्रक्रिया में स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को शामिल न किया जाना भी नुकसानदेह साबित हुआ है।

गुजरात के तीनों ही दौरे (अधिवेशन समेत) पार्टी को अनेक महत्वपूर्ण संकेत व संदेश दे रहे हैं। हर बार राहुल का यह कहना कि भाजपा को हराने की ताकत कांग्रेस रखती है, न सिर्फ कार्यकर्ताओं में जोश भर रहा है वरन उन्हें 2027 की तैयारियां अभी से करने के लिये प्रेरित भी करता है। यह केवल गुजरात की बात नहीं वरन लगभग हर राज्य में यही दिखता है कि चुनाव सिर पर आने तक कांग्रेस की तैयारियां नहीं रहतीं। अंतिम समय तक उम्मीदवार घोषित नहीं होते तथा जिसे भी प्रत्याशी बनाकर उतारा जाता है, प्रतिस्पर्धी खेमा जो पार्टी टिकट से वंचित रह जाता है वह या तो निष्क्रिय हो जाता है अथवा भाजपा को प्रत्यक्ष-परोक्ष मदद करता है। यदि कोई समझे कि राहुल की यह चेतावनी केवल गुजरात इकाई के लिये है तो वह गलतफहमी में है। पार्टी के भीतर से जो संकेत मिल रहे हैं वे यही बताते हैं कि किसी भी राज्य में अब आलाकमान ऐसे लोगों से मुरव्वत नहीं बरतने जा रहा।

भितरघात से कांग्रेस को बहुत नुकसान हुआ है। जिन लोगों को संगठन ने महत्वपूर्ण पद दिये वे भी पिछले दिनों विभिन्न कारणों से पार्टी को ठेंगा दिखाकर अलग हो गये। इनमें से ज्यादातर तो भाजपा में ही गये- कुछ केन्द्रीय जांच एजेंसियों से घबराकर तो कुछ पैसे या पदों के लालच में। जो सीधे छोड़ जाते हैं वे फिर भी कम आघात पहुंचाते हैं, लेकिन ऐसे लोग जो दल के भीतर रहते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होते हैं, कहीं अधिक नुकसानदेह साबित हुए हैं। राहुल अब ऐसे लोगों को सीधे चुनौती दे रहे हैं कि जिन्हें पार्टी छोड़कर जाना है, वे अभी से चले जायें। इसका कारण यह है कि राहुल, उनकी पार्टी तथा सभी लोग जान गये हैं कि कांग्रेस की लड़ाई जैसे-जैसे जोर पकड़ रही है, भाजपा सरकार संगठन के नेताओं को अधिक डरायेगी। कहें तो डरा ही रही है। 9 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नेशनल हेराल्ड के मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजीव के प्रेस सलाहकार सुमन दुबे व एक ट्रस्टी और ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। मंगलवार को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी हरियाणा जमीन मामले में ईडी ने पूछताछ के लिये बुलाया था। साफ है, जो डरेगा वह कांग्रेस में रह नहीं सकेगा। राहुल के गुजरात दौरे बड़े निश्चयों के साथ बड़ी लड़ाई का संकेत है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में गोबर विमर्श

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

ऐसा लग रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी दुनिया को अपने कदमों में झुकाने की हसरत पाले दूसरी बार सत्ता में आए हैं। जिस लोकतंत्र पर अमेरिका की जनता को इतना अभिमान रहा है, उसकी धज्जियां उड़ाने में ट्रंप कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पाकिस्तानी शायरा फहमीदा रियाज़ याद आती है-

तुम बिल्कुल हम जैसे निकले,
अब तक कहां छुपे थे भाई।

वो मूरखता वो घामड़-पन,
जिस में हम ने सदी गंवाई।

आख़िर पहुंची द्वार तुहारे,
अरे बधाई बहुत बधाई।।

फहमीदा रियाज़ ने ये नज़्म भारत और पाक में लोगों की एक जैसी सोच पर लिखी थी, लेकिन फिलहाल अमेरिका से हर बात में तुलना करने को आतुर भारतीय ये सोचकर खुश हो सकते हैं, जो हाल हमारे यहां लोकतंत्र का हो रहा है, वही अमेरिका में नजर आ रहा है। हालांकि वहां हार्वर्ड विश्वविद्यालय जैसी मजबूती लोकतंत्र के भविष्य को भी मजबूत करने के संकेत देती है। भारतीय विश्वविद्यालय इस मामले में कमजोर साबित हो रहे हैं। उनकी प्रतिष्ठा राजनीति का औजार बन कर खत्म होती जा रही है और समाज इस मामले में लगभग बेज़ार दिख रहा है। बस लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्राचार्य कक्ष में गोबर लीपने जैसी कुछ घटनाएं बता रही है कि अभी पोंगापंथ के आगे वैज्ञानिक नजरिए ने पूरी तरह से घुटने नहीं टेके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप अपने कई फैसलों को लेकर विवादों में रहे और उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन ने कह भी दिया कि सौ दिनों में काफी विनाशकारी फैसले ट्रंप ने लिए हैं। नए टैरिफ को लेकर पूरी दुनिया से अदावत, रूस-यूक्रेन के बीच मध्यस्थता के नाम पर अपनी टांग अड़ाना, प्रवासी नागरिकों के लिए नियमों को कठिन करना, ऐसे कई फैसले ट्रंप ने लिए जिससे उनकी मजबूती साबित हो। ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को भी अपने आगे झुकाने के लिए दांव चला और अपनी मांगों की एक सूची विश्वविद्यालय को भेजी, जिसमें कहा गया कि-

1. अमेरिकी मूल्यों के मुख़ालफ़त करने वाले छात्रों की सूचना सरकार को दी जाए
2. यह सुनिश्चित किया जाए कि हर शैक्षणिक विभाग का दृष्टिकोण विविधतापूर्ण हो
3. यूनिवर्सिटी के विभागों का ऑडिट करने के लिए सरकारी मान्यता प्राप्त बाहरी कंपनी को नियुक्त किया जाए
4. यहूदी विरोधी उत्पीड़न को सबसे अधिक बढ़ावा देने वाले विभागों की सूचना दी जाए
5. पिछले दो वर्षों में परिसर में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुए 'उल्लंघनों' के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए
6. विश्वविद्यालय की 'विविधता, समानता और समावेशन' की नीतियों और कार्यक्रमों को ख़त्म किया जाए।

ट्रंप प्रशासन की इन मांगों को पूरा करने पर ही हार्वर्ड विश्वविद्यालय को संघीय अनुदान मिलना जारी रहता। लेकिन विश्वविद्यालय ने अपनी स्वतंत्रता या अपने संवैधानिक अधिकारों को नहीं छोड़ने का ऐलान करते हुए इन मांगों को मानने से इंकार कर दिया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने साफ कर दिया कि व्हाइट हाउस उस पर नियंत्रण की तैयारी कर रहा है, इसलिए वह इन मांगों को नहीं मानेगा। इस तनातनी का परिणाम ये निकला कि ट्रंप प्रशासन ने करीब 2 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तीय अनुदान रोक दिया है।

इतनी बड़ी रकम से वंचित रहने पर विवि के कामकाज और प्रबंधन पर तात्कालिक असर तो पड़ेगा, लेकिन कम से कम भविष्य के लिए न झुकने का रास्ता तैयार हो चुका है। इस फैसले ने साबित कर दिया है कि क्यों हार्वर्ड दुनिया के नामचीन विश्वविद्यालयों में शुमार होता है, और ये भी समझ आ रहा है कि क्यों ट्रंप को इससे दिक्कतें हो रही हैं। आखिर मोदीजी को भी तो इसी तरह जेएनयू, एएमयू जैसे शिक्षा संस्थानों से दिक्कतें हुईं। वैसे अपनी हीनभावना की ग्रंथि के इलाज के लिए श्री मोदी एक बार हार्वर्ड को भी निशाने पर ले चुके हैं। याद कीजिए किस तरह नोटबंदी के फैसले पर डॉ.मनमोहन सिंह ने इसके दुष्परिणामों का अनुमान लगाया था तो मोदी ने कहा था कि बड़े विद्वान, कुछ हार्वर्ड से, कुछ ऑक्सफोर्ड से...कुछ ने कहा कि जीडीपी में 2 प्रतिशत की गिरावट आएगी, अन्य ने कहा कि (नोटबंदी के बाद) 4 प्रतिशत की गिरावट आएगी...लेकिन देश ने देखा है कि हार्वर्ड के लोग क्या सोचते हैं और कड़ी मेहनत करने वाले लोग क्या सोचते हैं।'

वहीं इससे पहले 2014 में भी नरेन्द्र मोदी ने यूपीए सरकार की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा था कि 'वित्त मंत्री हार्वर्ड से हैं। प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री हैं और उनके पास भी एक बडे विश्वविद्यालय की डिग्री है। मेरे पास हार्ड वर्क (कठोर परिश्रम) है। हार्वर्ड जाने का कोई मतलब नहीं है। जो मायने रखता है, वह कठोर परिश्रम है। जो साधारण से स्कूल में पढ़ा हो, चाय बेची हो और हार्वर्ड के दरवाजे तक न देखे हो, उस एक आदमी ने दिखा दिया कि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए क्या करना चाहिए।'

इस किस्म के बड़बोलेपन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि अब देश देख रहा है कि बेतुके शब्दाडंबर करने का नुकसान देश को हुआ और आज तक अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। वैसे 2017 में जब नरेन्द्र मोदी ने हार्वर्ड पर टिप्पणी की थी तो उस वक्त हार्वर्ड के छात्र प्रतीक कंवल ने बाकायदा चिट्ठी लिखकर कहा था कि 'भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को विकसित करने के लिए, आपको ऐसे लोगों की मदद की आवश्यकता होगी जो अलग दृष्टिकोण लेकर आएं। अर्थशास्त्रियों और विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थानों का मज़ाक उड़ाना हमें दुनिया से अलग-थलग कर देगा।'

पता नहीं उस चिट्ठी का मर्म नरेन्द्र मोदी ने समझा या नहीं, लेकिन 2017 से 2025 तक हमने देश के शैक्षणिक संस्थानों में सिलसिलेवार गिरावट ही देखी है। 2016 में जेएनयू प्रसंग को अब भी भाजपा विपक्ष को निशाने पर लेने के लिए इस्तेमाल करती है और टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसे शब्द उसके शब्दकोष में स्थायी जगह बना चुके हैं। शैक्षणिक संस्थाओं में दकियानूसी, कट्टर और रुढ़िवादी सोच के शिक्षकों को परंपरा और संस्कृति के नाम पर भरा जा रहा है, जो हर किस्म की चेतना से घबराते हैं, नए विचारों से दूर भागते हैं। अभी हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्या ने कमरे की दीवारों पर गोबर लीपा ताकि ठंडक बनी रहे। जबकि इस कॉलेज की छात्राओं की शौचालय, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन या अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जो मांगें हैं, उसके समाधान की कोशिशें नहीं की जा रही हैं। कक्षा की दीवार पर गोबर लीप कर प्राचार्या महोदया ने निश्चित ही भाजपा के सामने अपने अंकों को बढ़ाने की कोशिश की, हालांकि दिल्ली विवि छात्रसंघ के अध्यक्ष रौनक खत्री ने इसका तुरंत ही सही प्रतिवाद किया। पहले रौनक खत्री ने ऐलान किया था कि वे भी अब गोबर लीपने प्राचार्या के कक्ष में आएंगे और वहां के एसी को छात्रों के लिए दे देंगे और अगले दिन रौनक खत्री बाकायदा गोबर लेकर पहुंच भी गए। उनके आने से पहले प्राचार्या महोदया तो कहीं चली गई, लेकिन अन्य शिक्षिका ने उन्हें रोकने की पूरी कोशिश की, मगर वे सफल नहीं हुईं। रौनक खत्री ने इस दौरान कॉलेज की छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना भी।

छात्रसंघ अध्यक्ष का यह विरोध सामयिक और सटीक है, क्योंकि अगर मुंहजबानी प्राचार्या के कृत्य का विरोध किया जाता तो उसका असर नजर नहीं आता, अब कम से कम छात्रों को ऐसे मूढ़तापूर्ण कार्यों पर आवाज उठाने और बिना बेहूदगी के विरोध करने का हौसला मिलेगा। यह देखकर अच्छा लगा कि रौनक खत्री या उनके साथियों ने न शिक्षकों से दुर्व्यवहार किया, न किसी किस्म के उपद्रव का माहौल बनाया। अन्यथा छात्रों के विरोध अक्सर जोश-जोश में गलत रास्ते पर चले जाते हैं और फिर सत्ता को दखलंदाजी का और मौका मिलता है।

जेएनयू, बीएचयू, एएमयू, जादवपुर विवि, हैदराबाद विवि, आईआईटी, आईआईएम ऐसे तमाम प्रतिष्ठित भारतीय शिक्षा संस्थान ऐसी ही दखलंदाजियों का शिकार होकर बर्बादी के रास्ते पर हैं। नरेन्द्र मोदी नालंदा की पुनर्प्रतिष्ठा की बात करते हैं, लेकिन ऐसे कई संस्थान जिनमें नालंदा जैसी ऊंचाइयों पर पहुंचने की क्षमता थी, उन्हें पिछले 10 सालों में सड़ी-गली राजनीति में कैद किया गया है। अच्छा है कि डीयू में रौनक खत्री ने एक जरूरी हस्तक्षेप किया है। जो तसल्ली हार्वर्ड के न झुकने के ऐलान से हुई है, वही रौनक खत्री के प्राचार्या कक्ष में गोबर लीपने से हुई है।

> **परंपरा और संस्कृति के नाम पर भरा जा रहा है, जो हर किस्म की चेतना से घबराते हैं, नए विचारों से दूर भागते हैं। अभी हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्या ने कमरे की दीवारों पर गोबर लीपा ताकि ठंडक बनी रहे। जबकि इस कॉलेज की छात्राओं की शौचालय, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन या अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जो मांगें हैं, उसके समाधान की कोशिशें नहीं की जा रही हैं।**

# 2014 से 15 प्रतिशत बढ़े प्राइवेट स्कूल, लगातार बढ़ा रहे फीस

■ डॉ. ज्ञान पाठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हमेशा से देश में शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देती रही है। हाल ही के आंकड़ों से पता चलता है - 2014-15 से 2023-24 के दौरान प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और उन्होंने पिछले तीन वर्षों में अपनी फ़ीस में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि की है। दूसरी ओर, पिछले एक दशक के दौरान देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आयी है, जिनमें से अधिकांश भाजपा शासित राज्यों में हैं।

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों की फीस में की गयी अत्यधिक वृद्धि को लेकर जो विवाद छिड़ा है, उससे देश की शिक्षा व्यवस्था के बारे में और भी भयावह जानकारी मिलती है। सरकारी स्कूलों की संख्या कम होती जा रही है और शिक्षकों तथा बुनियादी ढांचे की कमी के कारण उनमें शिक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है। इससे प्राइवेट स्कूलों के पनपने और समृद्ध होने के लिए परिस्थितियां बनती हैं, जो केवल उन्हीं छात्रों को शिक्षा देते हैं जिनके माता-पिता या अभिभावक आर्थिक रूप से संपन्न हैं या कम से कम जो किसी तरह से फीस वहन कर सकते हैं, हालांकि बहुत मुश्किल से। यह इस देश के बच्चों के सार्वभौमिक और समान शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करता है और अपेक्षाकृत गरीब परिवारों के बच्चों के लिए असमान शिक्षा स्तर बनाता है। अभिभावकों तथा माता-पिता में यह डर प्राइवेट स्कूलों के प्रति उनके आकर्षण को बढ़ाता है।

अभी पिछले फरवरी महीने में ही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा को बताया था कि 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आई है और प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल संख्या की बात करें तो सरकारी स्कूलों की संख्या में 89,441 की कटौती की गयी, जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 42,944 की वृद्धि हुई। वर्तमान में देश में 10,17,660 सरकारी स्कूल हैं, जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या 3,31,108 है।

सदन में दिये गये आंकड़ों से पता चला है कि भाजपा शासित दो राज्यों- मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक सरकारी स्कूल बंद किये। मध्य प्रदेश ने 29,410 सरकारी स्कूल बंद किये हैं और उत्तर प्रदेश ने 25,126 सरकारी स्कूल बंद किये हैं। इन दोनों राज्यों ने मिलकर देश में हुई कटौती में 60.9 प्रतिशत का योगदान दिया है। पिछले दशक के दौरान उत्तर प्रदेश में 19,305 प्राइवेट स्कूलों की वृद्धि देखी गयी, जो देश में प्राइवेट स्कूलों की कुल वृद्धि का 44.9 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों में गिरावट 24.1 प्रतिशत रही, उसके बाद जम्मू-कश्मीर में 21.4 प्रतिशत, ओडिशा में 17.1 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 16.4 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 15.5 प्रतिशत, झारखंड में 13.4 प्रतिशत, नागालैंड में 14.4 प्रतिशत, गोवा में 12.9 प्रतिशत और उत्तराखंड में 8.7 प्रतिशत रही।

प्राइवेट स्कूलों के मामले में, कुल 10 राज्यों ने 14.9 प्रतिशत की औसत वृद्धि को पार कर लिया। बिहार में प्राइवेट स्कूलों में 179.14 प्रतिशत, ओडिशा में 80.36 प्रतिशत, तथा उत्तर प्रदेश में 24.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

तीन राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जहां प्राइवेट स्कूलों की संख्या में गिरावट आयी, वे थे मेघालय में 5.36 प्रतिशत, एनसीटी दिल्ली में 2.88 प्रतिशत और हिमाचल प्रदेश में 0.27 प्रतिशत। यह कहने की जरूरत नहीं है कि इन राज्यों में सरकारी स्कूली शिक्षा की उपलब्धियां अधिक हैं, खासकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में। अन्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारी स्कूल शिक्षा के मामले में पिछड़े हुए हैं, जिसके कारण वहां प्राइवेट स्कूलों का दबदबा बढ़ता जा रहा है।

इससे ही समझा जा सकता है कि पिछले एक दशक में देश भर में प्राइवेट स्कूलों को सरकारी स्कूलों से ज्यादा अहमियत कैसे मिल रही है। इससे प्राइवेट स्कूल छात्रों से अत्यधिक फीस वसूलने में सक्षम हो जाते हैं।

एक तरफ परिवारों की वास्तविक आय में गिरावट और दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि की पृष्ठभूमि में इस साल की स्थिति विशेष रूप से अभिभावकों के लिए परेशानी भरी हो गयी है।

हाल ही में लोकल सर्किल द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश में पिछले तीन वर्षों में प्राइवेट स्कूलों की फीस में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगभग 93 प्रतिशत अभिभावकों ने फीस वृद्धि को नियंत्रित न करने के लिए सरकारों को दोषी ठहराया है। सर्वेक्षण में देश भर के 309 जिलों को शामिल किया गया। आठ प्रतिशत अभिभावकों ने बताया कि ट्यूशन फीस में वृद्धि 80 प्रतिशत से अधिक है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र को छोड़कर देश में कोई भी राज्य प्राइवेट स्कूल की फीस को नियंत्रित नहीं करता है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत होते ही देशभर से प्राइवेट स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। दिल्ली में, अभिभावकों का विरोध राजनीतिक हो गया है, क्योंकि राज्य में भाजपा सत्ता में आ गयी है और फरवरी 2025 का चुनाव हारने वाली आप विपक्ष में है। आप को सरकारी स्कूलों की शिक्षा को अधिकांश प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर बनाने का श्रेय दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की संख्या में कमी आयी है। आप ने प्राइवेट स्कूलों में हाल ही में की गयी फीस वृद्धि को लेकर भाजपा शासन पर हमला करते हुए दावा किया है कि सत्तारूढ़ भाजपा और गैर-सहायता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ के अध्यक्ष के बीच संबंध है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली के स्कूलों में अत्यधिक फीस वृद्धि हुई है। यह मुख्यमंत्री से जुड़े 'हितों के टकराव' का एक खुला मामला है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'एक ही संगठन और उसके मुखिया, जिसका मुख्य एजेंडा दिल्ली भर में स्कूल फीस बढ़ोतरी को बढ़ावा देना है, भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के चुनाव अभियान में शामिल थे।' जवाब में, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप फरवरी के चुनाव में हार से निराश है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी के खिलाफ उचित कार्रवाई का वायदा किया है।

प्राइवेट स्कूलों द्वारा अतार्किक फीस बढ़ोतरी का मुद्दा पूरे भारत में एक समस्या है और इसलिए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र के साथ-साथ राज्यों द्वारा उचित नीति प्रतिक्रिया और कानून बनाकर निपटाया जाना चाहिए। केंद्र की वर्तमान शिक्षा नीति सरकारी स्कूली शिक्षा के लिए हानिकारक और प्राइवेट स्कूलों या शिक्षा के निजीकरण के लिए फायदेमंद प्रतीत होती है।

> **दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों की फीस में की गयी अत्यधिक वृद्धि को लेकर जो विवाद छिड़ा है, उससे देश की शिक्षा व्यवस्था के बारे में और भी भयावह जानकारी मिलती है। सरकारी स्कूलों की संख्या कम होती जा रही है और शिक्षकों तथा बुनियादी ढांचे की कमी के कारण उनमें शिक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है। इससे प्राइवेट स्कूलों के पनपने और समृद्ध होने के लिए परिस्थितियां बनती है।**

## आपके पत्र

### गोबर, गुस्सा और विश्वविद्यालय की गिरती गरिमा

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा क्लास रूम और प्रिंसिपल के घर पर गोबर लिपने की घटना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक गहरी असंतोष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस विरोध ने सत्ता और शिक्षा व्यवस्था के पाखंड को उजागर किया— जहां एक ओर गोबर को सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है, वहीं जब छात्र उसी प्रतीक का इस्तेमाल विरोध में करते हैं, तो उसे 'असभ्य' करार दिया जाता है। विश्वविद्यालय अब संवाद के नहीं, सत्ता के मंच बनते जा रहे हैं, जहां छात्रों की असहमति को दबाया जाता है। इस असामान्य विरोध ने न केवल व्यवस्था की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी बताया कि प्रतीकों के ज़रिए भी तीखा प्रतिरोध संभव है। जब असहमति की जगह छिन जाती है, तो गुस्सा प्रतीकों के ज़रिए बोलता है — और कभी-कभी गोबर से भी।

घटना के पीछे की कथा-यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस स्थित एक कॉलेज में हुआ, जहां छात्रों ने गोबर लिपकर क्लासरूम को 'पवित्र' करने की कोशिश की। दरअसल, यह 'पवित्रता' का तंज था — एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र 'अपवित्र' मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय, और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लिपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।

गोबर- विरोध का प्रतीक या व्यंग्य-भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह एक ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि यह दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं।

यह विरोध दरअसल उस छद्म सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर चोट करता है जो गाय, गोबर और गंगाजल को पवित्र मानता है, लेकिन दलित, आदिवासी, और वंचित समुदायों की पीड़ा को अपवित्र विषय मानता है।

विश्वविद्यालय ज्ञान का केंद्र या सत्ता की चौकी? भारतीय विश्वविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है, तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', 'गद्दार', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैंपस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन और डर के घेरे बनते जा रहे हैं।

छात्रों के इस कदम को केवल 'असभ्यता' कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है। यह विरोध 'हिंसक' नहीं था, लेकिन 'सुगंधित' भी नहीं था। निश्चित रूप से, गोबर से दीवारें लिपना किसी भी संस्थान के लिए एक अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी। लेकिन यह भी सोचना होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं, तो समस्या केवल छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से ज़ाहिर होता है।

— प्रियंका सौरभ



## ललित सुरजन की कलम से

### प्रधानमंत्री या ब्रांड एम्बेसेडर

*'यूं तो व्यक्ति पूजा हर समाज में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, किन्तु नरेन्द्र मोदी ने इस मामले में सबको पीछे छोड़ दिया है। उनकी जो कार्यशैली है उसे देखकर यह शंका भी उभरती है कि क्या श्री मोदी नेतृत्व क्षमता के समयसिद्ध मानदंडों पर खरे उतरते हैं! वे अपने आपको एक महानायक के रूप में देखते हैं और ऐसा लगता है कि अपनी वृहदाकार छवि निर्मित करने के लिए वे लंबे समय तक प्रतीक्षा नहीं करना चाहते। वे जिस तरह से एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोषणाएं कर रहे हैं, योजनाएं पेश कर रहे हैं, अपने पूर्ववर्तियों के छवि-ध्वंस में जुटे हुए हैं वे सब इसी ओर इंगित करते हैं। एक नायक अपने तईं वीर, पराक्रमी, बुद्धिमान, साहसी, उद्यमी सब कुछ हो सकता है, किन्तु वह सच्चे अर्थों में नेता तभी माना जाएगा जब उसमें अपने समाज को साथ लेकर चलने की क्षमता हो। वह आगे रहता है, लेकिन साथी बहुत पीछे न छूट जाए, इसकी भी फिक्र करता है। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सहारा भी देता है। धीरज रखता है कि सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी इन बातों की परवाह करते दिखाई नहीं देते।'*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/01/blog-post_18.html

## पावन प्रसंग

### लंघन रहने से पेट के रोगों से मुक्ति

आयुर्वेद के अनुसार- ज्वरादौ लंघनम् प्रौक्तुम्-अर्थात ज्वर आदि तीव्र रोगों में लंघन अर्थात भोजन छोड़ देना चाहिए। उपवास का यही क्रम तीन दिन अपनाने से तीव्र रोगों से निवृत्ति मिलती है तथा जो जीवनीशक्ति भोजन को पचाने में नियोजित होती थी, वह रोगों से लड़ने और दोषों को नष्ट करने में जुट जाती है।

किसी निश्चित संकल्प को मन में रखकर जब हम थोड़े समय के लिए अन्न इत्यादि का त्याग कर देते हैं तो उसे ही उपवास (लंघन) कहा जाता है। उदाहरण के लिए रोगों के निवारण के लिए मानसिक शांति के लिए व्रत, अनुष्ठान या कल्याण के लिए उपवास करना। इन सभी लक्ष्यों में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य शरीर के रोग निवारण भी है, क्योंकि हमारे पास यदि तमाम भौतिक सुख-संपदाएं हों और हमारे शरीर में पीड़ा उठती रहे, तो हमारा मस्तिष्क उद्विग्न हो उठेगा और मन एकदम अशांत हो जाएगा। जब मन अशांत रहेगा तो अशांतस्य कुतो सुख -अर्थात अशांत व्यक्ति को सुख कहां? वाली कहावत एकदम साकार हो उठेगी। ऐसे समय में तो- महान मनोबल वाला व्यक्ति ही शांत रह सकता है। कुछ पाश्चात्य चिकित्सकों का निर्णय अब प्रकाश में आ रहा है। उनमें इस बात का बड़े जोरों से समर्थन है कि हजारों रुपए के टेबलेट केप्सूल खाने से जितना स्वास्थ्य लाभ होता है, उतना लाभ थोड़े उपवास कर लेने से ही प्राप्त हो जाता है।

उपवास के समय शरीर का शोधन होने से लगता है। हमारे शरीर में जो विपरीत कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं, वे कीटाणु हमारे भोजन से ही भोजन लेना प्रारंभ कर देते हैं और उन कीटाणुओं में अधिकतर कीटाणु ऐसे होते हैं जो बिना भोजन के देर तक जीवित नहीं रह सकते। अत: यदि उपवास कर लिया जाए तो वे विपरीत कीटाणु समाप्त होना प्रारंभ हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त हमारे आमाश्य की कार्यक्षमता भी बढ़ने लगती है। इंजन लगातार चलता रहे, घोड़ा लगातार दौड़ता रहे, मजदूर लगातार काम करता रहे तो थोड़े समय में हम अनुभव करेंगे कि हमारा कार्य उतना ही हो पा रहा है, जितने कि हमको आशा थी। अत: पुन: कार्य को सुचारु रूप से चलने के लिए थोड़ा विश्राम कर लेना आवश्यक है। आमाश्य के बारे में भी यही हालत होती है। एक दिन भी उपवास कर लिया जाए तो उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो सकती है और हम पेट के रोगों से अनायास ही मुक्ति पा सकते हैं।

रुचि के अनुसार कभी भी उचित रूप से उपवास किया जा सकता है। उचित का अर्थ-उम्र शरीर का वजन तथा आहार को देखकर ही उपवास करना चाहिए। जो व्यक्ति संतुलित आहार ही लेता है, उसे उपवास करने की उतनी आवश्यकता नहीं होती, जितना कि गरिष्ठ भोजन करने वाले को आवश्यकता होती है। चरबी और अधिक प्रोटीन वाले पदार्थ जैसे- अंडा, मांस आदि खाने वालों के लिए तो उपवास की नितांत आवश्यकता है। उपवास अनेक प्रकार से किया जा सकता है। जैसे एक समय भोजन कर लिया तो दूसरे समय भोजन न करें। इसे एकाहार कहते हैं। दूसरा दोनों समय भोजन तो किया जाए, परंतु भरपेट न किया जाए, आधा पेट ही भोजन करें। तीसरे में केवल, दूध या छांछ पीकर या फलों का रस पीकर ही रहें। चौथे में भोजन में किसी वस्तु की कमी कर लें, जैसे दाल में नमक या हल्दी न डालें। तरकारी में मसाला न डालकर केवल नमक ही डालें। पांचवें प्रकार में दिन भर केवल जल पीकर ही समय काट लें। इस प्रकार कई भाग किए जा सकते हैं। इनमें से जिसको जैसा पसंद आए, उस प्रकार के उपवास का पालन अवश्य कर लेना चाहिए। यदि नियमपूर्वक ऐसा कर लें तो रोगों से बचना संभव हो सकेगा। हमें मन से यह बात अवश्य निकाल देनी चाहिए कि उपवास करने से शरीर कमजोर जाएगा। .यह उपवास तो कमरे में झाड़ू लगाकर सफाई करने के समान है। इस प्रकार की सफाई होती है और शरीर स्वस्थ रहता है।

-युग निर्माण योजना

# देश विदेश

## पहली तिमाही : चीन की जीडीपी में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि

**बीजिंग,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रारंभिक गणना के अनुसार, इस वर्ष की पहली तिमाही में चीन में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 318 खरब 75 अरब 80 करोड़ युआन था, जो स्थिर कीमतों पर पिछले साल की पहली तिमाही से 5.4 प्रतिशत बढ़ा।आकड़ों के मुताबिक, पहली तिमाही में, कृषि का अतिरिक्त मूल्य पिछले साल की इसी समान अवधि की तुलना में 4 फीसदी बढ़ा, निर्दिष्ट आकार से ऊपर के औद्योगिक उद्यमों का अतिरिक्त मूल्य गत साल की पहली तिमाही से 6.5 प्रतिशत बढ़ा और सेवा उद्योग का अतिरिक्त मूल्य पिछले साल की पहली तिमाही से 5.3 फीसदी बढ़ा। इसके अलावा, पहली तिमाही में उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 124 खरब 67 अरब 10 करोड़ युआन थी।

# अमेरिकी जज ने ट्रम्प प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

■ **स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था**



**वाशिंगटन,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की एक अदालत ने ट्रम्प प्रशासन को एक भारतीय स्नातक छात्र को निर्वासित करने से रोक दिया है, जिसका स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। मैडिसन अदालत के डिस्ट्रिक्ट जज विलियम कॉनले ने कहा कि यूडब्ल्यू-मैडिसन के अंतर्राष्ट्रीय छात्र 21 वर्षीय कृष्ण लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा रद्द नहीं किया जा सकता और ट्रम्प प्रशासन उसके खिलाफ निर्वासन सहित कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकता। ट्रम्प प्रशासन द्वारा निर्वासन पर अस्थायी रोक लगाने का अनुरोध मैडिसन के वकील शबनम लोतफी द्वारा किया गया था, जब सरकार के छात्र एवं विनिमय आगंतुक कार्यक्रम (एसईवीआईएस) डेटाबेस में इस्सरदासानी का रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया था। विस्कन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अपने 12 पेज के आदेश में जज कॉनले ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने इस्सरदासानी का वीजा गलत तरीके से समाप्त किया है, जबकि वह कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी करने वाले हैं और वीजा रद्द करने के खिलाफ अपील करने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार की प्रक्रिया से वंचित किया गया। जज कॉनले ने कहा कि इस्सरदासानी के शैक्षणिक व्यय की राशि और डिग्री प्राप्त किए बिना अमेरिका छोड़ने से होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए अदालत ने निष्कर्ष निकाला है कि इस्सरदासानी ने विश्वसनीय रूप से प्रदर्शित किया है कि उन्हें अपूरणीय क्षति का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए निषेधाज्ञा राहत के बिना उनके पास कानून में कोई पर्याप्त उपाय नहीं है।

## पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी ने ट्रंप की नीति की तारीफ की

**वाशिंगटन।** पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रक्षा नीति को 'अलगाव का नुस्खा नहीं' बल्कि 'सामान्य ज्ञान' वाला दृष्टिकोण बताया है। उन्होंने ये बयान ऐसे समय में दिया है जब, ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति के यूएस गठबंधनों और साझेदारियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को लेकर दुनिया फिक्रमंद है। ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति पर जोर दे रहे हैं, जिसके बारे में कई लोगों का अनुमान है कि इसका उद्देश्य विदेशों में अमेरिका की सैन्य भागीदारी को कम करना तथा मित्र देशों और साझेदारों पर अधिक सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारियां उठाने के लिए दबाव डालना है-यही कारण है कि कुछ लोगों ने इसे अलगाववाद का एक प्रकार कहा है। रक्षा नीति के नए अवर सचिव एलब्रिज कोल्बी ने पिछले बुधवार को उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस द्वारा शपथ ग्रहण करने के अगले दिन सोशल मीडिया पोस्ट में यह टिप्पणी की, ताकि अमेरिका की रक्षा रणनीति को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके। कोल्बी ने ट्रंप की रक्षा नीति का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, यह अलगाव का नुस्खा नहीं है। इसके बजाय, यह कॉमन सेंस अप्रोच है।

# देश में कोई राजा नहीं है : जो बाइडेन



**100 दिनों से भी कम समय में इस नए प्रशासन ने इतना नुकसान और विनाश कर दिया है जो एक तरह से असाधारण ही है कि ऐसा इतनी जल्दी हो सका : बाइडेन**

**वाशिंगटन,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'जल्दबाजी' में किए गए कार्यों को 'विध्वंसकारी' करार देते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि देश मे कोई भी 'राजा' नहीं है । व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद से शिकागो में कल विकलांग अधिवक्ताओं, काउंसलर्स और प्रतिनिधियों की वर्ष 2025 की राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री बाइडेन ने पहली बार ट्रंप प्रशासन की नीतियों की सार्वजनिक तौर पर आलोचना की। अपने करीब 27 मिनट के संबोधन में श्री बाइडेन ने यह भी चेताया कि सामाजिक सुरक्षा में और कटौती लाखों अमेरिकियों को प्रभावित करेगी। पूर्व राष्ट्रपति ने श्री ट्रंप का नाम लिए बगैर व्हाइट हाउस की अब तक की कार्रवाईयों को विध्वंस की श्रेणी में असाधारण करार दिया। उन्होंने कहा कि 100 दिनों से भी कम समय में इस नए प्रशासन ने इतना नुकसान और विनाश कर दिया है जो एक तरह से असाधारण ही है कि ऐसा इतनी जल्दी हो सका। पूर्व डेमोक्रेट राष्ट्रपति ने चेताया कि देश पहले कभी भी इतना विभाजित नहीं था। उन्होंने कहा " कोई भी राजा नहीं है, कोई भी 'बास' नहीं है। ईमानदारी, सभ्यता जहां कठिन परिश्रम के लिए ईनाम मिले। एक दूसरे पर थोडा विश्वास करें, निष्पक्षता सिर्फ निष्पक्षता, हम आज इस तरह विभाजित होकर आगे नहीं बढ सकते हैं।

## सुडोकू 6885


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6885



**बायें से दायें:-**

१. जिसकी अच्छी तरह से योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना, क्रोधित होना
६. सादर, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०. योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिये
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत
२०. नियम, तरीका
२१. कमल (उर्दू)
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१. सधवा
२. भावी कार्य पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. संबंध, लगाव

## वर्ग पहेली-6884



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6885 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 17 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज सांसारिक विषयों से दूर रहकर आध्यात्मिक विषयों में व्यस्त रहेंगे। गहन चिंतनशक्ति हर परेशानी में आपकी सहायता करेगी। रहस्यमयी विद्या के प्रति आज आपको अधिक आकर्षण रहेगा।

वृषभ - परिजनों के साथ सामाजिक कामों में या किसी पर्यटन-स्थल पर घूमने का आनंद प्राप्त कर सकेंगे। व्यापारियों की आय में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार बढ़ाने को लेकर भी आज बातचीत हो सकती है।

मिथुन - कार्य-सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त होने के लिए आज का दिन शुभ है। परिजनों के साथ आप आनंद-उल्लासपूर्ण वातावरण में सुखपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ की भी आज संभावना अधिक है।

कर्क - आज का दिन शांतिपूर्ण तरीके से रहें। आज आप का शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य अच्छा नहीं रहेगा। शारीरिक रुप से पेट की पीड़ा रहेगी। मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। आकस्मिक खर्च होगा।

सिंह - आज परिवार में मनमुटाव का वातावरण रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में नकारात्मक विचार आने से उदासी का अनुभव होगा। जमीन, मकान, वाहन आदि के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या - शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आप प्रेमपूर्ण संबंधों से अभिभूत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छी तरह समय व्यतीत होगा और उनसे लाभ भी मिलेगा। विरोधियों की चाल निष्फल रहेगी।

तुला - मानसिक दुविधा के कारण किसी निर्णय पर आना संभव नहीं हो पाएगा। आज आवश्यक काम की शुरूआत के लिए भी दिन उचित नहीं है। अपने व्यवहार में जड़ता के कारण आपको ही दु:ख होने की संभावना अधिक है।

वृश्चिक - परिजनों के साथ आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात सफल और आनंददायक रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

धनु - आपका कुटुंबजनों के साथ मतभेद हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। आज दुर्घटना से बच के रहें। स्वास्थ्य खराब होने के कारण मेडिसिन पर पैसा खर्च होगा। कानूनी कामकाज में संभलकर आगे बढ़ें।

मकर - आज के लाभदायक दिन में घर में किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज शुभ दिन है। शेयर-सट्टा की प्रवृत्तियों में धन लाभ होगा। मित्रों, संबंधियों के साथ की मुलाकात आनंदित करेगी।

कुंभ - आज आप पर अधिकारी और बुजुर्ग की भी कृपादृष्टि रहेगी। आपके सभी काम सरलता से सम्पन्न होते हुए प्रतीत होंगे। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। आप मानसिक रूप से राहत महसूस करेंगे।

मीन - आज आप तन-मन से थकान तथा बेचैनी का अनुभव करेंगे। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद होने से उनकी नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1349- हसन ढुढ्ढ की हत्या से माज़ंदरन में बावन वंश का शासन समाप्त हुआ।
1521- मार्टिन लूथर का परीक्षण उनकी शिक्षाओं पर डाइट ऑफ वर्म्स की सभा के दौरान शुरू हुआ।
1524- जियोवानी दा वेराज़ानो न्यूयॉर्क बंदरगाह पर पहुंचा।
1799- श्रीरंगपट्टनम की घेराबंदी शुरू। 4 मई को टीपू सुल्तान की मौत के साथ इसका अंत हुआ।
1869- मोरेलोस को मेक्सिको के 27वें राज्य के रूप में स्वीकार किया गया।
1895- चीन और जापान के बीच शिमोनोसेकी की संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह प्रथम चीन-जापानी युद्ध के अंत का प्रतीक है,
1941- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1945- इतिहासकार ट्रान ट्रोंग किम को वियतनाम साम्राज्य का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।
1946- सीरिया ने फ्रांस से आजादी मिलने की घोषणा की।
1947- श्रीलंका के महानतम खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन का जन्म।
1971- मिस्र, लीबिया और सीरिया ने मिल कर यूनाइटेड अरब स्टेट बनाने के लिए संघ का गठन किया।
1972- महानतम श्रीलंकाई स्पिनर मुरलीधरन का जन्म। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 800 विकेट लेने का रिकॉर्ड है।
1975- भारत के दूसरे राष्टपति एस. राधाकृष्णन का निधन।
1977- स्वतंत्र पार्टी का जनता पार्टी में विलय।
1982- कनाडा ने संविधान अपनाया।
1982- अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।

## अमेरिका की यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 50 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक



**जहाज ने यमनी कोस्टलाइन की ओर अपना रास्ता बदल लिया। सभी चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं। जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है: यूकेएमटीओ**

**अदन,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य अमेरिका ने बुधवार को यमन में हूती ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। अमेरिकी विमानों ने यमन के उत्तर, मध्य और पश्चिम के कई प्रांतों में 50 से अधिक हूती ठिकानों को निशाना बनाया। हूती समूह के अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। हालांकि हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी एयर स्ट्राइक के चलते हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों का जवाब दिया जाएगा। समूह ने कहा कि वह इजरायल या संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े जहाजों पर हमला करना जारी रखेगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि यूके समुद्री व्यापार परिचालन (यूकेएमटीओ) ने मंगलवार रात को बताया कि अदन से लगभग 100 समुद्री मील पूर्व में एक जहाज का कई छोटे जहाजों ने दो घंटे तक पीछा किया। छोटे जहाजों पर हथियारबंद शख्श सवार थे। मुठभेड़ के दौरान गोलियां भी चलाई गईं। यूकेएमटीओ ने कहा कि जहाज ने यमनी कोस्टलाइन की ओर अपना रास्ता बदल लिया। सभी चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं। जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। यह कई महीनों में यूकेएमटीओ की तरफ क्षेत्र में रिपोर्ट की गई पहली ऐसी घटना है। इससे पहले रविवार को, हूती ग्रुप ने घोषणा की कि उसने एक और अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है, जो नवंबर 2023 के बाद से उसका निशाना बना 19वां ड्रोन है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उत्तर-पश्चिमी यमन में हज्जाह प्रांत के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशन पर आए एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि ड्रोन को स्थानीय रूप से निर्मित जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया।

# शिवराज ने ब्राजीली किसानों को भारत आने का निमंत्रण दिया

**साओ पाउलो/नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्राज़ील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय से विस्तृत बातचीत की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। ब्राजील की यात्रा पर गये श्री चौहान ने बुधवार को साओ पाउलो में ब्राजील के किसान समुदाय के 27 प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इसमें किसानों के अलावा कृषि कारोबार, नीति निर्धारक और विशेषज्ञ भी शामिल रहे। श्री चौहान ने संवाद में भारत और ब्राज़ील के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, बेहतर उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों को अपनाने, जैव ईंधन और जैव ऊर्जा के उत्पादन में सहयोग, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसी संभावनाओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राज़ील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्राज़ील की कृषि में मशीनों के व्यापक उपयोग, विशेषकर कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की और इन क्षेत्रों में सहयोग की आशा व्यक्त की। ब्राज़ील के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार वर्तमान में भारत-ब्राज़ील कृषि व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर का है, जबकि इसकी क्षमता 15-20 अरब डॉलर तक पहुँचने की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नक्सल डिप्टी कमांडर ने...

व आत्मसमर्पण के प्रयासों के बीच बड़े नक्सल कैडर रूपेश ने आत्मसमर्पण किया है। एसपी के मुताबिक, शीर्ष नक्सल लीडरों के साथ रहने वाले नक्सल डिप्टी कमांडर रूपेश के समर्पण से नक्सलियों के आरकेबी डिविजन की रीढ़ टूटी है। वहीं नक्सल संगठन की कई अहम जानकारी भी उससे मिलेगी। दूसरी ओर आत्मसमर्पण के बाद रूपेश मंडावी ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति को आत्मसमर्पण का कारण बताते हुए अन्य नक्सलियों से भी सरेंडर करने की अपील की है।

### नक्सलवाद के समूल उन्मूलन को ...

समयबद्ध और सरल बनाने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि गर्मी और बारिश के मौसम में बीमारियों की आशंका रहती है, ऐसे में सीएससी स्तर और स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सकीय व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखें।उन्होंने कहा कि बस्तर में उद्योग की स्थापना को लेकर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, महिलाओं और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए उद्योग नीति में ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिनसे स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि बस्तर में अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं और जगदलपुर एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें प्रारंभ करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं पर भी गति लाई जा रही है।

### प्रदेश में 4 नए स्मार्ट ...

एवं सकारात्मक वातावरण बनेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। राज्य के नई औद्योगिक नीति से उद्योग बेहतर तरीके से विकसित होंगे और राज्य तेजी से विकास करेगा। सीएसआईडीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि राज्य के औद्योगिक नीति विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नवा रायपुर में सेमीकंडक्टर उत्पादों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया है। अध्यक्ष के रूप में राजीव अग्रवाल ने अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

इस मौके पर उप मुख्य मंत्री अरुण साव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, राम विचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विजय बघेल, विधायक धरम लाल कौशिक, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर रायपुर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी सचिव बांके बिहारी अग्रवाल, छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार मंडल सहित निगम, मंडल बोर्ड के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सोने की कीमत ने बनाया ...

बीच, 99.5 परसेंट शुद्धता वाला सोना भी पिछले दिन के 96,000 रुपए से बढ़कर 97,650 रुपए के नए शिखर पर पहुंच गया है। इस दौरान चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है, जो मंगलवार को 97,500 रुपए के मुकाबले 1,900 रुपए बढ़कर 99,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई लेवल को छू लिया।

### ईडी दफ्तर के बाहर...

हेराल्ड के कर्मचारियों के मदद के पैसा दिया तो उसमें मनी लांड्रिंग कहां से हो गया? ईडी का काम है कि दो नंबर के पैसे को इधर करने वाले के ऊपर कार्यवाही करना है लेकिन ईडी बदले की भावना से कार्यवाही करती है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है, इस पर प्रधानमंत्री मौन हो जाते है। सरकार सभी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिये वक्फ बोर्ड कानून ले आये है। कांग्रेस पार्टी इस सबसे डरने वाली नही है। इस कार्यवाही की कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है।

टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि भाजपा के दबाव में आकर ईडी द्वारा श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई और चार्जशीट दायर करने की जितनी निंदा की जाए कम है। गांधी परिवार ने सदा देशहित में कार्य किए हैं। कुंठित मानसिकता से भरी भाजपा गांधी परिवार के त्याग, संघर्ष और ईमानदारी को दरकिनार कर उनके खिलाफ झूठे षडयंत्र रच रही है। भाजपा सच की आवाज़ को दबाना चाहती है इसलिए बदले की भावना लेकर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस का कार्यकर्ता भाजपा के इस षड्यंत्र से डरने वाला नहीं है। हम कंधे से कंधा मिलाकर सोनिया और राहुल के साथ खड़े हैं।

धरना में पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कुलदीप जुनेजा, दीप्ती दुबे, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, एजाज ढेबर, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, श्रीकुमार मेनन, वंदना राजपूत, शिवसिंह ठाकुर, सुरेश ठाकुर, बंशी कन्नौजे, निर्मला मिश्रा, नंदकुमार पटेल उपस्थित थे।

धरना में प्रदेश के रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, बस्तर ग्रामीण, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर शहर, बिलासपुर ग्रामीण, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में हजारों की संख्या में आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुये।

### कांग्रेस का देशभर में ...

कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने लगातार दूसरे दिन करीब साढ़े पांच घंटे पूछताछ की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात दौरे के दूसरे दिन आज मोडासा जिले के अरावल्ली पहुंचे हैं। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा- वर्तमान लड़ाई सिर्फ राजनीतिक नहीं है, बल्कि भाजपा-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। पूरा देश जानता है कि अगर कोई भाजपा को हरा सकता है तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और भाजपा को हराना है तो इसका रास्ता गुजरात से होकर ही जाता है।

### डायरिया की चपेट में...

मरीजों का इलाज जारी है। सभी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। डायरिया के फैलने का प्राथमिक कारण दूषित भोजन माना जा रहा है। सूचना मिलते ही कलेक्टर डॉ। विलास भोसकर भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में लगातार निगरानी कर रही है और मरीजों का बेहतर इलाज जारी है।

### क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में ...

संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह गुरुवार को भी इस मामले में सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने मुस्लिम पक्ष और संशोधन समर्थक दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान विभिन्न संशोधित धाराओं जैसे कि धारा 3, 9, 14, 36 और 83 पर विशेष चर्चा हुई। न्यायमूर्ति खन्ना ने सुनवाई के अंत में वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन, ए एम सिंघवी और सी यू सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें दीं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं।


**NECC**

| 17.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 415 | 80 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 180 |

डिलीवरी 435 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA


## दुनिया को जानें

### कोविड-19 महामारी के बाद से कनाडा से अमेरिका आने वालों की संख्या घटी

**वाशिंगटन।** कनाडा से अमेरिका में सीमा पार करने वालों की संख्या गत मार्च में कोविड-19 महामारी के बाद से सबसे कम दर पर रही। नेशनल पोस्ट अखबार ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा के आंकड़ों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2025 में अमेरिका में प्रवेश करने वाले कनाडाई यात्रियों की संख्या लगभग 41.10 लाख थी, जबकि मार्च 2024 में 49.7 लाख लोगों ने अमेरिका-कनाडा सीमा पार की, जो 17.4 प्रतिशत की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गिरावट का कारण कनाडा के खिलाफ टैरिफ की शुरूआत और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा देश को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का दावा हो सकता है।



# पूरे भारतवर्ष में 83,129 शाखाएं लग रही हैं : संजय दुबे

## धमतरी नगर शाखा संगम में जुटे सैंकड़ों स्वयंसेवक



### 7 भगवा ध्वज लेकर स्वंयसेवक पीजी कालेज ग्राऊण्ड पहुंचे

**धमतरी**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। 15 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नगर ईकाई द्वारा शाखा संगम का कार्यक्रम रखा गया था। सुबह 6.30 बजे शासकीय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कालेज ग्राऊण्ड में नगर के 7 शाखाओं के सैंकड़ों बाल, तरूण, युवा और प्रौढ़ स्वयंसेवक संपत्त हुआ। जहां पर सात भगवा ध्वज लहराकर स्वयंसेवक 7 गण में विभक्त होकर शाखा का नियमित कार्य किया।

मंगलवार को मां विंध्यवासिनी प्रभात शाखा से 14, शिवशक्ति प्रभात शाखा से 25, शिवाजी प्रभात शाखा से 11, श्रीराम प्रभात शाखा से 18, दानवीर भामाशाह शाखा से 11, जगत जननी मां रिसाईमाता प्रभात शाखा से 9 और भगत सिंह प्रभात शाखा सिहावा चौक से 2 व आमदी के 4 स्वयंसेवक नगर शाखा संगम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम संपत्त पश्चात 30 मिनट के शारीरिक कालखंड में स्फूर्ति योग, शरीर संचालन, आसन, सूर्य नमस्कार, नियुद्ध , 10 मिनिट के बौद्धिक कार्यक्रम में गीत, सुभाषित, अमृत वचन, 10 मिनिट खेल रखा गया था। अंत में प्रार्थना पश्चात 30 मिनिट रायपुर से पहुंचे अतिथि का उद्बोधन प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत संपर्क प्रमुख संजय दुबे रायपुर ने सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह कुंभ में लोग जुटे थे वैसे ही यह शाखा संगम रखा गया है। पूरे देश के लोग एक दूसरे से मिले, एक दूसरे की संस्कृति को जाने इस उद्देश्य से महाकुंभ हुआ। यह शाखा संगम भी हम एक दूसरे से घुल मिल सकें इसलिए रखा जाता है। संघ का स्वयंसेवक जो तय करता है वह करता है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह अमृत काल शताब्दी वर्ष है। संघ अपने 100 साल पूर्ण करने जा रहा है। वर्तमान में पूरे भारत देश में 83129 शाखाएं लग रही हैं। इन्हीं स्वयंसेवकों के बल पर आज सरसंघचालक संघ प्रमुख मोहन भागवत जी गरज कर अपनी बात देश के सामने रखते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष में संघ का लक्ष्य है कि प्रत्येक शाखा से 2 नई शाखा खोला जाए। यह तभी संभव होगा जब हमारी अपनी शाखा से कुछ लोग निकलकर बस्ती में अन्य शाखा खोलें। हमार लक्ख्य होना चाहिए कि प्रत्येक बस्ती में 3 शाखा खुले, इसलिए हमें कमर कसकर काम करना है। श्री दुबे के उद्बोधन पश्चात वे प्रत्येक स्वयंसेवकों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और संघकार्य में तन-मन-धन लगाकर निरंतर काम करने का आग्रह किया। इस अवसर नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र, राजिम विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, नगर कार्यवाह गौरव मगर, नगर सह कार्यवाह मोहित साहू, धमतरी खंड नगर प्रचारक राजकुमार महंत, मुरलीधर साहू, विस्तारक हेमचरण साहू, राधेश्याम साहू, विजय ठाकुर, राजू सोनकर, राजेन्द्र पटेल, भूपेश लोधी, रौनित सहारे, योगेश साहू, मुकुंद यादव, तिलक भोई, रूपेन्द्र साहू, मनोज साहू, मोहित देवांगन, उमेश साहू, हरलाल साहू, विशाल ब्रम्हे, शैलेष चंद्राकर, राजू महाराज, सागर निर्मलकर, नोहर देवांगन, रामकुमार साहू, कोमल साहू, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट सहित

# पदोन्नति में आरक्षण हेतु ज्ञापन पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को सौंपा गया



**नगरी**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के कार्यक्रम में ग्राम दुगली में पधारे आदिवासी समाज के राष्ट्रीय नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा का समाज की ओर से जोरदार आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने हेतु मांग का ज्ञापन सौंपा, चर्चा के दौरान मुंडा जी ने छग मुख्यमंत्री से पूर्व में चर्चा होना बताया तथा अब फिर से बात करने की बात कही है। पूर्व मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान में प्रावधानित अनुच्छेद 16(4)क एवं 335 के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को प्रत्येक शासकीय पदों पर उनके दावे पर निपटान करते हुए परिणामी वरिष्ठता सहित पदोन्नति में आरक्षण दिया जाना है। इसके लिए समय-समय पर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय ने मार्गदर्शी सिद्धांत एवं निर्देश जारी किए है। उक्त आधार पर पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करना राज्य शासन का दायित्व है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जाने का भरोसा दिया है। इस दौरान समाज प्रमुख मयाराम नागवंशी, जे एल चंद्रवंशी, विशाली राम ध्रुव, डोमार सिंह ध्रुव, जोहन नेताम, बुधराम नेताम, चिंता राम तुमरेटी, हरक मंडावी उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202503100900079
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुड़मुड़ी प.ह.नं. 15 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदक आनंद राम साहू पिता स्व. दुखुराम साहू अन्य 04 निवासी राममंदिर के पास पुराना चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम खुड़मुड़ी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 287/4 रकबा 0.62 हे. दर्ज खातेदार भूमिस्वामी स्व. ढेलियाबाई बेवा दुखुराम दिनांक 31.05.2015 को फौत होने से उसके नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक आनंद राम साहू पिता स्व. दुखुराम साहू अन्य 04 निवासी राम मंदिर के पास पुराना चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा दर्शित भूमि आवेदक के नाम फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMED NASEEM S/O FATEH UDDIN resident of PLOT NO 29, WORD NO.-08 NOORI MASJID ROAD, FARID NAGAR SUPELA, BHILAI NAGAR, PO. SUPELA BHILAI, DIST. DURG (C.G.) 490023 have changed my old name MOHAMMED NASEEM S/O FATEH UDDIN so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD NASEEM SIDDIQUI S/O FATEH UDDIN in all Government and other documents.

**MOHAMMAD NASEEM SIDDIQUI**
PLOT NO 29, WORD NO.-08 NOORI MASJID ROAD, FARID NAGAR SUPELA, BHILAI NAGAR, PO. SUPELA BHILAI, DIST. DURG (C.G.) 490023

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHYATI VIKAS TORIA W/O VIKAS KANTILAL JAIN resident of 750 GALI NO. 2, BALDEV BAAG, WARD NO. 14, RAJNANDGAON, (C.G) 491441 have changed my old name KHYATI VIKAS TORIA W/O VIKAS KANTILAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is KHYATI VIKAS TOLIYA W/O VIKAS KANTILAL JAIN in all Government and other documents.

**KHYATI VIKAS TOLIYA**
750 GALI NO. 2, BALDEV BAAG, WARD NO. 14, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIKAS KUMAR KANTILAL S/O KANTILAL DEVESHI BHAI TORIA resident of 750 GALI NO. 2, BALDEV BAAG, WARD NO. 14, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441 have changed my old name VIKAS KUMAR KANTILAL S/O KANTILAL DEVESHI BHAI TORIA so in future I should be recognized by my new name that is VIKAS KANTILAL JAIN S/O KANTILAL DEVESHI BHAI TORIA in all Government and other documents.

**VIKAS KANTILAL JAIN**
750 GALI NO. 2, BALDEV BAAG, WARD NO. 14, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AARISHA NADEEM KHAN D/O NADEEM AHMED KHAN resident of PLOT NO. 29 , AYYAPPA NAGAR ,KOHKA SUPELA BHILAI (C.G.) have changed my old name AARISHA NADEEM KHAN D/O NADEEM AHMED KHAN so in future I should be recognized by my new name that is AARISHA KHAN D/O NADEEM AHMED KHAN in all Government and other documents.

**AARISHA KHAN**
PLOT NO. 29 , AYYAPPA NAGAR ,KOHKA SUPELA BHILAI (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JITENDRA SINHA S/O SAMBHU NATH SINHA resident of H.NO.263,WARD NO-07 BAZARPARA.FARASGAON, KONDAGAON (C.G.) 494228 have changed my old name JITENDRA SINHA S/O SAMBHU NATH SINHA so in future I should be recognized by my new name that is JITENDRA KUMAR SINHA S/O SAMBHU NATH SINHA in all Government and other documents.

**JITENDRA KUMAR SINHA**
H.NO.263,WARD NO-07 BAZARPARA.FARASGAON, KONDAGAON (C.G.) 494228

**शपथ-पत्र**

मैं एनसिंग कोसरे पिता धनसाय कोसरे उम्र 33 वर्ष जाति सतनामी निवासी वार्ड क्रमांक 11 फिंगेश्वर थाना व तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. का मूल निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक कथन करता हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरा पुत्र किरती कुमार कोसरे KIRTI KUMAR KOSRE कोसरे पिता का नाम एनसिंग कोसरे ANSINGH KOSRE माता का नाम श्रीमती कचरा बाई कोसरे KACHRA BAI KOSRE जाति सतनामी निवासी वार्ड क्रमांक 11 थाना व पोस्ट फिंगेश्वर तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. है जिसका आधार नंबर 901613023260 है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम किरती कुमार कोसरे KIRTI KUMAR KOSRE लिखा है, जो त्रुटिपूर्ण है। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम कीर्ती कुमार कोसरे KEERTI KUMAR KOSRE है, जो जन्म प्रमाण पत्र में अंकत है।
4. यह कि आधार कार्ड में उक्त त्रुटि सुधार कराने किरती कुमार KIRTI KUMAR KOSRE के स्थान में किर्ती कुमार कोसरे KEERTI KUMAR KOSRE दर्ज कराने यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोमाखान, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

ग्राम-कोसमर्रा, प.ह.नं. 13
रा.नि.मं.-नर्रा
तहसील-कोमाखान (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भागबती पिता श्री राधेश्याम जाति गाड़ा निवासी ग्राम चोकोपारा कुरमपुरी तहसील व जिला नुआपाड़ा ओड़िसा द्वारा उसके स्वयं का जन्म दिनांक 06.05.1969 को ग्राम कोसमर्रा तहसील कोमाखान में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदिका द्वारा उक्त तिथि में अपने स्वयं के जन्म दिनांक 06.05.1969 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06.05.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर /दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महासमुंद, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक/121/वा-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 15.04.2025
ग्राम-महासमुंद प.ह.नं. 42
जानकी बाई यादव पति गणेश यादव निवासी ग्राम महासमुंद तहसील वा जिला महासमुंद छ.ग. .......... आवेदक
विरूद्ध
छ.ग. शासन ........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जानकी बाई यादव पति गणेश यादव निवासी ग्राम महासमुंद तहसील वा जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1694/111 रकबा 0.0112 हे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुननिर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महासमुन्द

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांक:- 202504101000002**

विषय:- ब.121 मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2024-2025
सुपेला प.ह.न. 00047(हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार चरणदास रामटेके,
अनावेदक पक्षकार--

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक: चरणदास रामटेके पिता/पति/विभाग-स्व. मोतीराम रामटेके पता.नेहरु नगर (पूर्व) भिलाई द्वारा अपने पत्नी जो कि नगर पालिका निगम भिलाई में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे की मृत्यु हो जाने के कारण आश्रिता प्रमाण पत्र बनाये जाने बाबत आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 30.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2025 को जारी किया जाता है।

DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील, भिलाई नगर( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी सारंगढ-बिलाईगढ़(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202504321400005/ बी-121/2024-25

एतद द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमन पिता मनीराम बघेल उम्र 24 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम पेण्ड्रावन थाना एवं तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. एवं आवेदिका आरती देवांगन पिता रवि देवांगन उम्र 23 वर्ष जाति कोष्टा निवासी ग्राम पेण्ड्रावन थाना एवं तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. की ओर से अधिवक्ता द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह अनुष्ठापित किये जाने हेतुं आवेदक के आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता 10वी अंकसूची की छायाप्रति निवासी प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र तथा आवेदिका के आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता 10वी अंकसूची की छायाप्रति घोषणा पत्र वकालतनामा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
सील — जिला सारंगढ-बिलाईगढ

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समकक्ष अधिकारी गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202504241400012
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण सिंह आ. फकीर निवासी ग्राम गोरकापार तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गोरकापार तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 553 रकबा 5.25 हेक्टे. मे से रकबा 0.04 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन मे किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 05.05.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मे प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी ।

आज दिनांक 15-4-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
सील — गुण्डरदेही जिला बालोद ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै सुधा प्रजापति पति मोतीलाल प्रजापति उम्र 45 साल जाति कुम्हार निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. का निवासी हूं। यह कि मेरे पुत्र रूपेश प्रजापति के नाम पर आधार कार्ड नंबर 940742286143 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम वैभव प्रजापति दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र वैभव प्रजापति का नाम स्कूल रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में रूपेश प्रजापति दर्ज है। अत: यह शपथ पत्र उक्त आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम वैभव प्रजापति के स्थान पर रूपेश प्रजापति दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। ताकि भविष्य में किसी प्रकार से असुविधा ना हो।

शपथकर्ता
सुधा प्रजापति
निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202503241400029
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक युवराम वल्द पंडित साकिन कुरदी तहसील- अर्जुन्दा, जिला- बालोद ( छ. ग. ) के द्वारा ग्राम कुरदी में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं 232, 228/1 रकबा 0.18 हे, 0.08 हेक्टेयर में से रकबा 0.18 हे, 0.08 हेक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतू इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तुति व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 21-4-2025 तक स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 28-3-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

गुण्डरदेही
दिनांक-28-3-2025

अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )
सील — गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास शर्मा आ. श्री गोवर्धन लाल शर्मा, निवासी-शंकर नगर वार्ड नं.-01, महासमुंद, तह. व जिला महासमुंद (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-31, अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 23.07.2015 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 06.02.2016 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री, दिनांक 29.03.2016 को श्री धरमपाल पुरी आ. श्री चंदर पुरी के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री धरमपाल पुरी के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्री धरमपाल पुरी के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 11/04/25 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
सील — छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

फार्म - अ

**सार्वजनिक सूचना**

( नियम-6 देखिये )

क्रमांक/2411/विवाह अधि./2025
बालोद, दिनांक 15.04.2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश सहारे पिता श्री दिलीप सहारे, उम्र 27 वर्ष, जाति महार, निवासी ग्राम आनंदपुर, पो. चिटौद थाना पुरूर, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका माधुरी जगनायक पिता श्री आनंदराम जगनायक, उम्र 28 वर्ष, जाति मोची, निवासी ग्राम कोटागांव, थाना महामाया, तह. डौण्डी, जिला बालोद ( छ.ग. ) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12/052025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 12/05/2025

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
सील — जिला बालोद ( छ.ग. )


# मां फूड प्रोडक्टस राईस मिल के बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग से लाखों के बारदाने जलकर खाक



**सिमगा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मां फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल के बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग से लाखों के बारदाने जलकर खाक। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग 1. 30 बजे ग्राम चंदेरी से बछेरा मार्ग पर स्थित मां फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल के बारदाने गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे गोदाम में रखे जुट के लगभग 2 लाख नग बारदाने एवं बीस हजार प्लास्टिक बोरी जलकर राख हो गया। साथ ही राइस मिल में उपयोग होने वाले पार्ट्स भी जलकर खराब हो गए हैं। तथा गोदाम भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक लग लगने राईस मिल अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। आग लगने की सूचना राईस मिल के कर्मचारियों ने राईस मिल के संचालक अजय सचदेवा को दिया। आग लगने की सूचना मिलते हैं उन्होंने सर्वप्रथम सिमगा थाना प्रभारी को अवगत कराया साथ ही एसडीएम एवं तहसीलदार को भी घटना की सूचना दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अंशुल वर्मा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने घटना स्थल पहुँचकर बढ़ते आग पर नियंत्रण हेतु सिमगा नगरपालिका एवं आस पास के फैक्ट्रियों से दमकल वाहन बुलवाया गया। जंहा घंटों मशक्कत के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग नहीं बुझ पाई थी।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAMLESH JAIN S/o HUKUM CHAND JAIN, Resident of 76, SECTOR 10, A MARKET, BHILAI, DURG, (C.G.) have changed my old Name KAMLESH JAIN S/o HUKUM CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is KAMLESH KUMAR JAIN S/o HUKUM CHAND JAIN, in all Government and other documents.

**KAMLESH KUMAR JAIN**
76, SECTOR 10, A MARKET, BHILAI, DURG, (C.G)

**न्यायालय तहसीलदार भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202504130100006/अ-59/वर्ष 2024-2025
ग्राम-भखारा, प.ह.नं. 18 तहसील भखारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता नगर पंचायत भखारा भठेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक नगर पंचायत भखारा भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा नगर पंचायत भखारा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 410/1 का टुकडा, 881 का टुकडा, 1029 का टुकडा, 655/1 का टुकडा, 670/1 का टुकडा, रकबा क्रमशः 0.40 हे. ,0.60 हे., 0.06 हे., 0.10 हे., 0.04 हे. एवं ग्राम भठेली स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 330/4 रकबा 0.10 हे. को सार्वजानिक उपयोग हेतु भूमि आबंटन किये जाने संशोधित प्रस्ताव खसरा रकबा मय प्रस्ताव की प्रति प्रस्तुत किया है। उक्त शासकीय भूमि का सार्वजानिक उपयोग हेतु आवेदक नगर पंचायत भखारा भठेली के नाम पर आबंटित किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति संस्था, या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28.04.2025 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भखारा

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HIMANCHAL S/O DILIP KUMAR resident of WARD NO. 03 GRAM MALDA DISTT BEMETARA (C.G.) 491340 have changed my old name HIMANCHAL S/O DILIP KUMAR so in future I should be recognized by my new name that is HIMANCHAL SAHU S/O DILIP KUMAR in all Government and other documents.

**HIMANCHAL SAHU**
WARD NO. 03 GRAM MALDA DISTT BEMETARA (C.G.) 491340

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KEERTI AJAY GUPTA W/O AJAY KUMAR GUPTA resident of 51 CINEMA LINE SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name KEERTI AJAY GUPTA W/O AJAY KUMAR GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is KEERTI GUPTA W/O AJAY KUMAR GUPTA in all Government and other documents.

**KEERTI GUPTA**
51 CINEMA LINE SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KU. UNNATI SAHU D/O POONAMCHAND SAHU resident of VILLAGE-PADAMPUR TAH. BELARGAON DISTT DHAMTARI (C.G.) 493778 have changed my old name KU. UNNATI SAHU D/O POONAMCHAND SAHU so in future I should be recognized by my new name that is SMT. UNNATI DEWANGAN W/O BHANENDRA DEWANGAN in all Government and other documents.

**SMT. UNNATI DEWANGAN**
VILLAGE- PADAMPUR TAH. BELARGAON DISTT DHAMTARI (C.G.) 493778

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग, जोन क्रमांक-05**

क्रं./लो.क.वि./जोन क्र./05/2025/2286/27 — भिलाई, दिनांक 11.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2025 विद्युत एस.ओ.आर. 01.07.2015/01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन अंतिम तिथि 24.04.2025 को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा जारी करने की तिथि- दिनांक 11.04.2025, निविदा प्राप्ति की तिथि-दिनांक 01.05.2025 सायं 5.30 बजे तक निविदा खोले जाने की तिथि-दिनांक 02.05.2025 प्रातः 11.00 बजे।

**नोट:- निविदादाता लिफाफा में पत्र व्यवहार का पूर्ण पता अनिवार्य रूप से अंकित करें।**

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि ( लाख में ) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 57 सेक्टर 04 बोरिया मार्केट के समीप उद्यान में फिसल पट्टी का कार्य। | 4.999 | 5000.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड 64 सेक्टर 10 ममें मुख्य मार्ग में बस स्टाप निर्माण कार्य। | 6.00 | 4500.00 | 750.00 | 60 दिन |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www. bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www. uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार का नाम/ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गीतांजलि मानिकपुरी/ तरुणदास मानिकपुरी/ स्वरूपदास मानिकपुरी/ ग्रीन अर्थ सिटी, अमलेश्वर तहसील, फ्लैट नंबर 206, प्रथम तल दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग- 491001/ LBRPR00004906842 | फ्लैट नं. 209, प्रथम तल, ब्लॉक नं. 02, मौजा अमलेश्वर (ग्रीन अर्थ सिटी), पी.एच. नं. 0 5, आर.एन.एम. वी आई एल ए आई 3, तहसील पटना, खसरा नं. 217, 218/1.218/2, 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233, 234, 235, 242/1, 242/2, 243, 244/1, 244/2, 244/3, 244/4, 245, 246/1, 246/2, 247, 248, 249/1, 249/2, 250, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ (कुल क्षेत्रफल 495.67 वर्ग फीट और 46.06 वर्ग मीटर)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि अप्रैल 11, 2025 | दिसंबर 30, 2024 रु. 5,82,466.02/- | रायपुर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अप्रैल 17, 2025, स्थान : रायपुर — भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यात्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**संक्षिप्त मैन्युअल जोनल निविदा सूचना कमांक-01**

Email id: ee-res.durg@gov.in

ज्ञा.कं. 866/ व.ले.लि. / ग्रा.यां.से./2025-26 — दुर्ग, दिनांक 15/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2025-26 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 10.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। **( जोनल निविदा ग्रुप क्र. 01,02,03 एवं 04 )** | 20.00 लाख प्रति ग्रुप |
| 2 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2025-26 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 10.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। **( जोनल निविदा ग्रुप क्र. 01,02 एवं 03 )** | 20.00 लाख प्रति ग्रुप |
| 3 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2025-26 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 10.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। **( जोनल निविदा ग्रुप क्र. 01,02 एवं 03 )** | 20.00 लाख प्रति ग्रुप |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में दिनांक 15.04.2025 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.04.2025 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग ( छ.ग. )

जी/252600318

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 7.12 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 4.26 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.81 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.75 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.35 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 1.51 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.92 प्रतिशत |
| एलटी | 0.90 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.88 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,320 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.68 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# मार्च में भारत का निर्यात 2.65 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, मार्च में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) 2.65 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 73.61 बिलियन डॉलर बढ़ा। मार्च 2025 के लिए कुल आयात (वस्तु और सेवा) का अनुमान 77.23 बिलियन डॉलर है, जो 4.90 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है।

वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में माल निर्यात में वृद्धि के लिए कॉफी, तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चावल, जूट मैन्युफैक्चरिंग, फर्श कवरिंग, मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद, चाय, कारपेट, प्लास्टिक और लिनोलियम, सभी वस्त्रों का आरएमजी, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स, अनाज की तैयारी और अलग-अलग प्रोसेस्ड आइटम्स, कोयला और अन्य अयस्क, प्रोसेस्ड खनिजों सहित खनिज, इंजीनियरिंग सामान और फल और सब्जियां अहम कारक रहे।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान संचयी निर्यात (माल और सेवाएं) 5.50 प्रतिशत बढ़कर 820.93 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में यह 778.13 बिलियन डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार,



■ वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान माल और सेवाएं 820.93 बिलियन डॉलर होने का अनुमान

इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 29.12 बिलियन डॉलर से 32.47 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में 38.58 बिलियन डॉलर हो गया। कॉफी निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 1.29 बिलियन डॉलर से 40.37 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1.81 बिलियन डॉलर हो गया। चाय का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 0.83 बिलियन डॉलर से 11.84 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 0.92 बिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में तंबाकू निर्यात 1.45 बिलियन डॉलर से 36.53 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1.98 बिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में चावल का निर्यात 10.42 बिलियन डॉलर से 19.73 प्रतिशत बढ़ा।

## भारत के जैविक खाद्य निर्यात में 35 प्रतिशत का उछाल

### वित्त वर्ष 2025 में 665 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में भारत के जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यात में 35 प्रतिशत का जोरदार उछाल दर्ज किया गया, जो एक वर्ष में बढ़कर 665.96 मिलियन डॉलर (लगभग 5,700 करोड़ रुपए) हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 494.80 मिलियन डॉलर था। मात्रा को लेकर अनाज, चाय, मसाले, औषधीय पौधे, तिलहन और प्रोसेस्ड फूड सहित जैविक खाद्य वस्तुओं का निर्यात 2023-24 में 0.26 मिलियन टन से 41 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 0.37 मिलियन टन (एमटी) हो गया।

सरकार ने कहा कि यह बढ़ोतरी भारतीय जैविक खाद्य उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है। अमेरिका भारतीय जैविक निर्यात के लिए एक प्रमुख गंतव्य है, जबकि यूरोपीय संघ, कनाडा और यूके भी महत्वपूर्ण बाजार हैं। जैविक चावल और बाजरा का निर्यात वित्त वर्ष 2024 में 86.66 मिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 161.67 मिलियन डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, ऑर्गेनिक प्रोसेस्ड फूड का निर्यात 129.61 मिलियन डॉलर से बढ़कर 154.01 मिलियन डॉलर, मेडिशनल प्लांट प्रोडक्ट का निर्यात 72.42 मिलियन डॉलर से बढ़कर 88.57 मिलियन डॉलर, जैविक चाय का निर्यात 34.11 मिलियन डॉलर से बढ़कर 45.13 मिलियन डॉलर, जैविक मसालों का निर्यात 35.93 मिलियन डॉलर से बढ़कर 45.42 मिलियन डॉलर और जैविक तिलहन का निर्यात 25.64 मिलियन डॉलर से बढ़कर 36.20 मिलियन डॉलर हो गया।

## वित्त वर्ष 2026 में रेपो रेट घटकर 5.5 प्रतिशत रहेगी : एचएसबीसी

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ब्याज दरों में कटौती का चक्र पहले ही शुरू कर दिया है। इसी के साथ एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि जून और अगस्त की आरबीआई की नीति बैठक में ब्याज दरों में 25-25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है।

एचएसबीसी का अनुमान है कि इस वित्त वर्ष में रेपो दर घटकर 5.5 प्रतिशत रह जाएगी।

इसके अलावा, उम्मीद की जा रही है कि आसान लिक्विडिटी की स्थिति बनी रहेगी और ब्याज दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

मार्च में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.3 प्रतिशत रही, जो बाजार की 3.5 प्रतिशत की उम्मीद से कम है। खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार तीसरे महीने भी अपस्फीति में रहीं, जो पिछले महीने की तुलना में 0.7 प्रतिशत कम है, जिसका कारण सब्जियों, दालों, अंडों और मछली-मांस की कीमतों का कम होना है।



■ मार्च में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.3 प्रतिशत रही

अनाज और दूध की कीमतों में क्रमिक गति सामान्य रही, जबकि चीनी और फलों की कीमतें उच्च रहीं।

एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में मुद्रास्फीति का आंकड़ा मार्च के स्तर के करीब है। प्याज और टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट के कारण अप्रैल के पहले 10 दिनों में सब्जियों की कीमतों में 0 से 5 प्रतिशत (महीने के हिसाब से) की कमी आई है। एचएसबीसी ने वित्त वर्ष 2026 में सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति के औसतन 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो आरबीआई के पूर्वानुमान 4 प्रतिशत से काफी कम है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में जीईएम से 1.3 करोड़ लोगों को मिला इंश्योरेंस कवर

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1.3 करोड़ से अधिक लोगों को इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान की है। इसमें हेल्थ, लाइफ और पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी कवर शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इंश्योरेंस पॉलिसियों की खरीद में अधिक दक्षता, पारदर्शिता और लागत प्रभावशीलता लाने के लिए जनवरी 2022 में जीईएम पर इंश्योरेंस सर्विसेज कैटेगरी की शुरुआत की गई थी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जीईएम पर इस बात को सुनिश्चित किया गया है कि इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) द्वारा मान्यता प्राप्त सर्विस प्रोवाइडर्स को ऑनबोर्ड हो। साथ ही, जीईएम ने इंश्योरेंस सेवाएं प्रदान करने के लिए एक विश्वसनीय और भरोसेमंद तंत्र स्थापित किया है। बयान में आगे कहा गया कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से, खरीदार संगठन ग्रुप मेडिक्लेम, व्यक्तिगत दुर्घटना और टर्म इंश्योरेंस पॉलिसियों को आसानी से खरीद सकते हैं, जिससे बड़ी संख्या में लाभार्थियों को वित्तीय सुरक्षा मिल सकती है।

## एटेरो ने राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के साथ मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में सोलर पैनल रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए क्लीनटेक कंपनी एटेरो ने राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के साथ हाथ मिलाया है। एटेरो ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में सौर पैनल रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह सहयोग भारत में सौर पैनल कचरे की समस्या से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एटेरो दुनिया की सबसे बड़ी लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग कंपनी है। इस समझौते के तहत एनआईएसई सौर पैनल रीसाइक्लिंग के क्षेत्र में एटेरो को अनुसंधान और विकास के लिए समर्थन, ज्ञान और वर्तमान सौर परिदृश्य की गहरी समझ प्रदान करेगा।



■ देश में सोलर पैनल रीसाइक्लिंग को देंगे बढ़ावा
■ दुनिया की सबसे बड़ी लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग कंपनी है एटेरो

इसके अलावा, एटेरो और एनआईएसई द्वारा विकसित सौर पैनल रीसाइक्लिंग तकनीक का परीक्षण करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट भी चलाया जाएगा, जिसमें एनआईएसई की तरफ से प्रदान किए गए पुराने सौर पैनलों का उपयोग होगा। दोनों संगठन एनआईएसई परिसर में लिथियम-आयन बैटरी और सौर पैनल रीसाइक्लिंग के लिए एक समर्पित परीक्षण और अनुसंधान सुविधा स्थापित करने की संभावना भी तलाशेंगे। यह साझेदारी भारत और वैश्विक स्तर पर रीसाइक्लिंग के लिए प्रभावी मानकों और ढांचे को विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से तकनीकी रिपोर्ट और सिफारिशें करने का कार्य करेगी। एटेरो के सीईओ और सह-संस्थापक नितिन गुप्ता ने कहा कि एनआईएसई के साथ यह साझेदारी एक समयबद्ध और रणनीतिक पहल है। जैसे-जैसे भारत अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, पुराने सौर पैनलों के पर्यावरणीय प्रभाव को संबोधित करने की जरूरत बढ़ रही है। अगर हम कचरे के भविष्य के संकट को रोकना चाहते हैं, तो रीसाइक्लिंग ढांचे को भी उत्पादन क्षमता के साथ विकसित करना होगा।

**सार संक्षेप**

### पीडब्ल्यूसी ने एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद किया

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑडिट दिग्गज पीडब्ल्यूसी ने जोखिमपूर्ण या लाभहीन मानते हुए एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद कर दिया है। बुधवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य हाल ही उसके अकाउंटिंग नेटवर्क को प्रभावित करने वाले स्कैम से बचना है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में बढ़ते मतभेदों के बाद पीडब्ल्यूसी ने अफ्रीका में अपने स्थानीय साझेदार 10 सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए। रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लीडर्स ने कहा कि उन्होंने हाल के वर्षों में अपने एक तिहाई से ज्यादा बिजनेस खो दिए हैं, क्योंकि पीडब्ल्यूसी के वैश्विक अधिकारियों ने उन पर जोखिमपूर्ण ग्राहकों को सेवाएं देना बंद करने का दबाव डाला था। पीडब्ल्यूसी संस्थाओं और स्थानीय समाचार रिपोर्ट्स के एक रजिस्टर के अनुसार, पीडब्ल्यूसी ने जिम्बाब्वे, मलावी और फिजी में अपने सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए हैं।

### भारत हमारे पसंदीदा इक्विटी बाजारों में से एक : मॉर्गन

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली की बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा गया कि भारत उनके पसंदीदा इक्विटी बाजारों में से एक है। यहां की स्थितियां लचीली हैं या प्रोत्साहन द्वारा पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज के अनुसार, नए अमेरिकी प्रशासन में शुरुआती दौर में ड्राइविंग सीट पर रही 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' गतिशीलता में, बड़े बाजारों में, हम घरेलू भारत, घरेलू जापान, सिंगापुर और यूएई पर ओवरवेट (ओडब्ल्यू) की अपनी मुख्य सिफारिश को बनाए रखते हैं। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि हम अपने एपीएक्सजे/ईएम मार्केट एलोकेशन फ्रेमवर्क के साथ-साथ अपने प्रमुख 15 एपीएसी/ईएम मार्केट सिफारिशों को भी अपडेट करते हैं। एशिया प्रशांत में, हमारे पसंदीदा बाजार भारत और सिंगापुर बने हुए हैं, जबकि फिलीपींस भी वैल्यूएशन सपोर्ट के कारण ओडब्ल्यू तक पहुंच गया है।

### विप्रो की चौथी तिमाही में मुनाफा 25.5 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (आईटी) समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली प्रमुख कंपनी विप्रो लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2858.2 करोड़ रुपये के मुकाबले 25.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 3588.1 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 3588.1 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 2858.2 करोड़ रुपए के मुकाबले 25.5 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय में 3.64 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 22861.2 करोड़ रुपए से बढ़कर 23692.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।


## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746.22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4078 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2636 में तेजी जबकि 1309 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 834 में बिकवाली रही वहीं 75 में टिकाव रहा।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.27, सीडी 0.38,



■ सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर 77,044.29 पर रहा
■ निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 पर बंद

ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.07, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.33, दूरसंचार 1.08, यूटिलिटीज 0.05, बैंकिंग 1.45, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.74, धातु 0.28, तेल एवं गैस 1.78, पावर 0.14, रियल्टी 0.71, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए।

वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 1.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 262 अंक की तेजी के साथ 76,996.78 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,543.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 77,110.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,734.89 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,044.29 अंक हो गया। अंत में पिछले सत्र के 23,328.55 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत मजबूत होकर 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 7.12, एक्सिस बैंक 4.26, अदानी पोर्ट्स 1.81, एशियन पेंट 1.75, भारती एयरटेल 1.35, एसबीआई 1.11, आईटीसी 0.92, टीसीएस 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.70, नेस्ले इंडिया 0.70, आईसीआईसीआई बैंक 0.56, टेक महिंद्रा 0.56, पावरग्रिड 0.56, एचसीएल टेक 0.39, टाटा स्टील 0.37, बजाज फिनसर्व 0.36, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26 और अल्ट्रासिम्को 0.07 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 1.51, इंफ़ोसिस 1.00, टाटा मोटर्स 0.92, एलटी 0.90, एनटीपीसी 0.88, बजाज फाइनेंस 0.81, सन फार्मा 0.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, टाइटन 0.19, इटर्नल 0.11, रिलायंस 0.10 और कोटक बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## 2024 में फंडिंग में वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर पर रहा भारत का डी2सी सेक्टर : रिपोर्ट

**बेंगलुरु,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत 2024 में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) सेक्टर फंडिंग में वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर पर रहा। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में बुधवार को दी गई। ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष देश का डी2सी सेक्टर फंड जुटाने में चीन, यूके और इटली से आगे रहा है। हालांकि, अमेरिका से पीछे है।

रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में भारत के डी2सी सेक्टर ने कुल 757 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 11,000 से ज्यादा डी2सी कंपनियां हैं। इनमें से 800 से ज्यादा फंडिंग जुटाने में सफल रही हैं। शुरुआती चरण और सीड चरण की फंडिंग में वृद्धि देखने को मिली है। 2024 में शुरुआती चरण की फंडिंग 25 प्रतिशत बढ़कर 355 मिलियन डॉलर हो गई है। सीड-चरण की फंडिंग 18 प्रतिशत बढ़कर 141 मिलियन डॉलर हो गई है।

ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा कि भारत का डी2सी



■ भारत में 11 हजार से ज्यादा डी2सी कंपनियां मौजूद

सेक्टर निवेशकों द्वारा मुनाफे और विकास को प्राथमिकता दिए जाने के साथ लगातार विकसित हो रहा है। शुरुआती चरण के निवेश में वृद्धि भारत के डी2सी सेक्टर की लंबी अवधि की क्षमता में निरंतर विश्वास का संकेत देती है। 2024 में सबसे ज्यादा फंड प्राप्त करने वाले सेगमेंट में डी2सी ऑर्गेनिक ब्यूटी ब्रांड, ऑनलाइन ज्वेलरी ब्रांड और डी2सी ब्यूटी ब्रांड शामिल थे। ऑर्गेनिक ब्यूटी ब्रांड की फंडिंग में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली। इन कंपनियों को 105 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है और यह 2023 में मिली फंडिंग के मुकाबले 79 प्रतिशत अधिक है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4197 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 47.40 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपए, पाम ऑयल 366 रुपए और वनस्पति तेल 365 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3250-3350 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## 2024-25 में भारत के राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल ढुलाई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश के राष्ट्रीय जलमार्गों पर 145.5 मिलियन टन माल की आवाजाही का रिकॉर्ड बनाया है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के जारी बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 के दौरान परिचालन जलमार्गों की कुल संख्या 24 से बढ़कर 29 हो गई, जिससे अब तक का सबसे अधिक माल परिवहन हुआ।

वित्त वर्ष 2014 और वित्त वर्ष 2025 के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल यातायात 18.10 एमएमटी से बढ़कर 145.5 एमएमटी हो गया है, जिसमें 20.86 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2025 में, यातायात की आवाजाही ने वित्त वर्ष 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 9.34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।



■ 2025 के दौरान परिचालन जलमार्गों की कुल संख्या 24 से बढ़कर 29 हो गई

वित्त वर्ष 2025 के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों (एनडब्ल्यू) पर ले जाए गए कुल माल का 68 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कोयला, लौह अयस्क, लौह अयस्क चूर्ण, रेत और फ्लाई ऐश था। बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में, एनडब्ल्यू पर माल की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए जलवाहक योजना जैसे कई सक्रिय नीतिगत उपाय और इंफ्रास्ट्रक्चर पहल की गई हैं।

योजना को बढ़ावा देने के लिए, भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल के माध्यम से एनडब्ल्यू-1, एनडब्ल्यू-2 और एनडब्ल्यू-16 पर शेड्यूल्ड कार्गो सर्विस को चालू किया गया। इस योजना से 800 मिलियन टन-किलोमीटर कार्गो को आईडब्ल्यूटी मोड में डायवर्ट करने की उम्मीद है, जो राष्ट्रीय जलमार्गों पर वर्तमान 4,700 मिलियन टन-किलोमीटर कार्गो का लगभग 17 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय जलमार्ग (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) विनियम, 2025 राष्ट्रीय जलमार्गों पर अंतर्देशीय टर्मिनलों के विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करता है।

# खेल जगत

## हमने कुल मिलाकर ठोस प्रदर्शन किया : कोच राजिंदर

**झांसी।** हॉकी पंजाब ने उत्तर प्रदेश के झांसी में हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। हॉकी पंजाब के लिए जुगराज सिंह शीर्ष फॉर्म में थे, उन्होंने टूर्नामेंट में पांच गोल करके दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में समापन किया और फाइनल में दो महत्वपूर्ण गोल भी किए। युवा सनसनी अरिजीत सिंह हुंदल ने भी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने नाम तीन गोल किए। हॉकी पंजाब ने 2023 में टूर्नामेंट जीता था। हालांकि, पिछले संस्करण में, वे हॉकी महाराष्ट्र से क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। इस बार कप्तान हार्दिक सिंह और कोच राजिंदर सिंह की अगुआई में हॉकी पंजाब ने फिर से चैंपियनशिप अपने नाम की। पंजाब डिवीजन 1, पूल ए स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रहा, जो हॉकी मध्य प्रदेश से तीन अंक पीछे था, जिसने उन्हें टूर्नामेंट में अपनी एकमात्र हार दी थी।



# हैदराबाद अब मुंबई को उसके घर में भी हराने के मकसद से उतरेगी

- सभी निगाहें हैदराबाद के अभिषेक व मुंबई के सूर्य पर रहेंगी
- बुमराह व हार्दिक बिगाड़ सकते है हैदराबाद का गणित

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। अभिषेक शर्मा के बड़े तूफानी शतक की बदौलत जीत से आगाज करने के बाद राह भटक लगातार चार हारने के बाद सनराजइर्स हैदराबाद(एसआरएच) पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के लिए 246 रन के पहाड़ के से लक्ष्य को अपने घरेलू हैदराबाद के मैदान पर नौ गेंदों और आठ विकेट के बाकी रहते हासिल कर आईपीएल 2025 में छह मैचों में दूसरी जीत हासिल करने के बाद अब बृहस्पतिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसके वानखेड़े स्टेडियम में भी आईपीएल 2025 में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियंस ने अनुभवी लेग स्पिनर कर्ण शर्मा के चटकाए तीन विकेट की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स को उसके घर में बीते रविवार को बेहद करीबी मैच में 12 रन से हरा कर उसका लगातार चार जीत का सिलसिला तोड़ छह मैचो में दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इडियंस अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण सनराइजर्स की तरह समान छह छह मैचों में दो दो जीत और चार चार हार के साथ समान रूप से छह छह अंकों के बावजूद सातवें स्थान पर है। एसआरएच नौंवे स्थान पर है। सूर्य कुमार यादव के तूफानी अविजित शतक से मुंबई इंडियंस ने पिछले सीजन में एसआरएच को आखिरी मैच में सात विकेट से हराया और बृहस्पतिवार को मेजबान टीम मेहमान एसआरएच के खिलाफ उनसे एक और ऐसी ही बेहतरीन पारी की आस के साथ उसके खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से तीन मैच मुंबई इंडियंस ने जीते हैं और वह अपने दबदबे को एसआरएच के खिलाफ जारी रखने के मकसद से उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पिछले मैच में 141 रन की विस्फोटक पारी खेल विकेट के चारों और बेहतरीन स्ट्रोक खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ उनके सलामी जोड़ीदार दो अर्द्धशतक जड़ चुके ट्रेविज हेड के साथ मात्र एक अर्द्धशतक जड़ने वाले लेकिन मैच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर अब रंग में लौट चुके मुंबई इंडियंस के 360 डिग्री समग्र बल्लेबाज छह मैचों में 239 रन बना रन बनाने में छठे स्थान पर चल रहे सूर्य कुमार यादव और इतने ही मैचों में दो अर्द्बशतक सहित 210 रन बनाने वाले तिलक वर्मा पर सभी की निगाहें रहेंगी।

### आखिर तक संघर्ष जारी रख जीतना राहत की बात



हार्दिक पांड्यया ने कहा कि जीत हमेशा खास होती है वह भी दिल्ली के खिलाफ मैच में। आखिर तक संघर्ष जारी रख जीत वाकई बड़ी राहत की बात है। हमारे पास गेंदबाजी विकल्प कम पड़ते लग रहे थे। ऐसे में कर्ण शर्मा ने दिल्ली के खिलाफ छोटे मैदान पर बड़े जिगर से गेंदबाजी की। अंतिम पूर्व ओवर में चुसत फील्डिंग की बदौलत दिल्ली के तीन बल्लेबाजों को रनआउट करने से मैच का पासा पलट गया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि चुस्त फील्डिंग मैच की तस्वीर बदल सकती है। हमने आखिरी तक हिम्मत नहीं हारी । हमने यह पक्का किया कि आखिर ओवर फेंके जाने तक मैच खत्म नहीं होता। दिल्ली के खिलाफ मैच की जीत लय और सब कुछ बदल देती है।

### अभिषेक को रोक सकती है मुंबई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को मेजबान मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें छह मैचों में चार-चार मैच हारकर अंक तालिका के निचले हिस्से में विराजमान हैं और इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर वे इस स्थिति को सुधारना चाहेंगे। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पंजाब किंग्स के खिलाफ एक आतिशी शतक लगाकर आ रहे हैं, जहां उनकी टीम को एक लगभग असंभव जीत भी मिली थी। हालांकि एमआई के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि एमआई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ वे दो-दो बार आउट हुए हैं और चाहर के खिलाफ 158 के स्ट्राइक रेट को छोड़ दिया जाए, तो बाकी दोनों के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम का है।

# काफी निराश हूं, हमने खराब बल्लेबाजी की : अजिंक्य रहाणे

- छह मैचों में आठ अंकों के साथ पंजाब किंग्स चौथे स्थान पर पहुंची



**चंडीगढ़,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहने के लिए खुद सहित टीम की बल्लेबाजी इकाई को दोषी ठहराया। रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने 60 रन की साझेदारी की और कोलकाता आसानी से मैच जीतता हुआ दिख रहा था। लेकिन, जब युजवेंद्र चहल ने रहाणे को आउट किया तो चीजें अचानक बदल गईं और साझेदारी टूट गई। रहाणे ने नॉन-स्ट्राइकर रघुवंशी से सलाह लेने के बाद डीआरएस नहीं लेने का फैसला किया, लेकिन रीप्ले में पता चला कि गेंद स्टंप्स को मिस कर रही थी। हालांकि, रहाणे के आउट होने के बाद केकेआर की बल्लेबाजी 15.1 ओवर में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं। हमने अच्छा खेल नहीं खेला। हां, हमसे चूक हो गई। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और पंजाब किंग्स को 111 रनों पर रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मेरे दिमाग में नेट रन रेट नहीं चल रहा था। हम छोटे से स्कोर को चेज कर रहे थे। हमारे फैंस ने जाहिर तौर पर उम्मीद लगाई होगी कि हम यह मैच आसानी से जीत लेंगे और नेट रन रेट भी अच्छा हो जाएगा। लेकिन, हमने बल्लेबाजी इकाई के रूप में वास्तव में बहुत खराब बल्लेबाजी की, मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। रहाणे ने अपने बल्लेबाजों के शॉट चयन की भी आलोचना की और हार की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह आसान लक्ष्य था। लेकिन, इसे हम हासिल नहीं कर सके। यह क्रिकेट का पार्ट है।

### केकेआर ने खुद को मुश्किल में डाल दिया : बाउचर



**नई दिल्ली।** आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 112 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने में कोलकाता नाइट राइडर्स के विफल होने के बाद, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर और कोच मार्क बाउचर ने गत चैंपियन के दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने खुद को मुश्किल में डाल दिया। तीन बार की चैंपियन टीम सिर्फ 95 रनों पर आउट हो गई, जिससे पंजाब को 16 रनों की ऐतिहासिक जीत मिली, क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे कम स्कोर बनाया। पारी की शुरुआत में 7/2 पर होने के बाद अजिंक्य रहाणे (17 गेंदों पर 17 रन) और अंगकृष रघुवंशी (28 गेंदों पर 37 रन) के बीच 55 रनों की साझेदारी के दौरान केकेआर नियंत्रण में दिखी। हालांकि, 74 गेंदों पर सिर्फ 50 रन की जरूरत के साथ, टीम शानदार ढंग से 79/8 पर लुढ़क गई और अंततः 16 ओवर के अंदर ही ढेर हो गई। यह 140 या 150 जैसा नहीं है, और यह 60 रन के लक्ष्य जैसा भी नहीं है। यह ऐसा स्कोर था जो हमेशा ही अजीबोगरीब होने वाला था। यह ऐसा स्कोर था जिसे बल्लेबाजी करने वाली टीम के तौर पर, आपसे उम्मीद की जाती है कि आप इसे हासिल करेंगे।

# यह मेरे आईपीएल कोचिंग कॅरियर की सबसे बड़ी जीत : पोंटिंग



**मुल्लांपुर,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग आईपीएल 2014 से ही किसी ना किसी आईपीएल टीम के कोच रहे हैं, लेकिन उन्होंने एक लो स्कोरिंग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत को अपने कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत करार दिया है। इस मैच में पंजाब किंग्स की टीम ने 112 के छोटे से लक्ष्य का बचाव किया, जो कि आईपीएल इतिहास में सबसे छोटे लक्ष्य के बचाव का रिकॉर्ड है। इस मैच में पंजाब की टीम को 16 रनों की जीत मिली, उनके गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 95 रन पर ऑलआउट कर दिया। पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' कहा। मैच समाप्त होने के तुरंत बाद ब्रॉडकास्टर से उन्होंने कहा कि अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगा। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है। तीन दिन पहले ही हम 246 रन (245) को नहीं बचा पाए थे और तीन दिन बाद ही हमने 112 (111) के स्कोर को बचा लिया। दूसरी पारी शुरू होने से पहले मैंने लड़कों से कहा था कि कई बार छोटे लक्ष्य बहुत मुश्किल होते हैं। विकेट उतना आसान नहीं था और मुझे लग रहा था कि मैच फंसेगा। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन आज रात (युजवेंद्र) चहल बेहतरीन थे। उन्होंने शानदार स्पैल किया। आज के मैच से पहले उनका फिटनेस टेस्ट हुआ था क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे में चोट लग गई थी। इस मैच के अभ्यास सत्र से पहले मैंने उनकी आंखों में आंख डाल कर उनसे पूछा कि 'क्या तुम ठीक हो ?, उन्होंने कहा- 'हां, मैं 100 प्रतिशत ठीक हूं और मुझे खिलाओ। इसके बाद उन्होंने क्या शानदार गेंदबाजी की। पारी के बीच में ड्रेसिंग रूम में क्या बात हुई, इस पर पोंटिंग ने कहा कि इस मैच में मैच-अप के कारण अर्शदीप (सिंह) की जगह मार्को (यानसन) और (जेवियर)

### रोमांचक जीत को शब्दों में इसे व्यक्त करना बहुत मुश्किल : अय्यर

**न्यू चंडीगढ़, ।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ऐतिहासिक 16 रन की जीत के बाद अपने खिलाड़ियों से विनम्र बने रहने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि इस रोमांचक जीत को शब्दों में व्यक्त करना बहुत मुश्किल है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की बल्लेबाजी की विफलता ने उन्हें 15.3 ओवर में 111 रन पर ढेर कर दिया, जिसमें हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में, युजवेंद्र चहल ने 4-28 के करियर के सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने तीन विकेट चटकाए और घरेलू टीम के लिए रोमांचक जीत दर्ज की। यह आईपीएल के इतिहास में सफलतापूर्वक बचाव किया गया सबसे कम स्कोर है।

### नेहाल वढेरा ने पंजाब की ऐतिहासिक जीत का श्रेय पोंटिंग और अय्यर को दिया



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज नेहाल वढेरा ने आईपीएल 2025 के 31वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 16 रनों की यादगार जीत हासिल करने के लिए टीम को प्रेरित करने का श्रेय मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर को दिया है। पीबीकेएस ने केकेआर को 95 रनों पर आउट करके सिर्फ 111 रनों का बचाव किया - जो आईपीएल इतिहास में अब तक का सबसे कम स्कोर है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, वढेरा ने पोंटिंग के सकारात्मक रवैये की प्रशंसा की और बताया कि कैसे कम स्कोर पर आउट होने के बाद भी उन्होंने टीम का मनोबल बढ़ाया। वढेरा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने उनके मुंह से कभी कोई नकारात्मक शब्द नहीं सुना। जब आपका कोच इस तरह का चरित्र वाला हो और जिस तरह से वह सभी को प्रेरित करता है, यहां तक कि जब हम 111 रन पर ऑल आउट हो गए, तब भी उन्होंने कहा कि ठीक है, आज हमारे गेंदबाजों को काम पूरा करना होगा। मुझे आज कुछ बहुत ही बेहतरीन स्पैल की जरूरत है।आप जानते हैं, जब खिलाड़ी हमारे कोच से ऐसी बातें सुनते हैं, तो उनका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। पंजाब के गेंदबाजों ने इस कॉल का अच्छा जवाब दिया। युजवेंद्र चहल ने 28 रन देकर 4 विकेट लिए और मार्को यानसन ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए और केकेआर को सस्ते में आउट कर दिया। वढेरा ने कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व की भी प्रशंसा की और कहा कि उनकी मौजूदगी और ऊर्जा ने टीम को खुद पर विश्वास करने में मदद की।

## सार संक्षेप

### पिता बने जहीर, पत्नी सागरिका ने बेटे को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जहीर खान की पत्नी, अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने बेटे को जन्म दिया है। दंपत्ति ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक फैमिली पिक्चर शेयर करते हुए प्रशंसकों को यह खुशखबरी सुनाई। पोस्ट में उन्होंने बेटे का नाम भी बताया। इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए जहीर खान नवजात को गोद में लिए दिखे। वहीं, सागरिका उन्हें पीछे से गले लगाती नजर आईं। उन्होंने प्यारी तस्वीर के साथ यह भी बताया कि अपने लाडले का नाम उन्होंने क्या रखा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, प्यार, कृतज्ञता और ईश्वर के आशीर्वाद से हम अपने प्यारे छोटे बेटे फतेह सिंह खान का स्वागत करते हैं। इस घोषणा पर प्रशंसकों, मित्रों और साथी हस्तियों ने बधाइयां दी। अभिनेता अंगद बेदी ने टिप्पणी की, 'वाहेगुरु', जबकि पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'आप दोनों को बधाई। वाहेगुरु मेहर करे। सुरेश रैना ने भी दोनों को बेटे के जन्म पर बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी आकाश चोपड़ा ने लिखा, आप दोनों को बधाई।

### चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 17 से

**नई दिल्ली।** चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष व महिला) और बास्केटबॉल (पुरुष व महिला) टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार, 17 अप्रैल से होगा। यह आयोजन दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि हॉकी ओलंपियन और हॉकी वर्ल्ड कप 1975 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक दीवान करेंगे। इस अवसर पर पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। खालसा कॉलेज की डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन सुश्री इंदरप्रीत कौर नंदा के अनुसार यह टूर्नामेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में 6 टीमें और महिला वर्ग में 4 टीमें भाग ले रही हैं।

## आईपीएल 2025 : मयंक यादव ने की लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वापसी

- मयंक को पीठ में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह बाहर थे



**न्नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि तेज गेंदबाज मयंक यादव टीम में वापसी कर चुके हैं। उम्मीद है कि वह शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे। एलएसजी ने मयंक की वापसी की जानकारी एक खास वीडियो के जरिए अपने सोशल मीडिया पर दी, और कैप्शन में लिखा - 'मयंक यादव लौट आए हैं'। मयंक को पीठ में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह बाहर थे। इस सीजन की शुरुआत में उनकी वापसी लगभग तय थी, लेकिन अचानक पैर की उंगली में उन्हें फिर से चोट लग गई। इस चोट में इंफेक्शन हो गया और उनकी वापसी और टल गई। मयंक पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर टीम इंडिया में शामिल हुए थे। इसके बाद वह पूरे घरेलू सीजन से बाहर रहे और बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इलाज और ट्रेनिंग करते रहे। एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर पहले ही मयंक की वापसी को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा था, मयंक अब दौड़ने और गेंदबाजी करने लगे हैं, जो कि भारतीय क्रिकेट और आईपीएल दोनों के लिए बहुत अच्छी बात है। मैंने एनसीए में उनकी गेंदबाजी का वीडियो देखा, जिसमें वह लगभग 90 से 95 प्रतिशत फिट नजर आ रहे थे। पिछले सीजन में मयंक ने अपनी तेज रफ्तार और विकेट लेने की क्षमता से सबको चौंका दिया था।

## सुरुचि ने स्वर्ण, मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक

- भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि चीन दूसरे स्थान पर रहा



**पेरू,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। झज्जर की बेटियों सुरुचि और मनु भाकर ने लास पालमास शूटिंग रेंज में कमाल कर दिया। सुरुचि ने लगातार दो वर्ल्ड कप स्वर्ण पदक जीतकर सबको चौंका दिया, वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस साल के दूसरे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के पहले ही दिन, 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फाइनल में सुरुचि ने 24 शॉट्स में 243.6 अंक हासिल किए। मनु उनसे 1.3 अंक पीछे रहीं। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। महिला एयर पिस्टल में सुरुचि और मनु की पहले और दूसरे स्थान पर रही जोड़ी ने भारत को एक-एक स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिलाया। पुरुषों की स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने कांस्य पदक जीता। इस प्रदर्शन से भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि चीन दूसरे स्थान पर रहा। 60 शॉट्स की क्वालिफिकेशन राउंड से ही यह साफ हो गया था कि भारतीय निशानेबाज अच्छा कर रहे हैं। सुरुचि ने 582 अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि मनु 578 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। तीसरी भारतीय सैण्यम 571 अंकों के साथ ग्यारहवें स्थान पर रहीं। फाइनल में भी सुरुचि लगातार शानदार निशाने लगा रही थीं। पहले पांच शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। याओ ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी और मनु चौथे स्थान पर थीं। उरुग्वे की जूलियट जिमेनेज तीसरे स्थान पर थीं। दूसरी पांच शॉट सीरीज के बाद, याओ ने हमवतन मेंग युफेई को पीछे छोड़ दिया, जो सिर्फ 0.1 से पीछे थी, जबकि सुरुचि तीसरे स्थान पर खिसक गई और मनु ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।

## लॉस एंजलिस 2028 ओलंपिक में पोमोना का मेला ग्राउंड करेगा क्रिकेट की मेजबानी

**लॉस एंजिल्स,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में दक्षिण कैलिफोर्निया के पोमोना का मेला ग्राउंड लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। लॉस एंजिल्स 2028 की आयोजन समिति ने मंगलवार को बताया कि लॉस एंजिल्स से 50 किमी पूर्व में स्थित पोमोना मेला ग्राउंड में विशेष रूप से निर्मित अस्थायी स्थल पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह 500 एकड़ परिसर, 1922 से लॉस एंजिल्स काउंटी मेले की मेजबानी करता रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग की छह-छह टीमें भाग लेंगी और इसके लिए 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया। प्रत्येक टीम में 15 सदस्य होंगे। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह हमारे खेल की ओलंपिक में वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अमेरिका और कैरिबियन देशों में आयोजित हुए पुरुष के टी-20 विश्वकप के दौरान, न्यूयॉर्क में एक पॉप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसमें भारत-पाकिस्तान के मैच खेले गये थे। लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम का भी इस्तेमाल किया गया था।

# एस्टन विला से हारने के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में पहुंचा

चैम्पियंस लीग



**बर्मिंघम,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अचरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के शुरुआती गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एस्टन विला के खिलाफ कुल 5-4 के स्कोर से चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि दूसरे चरण में पीएसजी को एस्टन विला से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

पहले चरण में पेरिस में 3-1 से हारने के बाद एस्टन विला ने वापसी की पूरी कोशिश की और शुरुआत में ही चार मिनट के अंदर दो कॉर्नर हासिल किए। लेकिन खेल खुलने के कारण पीएसजी को तेजी से जवाब देने का मौका मिल गया और इसका पूरा फायदा उठाया। यूईएफए की रिपोर्ट के अनुसार, नूनो मेंडेस ने शानदार पास देकर ब्रैडली बारकोला को आगे बढ़ाया, जिनका क्रॉस गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने रोका, लेकिन गेंद वापस हकीमी के पास आ गई। हकीमी ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया। इसके बाद जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पाउ टोरेस के स्ट्राइक को शानदार तरीके से रोका, फिर जब नूनो मेंडेस ने एक पोस्ट के माध्यम से एक और शानदार काउंटर अटैक पूरा किया, तो उन्होंने फिर से स्कोर किया।

ब्रेक से 11 मिनट पहले, यूरी टाईलेमैंस का एक घूमता हुआ शॉट विलियम पाको के टच से गोल में चला गया। फिर कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला, जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया। कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया। उसके कुछ ही देर बाद, मार्कस रैशफोर्ड के पेनल्टी एरिया के किनारे से मारे गए शॉट के लिए भी डोनारुम्मा पूरे तरह से तैयार थे। इटली के इस खिलाड़ी के लिए कुछ करना मुश्किल था जब रैशफोर्ड की शानदार चाल के बाद एजरी कोंसा ने विला के लिए तीसरा गोल दागा।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.081 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.899 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.672 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 5 | 3 | 2 | 8 | +0.172 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.104 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.838 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.245 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

छत्तीसगढ़ शासन

25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# कृषक उन्नति योजना

- 13 लाख किसानों को ₹3,716 करोड़ बकाया बोनस राशि वितरित
- देश में सर्वाधिक ₹3,100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर- एक औरत एक घंटे मे 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें 1 घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी ?

बच्चा- एक भी नहीं, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी।

## संपादकीय

## सावधानी बरतें निर्माण एजेंसियां

हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुई दो घटनाएं बतलाती हैं कि शासकीय विभागों, स्थानीय निकायों अथवा निजी ठेकेदारों के जरिये प्रदेश में जो जनहित के या विकास कार्य होते हैं उनमें बड़ी लापरवाही बरती जाती है। इसके चलते लोगों की मौतें तक हो रही हैं। रायपुर के रामनगर स्थित गुलमोहर पार्क कॉलोनी में नगर निगम की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 288 घर बनाये जा रहे हैं। पिछले कई माह से जल निकासी हेतु वहां एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है। उसके ओवरफ्लो को गिराने करने के लिये सोख्ता बना है जिसमें काफी पानी भरा हुआ था जिसमें रविवार को दो बच्चे खेलते हुए गिर गये। 5 वर्षीय दिव्यांश कुमार की तो मौत ही हो गयी, दूसरा बच्चा भी गम्भीर है। ऐसे ही, रायपुर जिले के खरोरा के निकट बानी गांव में एक कंपनी द्वारा बिजली की वायर लगाने का काम जारी था। पिछली बुधवार की शाम को तार एक युवक पर गिर गया जिससे उसका गला कट गया। उसकी तत्काल मौत हो गयी। कर्मचारी भाग खड़े हुए। इन दोनों स्थानों पर सावधानी अथवा चेतावनी के बोर्ड नहीं थे।

बच्चे की मौत से बवाल हो गया। सरकार की ओर से मुआवजा स्वरूप 4 लाख रुपये परिजनों को दिये गये हैं तथा निगम ने उन सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। तत्काल गड्ढे को बंद किया गया परन्तु वह एक मासूम की बलि के बाद। इस तरह की सावधानी पहले बरती जानी चाहिये थी। राज्य में अनेक शासकीय एवं निजी एजेंसियां काम कराती हैं। उनमें से कई काम छोटे-बड़े ठेकेदारों के जरिये होते हैं। सार्वजनिक निर्माण, बिजली व सिंचाई सुविधाओं से सम्बन्धित काम ठेकेदार अथवा अन्य एजेंसियां करती हैं। नगरीय निकायों के भी ज्यादातर काम निजी कॉंट्रेक्टर निष्पादित करते हैं। शहरों एवं कस्बों में इमारतें, आवास, पेय जल आपूर्ति, जल-मल निकासी, सड़क निर्माण, सफाई, जैसे काम निगम-नगर पालिकाएं करती हैं।

शासकीय विभाग निजी एजेंसियां, निकाय या उनके ठेकेदार बेहद लापरवाही से कार्य करते हैं। इससे कभी सरकार को आर्थिक चोट पहुंचती है तो कभी नागरिकों को जान-माल की हानि होती है। सड़कों के घटिया निर्माण से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। यह भी सामान्यत: देखा जाता है कि निर्माण स्थलों पर चेतावनी के बोर्ड नहीं रहते। निर्माण सामग्रियां सड़कों से लगाकर ऐसे रखी जाती हैं जिससे अक्सर हादसे होते हैं। नलकूपों के लिये खोदे गये गड्ढों में बच्चों के गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। दोषपूर्ण कार्य पद्धति से निर्दोषों की जानें जाती हैं या लोग घायल होते हैं। मुख्य ठेकेदार हों या पेटी कांट्रेक्टर- सभी लापरवाही करते हैं।

सरकार के विभाग, उससे जुड़े निगम, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियां सभी पर मानक कार्य प्रणाली अनिवार्यत: लागू होनी चाहिये। रायपुर तथा खरोरा के दुर्घटना स्थलों पर बरती गयी लापरवाही साफ दृष्टिगोचर होती है जो निश्चित ही बड़ी चूक है।

# जैन संतों के साथ मारपीट का किया विरोध, सकल जैन समाज ने निकाली मौन रैली

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्र में सिंगोली के पास कछला ग्राम के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे जैन संतो के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट की गई थी। इस घटना का विरोध जगदलपुर में सकल जैन समाज के द्वारा किया गया। बुधार को समाज के सदस्यों ने मौन रैली निकाली और कलक्टोरेट पहुंच राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के नाम का ज्ञापन अपर कलेक्टर सीपी बघेल को सौंपा। ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा और दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्र में सिंगोली के पास कछला ग्राम के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे जैन संतो के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट की गई थी। यह मारपीट तीनों मुनिराजों से लूटपाट के इरादे से बेरहमी से मारपीट की गई एवं तीनों संत



**राष्ट्रपति के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

मुनिराजों को बेरहमी से लहूलुहान होते तक घटना को अंजाम देते रहे। ज्ञात रहे कि जैन संत मुनिराज एवं साध्वी जी महाराज साहब अपने पास किसी भी प्रकार से रूपए - पैसे आदि नहीं रखते हैं एवं अपने लिए आहार पानी भी सूर्योदय के बाद एवं सूर्यास्त से पहले शाकाहारी घरों से मांग कर ग्रहण करते हैं। इस घटना से हम इसलिए भी शर्मिंदा है कि हमारे सनातन धर्म हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री हनुमान जी के मंदिर पर बदमाशों ने यह शर्मनाक हरकत की। यह घटना न केवल समाज की शांति और अहिंसा के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि मानवीय मूल्यों का भी अपमान करने वाली है। जैन धर्म हमें दया, करुणा, सहिष्णुता और सम्मान सिखलाता है, लेकिन इस तरह की हिंसक घटनाओं से हमारे उन आदर्शों को ठेस एवं हृदय को पीड़ा पहुंचती है। अहिंसा को परम धर्म मानकर समस्त मानवता और सभी जीवों के कल्याण हेतु अपने जीवन जीने वाले संतों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सुखसता की प्रार्थना करते हैं। हम आपसे निवेदन करते हैं कि जनकल्याण हेतु अपना जीवन जीने वाले संतों के विहार के समय स्थानीय प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन और संतोष बाफना के साथ ही सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री से विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाउस में मंगलवार देर शाम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा की, जहां पर उनसे विभिन्न समाज, संगठन और समिति के प्रतिनिधि मंडलों ने सौजन्य भेंट कर अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। सर्किट हाउस परिसर में मुख्यमंत्री ने माहरा समाज, विश्वकर्मा समाज, कंवर समाज के प्रमुखजनों को क्रमश: आमंत्रित कर उनकी मांगें सुनीं। इसके अलावा बस्तर किसान संघ, नगरपालिक निगम जगदलपुर के पार्षदगणों



**मांगों और समस्याओं से कराया अवगत**

और विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यालयीन कर्मचारी संघ की मांगों और समस्याओं से मुख्यमंत्री रुबरु हुए।

उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के प्रमुखजनों से कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्ग की समस्याओं और मांगों को लेकर संवेदनशील व गंभीर है तथा इसके समाधान के लिए वह हरसंभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधी एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

# करीगुण्डम में प्रशासनिक पहल से शांति व्यवस्था बहाल

**सुकमा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना किष्टाराम के ग्राम पंचायत करीगुण्डम मे विगत दिनों धर्मान्तरण के विषय पर हुयी ग्रामीणों के बैठक के उपरांत कुछ परिवार के सामानो सहित ग्राम छोड़ने की सुचना प्राप्त होने पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अमला तत्काल गांव पहुंचा। प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम तहसीलदार कोंटा गिरीश निम्बलकर, एसडीओपी मराइगुडा शिखर मरावी, थाना प्रभारी किष्टाराम सुरेंद्र पामभोई के साथ करीगुण्डम पहुँचे। गांव में पंच, सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ सभी पक्ष व सामाजिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में थाना किष्टाराम में बैठक आयोजित की गई। इसके पश्चात ग्राम सबकी आपसी सहमति से विवाद का निराकरण किया गया। थाने मे आयोजित बैठक मे दोनों ही पक्षों के विषयो को सुनने के उपरांत बैठक मे सर्वसम्मति से ग्राम में शांति व सौहार्द स्थापना व साथ में मिलजुल कर रहने व सामाजिक परंपराओं का सम्मान करने हेतु सहमति बनी। मीटिंग के उपरांत तहसीलदार गिरीश निम्बालकर व एसडीओपी शिखर मरावी पुलिस टीम व जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम करीगुंडम गये तथा जो परिवार अपना सामान लेकर ग्राम से बाहर जा रहे थे उन्हें भी ग्राम में ही मिलजुल कर रहने, किसी प्रकार का भी परस्पर विवाद ना करने को लेकर सभी पक्षों में आपस में समझौता कराया गया तथा ग्राम मे शांति व क़ानून व्यवस्था के यथोचित पालन हेतु तहसीलदार कोंटा की उपस्थिति मे दोनों ही पक्षों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी।



**ग्रामीणों को आपकी प्रेम और भाईचारा से रहने दी गई समझाईश**

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे ग्राम शासन कचोरा

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम पंचायत हल्बा कचोरा के आश्रित ग्राम शासन कचोरा में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत सर्वे किया, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों के घरों का सर्वेक्षण कर उन्हें आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कई घरों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पात्र सभी व्यक्तियों को जल्द ही आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा, अब सरकार ने आवास योजनाओं का दायरा बढ़ा दिया है। जो भी पात्र हैं, उन्हें शत-प्रतिशत आवास मिलेगा। ग्राम की हितग्राही दुलारी भारती, बृुदावती भारती और प्रतिमा बघेल ने उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान प्रतिमा बघेल के 7 वर्षीय पुत्र यूस बघेल ने मोबाइल से क्लिक कर सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। हितग्राही प्रतिमा बघेल, पति गुड्डुराम बघेल, दुलारी भारती, पति भारत भारती और बृुदावती भारती, पति धनेश्वर भारती तीनों परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं और वर्षों से अपने पक्के घर के सपने को साकार करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री सर्वे कर अब अपने जल्द ही उनके सपनों के घर की उम्मीद और विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के साथ है और उनकी हर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



- आवास प्लस 2.0 विशेष पखवाड़ा के तहत हितग्राहियों के घरों का किया सर्वे
- प्रदेश सरकार का संकल्प, हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा शत-प्रतिशत आवास : उप मुख्यमंत्री

# जलसंकट और बस्तर के खनिज संसाधनों के निजीकरण व ईडी सीबीआई के दुरुपयोग के खिलाफ काले झंडे के साथ मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार का किया विरोध-प्रदर्शन

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को जलसंकट में जूझ रही बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी, बस्तर के खनिज संसाधनों के निजीकरण व देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी पर आरोप पत्र दाखिल कर ईडी सीबीआइ के दुरुपयोग के खिलाफ एवं इंद्रावती नदी में तत्काल पानी छोड़ने व मटनार, देउर गांव में बैराज बनाने सहित रावघाट रेल परियोजना जल्द से जल्द शुरू करने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ काले झंडे के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकार्यों को रोकने का प्रयास किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा सरकार इंद्रावती विकास प्राधिकरण के कार्यालय में ताला लगाकर अपनी उद्योगिक नीति हेतु बैठक शहर के आलीशान होटल में करती है, भाजपा की सरकार बस्तर के खनिज सम्पदा को अपने पूंजीपति मित्रो सौंपने जा रही है। भाजपा सरकार बताए रावघाट रेल परियोजना, मटनार और देउरगांवँ बैराज कब बनेगा? वही कांग्रेस के विरोध पश्चात शहर के आलीशान होटल में होने वाली समीक्षा बैठक को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट में किया गया और आनन फानन में की गई समीक्षा बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाना ही भूल गए। कांग्रेसी हाथ में काले झंडे लिए आंदोलन कर रही थी कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक रोका गया और अलग अलग थानों में नज़रबंद किया गया जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है..अगर सरकार हमारी मांग नहीं मानेगी तो आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रेमशंकर शुक्ला, रेखचंद जैन, अतिरिक्त शुक्ला, हनुमान द्विवेदी, कविता साहू, रविशंकर तिवारी, जाहिद हुसैन, सेमीयल नाथ, सुषमा सुता, शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस लता निषाद, चम्पा ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजबीन दास, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, आदित्य बिसेन, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, पार्षद सूर्यापानी, गौतम पाणिग्रही, कोमल सेना, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी, अनुराग महतो, विक्रांत सिंह, कमलेश पाठक, ललिता राव, शादाब अहमद, एस नीला, ज्योति राव, अंकित सिंह, लव मिश्रा, तरणजीत सिंह, सायमा अशरफ, सुनीता दास, मनिता राउत, गोपाल शर्मा, राजेश साहू, फूलसिंह बघेल, राजेंद्र पटवा, भारत बघेल, मनोज, शामकुमारी ध्रुव, सलीम जाफर, अभिषेक अवस्थी, हर्षवर्धन शर्मा, नितेश जोशी, अंकित नागवंशी, तन्मय चौहान, रुद्रप्रताप, रक्षित, रेहान रिजवी, अंशु नाग, कुणाल पांडे, नरेंद्र, खीरेंद्र यादव, समीर खान आदि मौजूद रहे।



**राहुल गांधी, सोनिया गांधी पर आरोप पत्र दाखिल कर बदले की भावना से राजनीति करने का केंद्र की मोदी सरकार पर लगाया आरोप**

# सवा साल में बस्तर बदहाल, डबल इंजन की सरकार की लापरवाही से इन्द्रावती और बस्तर में जल संकट : दीपक बैज

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार के सवा साल में बस्तर पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है बस्तर और बस्तरवासियों का शोषण शुरू हो गया है। बस्तर के आम आदमी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर वर्तमान सरकार कोई काम नही कर रही है। बस्तर के लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिये कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में जो काम शुरू किया था वर्तमान सरकार ने उन सारी योजनाओं को बंद कर दिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिये शुरू की गयी शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना को बंद कर दिया। 65 से अधिक वनोपजों के वेल्यू एडीशन काम को बंद कर दिया। बस्तर कनिष्ठ चयन बोर्ड की कार्यवाही बंद हो गयी, हाट बाजार क्लीनिक दम तोड़ चुकी है। कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी बंद है। मलेरिया उन्मूलन अभियान दम तोड़ चुकी है। देश भर में चर्चित तथा बस्तर में रोजगार का प्रमुख साधन डेनेक्स भी बदहाल हो चुका है। पिछले सवा साल में 100 से अधिक ग्रामीण फर्जी मुठभेड़ में मारे गये। भाजपा के लिये बस्तर का मतलब शोषण का केन्द्र मात्र है। सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाने वालों को ही टार्गेट किया जा रहा है। एक बार फिर से बस्तर के लोंगों का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में है। हमारे जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति पर सरकार और सरकार के पूंजीपति मित्रों की नजर लग चुकी है। आज बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर इंद्रावती नदी में पानी के लिए उड़ीसा सरकार से चर्चा तक नहीं कर रही है। राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ राज्य और उड़ीसा सरकार के बीच गर्मी के मौसम में इंद्रावती नदी के पानी के बंटवारे को लेकर 28 दिसंबर 2003 को एक अनुबंध हुआ था जिसमें उड़ीसा सरकार ने यह विश्वास दिलाया था कि गर्मियों के दिनों में जब इंद्रावती नदी में पानी कम होता है उस समय दोनों राज्य पानी का बराबर-बराबर बंटवारा करेंगे परंतु आज उड़ीसा में भाजपा की सरकार है जो उड़ीसा के खातिगुड़ा डैम से पानी नहीं छोड़ रही और जो पानी आ रहा है वो पानी भी जोरा नाला से उड़ीसा की ओर ही प्रवाहित होकर सबरी नदी में जाकर मिल जा रहा है जिसके चलते आज समूचा बस्तर गंभीर जल संकट से जूझ रहा है।

विगत 14 महीना से राज्य में भाजपा की सरकार है। जल संशाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाया है। वही उड़ीसा सीमा से चित्रकूट जलप्रपात के बीच 10 छोटे एनीकेट बने हैं जिनमें से वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं। मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है। पिछले दिनों साय सरकार के राजनैतिक इवेंट के चलते चित्रकोट जलप्रपात में केबिनेट की मीटिंग रखी गयी। दिखावेबाजी के लिए चित्रकोट जलप्रपात में जल प्रवाह के लिए बनाये गये बांध से अनावश्यक पानी छोड़ा गया, उसी के चलते आज इंद्रावती में जल संकट है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा का हवाला देकर अनेकों पेड़ काटे गये। आज बस्तर का किसान बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। केन्द्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय विकास जल अभिकरण और तेलंगाना सरकार 148 टीएमसी पानी छत्तीसगढ़ के >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही भाजपा की सरकार**

# भाजपाइयों ने वीर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर द्वारा बुधवार को जगदलपुर में स्थित शहीद स्मारक जाकर भाजपाइयों ने वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विदित हो कि 16 अप्रैल 2006 को प्रात: करीबन 9-30 बजे अज्ञात सशस्त्र नक्सली ने तोमर बस ट्रेवल्स बस को आवापल्ली एवं मुरकीनार के मध्य रोककर एवं उक्त बस में सवार होकर थाना उसूर के ग्राम मुरकीनार पुलिस पोस्ट पर अचानक हमला कर फायरिंग की गई। पोस्ट पर संत्री ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा भी आत्मरक्षाथ फायर किया गया। नक्सलियों द्वारा पोस्ट स्थित पंचायत भवन एवं आश्रम को भी चारों ओर घेरकर हमला किया गया। उक्त मुठभेड़ में 9 वीं वाहिनी ए कंपनी छसबल के चार पुलिस कर्मी एवं 07 एसपीओ शहीद हो गए तथा एक पुलिस कर्मी वह तीन एसपीओ घायल हो गया। नक्सली पोस्ट से एके 47-04 नग. इंसास राइफल एक नग, एसएलआर 14 नग, एल एम गी एक नग, 303 राइफल 25 नग, 9 एम एम स्टेण्ड गन 02 नग, 9 एमएम पिस्टल 01, एच ई ग्रेनेड 12 नाग, राइफल ग्रेनेड 10 नग, ट्यूब लांचर 10 नग, माइक्रोफोन मोटोरोला जी एम 300-01नग, नाइट विजन डिवाईस 01नग 2ज्मोटार 01 नग, एचई बम 12 नग, पैराबम 02 नग एवं अन्य सामग्री लूट कर ले गए। इसके दो वर्ष बाद, 16 अप्रैल 2008 को बीजापुर थाना क्षेत्र के पामेड़ के जंगल और खेतों में मुखबिरी के संदेह में 6 निर्दोष आदिवासियों की हत्या कर दी गई। इन सभी शहीदों और निर्दोष दिवंगत आत्माओं को आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा श्रद्धांजलि एवं दो मिनट मौन रख कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, श्रीनिवास राव मद्दी, संतोष बाफना, श्रीनिवास मिश्रा, योगेंद्र पांडे, रजनीश पानीग्राही, खेमसिंह देवगन, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, आर्यद्र सिंह आर्य, संग्राम सिंह राणा, मनोहरदत्त तिवारी, शशिनाथ पाठक, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, राणा घोष, निर्मल पानीग्राही, संतोष गौर अविनाश सिंह गौतम, अभिलाष यादव, सुरेश मिश्रा, गुलाम अशरफ, वीरेंद्र जोशी, प्रमिला कपूर, बृजेश कपूर, वेंकटेश राव, विनायक बेहरा, संतोष गौर, अनिमेष सिंह चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आधा अप्रैल बीत गया, नहीं खुला प्याऊ घर



- पेयजल संकट से पालिका अंजान
- पूर्व एल्डरमेन ने लगाए आरोप
- वाटर एटीएम भी काम नहीं कर रहे

**दंतेवाड़ा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। आधा अप्रैल बीत गया, लेकिन इस बार नगर पालिका ने सार्वजनिक प्याऊ का इंतजाम नहीं किया। शहर के कई ऐसे स्थान हैं, जहां लोगों की आवाजाही रहती है और वे एक ग्लास पानी के लिए तरस जाते हैं। शहर में जगह-जगह वाटर एटीएम तो लगाए गए हैं, लेकिन वे बंद हैं, इससे उसकी उपयोगिता साबित नहीं हो रही है।

जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में शहर वासियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में मांई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पर्यटकों की आवाजाही रहती है। गर्मी में मार्च से लेकर जून तक लगभग 4 महीने सार्वजनिक प्याऊ खोला जाता है, जहां लोगों को पेयजल मिलता है, लेकिन इस बार यह व्यवस्था नहीं है। शहर के स्टेट बैंक चौक, बस स्टैण्ड, गायत्री मंदिर तिराहा, नगर पालिका दफ्तर के सामने, आंवराभाटा, दुर्गा मंडप, परदेशी होटल चौक, टेकनार चौक, कलेक्टोरेट के सामने ये चुनिंदा जगह है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते रहते हैं। सार्वजनिक प्याऊ का अभाव बना हुआ है। पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

इस मामले में पूर्व एल्डर मेन शेखर जादौन (तोमर) का कहना है कि पालिका इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीर नहीं है। गर्मी शुरू होने से पहले ही प्याऊ का इंतजाम हो जाना चाहिए था। नव निर्वाचित परिषद भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने शहर के मुख्य स्थानों में प्याऊ खोलने की मांग की है। वाटर एटीएम बंद पड़े हैं। बस स्टैण्ड का वाटर एटीएम काम नहीं कर रहा है, इसे सुधारा जाना चाहिए। वहीं इस संबंध में पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा का कहना है कि वाटर एटीएम के जरिये लोगों को पानी मिल रहा है। सार्वजनिक प्याऊ की उपयोगिता कम होती जा रही है, इसके बावजूद जरूरत के हिसाब से पालिका द्वारा शीघ्र ही प्याऊ का इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही वाटर एटीएम काम नहीं कर रहा है तो उसे भी ठीक किया जाएगा।

# नई तकनीक से मत्स्य पालन में ज्यादा लाभ




- मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत का आग्रह
- दंतेवाड़ा में मत्स्य पालकों से संवाद

**दंतेवाड़ा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मत्स्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) भरत मटियारा द्वारा जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में प्रवास के दौरान मत्स्य पालकों से संवाद किया।

श्री मटियारा ने समस्त मछुआ सहकारी समिति एवं निजी मत्स्य कृषकों से मछली पालन संबंधित विभिन्न विषयों पर आवश्यक चर्चा कर उन्हें मत्स्य पालन से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने मत्स्य कृषकों को मछली पालन के आधुनिक तौर-तरीके अपनाने की सलाह दी। इस बैठक के दौरान विभाग के प्रभारी दीपक कुमार बघेल एवं अशोक कुमार पुनेम मनसीलाल नेताम विद्याभूषण फील्ड अधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कृषकों के समक्ष दी गयी।

## सेन जयंती मनाने पर विस्तृत चर्चा



**जगदलपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छ.ग. सेन समाज जिला बस्तर ने 15 अप्रैल को प्राकृतिक धरोहर दलपत सागर परिसर में सेन जयंती को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सेन जयंती लोहंडीगुड़ा ब्लॉक में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।आगामी 25 अप्रैल को सेन जयंती मनाया जाएगा। इस दिन सभी सेन (नाई) समाज के सैलून भाइयों एवं अन्य व्यवसाय करने वाले सभी अपनी अपनी प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय लिया गया तथा महिला एवं पुरुष पीला अथवा भगवा परिधान पहनकर आने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सी एल भारद्वाज,बलराम शांडिल्य,लोचन सेन,लोकेश नंदा,शंकर सेन, बिन्देश श्रीवास,सत्यप्रकाश सेन,तरुण सेन (कंगाली), गोकुल सेन,जगमोहन ठाकुर,रूपेश सेन,सुनील श्रीवास सौरभ सेन, गोपाल शांडिल्य एवं रामेश्वर श्रीवास उपस्थित रहे।

## सुमित्रा सोरी को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी



- जिला कांग्रेस ने की नए पदाधिकारियों की नियुक्ति
- जिला संगठन का विस्तार, दो महामंत्री, चार सचिव बनाए

**दंतेवाड़ा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस ने एक लंबे समय बाद संगठन में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। सरकारी नौकरी छोड़कर कांग्रेस की टिकट पर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाली श्रीमती सुमित्रा सोरी को दंतेवाड़ा शहर कार्यकारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम के हस्ताक्षर से जारी सूची के मुताबिक ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में दो कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष करण तामो और अनिल गावड़े की नियुक्ति की गई है। इसी तरह कटेकल्याण कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल बनाए गए हैं। बचेली ग्रामीण में यह जिम्मेदारी राकेश कड़ती निभायेंगे तो गीदम ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कर्मा होंगे। इसके साथ ही जिला कांग्रेस का विस्तार करते हुए एक उपाध्यक्ष, दो महामंत्री और चार नये सचिव भी बनाए गए हैं। इनमें गंगूराम कश्यप जिला उपाध्यक्ष होंगे, तो कमलोचन सेठिया और सुखराम नाग बतौर महामंत्री संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। जिला सचिव विवेक देवांगन, जीपी मरकाम, भीमाराम मंडावी और महावीर ठाकुर नियुक्त किये गए हैं। श्री गौतम ने इस नियुक्ति के साथ ही उम्मीद जतायी है कि नये पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी के संगठन व अन्य सांगठनिक कार्यो को गति प्रदान कर मजबूती प्रदान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि नव नियुक्त दंतेवाड़ा कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा सोरी ने पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ते हुए भाजपा को कड़ी चुनौती दी थी। महज 148 वोटों से उनकी हार हुई, लेकिन शहर ने उन्हें भरपूर स्नेह दिया, इसलिए कांग्रेस उनकी प्रतिभा और क्षमता का इस्तेमाल कर एक नया पार्टी प्लेटफार्म प्रदान कर रही है। बेहद कम समय में पालिका चुनाव के दौरान उन्होंने काफी लोकप्रियता पायी। आंकड़ों के हिसाब से भले ही उन्हें जीत नहीं मिल पायी, लेकिन भावनात्मक रूप से लोगों के बीच उनकी पहुंच बनी, यही उनकी बेहतर राजनीतिक भविष्य का आधार बनेगी।

## विधायक ने किया 2 करोड़ 58 लाख के रोड का भूमिपूजन




**पिथौरा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने 2 करोड़ 58 लाख की लागत से बनने वाले रोड का भूमिपूजन किया।

बसना विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत ग्राम खम्हन से कुदारीदादर मार्ग पर रोड व पुल पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक संपत अग्रवाल ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुवे कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी व राज्य में विष्णुदेव साय जी जो बोलते है वो करते है क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति की सौगात मिल रही है आने वाले समय में विधानसभा के हर गांव में लोगो को सुगम रास्ता दिलाने पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता डा एन के अग्रवाल जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरर्षोत्तम घृतलहरे उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी जनपद सदस्य हरप्रसाद पटेल विमला बेहरा सरपंच भरत चौधरी मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान विधायक प्रतिनिधि खोलबहरा निराला छबीलाल रात्रे कौशिक प्रधान नवीन प्रधान त्रिलोचन नायक दीनदयाल भोई रूपानन्नद नायक रमेश प्रधान नारायण पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सुकमा जिले में कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ अभियान जारी




**पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

**सुकमा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में सुकमा जिले में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक च्पोषण पखवाड़ाज का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पोषण रथ सुकमा, छिन्दगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांव गांव जाकर ग्रामीणों को पूरक पोषण आहार लेने हेतु जागरूक करेगा। इस अभियान का मूल उद्देश्य जीवन के पहले 1000 दिन गर्भावस्था से दो साल की उम्र तक में पोषण को प्राथमिकता देना है, जो बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास की नींव रखते हैं। इस जन जागरण अभियान में हर ग्राम पंचायत, हर आंगनबाड़ी केंद्र और हर घर को जागरूकता का केंद्र बनाया बनाया जा रहा है। गर्भवती महिलाएं और शिशुवती माताएँ अब पोषण के महत्व को समझ रही हैं और पूरक पोषण आहार को अपने व्यवहार में भी शामिल कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कुपोषण और एनीमिया को मात देने यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य दीपिका सोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, नगरपालिका अध्यक्ष सुकमा हुंगाराम मरकाम, भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, पार्षद रंजीत बारठ, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दलपत सागर में कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**खेल व युवा कल्याण विभाग की पहल पर बस्तर कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित**

**जगदलपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर कलेक्टर के मार्गदर्शन में जगदलपुर के ऐतिहासिक दलपत सागर में कयाकिंग एवं कैनोइंग का विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया है। यह शिविर जिले में साहसिक जलक्रीड़ा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन दो सत्रों में संचालित किया जा रहा है ङ्क प्रात: 6ज्00 बजे से 8ज्00 बजे तक तथा सायं 4ज्00 बजे से 6ज्00 बजे तक शिविर में वे सभी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जो तैराकी में दक्ष हैं और जलक्रीड़ा में रुचि रखते हैं। इस शिविर में अनुभवी कोच अशोक साहू द्वारा खिलाड़ियों को कयाकिंग एवं कैनोइंग की तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजेंद्र डेकाते ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं को नई दिशा देने के साथ-साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे। यह पहल न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि बस्तर को साहसिक जलक्रीड़ा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में भी एक ठोस प्रयास है।

## शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध



**तिल्दा नेवरा**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा में वार्ड नम्बर 6 बाजार पारा मे वार्ड वासी के द्वारा शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध किया गया, वार्ड वासीयो का कहना है कि पहले से ही पास मे दो शुलभ शौचालय भवन का निर्मान किया जा चुका जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है ,उस पर ताला लगा के रखा गया है, और नए शुलभ शौचालय का निर्माण किया जा रहा है , जबकी यहा सामुदायिक भवन कि जरूरत है , जिसमे सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के कार्यक्रम मे आसानी होगी क्योकी अधिकतर परिवार गरीब वर्ग से आते है, जिनके पास रहने के लिये छोटे छोटे घर है , पास मे लगे मछली मार्केट का प्रबंध भी ठीक से नहीं किया जा रहा ,मार्केट मे गाड़ी कि पारकिंग कर दि जाती है ,जिससे मछलि विक्रेता को परेशानी होती है, इस पर वार्ड वासीयो के द्वारा, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्?तीसगढ़ पार्टी को मदद कि गूहार लगाइ गई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष तेजराम देवांगन का कहना है कि , नगरपालिका तिल्दा नेवरा का भ्रस्टाचार उजागर सामने आ रहा है,आम जनता के टेक्स के पईसा को बंदरबाट, बोर खनन एवं शुलभ शौचालय भवन का निर्माण करके किया जा रहा है , जबकी यहा सबसे ज्यादा पानी कि किल्लत हैऔर 100मीटर के अंदर मे सात बोर किया जा चुका है , जीसमे पानी नहीं निकलता है जिनका पाईप लाईन बिछा के समस्या का निदान किया जाना चाहिये , जीसका भी विरोध किया जा रहा है, ईस अवसर पर राकेश साहू पूर्णिमा साहू , प्रदीप साहू , कमलेश साहू,साजन निषाद, दुर्गेश सेन टेकराम साहू , अक्कूडान, मनिष, माया, ज्योती, तिजन, सीमा, पायल, रानू, गौरी, सपना, मनिशा,एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सवा साल में बस्तर बदहाल ...

बस्तर को देने की बजाए तेलंगाना सरकार को देने की बात भी कर रहे हैं। प्राणदा इंद्रावती को सूखते नहीं देख सकते। सरकार शीघ्र उड़ीसा सरकार के बात नहीं करती समस्या का समाधान नहीं करती तो हम आंदोलन को मजबूर होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर के संसाधनों पर भाजपा सरकार की बुरी नजर है। विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजी पतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1। और बैलाडीला 1 की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 14 खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरूआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कार्पेट बिछाया जा रहा। भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय, बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है।विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे। तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया, जो कभी घाटे में नहीं रही बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जांच के बाद आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र की मोदी सरकार को भेजा गया लेकिन वह भी आज तक लंबित है। बस्तर के नगरनार में 20 हजार करोड़ से अधिक के सार्वजनिक क्षेत्र एनएमडीसी के प्लांट को बेचने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विनिवेशीकरण की सरकारी साइट च्दीपमज्ज पर सेल लगाकर रखी है। बस्तर के युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को बेच रही है मोदी सरकार। चुनाव के समय मोदी और अमित शाह ने बस्तर की जनता से वादा किया था कि नगरनार नहीं बिकेगा लेकिन बेचने की प्रक्रिया आज भी जारी है। भाजपा की सरकार की बुरी नजर केवल बस्तर के संसाधनों पर है। छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान, आत्मसम्मान और जन अधिकार है को निर्दयता पूर्वक कुचल रही है। प्रेसवार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन,रविशंकर तिवारी,कविता साहू,जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी,महेश ठाकुर,आदित्य बिसेन, मोना पाढ़ी,सलीम जाफर,ज्योति राव,सायमा अशरफ,उस्मान रजा आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब आंबेडकर सर्व समाज के उद्धारक थे : शैलेन्द्र बंजारे



**जयंती पर लकड़ियां में बाबा आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया गया**

**पलारी** 16 अप्रैल (देशबन्धु) पलारी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लकड़ियां में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 134 वीं जयंती के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया गया। अम्बेडकर जयंती एवं प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन बंजारे सतनामी समाज प्रमुख ने किया विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी तिलक भारद्वाज सरपंच ग्राम पंचायत लकड़ियां,

मंजू हीरादास रात्रे जनपद सदस्य, बसंत जांगड़े ब्लाक उपाध्यक्ष सतनामी समाज पलारी बलीराम यादव उपसरपंच राजकुमार बंजारे पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, सुकदास बंजारे पूर्व सरपंच हरिनभट्ठा राम लाल कोशले भण्डारी तथा ग्राम प्रमुखों के उपस्थित थे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र बंजारे के ग्राम लकड़ियां पहुंचने पर गाजे-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। शैलेन्द्र बंजारे ने पुजा अर्चना कर अतिथियों के उपस्थित में फीता काट कर अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण किया। उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर अमर रहे,जब तक सुरज चांद रहेगा बाबासाहेब आंबेडकर का नाम रहेगा का जयघोष करते रहें। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर उपस्थित जनसमूह एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेन्द्र ने कहां कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारत को विश्व का सर्वोच्च संविधान दिया जिसके बदौलत आज देश चल रहा है।बाबा साहब अम्बेडकर अट्ठारह अट्ठारह घंटे पढ़ाई करता था। उन्होंने विपरित परिस्थितियों में अपने कठिन मेहनत के बल पर 32 डिग्रीयां हासिल किया किया। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में डाक्ट्रेट की डिग्री जो आठ वर्ष में पूर्ण होता उसे केवल 2 वर्ष 3 माह में पूर्ण करने वाला विश्व एक मात्र विद्वान व्यक्ति हैं। सिंबल आफ नालेज के नाम से आज विश्व में उनकी पुजा किया जाता है।ऐसे महान व्यक्ति का आज जयंती मनाने एवं उनके प्रतिमा अनावरण का सौभाग्य मिला।आप सबको अंबेडकर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय संविधान में बाबासाहेब आंबेडकर ने गरीब वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति महिलाओं सबको समानता का अधिकार दिए ।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सर्वसमाज के उद्धारक थे। कार्यक्रम को अध्यक्षता कर रहे मोहन बंजारे ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें बाबा साहब डॉ आम्बेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबासाहेब आंबेडकर के बताए मार्ग चलकर शिक्षित बनों संगठित रहो संघर्ष करो की बात को आत्मसात कर आत्मनिर्भर समाज बनाना है।सभा को विशेष अतिथि किशोर नवरंगे ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंचगण चतुरदास कोशले, अश्वनी बंजारे, धन्ना संत कुमार बंजारे,दीक्षा साय,नाथू घृतलहरे,रेशम चतुर्वेदी,पायल भारद्वाज,किशन मार्कण्डेय, सीमा घृतलहरे, शांति बांधे,हीरा लाल बांधे, जेठूराम, सहित ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

# भगवान शिव को खुश करने पीठ पर कांटा व खड्ग की धार पर चढ़कर घुमते रहे संन्यासी



## पश्चिम बोरगांव में हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ चरक पूजा

**कोण्डागांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार को खजूर भांगा पर्व पुरा करने के बाद 14 अप्रैल सोमवार को भगवा वस्त्रधारी सन्यासियों द्वारा विधि विधानपूर्वक जिले के फरसगांव तहसील के ग्राम पश्चिम बोरगांव में स्थित शिवबाड़ी में आयोजित चरक नील पूजा संपन्न हुआ।

इस दौरान माह भर उपवास रखकर पूजन करने वाले सन्यासियों द्वारा भोले बाबा की विधि विधानपूर्वक लिंग पूजा संपन्न कर चरक में टंगने के लिए सन्यासियों की पीठ पर लोहे के कांटे एवं अन्य संन्यासियों के गाल पर लोहे के कांटे गड़वाकर कर उनका भक्ति व श्रद्धापूर्वक पूजा पाठ किया गया।

**पीठ पर कांटा और खड्ग की धार पर घुमते रहे संन्यासी**

पूजा स्थल पर धर्मानुसार एक ऐसा चरखा बनाया गया, जिसमें दोनों ओर दो संन्यासियों को अपनी पीठ पर कांटा (बोरशी) चुभोकर चरखे में बांधकर घुमाया गया। इस दौरान बोल बम के नारे गूंजते रहे साथ ही सन्यासियों द्वारा चरक में घूमते हुए भक्तों के ऊपर प्रसाद की बारिश किया गया और प्रसाद पाने भक्तों में होड़ मची रही। संन्यासियों को देवी के धारदार खड्ग यानि पारंपरिक बलि तलवार के धार पर खड़े करवाकर चरक स्थल के चारों ओर घुमाया गया। इस दौरान कास, शंख ध्वनि, ऊलु ध्वनी एवं भोले बाबा के जयकारे गूंजते रहे।

**क्या कहते हैं आयोजन के मुख्य संन्यासी**

उल्लेखनीय है कि इस चरक पूजा में 'भक्ति में शक्ति है' कहावत चरितार्थ होता नजर आया। इस आयोजन के मुख्य पुजारी व संन्यासी कार्तिक सरकार ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से यह पूजा करते आ रहे हैं, अभी वे बोरगांव पश्चिम में आकर बसे हैं और इस आयोजन का ये तिसरा साल है। यहां चरक पर झूलने वाले संन्यासिओं के पीठ की चमड़ी छेद कर लोहे का हुक फंसाया जाता है और उसे चारों ओर घुमाया जाता है। यह बेहद कष्टप्रद है, लेकिन समाज के लोगों की मान्यता है कि माह भर उपवास रखकर सेवा करने से इतनी शक्ति आ जाती है कि कष्ट का थोड़ा भी अनुभव नहीं होता। इस अनुष्ठान को करने वालों को चैत्र माह में पूरे एक महीने सन्यास धारण कर पारम्परिक वेशभूषा में भिक्षा मांगकर एक पहर भोजन ग्रहण करना होता है।

**शिव को समर्पित है यह अनुष्ठान**

चरक उत्सव के दौरान भक्त पीठ पर लोहे की कांटे गड़ाकर चरक से लटककर शिव को समर्पित हो जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह त्यौहार समृद्धि लाता है और पिछले साल सभी दुखों और कष्टों को दूर करता है।

लोगों का मानना है कि इस त्योहार में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक मानव चरक तैयार किया जाता है। चरक को उसकी पीठ के मांस पर एक लोहे का हुक चुभाकर उसके साथ बांधा जाता है और फिर उसे एक लंबी रस्सी के सहारे एक पट्टी के चारों ओर घुमाया जाता है। हालांकि यह जोखिम भरा है, वे इसकी व्यवस्था करते हैं। पूजा समाप्ति के बाद सभी भक्तजनों के लिए आयोजक समिति द्वारा खिचड़ी व अन्य फल प्रसाद का आयोजन किया गया था।

# पेयजल उपलब्ध कराना नैतिक जिम्मेदारी : चैतराम



- बारसूर और नागफनी में ग्रामीणों को सौंपा पानी टैंकर
- पारम्परिक सोनादई माता मेले में शामिल हुए विधायक

**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी बारसूर में सोनादई माता के दरबार पहुंचे। श्री अटामी ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और प्रति वर्ष की भांति आयोजित पारंपरिक मेले में शामिल हुए। सोनादई माता मंदिर में विधायक निधि द्वारा प्रदत्त पानी टैंकर की पूजा कर विधायक चैतराम अटामी ने मंदिर परिसर में ग्रामीणों को सौंपा। इसके पश्चात वे नागफनी मंदिर पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और यहां भी पानी टैंकर की पूजा कर मंदिर में ग्रामीणों को सौंपा। विधायक श्री अटामी ने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराना सबसे जरूरी मुलभुत सुविधा है और यह प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी भी है, इसके लिए हम सब संकल्पबद्ध है। साथ ही उन्होंने पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता से कियान्वित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, वरिष्ठ समाज सेविका बुधरी ताती, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगत पुजारी, पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला मंत्री जसवीर नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष बैसू मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, नगर पालिका उपाध्यक्ष बारसूर दिनेश्वरी मांझी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गीदम विकासखण्ड अंति वेक, विधायक प्रतिनिधि राजेश, सरपंच छिंदनार संध्या शुक्ला समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनीमिया और पोषण संबंधी इंटरवेंशन के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला

**कोण्डागांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में किशारों के बीच एनीमिया और पोषण संबंधी आदतों को समझने और सुधार लाने के उद्देश्य से 'आज क्या खाया?' इंटरवेंशन के तहत एक महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिसेफ और एनआईटी रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार यह कार्यशाला जिले के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य किशोरों में एनीमिया और पोषण संबंधी आदतों को समझने और सुधारने के लिए व्यवहारिक विज्ञान के टूल्स का उपयोग करना था।



प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने डेटा और अंतर्दृष्टि-आधारित रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए किशोरों में पोषण और आहार संबंधी व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। कार्यशाला में कोंडागांव जिले के विभिन्न सरकारी अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और युवोदय, कोन्डनार चौंप्स स्वयंसेवक के साथ अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया, जिनकी मदद से किशोरों के पोषण की स्थिति में सुधार करने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई।

इस कार्यशाला का संचालन फाइनल माइल संस्था की कंसल्टेंट रजुता कुम्भोजकर और तारुतियम संस्था की अनीथा कसुगंटी तथा सृष्टि शंकर ने किया। यह कार्यक्रम कोंडागांव जिले में किशोरों के पोषण संबंधी समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और भविष्य में यह जिले में किशोरों के स्वास्थ्य और आहार सुधार की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा।

# कछाला गांव में जैन संतों पर हुए हमले के विरोध में निकाली रैली

**कोण्डागांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। 16 अप्रैल जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने ओसवाल भवन से एक शांतिपूर्ण रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर एसडीएम को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस रैली का उद्देश्य मध्य प्रदेश के नीमच ज़िले की जावद विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कछाला में जैन संतों पर हुए कायराना हमले के प्रति विरोध जताना और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की माँग करना था।



## जैन समाज ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

जैन समाज के अध्यक्ष हरीश जैन ने बताया कि 13 अप्रैल 2025 को जैन समाज के मुनिराज अपने विहार के दौरान ग्राम कछाला के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम हेतु ठहरे थे। उसी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने संतों से लूटपाट के इरादे से मारपीट की और उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। यह हमला न केवल जैन समाज की आस्था और विश्वास पर चोट है, बल्कि मानवीय मूल्यों, शांति और अहिंसा के सिद्धांतों का भी घोर अपमान है।

ज्ञापन में इस बात को भी रेखांकित किया गया कि जैन संत नि:स्वार्थ और तपस्वी जीवन जीते हैं, जो किसी भी प्रकार की संपत्ति नहीं रखते। वे केवल शुद्ध शाकाहारी घरों से भिक्षा में भोजन ग्रहण करते हैं। इस दृष्टि से उन पर किया गया हमला निंदनीय और कायरतापूर्ण कृत्य है।

समाज ने प्रशासन से माँग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ़्तार कर उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही यह भी माँग की गई कि जैन संतों के विहार के समय उनके लिए सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए जाएं ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्थान सरकार ने 25 जनवरी 2024 को एक आदेश जारी कर राज्यभर में जैन संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान लागू किए हैं। जैन समाज ने आग्रह किया है कि ऐसा ही आदेश छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में भी लागू किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# अंकेक्षण कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा संचालित (जिला खनिज संस्थान न्यास) डी.एम.एफ.टी.के लेखाओं के अंकेक्षण वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य हेतु छत्तीसगढ़ महालेखाकार द्वारा इम्पैनेल्ड चार्टर्ड एकाउटेंट फर्मो से कोटेशन 30 अप्रैल 2025 समय 2 बजे तक आमंत्रित किया गया है। 30 अप्रैल 2025 को समय 3 बजे कोटेशन खोला जाएगा। जिला खनिज संस्थान न्यास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हेतु चार्टर्ड एकाउटेंट का अनुभव कम से कम 5 वर्ष का होना आवश्यक है। चार्टर्ड एकाउटेंट छ.ग. महालेखाकार द्वारा इम्पैनेल्ड होना चाहिए। कोटेशन में अंकेक्षण शुल्क का उल्लेख जिला स्तर एवं क्रियान्वयन एजेंसी स्तर पर पृथक-पृथक होना चाहिए। अंकेक्षण के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। अंकेक्षण कार्य के पश्चात् ऑडिट रिपोर्ट 01 माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अंकेक्षण कार्य हेतु आवेदन स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किया जाएगा। विलंब से प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर सह अध्यक्ष (प्रबंधकारिणी समिति) जिला खनिज संस्थान न्यास कोण्डागांव का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

# एनीमिया व कुपोषण से मुक्ति का संकल्प



- भांसी और गंजेनार सेक्टर में पोषण पखवाड़ा
- महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान
- महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन

**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विकासखंड के परियोजना बचेली अंतर्गत सेक्टर भाँसी एवं गंजेनार में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर वर्ष की तरह इस बार भी महिलाओं और बच्चों में एनीमिया व कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित हो रहा है।

अभियान के अंतर्गत थीम आधारित गतिविधियाँ जैसे एनीमिया मुक्त भारत,स्वच्छता व हाथ धुलाई के महत्व, पौष्टिक आहार का संदेश, नारा लेखन, साइकिल रैली, रंगोली निर्माण, रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों का प्रदर्शन, जिंदगी के पहले 1000 दिन और पोषण भी पढ़ाई भी पर आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अलावा इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को पोषण शपथ दिलाने और लोगों स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत घर पर पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग, बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने हेतु स्वस्थ जीवन शैली संबंधी जानकारी साझा की गई। साथ ही, एप्प क्रेश्चन ट्रैक्टर में उपलब्ध बेनिफिशियरी मॉडल और सी-से माड्यूल के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से यह अभियान जिले में पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रहा है।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण सखी वन स्टॉप सेंटर का

**कोण्डागांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव का निरीक्षण किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि 16 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव का निरीक्षण किया गया। इस तरह निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, केन्द्र की कार्य प्रणाली तथा सेवा की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना रहा। निरीक्षण के दौरान सचिव ने आवासित महिलाओं को दी जा रही सहायता के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवा, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, आश्रय सुविधा तथा पुलिस सहायता जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आश्रय हेतु आए हुए महिलाओं को शासन की ओर से प्राप्त समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशीतला और समर्पण भाव से कार्य करने का निर्देश दिया गया तथा ऐसे पीड़ित महिलाएं जिनको कानूनी मदद् की आवश्यकता है, उन महिलाओं का आवेदन तैयार कर नि:शुल्क कानूनी सलाह सहायता दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रेषित करने हेतु सखी वन स्टॉप सेन्टर के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया, ताकि पीड़ित महिलाओं को उनका अधिकार दिलाया जा सके। इस अवसर पर पारेश्वर देवांगन अधिकार मित्र एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन



**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा आज नेशनल हेराल्ड मामले की चार्ज सीट में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम जोड़ने के विरोध में डाक घर दंतेवाड़ा के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। ईडी की कार्यवाही को राजनीति से प्रेरित बताया गया। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम, देवती कर्मा पूर्व विधायक, वीरेंद्र गुप्ता, राजकुमार तामो, सुलोचना कर्मा, मन्नू वर्गीस, राधा नाग, इंदिरा ठाकुर, आकाश विश्वाश, सुमित्रा सोरी, जितेंद्र कश्यप, अनिल कर्मा, रविश सुराना, चम्पदास, राजेश वेट्टी, गोविंद, करण तामो आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# फड़ मुंशियों ने मांगी मोदी की गारंटी

## फड़ मुंशियों की नई नियुक्ति बंद करने की मांग



**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। फड़ मुंशी संघ दंतेवाड़ा की जिला स्तरीय बैठक नगर के माई जी की बगिया दंतेवाड़ा में हुई। बैठक में मोदी की गारंटी के तहत प्रत्येक फड़ मुंशी को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार का मानदेय देने की घोषणा के संबंध में चर्चा हुई। इसके अलावा तेंदूपत्ता फड़ मुंशी की प्रति वर्ष होने वाली नई नियुक्ति बंद करने की मांग और 26 अप्रैल को नारायणपुर में संभाग स्तरीय महासम्मेलन करने के संबंध में भी विचार किया गया। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष सुरजीत सेठिया, उपाध्यक्ष सुकुराम मोड़ियम, सचिव संगीत यादव, सह सचिव राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश बेक, अर्जुन अटामी, मीडिया प्रभारी लखन यादव, अमित कुमार हपका, संरक्षक गिरीश सोनी, गुड्डी राम मंडावी, बसंत तेलाम दंतेवाड़ा समिति अध्यक्ष समेत सात समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अब गरीबी नहीं बनेगी बाधा, प्रशासन ने उठाया जिम्मा

**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यावसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।



- शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में शानदार नवाचार
- दंतेवाड़ा के युवाओं को सशक्त बनाने की पहल
- शत-प्रतिशत नौकरी की गारंटी के साथ फ्री कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन

नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को नि:शुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि नवगुरुकुल द्वारा इसके पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें। मालूम हो कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 52 से अधिक छात्र देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर रोजगार की दृष्टि से स्थापित हो चुके हैं। विशेष बात यह है कि नवगुरुकुल के इस प्रशिक्षण सत्र में केवल मौलिक अंग्रेजी ज्ञान पर्याप्त रखी गयी है। इस प्रशिक्षण सत्र में सभी युवक-युवतियों अपना दाखिला ले सकते है। हालांकि महिलाओं को इस में प्राथमिकता दी जाएगी, और अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और समावेशी रखी गई है। इसके लिए सबसे पहले एक स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा, जो 8वीं कक्षा स्तर के गणितीय विषयों जैसे कि पैटर्न्स, प्रतिशत, कार्य और समय, तथा रैखिक समीकरणों पर आधारित होगा। उम्मीदवार नवगुरुकुल कैंपस में आकर यह परीक्षा दे सकते हैं या फिर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जो उम्मीदवार स्क्रीनिंग में उत्तीर्ण होंगे, उनकी सोचने की क्षमता, सीखने का दृष्टिकोण, और टीम के साथ संवाद जैसे गुणों का आकलन किया जाएगा। यह परीक्षण नवगुरुकुल कैंपस, युवा बीपीओ एजुकेशन सिटी, जवांगा, दंतेवाड़ा में सोमवार से शनिवार, प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया 17 अप्रैल से प्रारंभ होगी और यह सीटें भरने तक, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर जारी रहेगी। पात्रता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए (अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है) और उसके परिवार की वार्षिक आय रूपये 5 लाख से कम होनी चाहिए। सभी चयनित प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण और सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी, ताकि किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर युवा को पीछे न रहना पड़े। इसके लिए अधिक जानकारी के लिए कॉल या व्हाट्सएप 8103248471 6265158142 से संपर्क किया जा सकता है।

# पालिका अध्यक्ष पायल ने बांटा प्रमाण पत्र

## 54 छात्राओं का 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण



**दंतेवाड़ा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, दंतेवाड़ा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संस्थान के हेल्थ केयर एवं आई.टी. ट्रेड अन्तर्गत 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस क्रम में 54 छात्राओं को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमला विनय नाग ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

उल्टा पुल्टा

भिखारी- कुछ खाने को दे दो बाबा..!
आदमी- बाबा कल की रोटी खा लोगे..?
भिखारी- हां खा लूंगा..
आदमी- तो कल आना...

## संपादकीय

### सावधानी बरतें निर्माण एजेंसियां

*हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुई दो घटनाएं बतलाती हैं कि शासकीय विभागों, स्थानीय निकायों अथवा निजी ठेकेदारों के जरिये प्रदेश में जो जनहित के या विकास कार्य होते हैं उनमें बड़ी लापरवाही बरती जाती है। इसके चलते लोगों की मौतें तक हो रही हैं। रायपुर के रामनगर स्थित गुलमोहर पार्क कॉलोनी में नगर निगम की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 288 घर बनाये जा रहे हैं। पिछले कई माह से जल निकासी हेतु वहां एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है। उसके ओवरफ्लो को गिराने करने के लिये सोख्ता बना है जिसमें काफी पानी भरा हुआ था जिसमें रविवार को दो बच्चे खेलते हुए गिर गये। 5 वर्षीय दिव्यांश कुमार की तो मौत ही हो गयी, दूसरा बच्चा भी गम्भीर है। ऐसे ही, रायपुर जिले के खरोरा के निकट बानी गांव में एक कंपनी द्वारा बिजली की वायर लगाने का काम जारी था। पिछली बुधवार की शाम को तार एक युवक पर गिर गया जिससे उसका गला कट गया। उसकी तत्काल मौत हो गयी। कर्मचारी भाग खड़े हुए। इन दोनों स्थानों पर सावधानी अथवा चेतावनी के बोर्ड नहीं थे।*

*बच्चे की मौत से बवाल हो गया। सरकार की ओर से मुआवजा स्वरूप 4 लाख रुपये परिजनों को दिये गये हैं तथा निगम ने उन सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। तत्काल गड्ढे को बंद किया गया परन्तु वह एक मासूम की बलि के बाद। इस तरह की सावधानी पहले बरती जानी चाहिये थी। राज्य में अनेक शासकीय एवं निजी एजेंसियां काम कराती हैं। उनमें से कई काम छोटे-बड़े ठेकेदारों के जरिये होते हैं। सार्वजनिक निर्माण, बिजली व सिंचाई सुविधाओं से सम्बन्धित काम ठेकेदार अथवा अन्य एजेंसियां करती हैं। नगरीय निकायों के भी ज्यादातर काम निजी कांट्रेक्टर निष्पादित करते हैं। शहरों एवं कस्बों में इमारतें, आवास, पेय जल आपूर्ति, जल-मल निकासी, सड़क निर्माण, सफाई, जैसे काम निगम-नगर पालिकाएं करती हैं।*

*शासकीय विभाग निजी एजेंसियां, निकाय या उनके ठेकेदार बेहद लापरवाही से कार्य करते हैं। इससे कभी सरकार को आर्थिक चोट पहुंचती है तो कभी नागरिकों को जान-माल की हानि होती है। सड़कों के घटिया निर्माण से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। यह भी सामान्यत: देखा जाता है कि निर्माण स्थलों पर चेतावनी के बोर्ड नहीं रहते। निर्माण सामग्रियां सड़कों से लगाकर ऐसे रखी जाती हैं जिससे अक्सर हादसे होते हैं। नलकूपों के लिये खोदे गये गड्ढों में बच्चों के गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। दोषपूर्ण कार्य पद्धति से निर्दोषों की जानें जाती हैं या लोग घायल होते हैं। मुख्य ठेकेदार हों या पेटी कांट्रेक्टर- सभी लापरवाही करते हैं।*

*सरकार के विभाग, उससे जुड़े निगम, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियां सभी पर मानक कार्य प्रणाली अनिवार्यत: लागू होनी चाहिये। रायपुर तथा खरोरा के दुर्घटना स्थलों पर बरती गयी लापरवाही साफ दृष्टिगोचर होती है जो निश्चित ही बड़ी चूक है।*

# निवेश में देश के टॉप 10 राज्यों में छत्तीसगढ़ शामिल

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ इस वर्ष निवेश के मामले में देश के टॉप-10 राज्यों में शामिल हो गया है. प्रोजेक्ट टूडे सर्वे के मुताबिक वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ 1,63,738 करोड़ के निवेश के साथ दशवें स्थान पर जगह बनायी है.ये आंकड़े केवल वर्ष 2025 के हैं. वर्ष 2024 के आकड़ों को मिलाकर निवेश का कुल आकार 4.4 लाख करोड़ हो जाता है द्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा छत्तीसगढ़ में निवेश आकर्षित करने के लिए लगातार किए रोड शो और राज्य की आकर्षक औद्योगिक नीति के कारण यह सम्भव हो पाया हैद्य

2025 में 1.63 लाख करोड़ का आया निवेश



प्रोजेक्ट टूडे सर्वे के अनुसार टॉप -10 राज्यों में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है।इस सूची में छत्तीसगढ़ सहित गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। सर्वे के मुताबिक वर्ष 2025 में देशभर में जो नए निवेश हुए हैं, उनमें छत्तीसगढ़ ने भी अपनी खास जगह बनाई है।ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 218 नई परियोजनाएं शुरू हुई हैं, जिनमें कुल ?1,63,748.95 करोड़ का निवेश आया है। यह देश के कुल निवेश का 3.71 प्रतिशत हिस्सा है, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इस सफलता के पीछे छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति का बड़ा योगदान है छत्तीसगढ़ अब कारोबार का नया हब बन रहा है।पिछले एक साल में किए गए 300 से ज़्यादा सुधारों ने इसे छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक के लिए आसान, पारदर्शी और फायदेमंद बना दिया है। अब कागज़ी झंझट कम है काम ज्यादा तेज होता है और हर प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी बन गई है।

छग सरकार का बड़ा कदम

# महिलाओं को मिलेगा 25 हजार

## महतारी वंदन योजना की तरह एक और योजना शुरू

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए 'महतारी शक्ति ऋण योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को ?25,000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।



यह नई योजना पहले से संचालित 'महतारी वंदन योजना' से जुड़ी हुई है, जिसके तहत विवाहित महिलाओं को हर महीने ?1,000 की सहायता राशि दी जा रही है। अब सरकार ने इस योजना का विस्तार करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता देने का फैसला लिया है।

**योजना की शुरुआत**-इस योजना का औपचारिक शुभारंभ राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया। शुभारंभ समारोह में राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा भी मौजूद थे। यह योजना विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए है, जिनका खाता राज्य ग्रामीण बैंक में है और जो महतारी वंदन योजना की लाभार्थी हैं।

**ऋण लेने की प्रक्रिया आसान**-सरकार का कहना है कि इस योजना के तहत महिलाओं को ऋण प्राप्त करने के लिए किसी जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। पात्र महिलाओं को बिना किसी खास औपचारिकता के ?25,000 तक का ऋण आसानी से मिल सकेगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, यह योजना माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास है। इससे वे खुद का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी और अपने परिवार को बेहतर भविष्य दे सकेंगी।

**महिलाओं के लिए रोजगार का अवसर**-'महतारी शक्ति ऋण योजना' से महिलाएं किराना दुकान, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, पशुपालन जैसे छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनेंगी।

राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा ने बताया कि बैंक इस योजना की निगरानी करेगा और ऋण वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

**बीजेपी का चुनावी वादा**

गौरतलब है कि 'महतारी वंदन योजना' भाजपा का चुनावी वादा था, जिसे सरकार बनने के बाद लागू किया गया। सरकार का दावा है कि इस योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। अब 'महतारी शक्ति ऋण योजना' के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल**

छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह खोलने वाली साबित हो सकती है। यह योजना न केवल उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक स्थिति में भी सकारात्मक बदलाव लाएगी।

यह योजना महिलाओं के जीवन में नई रोशनी और संभावनाओं के द्वार खोलने जा रही है — एक ऐसा प्रयास जो उन्हें वास्तविक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर करेगा।

# आपराधिक घटनाओं के विरोध में होने वाली कांग्रेस की न्याय यात्रा स्थगित

## 21 को सीएम हाउस के घेराव की तैयारी

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और महिलाओं व अबोध बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचारों के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित न्याय यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने बताया कि 18 से 20 अप्रैल तक चलने वाली यह यात्रा अब अपरिहार्य कारणों से नहीं निकाली जाएगी। हालांकि, 21 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम को यथावत रखने का निर्णय लिया गया है।



गैदू ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस 21 अप्रैल को रायपुर के आजाद चौक से राजीव चौक तक मार्च निकालेगी, जिसके बाद मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की निष्क्रियता और बढ़ते अपराधों के खिलाफ होगा।

न्याय यात्रा का प्रस्तावित रूट था-**18 अप्रैल:** दुर्ग से नेहरू नगर भिलाई होते हुए खुर्सीपार तक (13.4 किमी)

**19 अप्रैल:** खुर्सीपार से चरोदा, कुम्हारी तक (13.7 किमी)

**20 अप्रैल:** कुम्हारी से टाटीबंध, आजाद चौक रायपुर (11.2 किमी)

**21 अप्रैल:** आजाद चौक से राजीव चौक तक मार्च और फिर सीएम हाउस का घेराव

कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि सरकार इन मामलों में गंभीरता नहीं दिखा रही। इसी को लेकर पार्टी ने न्याय यात्रा के माध्यम से जनता को जागरूक करने और सरकार को जवाबदेह बनाने का निर्णय लिया था। अब पार्टी 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगी।

# प्रदेश के ढाई हजार से अधिक बर्खास्त सहायक शिक्षकों को मिल सकती है राहत

## कैबिनेट बैठक में पुनर्नियुक्ति पर लगेगी मुहर!

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक पद से बर्खास्त किए गए हजारों शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है राज्य सरकार ने उनकी पुनर्नियुक्ति का रास्ता निकाल लिया है और गुरुवार 17 अप्रैल को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जा सकता है।

यह बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में दोपहर 12.30 बजे मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी दरअसल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार प्राइमरी स्तर के बच्चों को पढ़ाने के लिए डीएड अनिवार्य है इसके चलते बीएड डिग्रीधारियों को अयोग्य करार देते हुए बर्खास्त कर दिया गया था हालांकि इससे पहले राज्य सरकार ने इन शिक्षकों की सशर्त नियुक्ति की थी जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि उनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर निर्भर रहेगी जब कोर्ट ने राज्य सरकार की स्पेशल लीव पिटिशन को भी खारिज कर दिया तो सरकार को 2897 सहायक शिक्षकों को नौकरी से हटाना पड़ा इसके बाद से ही बर्खास्त शिक्षक लगातार आंदोलन कर रहे हैं बढ़ते विरोध और धरनों को देखते हुए सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की लेकिन जब वहां समाधान नहीं निकल पाया तो मुख्यमंत्री ने स्वयं मुख्यमंत्री निवास में उच्चस्तरीय बैठक बुलाई इसमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन प्रमुख सचिव सुबोध सिंह स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में यह बात सामने आई कि सहायक शिक्षक विज्ञान के हजारों पद रिक्त हैं और इन्हीं पदों पर बर्खास्त शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति संभव है सूत्रों के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने 2621 शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

गुरुवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की पूरी संभावना हैण् इसके बाद जल्द ही पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी यदि यह प्रस्ताव पास होता है तो यह बर्खास्त शिक्षकों के लिए एक बड़ी राहत होगी जो लंबे समय से न्याय और पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्षरत हैं अब सबकी निगाहें गुरुवार की कैबिनेट बैठक पर टिकी हैं जहां सरकार का यह फैसला ले सकती है।

# कांग्रेस ने 10 नगर निगमों में घोषित किए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता

## रायपुर में आकाश तिवारी को मिली नई जिम्मेदारी , जयश्री नायक उपनेता प्रतिपक्ष

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने नगर निगमों में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की नई सूची जारी कर दी है प्रदेश के 10 नगर निगमों में कांग्रेस पार्षदों के बीच नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष और जय श्री नायक को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है कुछ दिन पहले पार्षद संदीप साहू को रायपुर नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया था लेकिन अब कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी समिति ने आदेश में संशोधन करते हुए आकाश तिवारी को यह जिम्मेदारी सौंपी है



| नगर निगम | नेता प्रतिपक्ष | उपनेता प्रतिपक्ष |
|---|---|---|
| चिरमिरी | गायत्री बिरहा | मोहम्मद इकराम |
| अंबिकापुर | सफी अहमद | निम्मन राशि एक्का |
| रायगढ़ | शेख सलीम नियारिया | विकास ठेठवार |
| कोरबा- | रूपा राम साहू | डॉ रामगोपाल कुर्रे |
| बिलासपुर | भरत कश्यप | संतोषी रामा बघेल |
| धमतरी | दीपक सोनकर | सत्येन्द्र देवांगन विशु |
| रायपुर | आकाश तिवारी | जयश्री नायक |
| दुर्ग | संजय कोहले | विजयंत पटेल |
| राजनांदगांव | संतोष पिल्ले | मुकेश साहू |
| जगदलपुर | राजेश चौधरी | कोमल सेना |

# डबल इंजन सरकार फेल,धान नीलामी से होगा 7 हजार करोड़ का नुकसान : महंत

## नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना दुर्भाग्यपूर्ण

**रायपुर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा आज से की जा रही धान नीलामी पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार फेल हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में छत्तीसगढ़ के पूरे धान का चावल नहीं लिए जाने के कारण नीलामी के जरिए सरकार 35 लाख मीट्रिक टन धान का विक्रय कर रही है। इससे लगभग 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति होने की आशंका है।



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना भारत सरकार की योजना है, और राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र की ऐजेंसी के रूप में धान उपार्जन का कार्य किया जाता है। इसलिए केन्द्र सरकार को चाहिए सम्पूर्ण सरप्लस धान का चावल केन्द्रीय पूल में ले।उन्होंने कहा कि पंजाब में इसी सीजन में कुल 172 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ है, और इस सम्पूर्ण धान का चावल केन्द्रीय पूल में लिया जा रहा है। पंजाब में तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार भी नहीं है, जबकि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार होने के बाद भी हमारा पूरा सरप्लस चावल केन्द्रीय पूल में नहीं लिया जाना और 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति का अनावश्यक आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है।



# सांसद बृजमोहन की अध्यक्षता में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य कार्यकारिणी बैठक

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में सम्पन्न हुआ। राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बैठक के मुख्य अतिथि और डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों से स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी ली गई और संगठन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने बीते वर्ष की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे नवाचारों की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों की शुरुआत हो चुकी है, जिससे युवा वर्ग सशक्त हो रहा है।

गर्मी को देखते हुए सामाजिक सेवा का आह्वान

सांसद श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या को देखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम गांव-गांव जाकर लोगों की मदद करें और जहां आवश्यक हो वहां प्रशासन से समन्वय कर कार्य करें। उन्होंने पानी जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने और प्राथमिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। वर्तमान में स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रदेशभर में 300 से ज्यादा स्थानों पर पेयजल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

बजट एवं किट-वितरण पर चर्चा



**स्काउटिंग युवाओं में सेवा- अनुशासन- उत्तरदायित्व का भावना विकसित करने का माध्यम**

बैठक में संगठन के वित्तीय प्रबंधन और आगामी बजट पर भी चर्चा हुई। सांसद श्री अग्रवाल ने स्काउट्स एवं गाइड्स के लिए किट और ड्रेस के वितरण हेतु ठोस योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया।

दक्षिण बस्तर सहित संवेदनशील जिलों में स्काउटिंग को बढ़ावा

सांसद श्री अग्रवाल ने बस्तर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिलों में स्काउटिंग गतिविधियों को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया ताकि स्काउटिंग को और अधिक सशक्त एवं व्यापक रूप दिया जा सके।

बैठक में राज्य सचिव कैलाश सोनी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा, राज्य सह सचिव शिवानी गणवीर, सरिता पांडेय, विजय यादव, देवेन्द्र कुमार साखरे, प्रतिमा ठाकरे झा, मुरली शर्मा सहित सभी जिला मुख्य आयुक्त एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

यह बैठक छत्तीसगढ़ में स्काउटिंग के विस्तार, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

बैठक में आगामी 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों की समीक्षा (परिवहन, भोजन, आवास सहित संपूर्ण व्यवस्था)

वर्ष 2025-26 के युवा एवं वयस्क कार्यक्रमों की स्वीकृति

राज्य मुख्यालय के कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं वेतनमान

राज्यपाल अलंकरण समारोह (23 अप्रैल) की तैयारियां

राज्य प्रशिक्षण केंद्रों (झांकी-अभनपुर, झीपन-बलौदाबाजार) के विकास कार्यक्रम पर चर्चा हुई।

# छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नई अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने पदभार किया ग्रहण

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और सासंद बृजमोहन अग्रवाल रहे मौजूद



**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नया नेतृत्व मिल गया है वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी डॉ वर्णिका शर्मा ने आज राजधानी रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय में आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवालए विधायक किरण देव धरमलाल कौशिक भी उपस्थित थे उन्होंने डॉ शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

**मुख्यमंत्री साय ने दी शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. वर्णिका शर्मा को आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैंण् उन्होंने कहा कि डा शर्मा के नेतृत्व में आयोग बाल संरक्षण की दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य करेगाण् उन्होंने विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए काफी काम किया हैण् उनके अनुभवों का लाभ आयोग को मिलेगा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि डॉ वर्णिका शर्मा के अनुभव और नेतृत्व में आयोग बच्चों के अधिकारों की रक्षा कल्याण और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगाण् उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण में आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और नई अध्यक्ष के नेतृत्व में यह और अधिक प्रभावी होगी कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ शर्मा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों का संरक्षण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी उन्होंने आश्वस्त किया कि आयोग बच्चों से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों पर संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाही करेगा और समाज में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर देगा।

# आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा पूर्व अध्यक्षों के मीटिंग का आयोजन किया गया




**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा 13 अप्रैल रविवार को संस्था के पूर्व अध्यक्षों की मीटिंग का आयोजन किया गया! शाखा के वर्तमान अध्यक्ष सिए विकास गोलछा ने बताया की इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को गौरवमयी बनाया एवं अपना अनुभव साझा किए एवं शाखा की भावी योजनाओं हेतु महत्वपूर्ण सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके विचार न केवल प्रेरणादायक रहे, बल्कि शाखा के विकास पथ को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

इस मीटिंग का संचालन संस्था के पूर्व अध्यक्ष सिए अमिताभ दुबे में किया, अध्यक्ष सिए विकास गोलछा ने संस्था के अभी तक के किये गये महत्वपूर्ण आयोजन, भविष्य की कार्यायोजना एवं संस्था के नये भवन के निर्माण के सम्बन्ध में सभी पूर्व अध्यछो को जानकारी दी! रायपुर शाखा से सिए रश्मि वर्मा, सिए रवि जैन, सिए ऋषिकेश यादव, सिए शीतल काला एवं सिए आयुषी गर्ग ने सभी पूर्व अध्यक्षों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुभव और सहयोग से शाखा को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने की दिशा में बल मिलेगा। यह आयोजन न केवल स्मृतियों को संजोने का अवसर था, बल्कि यह भविष्य की दिशा तय करने में भी एक सार्थक पहल रही। पूर्व अध्यक्षों में सिए जी एस अग्रवाल, सिए किशोर देशपांडे, सिए प्रकश गोलछा, सिए ओ पी सिंघानिया, सिए आर बी दोषी, सिए पारस बम्ब, सिए सुनील जोहरी, सिए रवि अग्रवाल, सिए चेतन तरवानी, सिए संजय बिलथरे, सिए बि सुब्रमनियम, सिए किशोर बरड़िया, सिए अमिताभ दुबे प्रमुख रूप से मौजूद रहे एवं संस्था की वर्त्तमान समिति को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

# रेलवे स्टेशन पर एलईडी डिस्प्ले बंद, यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लगे एलईडी डिस्प्ले बोर्ड बंद हैं, जिससे ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी यात्रियों को समय पर नहीं मिल पा रही है।

इस कारण यात्रियों को यह पता लगाना मुश्किल हो रहा है कि कौन सी ट्रेन किस प्लेटफॉर्म पर आ रही है। स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को अपनी गाड़ियों की जानकारी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और भारी सामान के साथ सफर कर रहे यात्रियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन पर नए एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाए जा रहे हैं। ठेका एजेंसी द्वारा विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर कुल 98 नई एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। इनका कनेक्शन पूरा होने के बाद यात्रियों को फिर से पूरी जानकारी मिल सकेगी।




हालांकि रेलवे की ओर से समय-समय पर माइक और अन्य माध्यमों से घोषणाएं की जा रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं साबित हो रही है।

बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन, मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित एक प्रमुख स्टेशन है, जहां प्रतिदिन करीब 120 यात्री ट्रेनें आती-जाती हैं और लगभग 70 हजार यात्री रोजाना यहां से सफर करते हैं। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 3 पर लगे डिस्प्ले बोर्ड बंद होने के कारण अंतिम समय में स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को ट्रेन की स्थिति जानने के लिए मुख्य डिस्प्ले की ओर दौड़ लगानी पड़ती है, जो अक्सर भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होता है।

यात्रियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नई डिस्प्ले व्यवस्था को क्रियान्वित कर उनकी परेशानी दूर की जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

# गर्मी का असर शुरू, जल को तरसते जलाशय

**रायपुर,** 16 अप्रैल। गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के ज्यादातर बड़े बांधों और जलाशयों का जलस्तर गिर गया है। अप्रैल के मध्य में ये हाल है तो अभी पूरा मई और जून बचा है। जानकार बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग, अल्प वर्षा और जलसंसाधनों का गलत उपयोग, बेतहाशा जंगलों की कटाई और वर्षा के जल का समुचित संचय नहीं करना जलाशयों की सूखने के पीछे सबसे बड़े कारक हैं। हर साल इस प्रकार की समस्या पेश आती है लेकिन कभी इसके लिए ठोस उपायों पर चर्चा नहीं होती।

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांध गंगरेल में तेजी से पानी कम हो रहा है। बांध में अभी कुल 17.033 टीएमसी पानी है। इसमें से 11.962 टीएमसी को ही उपयोगी जल माना जाता है। अभी गंगरेल से धमतरी जिले के 390 और रायपुर और बालौदाबाजार जिले के निस्तारी तालाबों को भरने के लिए 15 मार्च से पानी दिया जा रहा है। सिंचाई के लिए इस साल भी पानी नहीं देने के कारण ही गंगरेल का भराव 44ण्17 फीसदी है। इसके अलावा मुरूमसिल्ली में 1,425, दुधावा में 4,245 और सोंढूर में 2,733 टीएमसी पानी है।

**डीएमएफ घोटाला**

# मनोज द्विवेदी की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में डीएमएफ घोटाला केस में जेल में बंद कारोबारी मनोज कुमार द्विवेदी की जमानत याचिका पर ईओडब्लू कोर्ट में सुनवाई हुई।छत्तीसगढ़ में डीएमएफ घोटाला केस में जेल में बंद कारोबारी मनोज कुमार द्विवेदी की जमानत याचिका को ईओडब्लू कोर्ट ने खारिज कर दी। इससे पहले कोर्ट में दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गई थी। याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। आरोप है कि मनोज ने अपनी बनाई एनजीओ में डीएमएफ फंड की राशि हासिल की। इसके बाद कमीशन तत्कालीन आईएएसरान साहू तक पहुंचाया था। और ते जिस एनजीओ् में सचिव था उसके एनजीओ को कई ठेके मिले थे।

- **डीएमएफ फंड की हेराफेरी कर 17 करोड़ 79 लाख कमाए**
- **6 करोड़ 57 लाख रखे**

**42 प्रतिशत तक दिया गया कमीशन**

इस मामले की ईओडब्लू और ईडी् दोनों जांच कर रही है। ईडी की जांच में पता चला किए 2021.22 और 2022.23 में मनोज कुमार द्विवेदी ने निलंबित आईएएस रानू साहू और अन्य अधिकारियों से मिलीभगत की। अपने एनजीओ उदगम सेवा समिति के नाम पर कई डीएमएफठेके हासिल किए थे। अधिकारियों को टेंडर की राशि का 42: तक कमीशन दिया था।

**17 करोड़ 79 लाख की हेराफेरी**

ईडी ने जांच में पाया किए मनोज कुमार द्विवेदी ने डीएमएफ् फंड की हेराफेरी कर 17 करोड़ 79 लाख रुपये कमाए। इसमें से 6 करोड़ 57 लाख रुपये अपने पास रख लिए। बाकी रकम रिश्वत के रूप में अधिकारियों को दी। ठेका के लिए जिला स्तर के अधिकारियों से मिलीभगत की और उनकी मदद की। प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य निकल कर सामने आए हैं कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग.अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता पाई गई। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। म्क् की जांच के बाद अब म्ॅ की टीम अपनी जांच तेज कर दी है।

**90 करोड़ का घोटाला**

ईडी की जांच ने क्डथ् घोटाले के तौर.तरीकों का खुलासा किया है। इसमें यह बात सामने आई है कि ठेकेदारों के बैंक खाते में जमा की गई राशि का बड़ा हिस्सा ठेकेदारों ने सीधे कैश में निकाल लिया है। जांच के दौरान ईडी ने ठेकेदारों सरकारी और उनके सहयोगियों के अगल.अगल ठिकानों पर रेड मारी थी।

# कांग्रेस सरकार के कलंक को भाजपा सरकार धो रही है

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने के नियमावली में समय-समय पर परिवर्तन हुआ है। वर्तमान नियम श्री भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार में बनाए गए थे, जिसके कारण दिवंगत परिवार के सदस्य भटकने के लिए मजबूर है। जब कांग्रेस की सब नीतियों को गलत मानकर सत्ता प्राप्त किया तथा उन गलत नीतियों को निरस्त कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में इसलिए तत्काल कांग्रेस सरकार के कलंक को दूर करते हुए तृतीय श्रेणी में 10त्न सीमा बंधन को तत्काल समाप्त किए जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की गई है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि 10त्न सीमा बंधन के कारण सभी विभागों में सहायक ग्रेड 3 के पद रिक्त होने के बाद भी दिवंगत आश्रित सदस्य अनुकंपा नियुक्ति से वंचित है?। भेदभाव की पराकाष्ठा तब परिलक्षित होती है जब मंत्रालय में लिपिक के पद पर संविदा नियुक्ति दी जा रही है। वहीं मैदानी स्तर जिलों और संभाग में 10त्न सीमा बंधन के कारण लिपिक का पद रिक्त ना होने के आधार पर पटवारी अथवा चतुर्थ श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति की जा रही है। सैकड़ो लोग प्रदेश में पटवारी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने के बाद भी प्रशिक्षण का अड़ंगा होने के कारण आदेश लिए केवल घूम रहे हैं। जबकि अनुकंपा नियुक्ति में लिपिक बनने पर कोई प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं थी। प्रदेश में लिपिक, वाहन चालक के पद पर योग्यता अनुरूप तत्काल सहायता, संवेदना के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कांग्रेस सरकार में जारी में निर्देश को विलोपित कर तृतीय श्रेणी के पदों पर 10त्न का सीमा बंधन, चतुर्थ श्रेणी के पद पर सीमा मुक्त नियुक्ति के भांति किए जाने की मांग की गई है?। श्री झा ने कहा है कि ऐसा न होने पर पीड़ित परिवार तहसील,जिला, संभाग, मंत्रालय के कार्यालयों का चक्कर काट रहा है। उसके चप्पल जूते धीस जा रहे हैं। दिवंगत कर्मचारी का परिवार सड़क में आ गया है। कल मंत्री परिषद की बैठक में इस बिंदु पर चर्चा कर निर्णय लिया जाना चाहिए।

**अनुकंपा नियुक्ति में सीमा बंधन तत्काल समाप्त हो : विजय झा**

# वक्फ की जमीन पर करोड़ों का खेल!

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की करोड़ों रुपये से अधिक की संपत्तियों पर फर्जी रजिस्ट्री और अवैध कब्जे का बड़ा मामला सामने आया है। वक्फ बोर्ड की ओर से ऐसे सैकड़ों मामलों की पहचान की गई है, जिनमें जमीनों की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से की गई है और उन पर प्रभावशाली लोगों द्वारा कब्जा किया गया है।




**अध्यक्ष सलीम राज ने सभी जिले के कलेक्टर-एसपी को लिखा पत्र, रसूखदारों पर शिकंजा कसने के निर्देश**

इस मामले में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर विवादित वक्फ संपत्तियों की रजिस्ट्री को तत्काल शून्य घोषित करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और असली हकदारों को न्याय मिले।

वक्फ बोर्ड ने फिलहाल ऐसे सभी लोगों को नोटिस जारी कर दिए हैं, जिन्होंने अवैध रूप से वक्फ की संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। इस लिस्ट में कई रसूखदार और प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए वर्ष 2025 में नया वक्फ विधेयक लाया गया है, जिसके तहत पूरे देश में वक्फ संपत्तियों का सर्वे कराया जा रहा है।

इस बीच आज सुप्रीम कोर्ट में भी नए वक्फ कानून को लेकर अहम सुनवाई होनी है, जिस पर पूरे देश की नजरें टिकी हैं।

डॉ. सलीम राज का कहना है कि वक्फ की संपत्ति अल्पसंख्यक समुदाय की धरोहर है और इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। बोर्ड इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा है और किसी भी तरह की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महादेव सट्टा : छत्तीसगढ़ ईडी टीम की जयपुर में रेड

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। महादेव बेटिंग ऐप मामले में छत्तीसगढ़ ईडी की टीम ने बुधवार को जयपुर में ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर पर छापेमारी की। सोडाला स्थित एपल रेजीडेंसी में व्यापारी भरत दाधीच के फ्लैट पर सर्चिंग जारी है। ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर से डॉक्यूमेंट और डिजिटल सबूत मिले हैं। टीम के साथ सुरक्षा बल के जवान भी तैनात हैं। इसके साथ ही महादेव बेटिंग ऐप केस में मध्य प्रदेश के भोपाल पश्चिम बंगाल के कोलकाता दिल्ली और राजस्थान समेत 4 राज्यों के 60 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। ईडी को जयपुर से मनी लॉन्ड्रिंग क्रिप्टो करेंसी और शैल कंपनियों से जुड़े सबूत मिले थे। इसी आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार कई बड़े नेताओं सीनियर ब्यूरोक्रेट्स पुलिस अधिकारियों महादेव बुक के मुख्य संचालकों और अन्य व्यक्तियों के ठिकानों पर रेड डाली गई है। जयपुर के कई बड़े व्यापारी भी ईडी के रडार पर हैं जिनके खाते महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े पाए गए हैं।

- **ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर घुसी टीम**
- **डॉक्यूमेंट.डिजिटल सबूत जब्त**
- **4 राज्यों में 60 ठिकानों पर छापेमारी**

**अवैध सट्टा रैकेट में बड़े खुलासे की संभावना**

छापेमारी के दौरान कई डॉक्यूमेंट और डिजिटल सबूत मिले है जिनमें से कुछ में अवैध सट्टा रैकेट में शामिल प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता का पता चलता है। इस छापेमारी अभियान में आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। महादेव बुक अवैध रूप से करोड़ों का लेन.देन करता है महादेव बुक पिछले कुछ सालों में भारत में सबसे बड़े ऑनलाइन सट्टेबाज प्लेटफॉर्म में से एक बन गया है। यह ऐप और वेबसाइट के जरिए अवैध रूप से करोड़ों रुपए का लेन.देन करता है और क्रिकेटए फुटबॉल जैसे खेलों पर सट्टा लगाता है। इसका नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। इसमें कई प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने भी पिछले साल इस घोटाले की जांच की थी और कई करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। महादेव बुक से जुड़े कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया था।

**जूस बेचने वाले ने खड़ा किया सट्टा रैकेट महादेव बेटिंग ऐप की कहानी**

छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी रामेश्वर चंद्राकर नगर निगम में पानी के पंप चलाने वाले ऑपरेटर का काम करते हैं। उनके बेटे का नाम सौरभ चंद्राकर है। सौरभ भिलाई में ही श्जूस फैक्ट्रीश् के नाम से एक छोटी सी जूस की दुकान चलाता था। इसी दौरान उसकी दोस्ती रवि उप्पल नाम के इंजीनियर से हो गई। रवि उप्पल एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। 2017 में रवि और सौरभ ने मिलकर ऑनलाइन सट्टेबाजी के जरिए पैसा कमाने के लिए एक वेबसाइट बनाई। हालांकिए शुरुआत में इस वेबसाइट के कम यूजर्स थे और इससे काफी कम कमाई होती थी। सौरभ की कमाई का मुख्य जरिया जूस की दुकान ही थी। 2019 में नौकरी के लिए सौरभ दुबई चला गया। कुछ समय बाद सौरभ ने रवि को भी दुबई बुलवा लिया। रवि के दुबई पहुंचने से पहले सौरभ ने बेटिंग वेबसाइट के जरिए पैसा कमाने का पूरा प्लान तैयार कर लिया था। इसके बाद दोनों ने महादेव बुक ऑनलाइन के नाम से एक बेटिंग वेबसाइट और ऐप बनाया। इसे सोशल मीडिया और दूसरे तरीके से प्रमोट करना शुरू कर दिया। सौरभने महादेव कंपनी का बिजनेस फैलाने के लिए 2 रास्ते अपनाए। पहला. सोशल मीडिया मार्केटिंग और इन्फ्लुएंसर के जरिये एप को प्रमोट करवाया।

**निधन**

## लच्छन साहू

**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल।



परिक्षेत्र साहू समाज नवापारा के संरक्षक लच्छन साहू का आकस्मिक निधन गत रात्रि को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को प्रात:11 बजे निज निवास किसानपारा से निकाली गई। वे शेखर साहू,गजेंद्र साहू के पिता थे।

## तुलसीराम चंद्राकर

**महासमुंद,** 16 अप्रैल। स्थानीय पुरानी बस्ती निवासी तुलसीराम पिता जगन्नाथ चन्द्राकर का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सोनू चन्द्राकर, लक्की चन्द्राकर के पिता तथा आदर्श प्रिंटर्स स्टेशन रोड़ के संचालक चंद्रमणी चन्द्राकर व भोलाराम चन्द्राकर के भाई थे।



## वल्लभ भाई कारिया

**दुर्ग,** 16 अप्रैल। आर्य नगर निवासी वल्लभ भाई कारिया उम्र 78 वर्ष का कल 15 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र कारिया, सुरेन्द्र कारिया के पिता थे। कल 17 अप्रेल को संध्या 4.30 बजे से 5 बजे तक सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड दुर्ग में उठावना (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया है।



# छत्तीसगढ़ की पीडीएस व्यवस्था पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ पृथक राज्य का निर्माण किया। 2003 में जनादेश के बाद डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए गए जिनके नेतृत्व में प्रदेश का तेजी से विकास हुआ। मुझे गर्व होता है यह बताते हुए कि डॉ सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में जो पीडीएस व्यवस्था बनाई गई। वह आज पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पीडीएस व्यवस्था है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेहद अनुभवी हैं रायपुर नगर निगम में सभापति और रायपुर विकास निगम के अध्यक्ष का दायित्व भी उन्होंने निभाया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि यह कॉर्पोरेशन सिर्फ एक संस्था नहीं है, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। यह एकमात्र निगम है जो प्रदेश की 75 प्रतिशत जनता से जुड़ा हुआ है। राशन की एक-एक दुकान की मॉनिटरिंग, वेयर हाउस की निगरानी, समय पर जन-जन तक खाद्यान्न सप्लाई सुनिश्चित करने तक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्व किरण सिंह देव, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, प्रबोध मिंज, अमर अग्रवाल, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, राजेश अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर मीनल चौबे, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्रकार, छत्तीसगढ़ वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्घा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्षअमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मखमूर इकबाल खान मौजूद रहे।

# कला केंद्र में 20 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षण शुरू



- **150 छात्रों से ज्यादा छात्रों का हुआ रजिस्ट्रेशन**
- **110 दिव्यांग छात्रों समेत बालिका गृह से समर कैंप में भाग ले रही छात्राएं**

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में आज नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र में समर कैंप की शुरूआत हुई। कला केंद्र में आयोजित समर कैंप में भाग लेने अब तक 150 से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

कला केंद्र में आयोजित इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छात्रों के लिए 20 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैंप में 110 दिव्यांग छात्र और बालिका गृह से छात्राएं भाग ले रही हैं।

उल्लेखनीय है कि समर कैंप सुबह के समय संचालित हो रहा है। यह चार चरणों में आयोजित होगा, पहला चरण 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025, दूसरा चरण 1 मई से 15 मई 2025, तीसरा चरण 16 मई से 30 मई 2025 और चौथा चरण 1 जून से 15 जून तक चलेगा। इसके अलावा कला केंद्र की नियमित कक्षाएं शाम को संचालित होती रहेंगी। समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक कैंप शुरू होने के 5 दिन पहले तक अपना पंजीयन कला केंद्र में करा सकते हैं। समर कैंप में गायन, नृत्य, जुम्बा, योगा, मेहंदी आदि का प्रशिक्षण दिया रहा है।

# विदेशी युवती को मिली जमानत



**कोर्ट ने देश छोड़ने पर लगाई रोक**

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी के वीआईपी रोड में हुए सड़क हादसे में 1 युवक की मौत हो गई थी इस मामले में जेल गई विदेशी युवती नोदिरा ताशकंद को जमानत मिल गई है हालांकि कोर्ट ने उसे भारत से छोड़कर जाने की इजाजत नहीं दी है वहीं उसका पासपोर्ट अभी भी पुलिस के पास जब्त है पूरे मामले पर युवती के वकील अनुराग ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए हैं उन्होंने मीडिया से कहा कि पुलिस की जांच में कई कमियां थीं जिन्हें कोर्ट के समक्ष रखा गया कोर्ट ने सभी तर्कों को सुनने के बाद उनकी मुवक्किल को जमानत दी वकील अनुराग गुप्तान ने कहा कि पुलिस के पास ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि दुर्घटना के समय कार उनकी क्लाइंट चला रही थीं युवती को कार ड्राइव करने भी नहीं आता हैए घटना के दिन वह कार में सह.यात्री के तौर पर बैठी थी उन्होंने यह भी बताया कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से इस बात की पुष्टि की जानी थी रायपुर के व्ही आई पी रोड पर 5 फरवरी की आधी रात को तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए इनमें से एक की मौत हो गई थी हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कार घेर ली जिसमें एक विदेशी युवती नोदिरा ताशकंद और डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के विशेष लोक अभियोजक भावेश आचार्य सवार थे विदेशी दिखने पर लोगों ने उसे शियन कहकर मौके पर जमकर हंगामा किया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तीनों घायलों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी ह कार में भारत सरकार लिखा हुआ था जिसमें एक युवक और विदेशी लड़की सवार थे हादसे के बाद युवती ने हंगामा मचाया मामले में तेलीबांधा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया था इस घटना के बाद से ही युवती जेल में बंद थी

# आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश

## पुलिस ने छापेमारी कर महादेव सट्टा एप से जुड़े 14 अंतर्राज्यीय सटोरियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है महादेव सट्टा एप के जरिए देशभर में फैले ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 8 अंतर्राज्यीय समेत कुल 14 सटोरियों को गिरफ्तार किया है आरोपी महादेव एप के पैनलों से कोलकाता और गुवाहाटी असम में बैठकर सट्टा चला रहे थ सभी सटोरिये आईपीएल् 2025 के सीजन में ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे इस कार्रवाई में झारखंड के 3 मध्यप्रदेश के 2 पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार के एक.एक और छत्तीसगढ़ के 6 सटोरिए शामिल हैं पुलिस ने इनके पास से सट्टा संचालन में इस्तेमाल किए जा रहे कुल 67 मोबाइल फोन 8 लैपटॉप 4 राउटर 94 एटीएम कार्ड 15 सिम कार्ड 32 बैंक पासबुक 3 चेकबुक 1 सिक्योरिटी कैमरा 4 पावर एक्सटेंशन बोर्ड और सट्टा हिसाब.किताब से जुड़ी 3 कॉपियां बरामद की हैं जिसकी कुल कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है आरोपियों के खिलाफ थाना देवेंद्र नगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा



4;क 7 एवं बीएनएस की धाराएं 318;4 61;2 112;2 भारतीय तार अधिनियम 25सी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है साथ ही आगे धारा 336, 338,340 बीएनएस भी जोड़ी जा रही है

**500 बैंक खातों से करोड़ों की लेन–देन का खुलासा**

**500 बैंक खातों से करोड़ों की लेन–देन:** आरोपियों ने रकम के लेन.देन के लिए लगभग 500 बैंक खातों का इस्तेमाल किया जिसमें करोड़ों रुपए का लेन.देन हुआ है इन खातों की जानकारी संबंधित बैंकों से मंगाई जा रही है और 1500 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है पुलिस को 13 अप्रैल को स्थानीय इनपुट मिला जिसके आधार पर आरोपी निखिल वाधवानी को देवेंद्र नगर इलाके में गिरफ्तार किया गया इसके बाद आरोपी से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने कोलकाता और गुवाहाटी ;असम में रेकी करते हुए कोलकाता में रेड कार्रवाई करते हुए न्यू टाउन राजघर स्थित आशियाना अपार्टमेंट से 06 आरोपी और राजारहाट स्थित तुलसी विहार अपार्टमेंट से 02 आरोपी तथा गुवाहाटी में रेड कार्रवाई कर बेलटोला स्थित महेन्द्री अपार्टमेंट से 06 आरोपी सहित कुल 14 आरोपियों को ऑनलाइन सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपियों द्वारा महादेव ऐप के पैनल से सट्टा संचालित किया जा रहा था

**आईपीएल 2025 में अब तक 17 मामलों में 41 गिरफ्तार:** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने इस आईपीएल सीजन में अब तक 17 मामलों में 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया है इन मामलों में कुल 72.27 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया गया है


# अन्य राज्यों से चोरी किए गए ट्रकों का छत्तीसगढ़ राज्य का फर्जी दस्तोवज तैयार कर विक्रय, 1 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने अन्य राज्यों से चोरी किये गये ट्रकों का राज्य में फर्जी दस्तावेज तैयार कर विक्रय किये जाने के मामलें में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी जगदीश प्रसाद सिंघानिया निवासी गांधी चौक तिल्दा नेवरा रायपुर के द्वारा थाना खमतराई रायपुर में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि वर्ष 2022 में आरोपी राजेश यदु जोकि ड्राईवरी काम करते हुए पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री काम करता था आरोपी राजेश यदु से जान पहचान होने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को पुराने वाहन विक्रय की बातचीत हुई थी। आरोपी द्वारा अपने अन्य साथी मीठू कुमार धनेश्वर चौधरी मृणाल सिंह व अन्य के साथ मिलकर पटना बिहार से पुराने ट्रक विक्रय करने संबंधी प्रार्थी से प्रति वाहन 17 लाख 50 हजार रूपये सौदा कर वाहन पूर्व पंजीयन कमांक एन एल 08 डी.9054 वर्तमान नम्बर सीजी 12 बीएच 3285 की राशि 16 लाख 50 हजार रूपये ट्रक पंजीयन कमांक एनएल 08 डी.9055 वर्तमान नम्बर सीजी 12 बीएच.3290 राशि 16 लाख 50 हजार रू ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 91ध्7793 वर्तमान सीजी 12 बीएच.3291 राशि 16 लाख 50 हजार रूण्ए ट्रक कमांक एनएल 08 डी.9670 राशि 17 लाख 50 हजार रूण्ण् ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीवाय.5515 राशि 17 लाख रू ट्रक क्रमांक एनएल 08 डी.9669 राशि 17 लाखए 50 हजार ट्रक ट्रेलर कमांक सीजी 07 सीजे 2114 राशि 17 लाख 50 हजार ट्रक कमांक ऐआर 06 बी.2669 वर्तमान नम्बर सीजी 12 बीजी.5312 राशि 18 लाख रुए ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे.2125 राशि 18 लाख रूए ट्रक कमांक ऐआर 06 बी.2131 वर्तमान नम्बर सीजी 12 बीजी.6295 राशि 18 लाख रूए ट्रक क्रमांक बीआर.27 जीए.2487 वर्तमान नम्बर सीजी 22 डब्ल्यू.3019 राशि 17 लाखए 50 हजार ट्रक कमांक बीआर 27 जीए.2486 वर्तमान नम्बर सीजी 22 डब्ल्यू 3018 के संबंध में आरोपी राजेश यदु द्वारा अपने अन्य साथी मृणाल सिंह मीठू कुमार सिंहए चरण सिंह व अन्य के खाते में कुल राशि 02 करोड़ 08 लाख रूपयों को आरोपियों के विभिन्न खातों में ट्रांजेक्शन किया गया था। आरोपी राजेश यदु द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ उपरोक्त 12 ट्रको का एनओसी के आधार पर छत्तीसगढ़ प्रांत का फर्जी दस्तावेज बनाकर प्रार्थी के पास वाहन विक्रय इकरारानामा बिक्रीनामा तैयार कर विक्रय किया गया था कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर आरोपी राजेश यदु एवं अन्य के विरूद्ध अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान प्रार्थी के पेश करने पर वाहन बिक्री इकरारनामा जप्त किया जाकर थाना खमतराई पुलिस द्वारा 07 ट्रक एवं थाना मुजफ्फरपुर बिहार पुलिस द्वारा 05 ट्रक को जप्त किया गया बाद उपरोक्त ट्रकों के संबंध में थाना मुजफ्फरपुर बिहार में पूर्व में चोरी की शिकायत पर से थाना मुजफ्फरपुर बिहार पुलिस द्वारा थाना खमतराई क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से ट्रक को जप्त किया जाकर मुजफ्फरपुर बिहार ले जाया गया है। प्रकरण में आरोपियों की लगातार पता तलाश की जा रही थी। प्रकरण के आरोपी राजेश यदु का पता तलाश कर आरोपी से पूछताछ किया गया जोकि आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों से मिलकर अपराध घटित करना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी राजेश यदु को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपियों की पता तलाश की जा रही है



# निर्माणाधीन मकान के गेट का ताला तोड़कर डेढ़ लाख का कॉपर वायर चोरी

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कमल विहार में अज्ञात चोर ने निर्माणाधीन मकान के गेट का ताला तोडकर वहां से डेढ़ लाख रुपये का कॉपर वायर चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ331.4 305 के तहत मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है। डॉ सुभाष साहू ने कल टिकरापारा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए बताया कि वह वॉल फोर्ट इंक्लेव पचपेड़ी नाका में रहता है और कमल विहार सेक्टर . 5 में नया मकान बनवा रहा है जहां निर्माण कार्य चल रहा है। बीती रात निर्माणाधीन मकान में देर रात किसी अज्ञात चोर ने मकान के मेन गेट में लगा ताला तोडकर वहा रखे कॉपर वायर 107 बंडल को चोरी कर ले गया। 15 की सुबह जब डॉ सुभाष साहू काम देखने कमल विहार गया तो देखा की वहां कमरे का ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो वहां सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में रखे कापर वायर के 107 बंडल फीनो लैक्स 180 मीटर कीमती 150000 रूपये नही थे। आसपास पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं हुई तब जाकर उन्होंने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करवाया।



# शादी का झांसा देकर परिचित से किया बलात्कार



**गंर्भपात भी कराया मामला दर्ज**

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने ही परिचित युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने के बाद जब वह गर्भवती हो गई तो उसे डरा धमकाकर गर्भपात कराया गया इसके बाद फिर शादी करने से इंकार कर दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफबीएनएस 64.2 एम और 115.2 के तहत मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक सरायपाली महासमुंद निवासी पीडिता ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई कि चार साल पहले पीडिता के परिचित ने उसके साथ शादी का झांसा देकर कई बार बलात्कार किया। चार साल पहले उसका परिचय रायपुर निवासी किशन साव के साथ हुआ था। परिचित होने के कारण दोनों फोन पर बात किया करते थे। इस दौरान आरोपी किशन साव ने उसे शादी करने का प्रलोभन दिया था और झांसा देकर युवती के साथ रायपुर और अन्य जगहों पर बलात्कार किया। पीडिता जब गर्भवती हो गई तब आरोपी ने उसे डरा धमका कर उसका गर्भपात भी कराया। पीडिता के शादी के दबाव बनाने पर किशन साव ने बातचीत करना बंद कर दिया। फोन करने पर उसका फोन बंद आने लगा। तब पीडिता ने रायपुर आकर आरोपी युवक के खिलाफकोतवाली थाने में लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद सदरबाजार निवासी किशन साव के खिलाफबीएनएस 64.2 एमए 115.2 का अपराध दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

# आनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने के नाम पर ठगी



**आरोपी युवक पकड़ाया**

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। थानो में कई वर्षों से अधिक अवधि के लंबित प्रकरण एवं धारा 173;8 द प्र स के तहत लंबित प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा रायपुर रेंज एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को इस प्रकार के प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने एवं प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है। घटना 2 वर्ष 09 माह पूर्व की है प्रार्थी रविकांत कटारे पिता सुरेश चंद्र कटारे उम्र 38 वर्ष सा_ माना कैम्प वार्ड नं 02 ब्लाक 11 थाना माना कैंप रायपुर ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16.07.2023 को 16.49 बजे मै विशेष आसूचना शाखा भवन पुराना पुलिस मुख्यालय थाना सिविल लाईन रायपुर में डयूटी में था उसी समय मेरे मोबाईल नं 9406121409 में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाईल नंबर 08860040611 से फोन किया तथा कहा कि मै डीबी एस बैंक से बोल रहा हूं। आपने अपना क्रेडिट कार्ड अभी तक चालू नहीं किया है आपके क्रेडिट कार्ड को एक्टीवेट करना है तथा आपके मोबाईल ओटीपी का मैसेज जिसे मैने उसे बताया उसके बाद मेरे मोबाइल में बैंक के हेल्प लाईन नंबर 02266147500 के माध्यम से फोन आया क्या आपके द्वारा ट्रांजेक्शन किया गया है तब मुझे ज्ञात हुआ कि मेरे क्रेडिट कार्ड से 80580का ट्रांजेक्सन हुआ है। जबकि मेरे द्वारा क्रेडिट कार्ड का किसी प्रकार से उपयोग नहीं किया गया है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा क्रेडिट कार्ड को एक्टीवेट करवाने के नाम से प्रार्थी से ओटीपी पूछकर डी बी एस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 80580 निकालकर धोखाधडी किया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के अनुक्रम में सायबर सेल तकनिकी सहायता प्राप्त कर आरोपी के संदर्भ में जानकारी प्राप्त किया गया। जिससे ज्ञात हुआ कि आरोपी विपीन कुमार पिता छितई प्रसाद निवसी रायबरेली द्वारा प्रार्थी से छल पूर्वक आनलाईन क्रेडिट कार्ड एक्टीवेट कराने के नाम पर प्रार्थी के खाते से 80,580 रू खाते से आनलाईन आहरण कर अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये थे आरोपी विपीन की पता तलाश टीम गठित कर उ प्र रायबरेली रवाना किया गया जहां से आरोपी विपीन कुमार को पकडा गया

# बॉलीवुड के किंग खान पर लगाए गए आरोप खारिज

**रायपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। फिल्म स्टार शाहरुख खान को कथित रूप से धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए फैजान खान के आवेदन को कोर्ट ने खारिज कर दिया। व्यवहार न्यायाधीश प्रीति कुजूर ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए वाद को सुनवाई योग्य नहीं माना। साथ ही कहा कि पेश किए गए आवेदन से कोई ठोस आधार नहीं बनता है। सोशल मीडिया और विज्ञापन के आधार पर ही आरोप लगाए गए हैं। बता दें कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता विराट वर्मा ने न्यायालय में पेश किए गए परिवाद पर तर्क रखा था कि बॉलीवुड के फिल्म अभिनेता शाहरुख सहित 5 अन्य के द्वारा भ्रामक विज्ञापन कर इसे प्रमोट एवं प्रसारित कर रहे हैं। साथ ही मिसलीडिंग एक्ट के इस तरह के विज्ञापनों को करने से युवा वर्ग और बच्चों को गलत दिशा में जाने के साथ ही आम जनता पर विपरीत प्रभाव पड़ने का हवाला दिया गया था।

**कवासी और शशांक की जमानत खारिज:** प्रदेश में हुए 2161 करोड़ के शराब घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। विशेष न्यायाधीश ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसे खारिज करने का फैसला सुनाया।

**रानू, सौम्या, सूर्यकांत एवं अन्य की रिमांड 29 तक बढ़ी:** डीएमएफ घोटाले में जेल भेजी गई निलंबित आईएएस रानू साहूए राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौया चौरसियाए कारोबारी सूर्यकांत तिवारी माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक रिमांड 29 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सभी की रिमांड पेशी पर को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने बताया कि इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। इसे देखते हुए रिमांड बढ़ाने का अनुरोध किया। जिसे विशेष न्यायाधीश ने स्वीकार कर आदेश जारी किया।

उल्टा पुल्टा

भिखारी- कुछ खाने को दे दो बाबा..!
आदमी- बाबा कल की रोटी खा लोगे..?
भिखारी- हां खा लूंगा..
आदमी- तो कल आना...

# अब बगैर लाईसेंस दूकान चलाने वालों पर गिरेगी गाज

■ नगर निगम आयुक्त ने जारी किये अधिकारियों को निर्देश

**दुर्ग**, 16 अप्रेल (देशबन्धु)। अब किसी भी दूकानदार के लिये व्यवसाय का लाईसेंस बनाना एवं उसे रिनीवल कराना अनिवार्य होगा। बगैर लाइसेंस बनाये दूकान करने अथवा बगैर लाइसेंस रीनिवल कराये जाने पर दूकान सील कर देने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जायेगी। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस बारे में नगर निगम अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किये है।



आयुक्त श्री अग्रवाल ने नगर निगम के प्रापर्टी धारकों की मृत्यु होने पर प्रापर्टी की खरीदी बिक्री के बाद फ्लैट, स्वतंत्र मकान के नामांतरण की प्रक्रिया प्रापर्टी खरीदने एवं विक्रय करने वालों द्वारा पूरी नहीं कराई जाती। इससे मृत प्रापर्टी मालिक के नाम नगर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भारतमाला परियोजना अंतर्गत कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों में प्रतिबंध समाप्त

**दुर्ग**, 16 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परियोजना निदेशक भारत माला परियोजना तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भारत माला परियोजना दुर्ग पाटन से प्राप्त अभिमत के आधार पर भारत माला परियोजना अन्तर्गत दुर्ग जिला के जिन प्रभावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन ग्रामों में खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जिनमें दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खोपली तथा ग्राम कोलिहापुरी और अनुभाग पाटन अंतर्गत ग्राम देमार, ग्राम छाटा, ग्राम गोडपेण्ड्री, ग्राम ठाकुराईनटोला, ग्राम तुलसी तथा ग्राम चंगोरी शामिल है। शेष प्रभावित ग्रामों जिनमें अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण नहीं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

देशबन्धु के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




प्रगतिशील पत्रकारिता की
एक मुकम्मल पहचान
दैनिक देशबन्धु के 67 वें
स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बारम्बार
बधाईयां
:: शुभेच्छु ::
दिलीप ठाकुर
आजीवन सदस्य, जीवन दीप समिति
जिला चिकित्सालय
दुर्ग (छ.ग.)

## दुर्ग में तीन तलाक का पहला मामला दर्ज

**दुर्ग**, 16 अप्रेल (देशबन्धु)। देश में तीन तलाक का कानून खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में तीन तलाक को खत्म कर दिया इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। ताजा मामले में दुर्ग के कसारीडीह में रहने वाली एक मुस्लिम महिला को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया और दूसरी महिला से शादी कर ली। महिला को तलाक देने के बाद उसका पति दूसरी महिला के साथ रहने लगा। अब इस मामले में महिला ने दुर्ग पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में पद्मनाभपुर थाने में आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) बीएनएस एवं मुस्लि म विवाह विच्छेद की अधिनियम वर्ष 2019 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इस पूरे मामले में पीड़िता रेशमा फातेमा ने बताया कि उसकी शादी मो.रईस पिता मो.अकरम खोखर के साथ 16 नवंबर 2023 को पटेल लॉन पुराना कामठी रोड, नागपुर में मुस्लिम तेली ते बिरादरी के रिति रिवाज के अनुसार हुई। शादी में उनकी मां ने हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया। शादी के बाद वह कसारीडीह दुर्ग अपने पति और पति के परिवार वालों के साथ रहने लगी। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤
















# जिला प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन की बैठक



## भिलाई, रिसाली अहिवारा में होगा विकास

**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के अधिकारियों और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी सम्मिलित हुए। नगर निगम रिसाली एवं भिलाई नगर और नगर पालिका परिषद अहिवारा में विकास कार्यों में प्रगति लाने अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चाएं हुई। बीएसपी प्रबंधन ने निगम के विकास कार्यों हेतु हर संभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में एजेंडा अनुसार जिला न्यायालय दुर्ग न्यायालय भवन एवं अधिकारी, कर्मचारी आवास हेतु भूमि आवंटन। आई.आई.टी. भिलाई के स्टॉफ आवास हेतु भूमि आबंटन। वर्किंग वामेन्स हॉस्टल के लिए भूमि आवंटन करने के संबंध में। निकाय क्षेत्र के लिए अमृत मिशन फेस-2 के अंतर्गत (अनुमानित 30 एमएलडी) फिल्टर प्लांट के लिए वीआईपी एवं इंटकवेल निर्माण के लिए जमीन तथा मरोदा डेम से पानी की उपलब्धता के संबंध में। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत विगत 30-40 वर्षों से बसाहट भूमि पर वर्तमान में 120 एकड़ एवं 151 एकड़ भूमि आबंटित किया गया है शेष बसाहट एवं रिक्त भूमि को नगर पालिक निगम रिसाली राजस्व को आबंटित करने। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड-6 में नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड-8 रिसाली सेक्टर के पूर्व में पूर्व निर्मित बीएसपी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को शासकीय 100 बिस्तर अस्पताल निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड-7 रिसाली सेक्टर पूर्व बीएसपी 35 नं.स्कूल में निगम कार्यालय निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड-12 मरोदा सेक्टर पश्चिम में शासकीय कॉलेज भवन निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड-33 नेवई बस्ती में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने। पटरीपार भिलाई क्षेत्र केम्प खुर्सीपार क्षेत्र में स्थित संपत्तियो, भूमि नगर निगम भिलाई को अंतरण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में निर्माण कार्य के अनापत्ति प्रमाण पत्र। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क हेतु 100 एकड़ जमीन प्रदाय करने।

### हुडको सीवरेज निकासी

खुर्सीपार स्टेडियम निर्माण के संबंध में अनापत्ति प्रदान करने हेतु। भूमि मांगध्आबंटन से संबंधित अन्य विषय। सिविल न्यायालय हेतु बी.आई.टी. कॉलेज के बाजू मे जमीन आबंटन किये जाने। नवीन महाविद्यालय रिसाली के लिए नेवई थाना के समीप जमीन उपलब्ध कराने हेतु। शासकीय महाविद्यालय, खुर्सीपार हेतु खुर्सीपार में बीएसपी के आधिपत्य की जमीन आबंटन। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 4 आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भूमि आबंटन, भवन उपलब्ध कराने हेतु। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एस्ट्रो टर्फहॉकी मैदान बीएसपी अनापत्ति, प्रयास हॉस्टल के बाजू से। नगर पालिका परिषद अहिवारा विभाग निर्माण कार्यों के लिए अनापत्ति प्रकरण। सियान सदन को आईटी पार्क हेतु दिये जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे, अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह, भिलाई निगम आयुक्त राजीव पाण्डे, रिसाली निगम आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, दुर्ग निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम भिलाई हितेश पिस्दा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित अन्य विभाग के अधिकारी तथा बीएसपी के अधिकारी उपस्थित थे।

# निगम संपत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट जारी



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। संपत्तिकर जमा करने पर अभी 6.25 प्रतिशत छूट प्राप्त करने के लिए निगम भिलाई के काउन्टर में अच्छी भीड़ हो रही है। बहुत सारे जागरूक नागरिक वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर जमा करने के लिए नगर निगम भिलाई के काउंटर पर पहुंच रहे है। इसके साथ ही जो नागरिक वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर जमा नहीं किए है। उनको 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 रूपये पेनाल्टी शुल्क जमा नहीं करने का लाभ मिल रहा है, 30 अप्रेल तक ही छूट प्राप्त होगा। नागरिको की सुविधा के लिए अवकाश के अवधि में मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के संपत्तिकर काउंटर खुले रहेगें। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील किए है कि जो भी मकान, दुकान मालिक है और जिनके द्वारा संपत्तिकर की राशि अभी तक जमा नहीं किए है। वे सभी नागरिक जल्द से जल्द अपना बकाया संपत्तिकर की राशि समय अवधि में निगम के संपत्तिकर काउंटर पर जमा कर दें। जिससे उनके बकाया करों पर लगाने वाले अतिरिक्त अधिभार से बचा जा सकें। साथ ही वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा कर 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ भी ले सकते है। वसूली एजेंसी के कर्मचारी घर पर भी जाकर संपत्तिकर प्राप्त कर रहे है। उन्हे भी दिया जा सकता है।

# 30 को मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक सायं 6 बजे जगन्नाथ मंदिर सभागार सेक्टर 6 में आयोजित की गयी। बैठक भगवान परशुराम जन्म प्राकट्योत्सव मनाने संबंधी विषय को लेकर रखी गयी थी। बैठक में मुख्य रूप से राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मी कांत तिवारी भिलाई अध्यक्ष ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से सभी सदस्यों ने 30 को भगवान श्री परशुराम का जन्म प्राकट्योत्सव सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में किया जाएगा। सुबह 9.30 बजे से विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी एवं 11 बजे पूजा पश्चात भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा। राकेश शुक्ला ने कहा कि समाज के सभी सदस्यों की इस कार्य क्रम में परिवार सहित भागी दारी हो। भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी ने भी इस कार्य क्रम हेतु सभी से तन, मन, धन के साथ सहयोग की बात कही, एवं सभी विप्र जनों से उपस्थित रहने की अपील की। बैठक मे अन्य सदस्यों ने भी संगठन संबंधी विचार रखे, और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा पर क्रमशः विचार रखे। बैठक मे महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा ने भी विचार रखे। बैठक में बीजेपी भिलाई अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की सुपुत्री ऋचा कौशिक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक मे राकेश कुमार शुक्ला, लक्ष्मी कांत तिवारी अरुण पंडाए मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा, संजय शर्मा, दीपक मिश्रा, राजेंद्र पंडा, रमेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेश चौरे, आर के पाण्डे, लक्ष्मी नारायण विश्वा, प्रभात मिश्र, अमर मिश्र, लखन लाल मिश्र, रविन्द्र कुमार, संदीप पांडे, शशांक दुबे, रीता शर्मा उपस्थित थे बैठक का संचालन नरेश चौरे ने व आभार व्यक्त ज्योति शर्मा ने किया।

# चाकू से हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जामुल पुलिस ने चाकू की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी छोटू निर्मलकर निवासी जामुल थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाला गया था। रात्रि करीबन 10 बजे शोभायात्रा दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा था की उसी समय राजेश कुमार, सूरज पासवान, चन्द्रप्रकाश, करन कुमार चारो आये और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे पैसा देने से इंकार करने पर चारो एक राय होकर हाथमुक्का से मारपीट करते हुए बटनदार धारदार चाकु को प्रार्थी के पेट में टिकाते हुए धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा बदमाशो के विरूद्ध कार्यवाही करने के शख्त निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर भिलाई सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में जामुल पुलिस आरोपी राजेश कुमार, सूरज पासवान, चन्द्रप्रकाश ढीमर, करन कुमार को 15 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय, उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सहायक उप निरीक्षक महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान सिंह, जी. सामुएल, अतुल यादव, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा। जामुल पुलिस ने आरोपियों केखाला धारा 119(1) 296ए(3)(5) बीएनएस एवं 25ए 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करते हुए 2 नग धारदार चाकु जप्त किया है।

# पुरुष प्रताड़ना के खिलाफ दिल्ली में 19 को सत्याग्रह



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु) मेन्स राईट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ पुरुष अधिकारों के लिए महिलाओं के लिए बने कानूनों के दुरुपयोग के विरुद्ध तथा पुरुष आयोग की मांग एवं पुरुषों के स्वास्थ्य व पुरुषों के बढ़ते आत्महत्या दर जैसे गंभीर विषय, कानून के दुरुपयोग को आवश्यक रूप से दंडनीय बनाने एवं लैंगिक भेदभाव वाले कानून में संसोशन करके जेंडर न्यूट्रल बनाये जाने की कार्य योजना पर निरंतर कार्य करती रही है। कानून के दुरूपयोग के कारण अतुल सुभाष, पुनीत खुराना, और मानव शर्मा एवं अन्य की आत्महत्याओं के हालिया मामलों ने देश को हिला दिया है। इन दुखद घटनाओं ने वैवाहिक अशांति पैदा होती। उन्होनें उदाहरण देते हुए बताया कि पत्नि प्रताड़ित पति की हत्या के अनेक मामले अलग-अलग राज्यों में देखने को मिले है। कानूनों का दुरुपयोग कर कुछ स्थानों पर दहेज, छेड़छाड़ एवं बलात्कार जैसे झूठे प्रकरण चिंता के विषय बन गयें है। बदला लेने या जबरन वसूली के साधन के रूप में अक्सर झूठे मामले दर्ज किए जाते हैं। जिससे पुरुष असहाय महसूस करते हैं और उनके पास कोई सुरक्षा नहीं होती। भारत में पुरुष आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या चौंकाने वाली है। जिसमें पारिवारिक और घरेलू समस्याएं प्रमुख कारण हैं। हर 4 से 5 मिनट म देश में एक पुरुष आत्महत्या कर लेता है। शारीरिक एवं मानिसक प्रताड़ना पुरुषों के साथ भी होता है। पुरुषों के सुनवाई के लिए किसी आयोग एवं मंत्रालय का न होना, पुरुषों के प्रति गंभीर असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इन गंभीर मुद्दों के जवाब म सेव इंडियन फैमिली मूवमेंट जो लगभग 40 से अधिक एनजीओ का समूह ह, ने 19 अप्रैल 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर पर सत्याग्रह फॉर मेन का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, लिंग पक्षपाती कानूनों को जेंडर न्यूट्रल बनाना, सेव इंडियन फैमिली द्वारा संचालित राष्ट्रीय पुरुष हेल्पलाइन 888.2.498.498 के जरिए कई पुरुषों एवं उनके परिजनों को पिछले 10 वर्ष से बचाए जाने का कार्य किया जा रहा है तथा साप्ताहिक मीटिंग के जरिए उन्हें कानूनी सलाह एवं प्रेरणा दिया जाता है। प्रेसवार्ता के जरिए लोगों से आग्रह करते हैं किए वे जंतर मंतर दिल्ली पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर लिंग समानता की भावना को समर्थन देवे।

# अहिवारा में मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जयंती



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। डॉ. अम्बेडकर जयंती भारतीय बौद्ध महासभा नंदिनी नगर अहिवारा द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष विघानंद कुशवाहा के मुख्य आतिथ्यि में धूमधाम से मनाई गई। भारतीय बौद्ध महासभा के उपासक.उपासिकायों ने बुध्द वंदना कर दीप प्रज्वलित किया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। जिसमें पूर्व नपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, सतीश साहू, लिमन साहू, अशोक बाफना, रामजी निर्मलकर, कीर्ति राजा शिवाल, लहरें ईश्वर शर्मा, विदेशी साहू, अनुज साहू, अरूण बंजारे, रामकृष्ण किट्टा, भूपेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, समारू पटेल, राजा शर्मा, निरमेश मिश्रा, रविशंकर सिंह, सुटेल, राजकुमार शिवारे, विजय वासनिक, सिध्दार्थ वासनिक, अजय वासनिक, भागचंद, श्याम कुंवर, अमर श्याम कुंवर, मनोज श्यामकुंवर, कविता वासनिक, अंतकला वासनिक, छाया वासनिक,ममता जंघेल, नीलकंठ पगारे, इंद्रपाल, जनबंधु, अभिषेक सिंह, अनिल श्याम कुंवर, कविता, नम्रता, राजेश बोरकर, ललिता, खुशबू बोरकर, रीना साहू, मानसी, वैशाली, दिपांशी, दिशा, प्रियंका, लावन्या उपस्थित थे।

# उपलब्धियों भरा रहा ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन कार्यकाल : इंद्रजीत



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन इस्पात नगरी के एक निजी होटल में किया गया। बैठक में स्थानीय ट्रांसपोर्टर्स के हित में अनेक निर्णय पारित किया गया। पदाधिकारियों व सदस्यों ने अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू का स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि यह संगठन पिछले 50 वर्षों से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की आवाज बना हुआ है। पिछले तीन वर्षों में संगठन ने उल्लेखनीय प्रगति की है और कई अहम बदलावों को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आज यूनियन में सभी ट्रांसपोर्टरों को बराबर अवसर मिल रहा है और अब किसी का काम कोई दूसरा नहीं छीन रहा। पहले बाहरी ठेकेदारों द्वारा काम हथियाने की प्रवृत्ति थी। लेकिन अब स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को ही प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश की अनुमति दी गई है। यह मांग लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा की जा रही थी। जिस पर अब सकारात्मक निर्णय हुआ है। इस निर्णय से प्रतिदिन 70 ट्रकों को प्रवेश मिलेगा। जिससे ट्रांसपोर्टरों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह का स्वागत किया। यूनियन द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भी सराहना हुई। जिसमें इस वर्ष 75 ड्राइवरों की बेटियों की शादी में 25-25 हजार की आर्थिक सहायता, 800 यूनिट रक्तदान, 2500 से अधिक हेलमेट वितरण और ट्रांसपोर्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण व 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस शामिल है। बैठक का संचालन महासचिव मलकीत सिंह लल्लू एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने किया। इस अवसर पर संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, गनी खान, सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह पप्पी, दिलीप खटवानी, बलजिंदर सिंह, शहनवाज़ कुरैशी, राहुल जैन, सतेंद्र शर्मा, राजू भसीन, कमलेश्वर सिंह, सुनिल यादव, विक्रम अग्रवाल, वाजिद अंसारी, रमन, आनंद सिंह, निर्मल सिंह निम्म, अभिषेक जैन, गुरप्रीत सिंह, गोनी सिंह, चिंटू सिंह, लाला यादव, कमलेश्वर सिंह, गिरीश खंडेलवाल, पंकज शर्मा, सुनील यादव, वाजिद अंसारी, हर्ष शर्मा, मनोज अग्रवाल, रिजू सिंह, दलजीत सिंह, कृष्णा सिंह, प्रेम सिंह, ईश्वरी साहू, विक्रम अग्रवाल, अश्वनी राय, भोज भारत त्रिवेदी, टी राजेश दूबे मौजूद रहे।

# शिवसैनिकों ने जिलाधीश को सौंपा राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। शिव सेना यू बी टी के प्रवक्ता राजू गुप्ता ने बताया कि बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा दंगा के विरोध में मशाल जलाकर घटना की कड़ी निंदा कर बंगाल सरकार ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति महोदया को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। अशोक राव तांदुलकर एवं राजू गुप्ता ने कहा कि हिन्दु वहां से पलायन करने मजबूर हो रहे हैं मकान दुकान में आगजनी कर तोड़ फोड़ कर रहे हैं हिंसक कार्यवाही हो रही है। उन्होनें आरोप लगाया कि घरों पर बम फेंक जैसी घटना हो रही है। घरों एवं सड़कों पर पत्थर बाजी कर रहे हैं। सरकार का मौन है। इन प्रदर्शन कारियों पर कभी भी सरकार गंभीर नही रही न ही कोई कानूनी कार्यवाही की जाती है। वोट बैंक की राजनिति में ममता सरकार आँख में पट्टी बांध कर बैठी है एवं हिन्दुओ की सुरक्षा को अनदेखी करती है धार्मिक कट्टरपंथी बेखौफ़ तांडव मचा रहे हैं। हिन्दुओ के जान माल की सुरक्षा नही हो रही है उनकी बंगाल मे कोई सुनवाई नहीं हो रही इन धार्मिक कट्टरपंथीयो का हिंसा तांडव की केन्द्र सरकार न्यायिक जाँच करे क्योकि यह सुनियोजित प्रयोजित हिन्दुओं पर हमला हैं बंगाल सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाय इन हिंसा कारी पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष



**भिलाईनगर**, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बंगाली समुदाय द्वारा 15 अप्रैल को पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष मनाया गया। भिलाई बंगाली समाज द्वारा ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बांग्ला कैलेंडर भी बांटे गए। आयोजन का यह 20 वां वर्ष था। कार्यक्रम की शुरूआत भिलाई बंगाली समाज के संरक्षक मानव सेन अध्यक्ष सुप्रोभात पाल, पूर्व अध्यक्ष डीके दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना कर की गई। अ जी बांग्ला सारेगामा फेम और उभरता हुआ प्लेबैक सिंगर अंकन ने अपने टीम के साथ सुमधुर नए व पुराने हिंदी और बांग्ला गीतों की प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से गायक अंकन ने समां बांधा। सरल सभाव और व्यक्तित्व के धनी गायक अंकन अपने सुमधुर आवाज से लोगों का दिल जीता। लोग एक.दूसरे को नए साल की बधाई दी। आयोजन स्थल पर बंगाल के इतिहास और संस्कृति से जुड़ी लीजेंड ऑफबंगाल नाम से एक गैलरी भी बनाई गई थी। इसमें अपने कर्म, साहस, भक्ति, त्याग एवं तेज से बंगाल व देश को गौरवशाली बनाने वाले लोगों की जीवन परिचय प्रदर्शित की गई थी। इसमें चैतन्य महाप्रभु, रानी रासमणी, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, राजा राम मोहन राय, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, रामकृष्ण परमहंस, आशुतोष मुखजी, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी, शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय, जगदीश चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद आदी की जीवन परिचय को दर्शाया गया। मंच संचालक के दौरान राजदीप सेन ने बताया कि आज के युवा अपनी इतिहास भूलते जा रहे हैं। यह गैलरी इसलिए लगाई गई है ताकि आज के युवा पीढ़ी न केवल बंगाल के नायकों को याद करेंगे बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को भी नई दिशा देने में मदद मिलेगी।

# खतरनाक स्टंट करने वाले पर अर्थदण्ड की कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु) नागरिक की शिकायत पर यातायात पुलिस सेंट्रल एवेंन्यु मार्ग में लापरवाही पूर्वक वाहन को लहरते हुवे खतरनाक स्टंट करते वाहन चालाने वाले के खिलाफ अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई है। यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे, हमराह प्रधान आरक्षक घनश्याम दुबे, आरक्षक राहुल सोनी के द्वारा वाहन के नंबर के आधार पर पतासाजी कर वाहन के मालिक को वाहन के साथ यातायात मुख्यालय लाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। उक्त वाहन चालक से अन्य ऐसे वाहन चालक जो स्टंट करते हुए वाहन चालन करते है उन्हें ऐसी लापरवाही न करने हेतु अपील कराया गया क्योकि यह स्वयं तथा अन्य के लिए भी खतरनाक है।



# सेक्टर के बाजारों का होगा उन्नयन कार्य



**भिलाईनगर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग इस्पात नगरी के जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टाउनशिप के सौंदर्यीकरण, अनुरक्षण एवं उन्नयन की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इस्पात नगरी के सभी प्रमुख चौराहों के उन्नयन के बाद सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य भी अब लगभग पूर्णता पर है। दूसरी ओर नगर सेवाएं विभाग अब इस्पात नगरी के प्रमुख बाजारों व नालियों, सड़कों की साफ-सफाई के साथ-साथ आवागमन को और अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु हरसंभव कार्य कर रहा है। नगर सेवाएं विभाग ने अपने इस कार्य के दौरान सर्वप्रथम सेक्टर-10 और सेक्टर-6 के बाज़ारों के उन्नयन की दिशा में कार्य प्रारंभ किया है। टीएसडी के सिविल विभाग द्वारा इन दिनों टाउनशिप की नालियों का रखरखाव व मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार नई नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। लोगों को असुविधा से बचाने और टाउनशिप में सफाई व व्यवस्था सुचारू रखने हेतु नगर सेवाएं विभाग प्रयासरत है। बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-10 मार्केट में स्थानीय पार्षद के सहयोग व सुझाव से नाली निर्माण के लिए नई पाइपलाइन डालने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। इसी तरह सेक्टर.6 में भी बाजार के चारों ओर की नालियों की मरम्मत और साफ सफाई भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। वित्त वर्ष 2024-25 में इस्पात नगरी के जनसामान्य के आवागमन को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हेतु नगर सेवाएं विभाग द्वारा पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौराहों का उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य वृहद पैमाने पर किया गया है। टाउनशिप के कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों और नगर निगम से अनुमति नहीं प्राप्त होने के कारण चौड़ीकरण पूर्ण नहीं हो पाया है। रूआबांधा के निकट पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाईओवर तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तीव्रता से प्रगति पर है वहीं नगर सेवाएं विभाग चौक से सेक्टर 6 कोतवाली थाने तक की सड़क का चौड़ीकरण भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक और नालियों के अधूरे कार्य के कारण चौड़ीकरण का जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है उसे भी भविष्य में कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

**दैनिक सब्जी मंडी कुम्हारी के लिए वाहन एवं मोटर साइकिल स्टैंड की नीलामी आज**

**कुम्हारी ।** वार्ड क्रमांक 4 स्थित दैनिक सब्जी मंडी में सुव्यवस्था के साथ पालिका के राजस्व अर्जन के उद्देश्य से वाहनों एवं मोटरसाइकिल स्टैंड की नीलामी आज नगरपालिका सभागार में दोपहर 12ः00 बजे से प्रारम्भ होने जा रही है, जिसमें शासकीय बोली 50,51,000 रुपए निर्धारित की गई है।

# काम करने के उद्देश्य से आई हूं जिसका परिणाम आप लोगों को जल्द दिखेगा : लवली शर्मा

**खैरागढ़,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नव पदस्थ कुलपति प्रो लवली शर्मा ने कहा कि मैं यहां बेहतर काम करने के उद्देश्य से आयी हूं, जिसका परिणाम आपको जल्द दिखेगा गौरतलब है कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बीच नवपदस्थ कुलपति प्रो.लवली शर्मा ने सोमवार 14 अप्रैल को विश्वविद्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रवार्ता लेकर कहा कि बेहतर काम करने आयी हूं और बहुत जल्द आप सभी को बेहतर परिणाम नज़र आएगा इस दौरान कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि विरोधी मेरे खिलाफ़ षड्यंत्र करते हैं पर मैं सिर्फ अपने काम पर भरोसा करती हूं क्योंकि काम करना मेरा जुनून में शामिल है और आपको मेरे काम में गुणवत्ता और काम करने की बेहतरीन शैली हमेशा नज़र आयेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति श्रीमती शर्मा ने वादा किया कि संगीत कला व ललित कला को समर्पित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय अब अपनी गरिमा के अनुरूप केवल छात्रों के हित में बेहतर काम करेगा क्योंकि छात्रों का हित ही हमारे लिये सर्वोपरि है और इसमें कोई भी समझौता हम नहीं करेंगे. उन्होंने बताया कि जीवन में अब तक जो भी काम किया है वह पूरी ईमानदारी और शिद्दत से किया है और उनको अब तक मिले सारे पुरस्कार राज्यपाल द्वारा दिये गये हैं और वो गोल्ड मेडलिस्ट है और डिलीट भी किया है। उन्होंने बताया कि सितार में उन्हें फर्स्ट लेडिस का गौरव प्राप्त है साथ ही समाज सेवा करना उन्हें बेहद पसंद है और नेक काम उनके जीवन का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर सेंट्रल जेल में उन्होंने आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदियों का संगीत के माध्यम से उपचार किया है जिसके लिये विश्व स्तर पर उनके कार्यों की सराहना भी हुई है। संगीत के अलग-अलग विषयों पर उन्होंने 12 पुस्तक लिखी है और भारत की ओर से उन्होंने तकरीबन 12 देशों का प्रतिनिधित्व भी किया है। कुलपति ने बताया कि परमात्मा ने उन्हें अच्छा काम करने का मौका दिया है और वह इस काम को पूरी शिद्दत से करेंगी ताकि आने वाले दिनों में संगीत विश्वविद्यालय के हर काम को बेहतर ढंग से अंजाम दिया जा सकें।

**शोध कार्यों, नैक ग्रेडेशन व संगीत कला के कार्यक्रमों पर होगा बेहतर और विशेष कार्य**



- **विरोध के बीच नवपदस्थ कुलपति ने की पत्रवार्ता**
- **पत्रकारों से किया वादा- विवि अब अपनी गरिमा के अनुरूप काम करेगा**

कुलपति प्रो. लवली शर्मा ने अपनी कार्य योजना का जिक्र करते हुये कहा कि वे विश्वविद्यालय में शोध कार्यों, ए ग्रेड से सी ग्रेड हुये नैक ग्रेडेशन और संगीत कला के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देकर बेहतर कार्य करेंगी। खैरागढ़ महोत्सव के आयोजन को लेकर उन्होंने शीघ्र ही इसे फिर से शुरू करने की बात की और कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रायोगिक रूप से बेहद मजबूत हो और उनका डर-भय समाप्त हो एवं उनकी प्रस्तुतियां सब की ओर अपना ध्यान आकर्षित करें इसी भावना को लेकर वह आगे बेहतर काम करने का भरपूर प्रयास करेंगी।

**विवि की छात्राओं के खिलाफ हो रहे यौन उत्पन्न को लेकर कुलपति ने दिये कड़ी कार्रवाई के संकेत**

संगीत विद्या में पारंगत कुलपति प्रो.लवली शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बेबाकी से कहा कि छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मसले पर कोई भी समझौता नहीं किया जायेगा और शिकायत मिलने पर इस गंभीर मामले पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पाठकों को बता दे कि बीते सप्ताह ही विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को छात्रा से यौन उत्पीड़न के मामले में जेल भेजा गया है वहीं विश्वविद्यालय में पूर्व में दो और शिक्षकों पर छात्रों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप सामने आये थे जिस पर विरोध प्रदर्शन भी हुआ था लेकिन कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उन्हें विश्वविद्यालय की विशाखा कमेटी से क्लीन चिट दे दी गई थी जिसे लेकर आज भी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों के कार्य को लेकर बड़ी फ़ज़ीहत होती रही है वहीं कुलपति ने भ्रष्टाचार की शिकायत होने पर और विश्वविद्यालय में हुई फर्जी नियुक्तियों को लेकर भी अपने कार्यकाल में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, कुलपति सचिवालय के प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता सहित जिले के प्रतिष्ठित पत्रकारगण क्रमशः जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र गौर, अनुराग तुरे, खिलेंद्र नामदेव, किशोर सोनी, जिला पत्रकार संघ उपाध्यक्ष मो. याहिया नियाज़ी, यतेंद्रजीत सिंह, राजेंद्र चंदेल, आलोक श्रीवास, श्रेयांश सिंह बाबुल, नितिन भौंडेकर, विमल बोरकर, प्रदीप बोरकर, यतीश साहू, शेखर दास वैष्णव, निलेश यादव, मनोहर सेन व सोमेश लहरें सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे।

# डॉ. आंबेडकर एक महान समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ थे : विक्रांत सिंह



**खैरागढ़,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के आंबेडकर चौक में 14 अप्रैल सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया इसके बाद पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम के दौरान जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भारत के संविधान निर्माता होने के साथ महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता थे। यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी यह बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है। श्री सिंह ने आगे कहा कि आंबेडकर जी शिक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली थे। उन्होंने बाम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और फिर स्कालरशिप की मदद से अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से एम.ए. और पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंग्लैंड गए और वहाँ से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि आज जब हम आंबेडकर जयंती को मना रहे हैं, तो हमें इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करें, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाएं, और भारत को एक सशक्त, समान और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर सभी उपस्थितजनों ने डा.आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, गिरजा चंद्राकर, आयश सिंह, नीलिमा गोस्वामी, शशांक ताम्रकार, मंजीत सिंह, विनय देवांगन, खुमान देशलहरे, देवीन कोठले, अयूब सोलंकी, महेश गिरी सहित बड़ी संख्या भाजपाई उपस्थित रहे।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य करें : भूपेश



**कुम्हारी,** 16 अप्रैल। बुधवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी के उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर आशीर्वाद मांगा इसके पश्चात कार्यक्रम में पहुंचे नगर के प्रथम नागरिक एवं पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण समारोह में नगर पालिका कुम्हारी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में कुम्हारी नगर में बहुत से विकास के कार्य हुए पालिका भवन भी उन में से एक है उन्होंने उपाध्यक्ष को सलाह दी कि वह अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें और नगर के विकास एवं समाज के प्रति बिना किसी भेदभाव से सेवा कर एक उत्कृष्ट नेतृत्वकर्ता बने। उन्होंने विकास को नगर के अंतिम व्यक्ति तक सत्ता पक्ष से समन्वय बनाकर हर योजनाओं को सरलता से पहुंचाने की बात कहीं और एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सभी को पार्टी की रीति-नीति से जुड़ कर समाज हित में कार्य करने एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, स्वप्निल उपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, उप नेता प्रतिपक्ष निर्मला कुर्रे, पार्षद यूजेन्द्र साहू, युगेश्वर पटेला, लेखराम साहू, ,, राकेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# शासन योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने किये आह्वान : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े



**दल्लीराजहरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीया लक्ष्मी राजवाड़े के बालोद आगमन पर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू के नेतृत्व में मंडल प्रतिनिधिमंडल ने किया सौजन्य भेंट किया इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने समस्त कार्यकर्ताओं से राज्य की विष्णु देव साय व केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जनहित योजनाओं के की ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयों की चर्चा करते हुए पार्टी के निर्णयों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# करवारी फार्म हाउस शराब मामले में मुंबई के तीन गिरफ्तार

**डोंगरगढ़,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। 29 अप्रैल को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670/-रू को एवं घटना स्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर घटित विशेष टीम द्वारा श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुये मामला में अब तक फार्म हाउस मालिक सहित कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जा चुकी है।



मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी चन्दन ममतानी को छ0ग0 गोवा शराब के स्टीकर उपलब्ध कराने वाले आरोपी गणेश भोजने के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम मुम्बई रवाना किया गया जहां विशेष टीम द्वारा छ0ग0 गोवा शराब के स्टीकर उपलब्ध कराने वाले 03 आरोपी को पकड़े। चन्दन ममतानी छत्तीसगढ़ गोवा का नकली स्टीकर बनवाने हेतु गणेश भोजने के पास एक छ0ग0 शराब के गोवा का खाली शीशी लेबल लगा हुआ भेजा था। जिसके आधार पर आरोपी गणेश भोजने नकली स्टीकर तैयार कराने हेतु रोहिदास सातरडेकर एवं सुरज कदम मुम्बई निवासी से संपर्क किया जिस पर आरोपी रोहिदास सातरडेकर एवं सुरज कदम मुम्बई निवासी ने गणेश भोजने को छ0ग0 गोवा शराब का स्टीकर (लेबल) प्रिन्ट कर दिये थे जिसे गणेश भोजने नागपुर निवासी चन्दन ममतानी को दिया था। छ0ग0 गोवा शराब के नकली स्टीकर उपलब्ध कराने वाले तीनों आरोपीगण को दिनांक- 16.04.2025 को गिरफ्तार कर मान0 न्यायालय पेश किया गया है।

**प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट के लिए पंजीयन प्रारंभ**

**गंडई पंडरिया।** जिला स्तरीय प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन निः शुल्क नवोदय/प्रयास कोचिंग सेंटर गंडई द्वारा 18 अप्रैल दिन शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल गंडई में किया जा रहा है। प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक छात्र/छात्रा के लिए पोर्टल भी बनाया गया ह।

## निधन

### लच्छन साहू



**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल। परिक्षेत्र साहू समाज नवापारा के संरक्षक लच्छन साहू का आकस्मिक निधन गत रात्रि को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को प्रात:11 बजे निज निवास किसानपारा से निकाली गई। वे शेखर साहू,गजेंद्र साहू के पिता थे।

### तुलसीराम चंद्राकर



**महासमुंद,** 16 अप्रैल। स्थानीय पुरानी बस्ती निवासी तुलसीराम पिता जगन्नाथ चन्द्राकर का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सोनू चन्द्राकर, लक्की चन्द्राकर के पिता तथा आदर्श प्रिंटर्स स्टेशन रोड़ के संचालक चंद्रमणी चन्द्राकर व भोलाराम चन्द्राकर के भाई थे।

### वल्लभ भाई कारिया



**दुर्ग,** 16 अप्रैल। आर्य नगर निवासी वल्लभ भाई कारिया उम्र 78 वर्ष का कल 15 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र कारिया, सुरेन्द्र कारिया के पिता थे। कल 17 अप्रेल को संध्या 4.30 बजे से 5 बजे तक सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड दुर्ग में उठावना (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया है।

# कलेक्टर ने पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर से बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सामाजिक जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सब साथ आयेंगे, हर बच्चे को सुपोषित बनाएंगे के संदेश के साथ पोषण पखवाड़ा रथ जनजागरूकता के लिए निकला। बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सामाजिक जागरूकता के लिए बैनर, पोस्टर से सुसज्जित चलित वाहन पोषण पखवाड़ा रथ तैयार किया गया है। पोषण पखवाड़ा रथ के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों में पहुंचकर बच्चों को सुपोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जनसहभागिता से कार्य करने तथा बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 22 अप्रैल को पोषण पखवाड़े का समापन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य से संबंधित कैलेण्डर का पालन करते हुए बच्चों के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में जीवन के प्रथम 1000 दिवस अंतर्गत गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों की मानिटरिंग की जा रही है। पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा के तहत सायकल रैली, बाईक रैली, पोषण रथ, एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम, हमर स्वस्थ लईका, एनिमिया जागरूकता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की पहचान के लिए सर्वेक्षण

**राजनांदगांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश के स्थायी प्रतिक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर 2024 को आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया है। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में नये आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय बोली, भाषा में भी ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिले में वर्ष 2016-17 से 2023 तक स्वीकृत 27442 आवासों में से 27081 आवास पूर्ण हो चुके है तथा शेष 361 आवास प्रगतिरत है। उसी प्रकार वर्ष 2024-25 में 29584 आवास स्वीकृति कर लिया गया है। आवासों के लिए जारी पहली और दूसरी किश्त के आधार पर निर्माण कार्य प्रगति पर 6284 आवास पूर्ण हो चुके है। जिले में 8185 सेल्फ सर्वे एवं प्रगणक द्वारा 37966 कुल 46151 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

**15 से 30 तक सर्वे हेतु विशेष पखवाड़ा**

भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में सर्वे करने हेतु ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है। जिनके द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार पात्र हितग्राही स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते हैं। इसके लिए स्मार्ट फोन के माध्यम से प्लेस्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्सन 2.1.20 के वेबसाईट https://pmayg.nic. in/infoapp.html एवं आधार फेस आईडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर कर सकते है। जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड इत्यादि जानकारी अपलोड करके कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क कर सकते है। मोर आवास-मोर अधिकार अंतर्गत मोर दुआर-साय सरकार महाभियान विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे समय सीमा में सर्वे को पूर्ण करने एवं पात्र परिवारों के चिन्हांकन हेतु सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिससे कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित नहीं हो।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अब बगैर लाईसेंस दूकान ...

निगम द्वारा डिमांड नोटिस जारी की जाती है जो उचित नहीं है। आयुक्त श्री अग्रवाल ने इस सारे मामलों को लेकर अभियान चलाकर जांच करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बाजार अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वे लोग अभियान चलाकर सर्वे करें कि कौन दूकानदार बगैर लाइसेंस के दूकान चला रहा है। यदि कोई दूकानदार ऐसा करता पाया जाता है तो उसकी दूकान सील कर दी जायें।

उन्होंने शहर के सभी करदाताओं से अपनी प्रापर्टी का नामांतरण 30 अप्रेल के पहले कर लेने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी है कि किसी मृतक के नाम पर डिमांड नोटिस जारी न किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि बिकी हुई प्रापर्टी का नामांतरण कर लिया जाये।

### भारतमाला परियोजना अंतर्गत ...

हुई है उनमें प्रतिबंध पूर्व की भांति यथावत रहेगा। ज्ञात हो कि भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के अन्तर्गत 0.00 किमी से 44.500 किमी तक 4/6 लेन सडक निर्माण के तहत दुर्ग.रायपुर बायपास निर्माण किये जाने हेतु दुर्ग जिले के दुर्ग.तहसील के 12 ग्रामों एवं अनुभाग पाटन के 13 ग्रामों की भूमि अधिग्रहण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3 (ए) के द्वारा प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में किया गया है। जिसके अनुसार जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्रामों के प्रभावित खसरों के दोनों ओर की 100 मीटर तक की भूमि की खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

### दुर्ग में तीन तलाक का...

शुरुआती कुछ दिन ठीक रहने के बाद पति व ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया और बिना बात के विवाद करने लगे। दहेज में सोने रिंग, बाइक व ज्यादा कैश नहीं देने को लेकर विवाद करने लगे। एक लाख रुपए मां से लाकर देने की डिमांड करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां ने पांच बहनों की शादी कराई और इस शादी में भाई ने 20 लाख का कर्जा लिया था। डिमांड पूरी नहीं करने पर पति के द्वारा मारपीट शुरू कर दी गई।

इसी मामले में पीड़िता रेशमा फातेमा ने पुलिस को यह भी बताया कि उसकी छोटी बहन की शादी भी इसी परिवार में उसके देवर के साथ हुई है। पीड़िता का आरोप है कि उसे व उसकी बहन को भी उसके पति व ससुराल वाले मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से परेशाम कर रहे है। मायके से रकम लाने के लिये दबाव बना रहे है।

# बाबा साहब डॉ. आम्बेडकर करोड़ों लोगों के जीवन में उत्साह और रोशनी दिखाने वाले महामानव : डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 14 अप्रैल को डॉ. आम्बेडकर भवन सिविल लाईन राजनांदगांव में आयोजित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 14 अप्रैल भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बौद्ध कल्याण समिति की मांग पर 10 लाख रूपए की राशि समाज को देने की घोषणा की।





- **विस अध्यक्ष ने बौद्ध कल्याण समिति की मांग पर 10 लाख की राशि समाज को देने की घोषणा की**
- **भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर युगों-युगों तक रहेंगे याद**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर करोड़ों-करोड़ों लोगों के जीवन में उत्साह और रोशनी दिखाने वाले ऐसे महामानव है, जिन्होंने हिन्दुस्तान के सभी वर्गों को एक जीने का उत्साह दिया और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान किया। समता, बंधुत्व और न्याय के विचारधारा के साथ शिक्षित बनो, संगठित रहो और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करो का संदेश दिया। संघर्ष करने की ताकत समाज के सभी लोगों को देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश एवं दुनिया में ऐसा व्यक्ति जो न केवल अपने ज्ञान, विवेक, बुद्धि और अपने विचार से श्रेष्ठ थे, बल्कि संविधान का निर्माण ही पर्याप्त था कि युगों-युगों तक उनको याद किया जाएगा। संविधान जो न केवल अधिकार और शक्ति देता है, बल्कि कर्तव्य का बोध कराता है। पिछड़े समाज के लिए स्थायी आरक्षण की व्यवस्था ही नहीं करता बल्कि बराबरी और समानता का अधिकार रखने की ताकत संविधान देता है। ऐसे संविधान का निर्माण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हिन्दुस्तान विविधता वाला देश है जहां 500 प्रकार की भाषाएं और बोलियां है यहां अलग-अलग विचारधारा के लोग रहते हैं। संविधान की यह ताकत है कि भारत को एक सूत्र में बांधकर और जोड़कर रखा है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने देश और समाज की मजबूती के लिए संविधान का निर्माण किया। इस संविधान से हिन्दुस्तान वर्ष 1947 से लेकर वर्ष 2025 तक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसा मजबूत संविधान मिला है। संविधान के मार्ग में चलकर समाज बहुत आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव श्री कांति कुमार फुले ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, श्री कोमल सिंह राजपूत, मुख्य वक्ता श्री आर शंभरकर, डॉ. दिवाकर रंगारी, श्री सुशील गजभिये, डॉ. सतीश वासनिक, डॉ. केएल टांडेकर सहित जनप्रतिनिधि, बौद्ध कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग उपस्थित थे।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी ।

मण्डल का कॉलोनी सामान्य आवास योजना लखोली, जिला राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती धनिया बाई ठाकुर पति स्व. श्री रामशरण सिह ठाकुर भूखण्ड क्रमांक जे/231 लखोली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
सील **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी ।

मण्डल का कॉलोनी सामान्य आवास योजना लखोली, जिला राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती धनिया बाई ठाकुर पति स्व. श्री रामशरण सिह ठाकुर भूखण्ड क्रमांक जे/230 लखोली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
सील **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
देशबन्धु
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...



अजय साहू
अध्यक्ष
जिला भारतीय जनता पार्टी
बेमेतरा

लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
देशबन्धु
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...



प्रीतम अजंली चन्देल
सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12
सभापति
सहकारी समिति, जिला पंचायत बेमेतरा

लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
देशबन्धु
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...



दीपेश साहू
विधायक
बेमेतरा विधानसभा

लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
देशबन्धु
के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...



दिलीप माहेश्वरी (बंटी चाचा)
अध्यक्ष
माहेश्वरी युवा संगठन, बेमेतरा

# कलेक्टर कार्यालय को उड़ाने की धमकी झूठी निकली





**कवर्धा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार16 अप्रैल को कवर्धा कलेक्टर कार्यालय के आधिकारिक ई-मेल पर एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ, जिसमें उल्लेख किया गया कि कार्यालय को ॠष्ठङ्ग विस्फोटक से दोपहर 2ञ्30 बजे तक उड़ा दिया जाएगा। इस मेल की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और कबीरधाम पुलिस तुरंत अलर्ट हो गए।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर बम डिस्पोजल स्चॉड (ङ्घष्ठस्), स्नीफर डॉग टीम, स्न्ङ्क वाहन, त्न्क्रञ्ज टीम और थाना कवर्धा पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे।

**पुलिस की सतर्कता से टली अफरातफरी**

एहतियातन पूरे कलेक्टर कार्यालय को तत्काल खाली कराया गया और आम नागरिकों की प्रवेश पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। पुलिस ने कलेक्टर परिसर की घेराबंदी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल स्वयं उपस्थित रहे और संपूर्ण कार्रवाई की निगरानी करते रहे। बम डिस्पोजल स्चॉड एवं स्नीफर डॉग्स की मदद से भवन के प्रत्येक कोने की गहन जांच की गई।

जांच के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु, बम, विस्फोटक या कोई भी खतरनाक सामग्री नहीं पाई गई।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह मेल पूर्णतः असत्य और भ्रामक था, जिससे जनमानस में भय का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास किया गया।

कबीरधाम पुलिस द्वारा ई-मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान हेतु साइबर सेल की सहायता ली जा रही है। ईमेल भेजने वाले के ढ्ढक्क ऐड्रेस को ट्रेस किया जा रहा है और तकनीकी विश्लेषण जारी है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अफवाह फैलाने या झूठी धमकी देकर शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पात्रता रखने वाले हितग्राहियों से आवास सर्वे में नाम जुड़वाने 30 अप्रैल के पूर्व पंजीयन कराने हेतु अपील

बेमेतरा, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा।*

बेमेतरा जिले में नये आवास सर्वेक्षण हेतु च्मोर दुआर, साय सरकार महाभियानज्ज के तहत् 15 से 30 अप्रैल की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में (15 से 19 अप्रैल) जिला/ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वे पखवाड़ा का शुभारंभ मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक रूप से एक-एक परिवार का सर्वेक्षण किया जाना है।

15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया था7 आज खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल जिले के ग्राम पंचायत नांदघाट में दो हितग्राहियों के घर पहुंचकर आवास सर्वे किया 7 साथ ही मंत्री द्वारा आवास हेतु पात्रता रखने वाले हितग्राहियों से आवास सर्वे में नाम जुड़वाने 30 अप्रैल 2025 के पूर्व पंजीयन कराने हेतु अपील की।*

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जारी दिशा निर्देशानुसार 17 अप्रैल को विधायकों एवं सांसदों द्वारा, 18 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वार और 19 अप्रैल 2025 को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वार आवास सर्वे का कार्य किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 उपरांत भारत सरकार द्वारा सर्वे कार्य बंद कर दिया जाएगा। जो भी हितग्राही आवास हेतु पात्रता रखते हैं वे संबंधित ग्राम पंचायत सचिव / रोजगार सहायक/आवास मित्र से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते है।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ठेलका में प्रवेश की अंतिम तिथि 5 मई तक




**थान** खम्हरिया, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ठेलका मे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक आनलाइन या आफलाइन फार्म 10 अप्रैल से 5 मई तक भरा जायेगा। जिसमे कक्षाओं मे रिक्त सीटो की संख्या इस प्रकार है- कक्षा 1 - 50, कक्षा 2 - 0, कक्षा 3 - 0, कक्षा 4 - 0, कक्षा 5 - 0, कक्षा 6 - 11, कक्षा 7 - 2, कक्षा 8 - 6, कक्षा 9 - 7, कक्षा 10 - 2, कक्षा 11 - 42, कक्षा 12 - 48 अधिक आवेदन की स्थिति मे लॉटरी के माध्यम से सीटो का आबंटन 6 मई से 10 तक किया जायेगा और प्रवेश की अन्य कार्यवाही 11 से 15 मई तक किया जायेगा।

विद्यार्थियो के एडमिशन हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेज की सूची- आधार कार्ड की छायाप्रति विद्यार्थी और माता पिता की, जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पिछले 2 वर्षों के अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, ट्रान्सफर सर्टिफिकेट ओरिजिनल, 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो, राशन कार्ड की छाया प्रति (बी.पी. एलद्ब), अगर माता पिता का स्वर्गवास कोरोना काल में हुआ हो तो माता पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र (महातारी दुलार कोटे हेतु)। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य श्रीटिकेश्वर लाल साहू ने दी है(

# खाद्य मंत्री बघेल ने हितग्राहियों के घर पहुंचकर किया सर्वे

**बेमेतरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत नादघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए मोर दुआर-साय सरकार के तहत हितग्राहियों कृष्णा बाई और मुनिया यादव के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। कृष्णा बाई वर्मा जाति सामान्य (अन्य पिछड़ा वर्ग). कार्य मजदूरी (कृषि) करती है। श्रीमती मुनिया यादव (एकल विधवा जाति - सामान्य (अन्य पिछड़ा) की द्य मजदूरी करती है। मंत्री श्री बघेल ने श्रीमती कृष्णा बाई, मुनिया यादव सहित परिजनों का मुंह मीठा कराया कुशलक्षेम पूछा और उन्हें पुष्पगुच्छ भी दिए*

मंत्री श्री बघेल ने जब हितग्राही श्रीमती कृष्णा बाई एवं श्रीमती मुनिया के घर पहुंचे उनके परिवार की जानकारी ली। साथ दोनों हितग्राहियों ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहा था, जो अब इस योजना के तहत पूरा होता नजर आ रहा है।* मंत्री श्री बघेल ने 'आवास प्लस 2024 (2.0)' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे किया।



**15 से 30 अप्रैल तक चलेगा मोर दुआर-साय सरकार महाभियान**

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें जल्दी योजना में सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई, सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मालूम हो कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया था। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।

# विधायक दीपेश साहू ने डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**बेमेतरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बहिंगा पंचायत के आश्रित ग्राम करही में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू ने बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान विधायक श्री दीपेश साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, च्बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अप्रतिम पुरोधा थे। यह दिन केवल एक जयंती नहीं है, यह एक विचार, एक चेतना और एक क्रांति की स्मृति है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा है। उनके विचार आज भी हम सबको समाज में एकता और समरसता बनाए रखने की सीख देते हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम एक समावेशी और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं ज्ज उन्होंने आगे कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए, ताकि वे अपने गांव, राज्य और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकें।



उन्होंने कहा की बाबा साहब का मानना था कि च्शिक्षा वह शस्त्र है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं ज्ज उन्होंने खुद असंख्य कठिनाइयों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज के लिए प्रेरणा बने। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स जैसे विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, लेकिन अपने ज्ञान को कभी निजी उपलब्धि नहीं बनाया, बल्कि उसे समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया द्य आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि हम उनके दिखाए रास्ते पर चलें। सामाजिक समरसता, समान अवसर, और सबके लिए न्याय ङ्क यही उनके विचार थे। हमें भी अपने जीवन में उन मूल्यों को आत्मसात करना होगा, जिनके लिए बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।

इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल जी पूर्व विधायक बेमेतरा एवं मंत्री प्रदेश भाजपा छ.ग., भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, हेमा जय दिवाकर, अध्यक्ष ज. पं. बेमेतरा गजानंद साहू जी, अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल बेमेतरा प्रबल सिंह ठाकुर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जेवरा, हर्ष वर्धन तिवारी, रीनासाहू, ललिता साहू महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, ,टोपसिंह टंडन, शक्ति केन्द्र प्रभारी जेवरा, संदीप खरें, पूर्व सरपंच ग्रा. पं. बहिंगा जयकुमारी देवशरण साहू सरपंच, प्रमिला खरें उपसरपंच पिंकी गुप्ता संजू सिँह ओमेश्वरी साहू समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बहिंगा करही उपस्थित रहे।

# जिले में लगातार गिरते जा रहा भू जल स्तर, जागरूक किसानों द्वारा लिया जा रहा गर्मी में धान की फसल न लेने का संकल्प

**बालोद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में लगातार भू जल स्तर नीचे जा रहा है। इसका प्रमुख कारण भू.जल का अधिक दोहन, गर्मी में मनाही के बाद भी धान की फसल लेना व अत्यधिक बोर खनन है। इस स्थिति को देखते हुए अब जिले के कई गांव के ग्रामीण जागरूक हुए हैं। अभी तक जिले के लगभग 50 गांव के किसानों ने संकल्प लिया है कि गर्मी के दिनों में धान की बजाय दलहन, तिलहन की फसल लेंगे। किसानों को जागरूक करने गांव.गांव में मुनादी भी कराई जा रही है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुर ब्लॉक को एक बार फिर रेड जोन में रखा गया है। जिला कृषि विभाग के मुताबिक गिरते भूजल स्तर को देखते हुए अब किसानों को जागरूक किया जा रहा है। गुरुर और बालोद ब्लॉक के सबसे अधिक किसानों ने गर्मी में धान की खेती नहीं करने का संकल्प लिया है। बालोद ब्लॉक के ग्राम पोंडी, लोंडी, बिरेतरा, जगन्नाथपुर, सांकरी सहित अन्य गांव के किसानों ने जागरुकता दिखाई है। गुरुर विकासखंड के नर्बदा, पलारी, सर्बदा, अरकार सहित अन्य गांव शामिल है।



जिले के कई किसान ऐसे हैं जो सिर्फ अपने फायदे के लिए जानबूझकर गर्मी के दिनों में धान की खेती करते हैं। अपने फायदे के चक्कर में पूरे जिले में भू.जल स्तर घटने का असर दिखाई देने लगा है। कई गांव ऐसे हैं जहां गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले में भू.जल की स्थिति गंभीर होने के कारण प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। किसानों को जागरूक कर रहे हैं कि गर्मी में धान की फसल की जगह अन्य फसलों पर जोर दें। अब धान की फसल खेतों में लेने के लिए कृषि विभाग से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति धान की फसल लेने पर कार्रवाई हो सकती है। केंद्रीय भू.जल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में भू.जल की स्थिति सबसे गंभीर गुरुर ब्लॉक में है। यहां 91 प्रतिशत पानी का उपयोग फसलों की सिंचाई के लिए किया जाता है जबकि महज 6 प्रतिशत पानी का उपयोग पीने के लिए किया जाता है।

# भरी गर्मी में गला तर करने गन्ना रस का सहारा, लेकिन सावधानी जरूरी

**बालोद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। पारा 39-40 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवा के थपेड़े चेहरे को झुलसा रहे हैं। दोपहर को जहां भारी गर्मी का सामना राह चलते लोगों को करना पड़ रहा है वहीं शाम 6 बजे तक गर्म हवा लोगों को जीना दूभर कर रही है। ऐसे में गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ गन्ना रस सहित विभिन्न प्रकार के जूस स्टॉल में गला तर करते नजर आ रही है। लेकिन गला तर करने की जुगत में कहीं आप जहर तो नहीं पी रहे इसका ख्याल भी आपको रखना होगा। क्योंकि स्टॉल की गंदगी पानी का प्रयोग सहित विभिन्न पहलू आपको बीमार कर सकते हैं। दूषित पेय पदार्थ ही पीलिया, टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियां जनती हैं। ऐसे में खुद की सुरक्षा के लिए सावधानी जरूरी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार हम कैसे झुलसती गर्मी का सामना करें और दूषित पेय पदार्थ के सेवन से बचें। आम के नाम पर मिलने वाले मैंगो जूस में भी मिलावट होती है। मैंगो जूस में मैंगो एसेंस, सिंथेटिक दूध, सेक्रिन अधिक मात्रा में बर्फव पानी डाला जाता है। ये मैंगो जूस कुछ समय के लिए तो स्वादिष्ट लगता है लेकिन पेट में जाने के बाद यह कई तरह की बीमारियों को जन्म देता है। सिंथेटिक दूध में न तो कैल्शियम होता है और न ही विटामिन। कई लोगों को सिंथेटिक दूध से बनी चीजें पीने से एलर्जी भी हो सकती है। आज कल मार्केट में सिंथेटिक लस्सी का चलन भी बढ़ा है। बाजार में बर्फ से बनने वाली चुस्की भी बच्चों सहित बड़ों को भी बेहद पसंद आती है। चुस्की में प्रयोग होने वाला बर्फ तो दूषित होता ही है साथ ही इसमें कई तरह के जहरीले रंग का प्रयोग भी होता है। बाजार में मिलने वाले सॉफ्ट ड्रिंक्स भी स्वास्थ की दृष्टि से बहुत हानिकारक होते हैं। गन्ने का जूस गर्मी में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है परंतु यह भी एक तरह से बीमारी का घर है। गन्ने के जूस के ठेले में अक्सर गन्ने के पास मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। वहीं जूस में डाला जाने वाला बर्फ भी कई बार अशुद्ध जल से बना होता है जो बीमारियां पैदा करता है। किसी भी बीमारी की जड़ दूषित पानी का प्रयोग ही होता है। बाजार में मिलने वाले पेय पदार्थों में भी ज्यादातर ऐसे ही पानी का प्रयोग होता है। जब कोई बीमार व्यक्ति गिलास में जूस पीता है और गिलास में कोई दूसरा स्वस्थ्य व्यक्ति जूस पीता है तो इनफेक्शन बहुत तेजी से फैलता है। इसके साथ ही जूस में प्रयोग होने वाली बर्फ भी पूरी तरह से स्वच्छ नहीं होती है। ये सभी बीमारी फैलाते हैं।



# बिना अनुमति के बोर खनन पर पंडरिया तहसील में बड़ी कार्रवाई, वाहन जब्त

**कवर्धा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं पंडरिया एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार श्री संजय मोध्या के द्वारा ग्राम केशलमारा में बिना अनुमति कराए जा रहे बोर खनन पर त्वरित कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण निरंजन पिता राजेन्द्र द्वारा सिंचाई प्रयोजन के लिए खेत में बोर खनन कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और बोर खनन कर रही वाहन को जब्त कर थाना कुंडा को सुपुर्द कर दिया। पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि इस तहत की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।



**जिला घोषित है जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र:** उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में संभावित जलसंकट को देखते हुए कबीरधाम जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है, जो 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

**नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध:** जारी आदेश के अनुसार, उक्त अवधि में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल हो या अन्य किसी प्रयोजन के लिए। केवल शासकीय एजेंसियों जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों को पेयजल प्रयोजन हेतु आंशिक छूट दी गई है, परंतु उन्हें भी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम, कवर्धा नगरपालिका क्षेत्र हेतु; तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और बोड़ला उपविभागों के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अधिकृत किए गए हैं। ये अधिकारी पेयजल संकट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुमति प्रदान करेंगे।

# कुलपति प्रो.लवली ने किया छात्रावास का औचक निरीक्षण


**खैरागढ़,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में नवनियुक्त कुलपति प्रो. लवली शर्मा ने अपने कुलपति का पदभार ग्रहण करने के उपरांत सर्वप्रथम दंतेश्वरी माता के मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात कैम्पस-1 स्थित राजा-रानी एवं राजकुमारी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुये उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया। 14 अप्रैल 2025 को कुलपति श्रीमती शर्मा के द्वारा कैम्पस-1 स्थित अंतर्राष्ट्रीय महिला छात्रावास एवं कैम्पस-2 स्थित पुरूष छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया तथा छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। छात्र-छात्राओं से मुलाकात के दौरान कुलपति ने छात्रों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। छात्र-छात्राओं द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में कोई समस्या नहीं है साथ ही कुलपति शर्मा ने विद्यार्थियों की अध्ययन-अध्यापन के संबंध में अध्ययन-अध्यापन एवं कक्षा में पढ़ाये जाने वाले विषयों की जानकारी ली।

छात्र-छात्राएं नवनियुक्त कुलपति से मिलकर अत्यंत खुश हुये तथा उन्हें अवगत कराया कि वर्तमान में अध्ययन-अध्यापन का कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। हॉस्टल में सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है।


मा. सोनिया गांधी
मा. राहुल गांधी
मा. मल्लिका अर्जुन खड़गे
मा. सचिन पायलट
मा.दीपक बैज
मा. भूपेश बघेल
मा. चरणदास महंत
मा. ताम्रध्वज साहू
मा. रविन्द्र चौबे
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष छाबड़ा
पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा (छ.ग.)


मा. भूपेश बघेल
मा.दीपक बैज
मा. चरणदास महंत
मा. ताम्रध्वज साहू
मा. रविन्द्र चौबे
मा. आशीष छाबड़ा
ललित विश्वकर्मा
महामंत्री जि.का.कमेटी
बेमेतरा
सुमन गोस्वामी
अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी
बेमेतरा
सुनील नामदेव
पूर्व महामंत्री जि.कां. कमेटी
बेमेतरा
हरनारायण पाण्डेय
कांग्रेस नेता बेमेतरा
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
जोगेन्द्र छाबड़ा
उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
बेमेतरा
नमन छाबड़ा
युवा कांग्रेस नेता
बेमेतरा
स्थान प्रदत्त
जे.के. प्रोडक्ट (फ्लाईश एस. ब्रिक्स के विक्रेता एवं मटेरियल सप्लायर)
छाबड़ा कंस्ट्रक्शन, पालिका बाजार, शॉप नं. 8 बेमेतरा
मो. : 98936-34817, 91652-67739


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
विजय सिन्हा
अध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबंधु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल वर्मा
सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10
एवं सभापति स्वास्थ्य एवं वन समिति
जिला पंचायत बेमेतरा (छ.ग.)


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबंधु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश चन्देल
पूर्व विधायक बेमेतरा एवं प्रदेश मंत्री
छ.ग. भारतीय जनता पार्टी


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबंधु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
कल्पना योगेश तिवारी
अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबंधु
के 67वें
स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश साहू
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-2
बेमेतरा

# ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसजनों ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन




**दुर्ग,** 16 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर पर आज कांग्रेसजनों ने मालवीय नगर चौक स्थित ईडी कार्यालय के सामने धरना देकर केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर विपक्ष के नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए जबर्दस्त धरना दिया। कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में लगातार मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा धीरज बाकलीवाल, रत्ना नारमदेव नेतृत्वकर्ता के रूप में शामिल थे। उक्त धरना प्रदर्शन मुख्य रूप से पूर्व कांग्रेसाध्यक्ष सोनिया गांधी, एवं नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहूल गांधी के विरूद्ध मनी लांड्रिंग मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं अन्य नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि पूरी कांग्रेस सोनिया गांधी व राहूल गांधी के पीछे एकजुट खड़ी है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। धरना प्रदर्शन को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल, राजेन्द्र साहू, सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में परमजीत भुई, ब्लाक अध्यक्षगण राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, अय्यूब खान, चिराग शर्मा, हरीश पटेल, विजय यादव, राहूल गोस्वामी, सुमित वोरा, संदीप वोरा, शबाना रानी, विवेक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जैन मुनियों पर हमले से रोष, जैन समाज ने रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन





**दुर्ग,** 16 अप्रेल (देशबन्धु)। स्थानीय जैन सकल जैन समाज द्वारा ओसवाल पंचायत के आव्हान पर श्री वर्धमान जैन भवन से रैली निकालकर शहर भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जैन संतों पर हमला करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए विहार यात्रा पर निकले जैन संतों को शासन द्वारा सुरक्षा व संरक्षण देने की मांग भी की गई है।

ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सिंगौली कस्बे के हनुमान मंदिर में रूके तीन जैन मुनि सुशील मुनि, बलभद्र मुनि, मुन्नेद्र मुनि पर लाठी व डंडों से हमला किया गया। इस घटना से जैन समाज के लोगों में भारी रोष है। जैन समाज के लोगों ने बताया कि इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन अब यह देखना है कि इन पर कैसी कार्रवाई की जाती है। सकल जैन समाज की ओर से सौंपे गये ज्ञापन में सुधर्म परिवार, श्रमण संघ ज्ञानगच्छ परिवार, साधुमार्गी जैन संघ, मूर्ति पूजक संघ, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, जयमल सम्प्रदाय, तेरापंथ जैन समाज, सकल दिगंबर जैन पंचायत के साथ साथ जैन समाज की अनेक सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल थे। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, एवं महिलाएं भी शामिल थीं।

# धमधा पुलिस ने परिवहन करती कार से हजारों रूपयों की अवैध शराब की बरामद

**दुर्ग,** 16 अप्रेल (देशबन्धु)। स्थानीय जालबांधा मार्ग पर ग्राम मुड़पार में एक संदिग्ध क्षतिग्रस्त वाहन से 117 बल्क लीटर गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 87 हजार 750 रूपये बरामद की गई। इसके साथ एक कार क्रमांक सीजी 04 एमडी 2016 कीमत करीब 5 लााख रूपये बरामद की गई। कार का चालक घटनास्थल से भाग निकला। धमधा पुलिस ने उसके विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

पुलिस सूचना के अनुसार 15-16 अप्रेल की दरम्यानी रात पुलिस को एक कार के संदिग्ध स्थिति में ग्राम ठेलका की ओर जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गस्त पर निकली पुलिस टीम ने अपने शासकीय वाहन से उनका पीछा किया। संदिग्ध कार चालक पुलिस टीम को चकमा देते हुए वाहन इधर उधर मोड़ता रहा और अंत में ग्राम मुड़पार बस्ती में घुसा दिया जहां एक दीवाल से टकराकर वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली जिसमें उक्त शराब बरामद हुई।

# आज शहर में रहेगी जल आपूर्ति प्रभावित

दुर्ग, 16 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा भीषण ग्रीष्मकाल में भी सभी फिल्टर प्लांटों, इंटकवेल में विद्युत संबंधी तकनीकी खामियों के चलते पानी सप्लाई में किसी तरह की रूकावट न आने इससे बचने के लिये कल 17 अप्रेल गुरूवार को व्यापक तौर पर संधारण कार्य किया जायेगा। इसके लिये कल 17 अप्रेल को शट डाउन किया जायेगा। इसके चलते विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित होने से पानी की आपूर्ति शाम की पाली में जल की आपूर्ति नहीं हो पायेगी। दूसरे दिन सुबह 18 अप्रेल से जल आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।

इस सिलसिले में आज जलगृह में महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल जल गृह प्रभारी लीना देवांगन ने विभागीय अधिकारियों की बैठल ली और उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिये पूरी तैयारियां करने व प्रभावित क्षेत्रों में जल सप्लाई के लिये टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिये।

कल संधारण कार्य में जो क्षेत्र प्रभावित होने वे इस प्रकार है : 24 एमएलडी टंकी रायपुर नाका, पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी. वार्ड 49 बोरसी पश्चिम, वार्ड नं 50 बोरसी पूर्व, वार्ड नं. 51 बोरसी उत्तर, वार्ड नं 52 बोरसी दक्षिण के आंशिक व वार्ड न, 46 पद्मनाभपुर पूर्व के आंशिक, पोटिया टंकी वार्ड नं 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं 54 पोटियाकला दक्षिण, बघेरा. वार्ड नं 1 नयापारा, वार्ड न 2 राजीव नगर, वार्ड नं 3 मठपारा दक्षिण, वार्ड न 4 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेरा, बटालियन, सिकोला उरला. वार्ड नं 14 सिकोला भाटा, वार्ड नं 15 सिकोला बरती दक्षिण, वार्ड नं 16 सिकोला बस्ती उत्तर, वार्ड नं 57 उरला पश्चिम, वार्ड न 58 उरला पूर्व, कातुलबोर्ड वार्ड नं 21 तितुरडीह आंशिक, वार्ड न 59 कातुलबोर्ड पूर्व, वार्ड नं 60 कातुलबोर्ड पश्चिम, गंजपारा. वार्ड न 37 आजाद वार्ड, वार्ड न 38 मिलपारा, वार्डनं 39 कचहरी वार्ड, वार्ड नं 40 सुराना कॉलेज वार्ड नं 41 केलाबाड़ी, वार्ड नं 42 कसारीडीह पश्चिम में प्रथम चरण 17 अप्रैल दिन गुरुवार को सुबह की सप्लाई नहीं हो पायेगी, दूसरे दिवस 18 अप्रैल को सुबह से वाटर सप्लाई सामान्य रूप से किया जावेगा।

# डीएसपी आकर्षि कश्यप ने जीते 3 गोल्ड मेडल






**दुर्ग,** 16 अप्रेल (देशबन्धु)। ऑल इंडिया पुलिस बैडमिण्टन क्लस्टर 2024-25 का आयोजन राजीव गांधी रीजनल इण्डोर स्टेडियम कोच्चि, केरल में हुआ, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों एवं अर्द्ध सैनिक बलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दुर्ग जिले में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी आकर्षि कश्यप ने प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न संवर्ग में 3 गोल्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ-साथ दुर्ग पुलिस का नाम रोशन किया है। राजपत्रित संवर्ग बैडमिण्टन एकल महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता, इसी प्रकार राजपत्रित संवर्ग युगल महिला प्रतियोगिता में अपने साथी खिलाड़ी भावना गुप्ता, भापुसे के साथ अपने विरोधियों को 21-5, 21-8 से पराजित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया, राजपत्रित संवर्ग मिश्रित युगल प्रतियोगिता में अपने साथी खिलाड़ी सूरज सिंह परिहार भापुसे, के साथ विरोधी पक्ष को 21-11, 21-8 से पराजित कर गोल्ड मेडल को अपने नाम से किया।

■ दुर्ग पुलिस में कार्यरत प्रशिक्षु डीएसपी ने ऑल इंडिया पुलिस बैडमिण्टन क्लस्टर 2024-25 में जीते मेडल

# दिवंगत वल्लभ भाई कारिया के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रौशनी



**दुर्ग,** 16 अप्रेल (देशबन्धु)। लोगों को नेत्रदान हेतु प्रेरित करने वाले नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य जलाराम स्वीट्स के संचालक जितेंद्र कारिया ने अपने पिता वल्लभ भाई कारिया (उम्र 78 वर्ष) के निधन के बाद उनके नेत्रदान सम्पन्न कर समाज को सकारात्मक राह दिखाई एवं दो परिवारों को नई ज्योति प्रदान की।

आर्य नगर निवासी वल्लभ भाई कारिया के निधन के पश्चात कारिया परिवार की ओर से वल्लभ भाई की पत्नी चंदा बेन, पुत्र जितेंद्र (बंटी) कारिया एवं सुरेंद्र (पिन्नी) कारिया, बहु फाल्गुनी करिया, वैशाली करिया ने स्वत: नेत्रदान का निर्णय लिया व नवदृष्टि फाउंडेशन के अपने साथियों को सूचित किय।

समाचार मिलते ही संस्था के राज आढ़तिया, हरमन दुलई, प्रभु दयाल उजाला, राजेश पारख, विकास जायसवाल, मोहित अग्रवाल, यतीन्द्र चावड़ा, मंगल अग्रवाल, मुकेश आढ़तिया, प्रकाश आढ़तिया शैलेश कारिया उनके निवास पहुंचे व नेत्रदान हेतु समस्त व्यवस्था की।

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ उत्कर्ष बंसल व नेत्र प्रभारी विवेक कसार श्री कारिया के आर्य नगर निवास से कॉर्निया कलेक्ट किए, डॉ उत्कर्ष बंसल ने कारिया परिवार को नेत्रदान हेतु साधुवाद दिया।जितेंद्र कारिया ने कहा संस्था से जड़े होने के कारण हम रोज लोगों की परेशानी देखते हैं व अंधत्व का दु:ख महसूस करते हैं अत: हमारे परिवार ने वही किया जिसके लिए हम दूसरों को प्रेरणा देते हैं पिता के जाने के बाद हमारे पिता के नेत्रों से दो परिवारों को नई ज्योति मिलेगी।

सुरेंद्र कारिया ने कहा हमारे पूरे परिवार ने नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान का संकल्प लिया था और आज पिता का नेत्रदान कर उनकी इच्छा का सम्मान किया व् समाज के प्रति अपना कर्तव्य पूर्ण किया।

फाउंडेशन के सदस्य मुकेश आढ़तिया ने कहा जितेंद्र कारिया हमारी संस्था के सक्रीय सदस्य हैं और समय समय पर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं और आज पिता के नेत्रदान कर उन्होंने साबित किया कि किसी कार्य में जब हम दूसरों को प्रेरित करते हैं तो शुरुवात अपने परिवार से करनी होगी और समाज को उन्होंने राह दिखाई।।







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर- एक औरत एक घंटे में 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें 1 घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी ?
बच्चा- एक भी नहीं, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी।

संपादकीय

## सावधानी बरतें निर्माण एजेंसियां

हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुई दो घटनाएं बतलाती हैं कि शासकीय विभागों, स्थानीय निकायों अथवा निजी ठेकेदारों के जरिये प्रदेश में जो जनहित के या विकास कार्य होते हैं उनमें बड़ी लापरवाही बरती जाती है। इसके चलते लोगों की मौतें तक हो रही हैं। रायपुर के रामनगर स्थित गुलमोहर पार्क कॉलोनी में नगर निगम की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 288 घर बनाये जा रहे हैं। पिछले कई माह से जल निकासी हेतु वहां एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है। उसके ओवरफ्लो को गिराने करने के लिये सोख्ता बना है जिसमें काफी पानी भरा हुआ था जिसमें रविवार को दो बच्चे खेलते हुए गिर गये। 5 वर्षीय दिव्यांश कुमार की तो मौत ही हो गयी, दूसरा बच्चा भी गम्भीर है। ऐसे ही, रायपुर जिले के खरोरा के निकट बानी गांव में एक कंपनी द्वारा बिजली की वायर लगाने का काम जारी था। पिछली बुधवार की शाम को तार एक युवक पर गिर गया जिससे उसका गला कट गया। उसकी तत्काल मौत हो गयी। कर्मचारी भाग खड़े हुए। इन दोनों स्थानों पर सावधानी अथवा चेतावनी के बोर्ड नहीं थे।

बच्चे की मौत से बवाल हो गया। सरकार की ओर से मुआवजा स्वरूप 4 लाख रुपये परिजनों को दिये गये हैं तथा निगम ने उन सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। तत्काल गड्ढे को बंद किया गया परन्तु वह एक मासूम की बलि के बाद। इस तरह की सावधानी पहले बरती जानी चाहिये थी। राज्य में अनेक शासकीय एवं निजी एजेंसियां काम कराती हैं। उनमें से कई काम छोटे-बड़े ठेकेदारों के जरिये होते हैं। सार्वजनिक निर्माण, बिजली व सिंचाई सुविधाओं से सम्बन्धित काम ठेकेदार अथवा अन्य एजेंसियां करती हैं। नगरीय निकायों के भी ज्यादातर काम निजी कॉंट्रेक्टर निष्पादित करते हैं। शहरों एवं कस्बों में इमारतें, आवास, पेय जल आपूर्ति, जल-मल निकासी, सड़क निर्माण, सफाई, जैसे काम निगम-नगर पालिकाएं करती हैं।

शासकीय विभाग निजी एजेंसियां, निकाय या उनके ठेकेदार बेहद लापरवाही से कार्य करते हैं। इससे कभी सरकार को आर्थिक चोट पहुंचती है तो कभी नागरिकों को जान-माल की हानि होती है। सड़कों के घटिया निर्माण से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। यह भी सामान्यत: देखा जाता है कि निर्माण स्थलों पर चेतावनी के बोर्ड नहीं रहते। निर्माण सामग्रियां सड़कों से लगाकर ऐसे रखी जाती हैं जिससे अक्सर हादसे होते हैं। नलकूपों के लिये खोदे गये गड्ढों में बच्चों के गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। दोषपूर्ण कार्य पद्धति से निर्दोषों की जानें जाती हैं या लोग घायल होते हैं। मुख्य ठेकेदार हों या पेटी कांट्रेक्टर- सभी लापरवाही करते हैं।

सरकार के विभाग, उससे जुड़े निगम, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियां सभी पर मानक कार्य प्रणाली अनिवार्यत: लागू होनी चाहिये। रायपुर तथा खरोरा के दुर्घटना स्थलों पर बरती गयी लापरवाही साफ दृष्टिगोचर होती है जो निश्चित ही बड़ी चूक है।

# हर पात्र हितग्राही का पक्का मकान का सपना होगा पूरा : राजस्व मंत्री वर्मा

## राजस्व मंत्री ने मोहरा से जिले में मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का किया शुभारंभ



**बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम मोहरा से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए जिले में मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने मोहरा के कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान मोबाइल एप्प से हितग्राहियों का जिओ टैगिग किया। उन्होंने हितग्राहियो को आश्वस्त किया कि हमारी सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देगी जिससे उनके पक्के मकान का सपना जल्द पूरा होगा। उन्होंने हितग्राहियो को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पाती भी सौंपा।

मोहरा के गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के अंतर्गत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार गांव- गांव में हर परिवार का सर्वे किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं पहुँच रहे है। इसीतरह मंत्री, सांसद,विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी हितग्राहियों घर पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने अधिकांश वायदे को पूरा कर दिया है। हमारी सरकार ने गरीब, मजदूर, महिला, किसान, युवा सबके लिए योजना बनाई है और उसका लाभ मिल रहा है जिससे प्रदेश में खुशहाली है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ को भी विकसित प्रदेश बनाना होगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम मोहरा के शासकीय हाई स्कूल परिसर की समतलीकरण के लिए 15 लाख एवं रामायण चौक के जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि आवास प्लस 2.0 अंतर्गत जिले में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसमें अब तक 80711 परिवारों का सर्वे हो चुका है। वर्ष 2024-25 में जिले को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं ग्रामीण अंतर्गत 48000 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक 41125 आवासों की स्वीकृति हुई है जिसमें करीब 12903 आवास पूर्ण हों गये हैं। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का अधिक संख्या में आवास पूर्ण कराने वाले जिलों में प्रदेश में दूसरा स्थान है।कार्यक्रम को जनपद सदस्य दौलत पाल एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन लाल वर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सरपंच तारिणी वर्मा, जनपद सदस्य पुष्पा चेलक, हेमंत वर्मा, जनपद सीईओ अमित दुबे सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# परसदा में पिकअप पलटने से एक युवक की मौत, एक घायल



**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। नवापारा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम परसदा में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि एक घायल हैं। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रायपुर अवंति विहार निवासी हितराम मंडावी (50 वर्ष) अपने साथी सुनील जगत, अर्जुन जगत, देवा मंडावी के साथ पिकअप वाहन क्र. सीजी 07 सीजे 5417 में सवार होकर 14 अप्रैल को किसी काम से पांडुका आए थे। कार भागवत यादव चला रहा था। काम निपटाने के बाद शाम को घर लौट रहे थे। वे शाम करीबन 6.30 बजे ग्राम परसदा नवा रायपुर रोड के पास पहुंचे थे कि पिकअप चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और पिकअप वाहन पलट गई।

हादसे में हितराम मंडावी व देवा मंडावी को गंभीर चोट लगा। दोनों को उपचार हेतु नवापारा निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान हितराम मंडावी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफथ्स् दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सोनिया व राहुल गांधी के विरुद्ध द्वेषपूर्ण कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने किया डाकघर में धरना-प्रदर्शन



**बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य की भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ दुराचार, नशे की बढ़ती कारोबार तथा कानून व्यवस्था प्रदेश में बिगड़ी हुई हालात को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वावन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम आयोजित है। जिसके सफ्ल आयोजन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बलौदाबाजार में बैठक आहूत की गई। पश्चात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में स्थानीय पोस्ट ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरें के नेतृत्व में 21 अप्रैल को प्रस्तावित रायपुर में मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी एवं कांग्रेस जनों की आवश्यक बैठक आहूत की गई। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफमोदी सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारीगण कन्हैया अग्रवाल, जितेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरें ने प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि राज्य के भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ दुराचार, नशे एवं जुआ सट्टा के बढ़ते व्यापार एवं छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित की गई है। सुश्री घृतलहरे ने श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा केंद्रीय संस्था ई. डी. का दुरुपयोग करते हुए द्वेषपूर्ण कार्यवाही की कड़ी निंदा की।

### मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, दिनेश यदु, परमेश्वर यदु, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर वर्मा, सुनील कुर्रे, के.के नायक, युधिष्ठिर नायक, राम प्रसाद वर्मा, गुरुदयाल यादव, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी कार्रवाई पर कांग्रेस ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा विद्वेषपूर्ण सत्ता के ताकत का दुरुपयोग करते हुए केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय जैसे संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर देश के प्रमुख विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल आरोप पत्र में दर्ज किया गया है। यह लोकतंत्र में विपक्ष के विचारों पर सीधा हमला है, यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। जब.जब भारत में कहीं भी चुनाव आता है तो केंद्र की भाजपा सरकार उस चुनाव को प्रभावित करने के लिए अपने अधीनस्थ केंद्रीय संस्थानों के द्वारा विपक्ष के नेताओं के खिलाफगलत तरीके से प्रकरण बनाकर नेताओं को परेशान करने का कार्य करता है। जिससे चुनाव में गड़बड़ी की जाए वह चुनाव को प्रभावित किया जाए। जब कहीं किसी राज्य में चुनाव नहीं होता है तो यह केंद्र के एजेंसियां भी अपने कुंभकर्णी नींद में सो जाते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव आता है जैसे कि अब बिहार का चुनाव आने वाला है तब अचानक ईडी सीबीआई जैसे अन्य संस्थाओं के अधिकारीगण अपनी निंद्रा से जागकर बेमतलब का केस बनाकर विपक्ष के नेताओं के खिलाफकार्रवाई करना आरंभ कर देती है। भारत देश में पहली बार इतना दुरुपयोग सत्ता पक्ष के द्वारा ईडी और सीबीआई का किया गया है यह अविश्वसनीय है की किस हद तक सत्ता के नशे में सत्ताधीश इस घमंड में भरे हुए। आज लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा है लोगों के विचारों के अभिव्यक्ति का हनन किया जा रहा है। संविधान में बसने वाले कानून को दरकिनारा करके कुछ भी निर्णय लिया जा रहा है। आज लोकतंत्र में सत्ता पक्ष ही ताकतवर है, विपक्ष को गलत तरीके से दबाकर विवश किया जा रहा है कि वह सच्चाई की बात देश के नागरिकों को ना बता पाए। आज भाजपा पूरी तरह से डरी हुई है। 400 सीटों का नारा देने वाली भाजपा जब अपने दम पर बहुमत नहीं ला पाई बीच में ही अटक जाती है तो उनका डर वाजिब है अगले चुनाव में ये 100 भी पार ना कर पाए। आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र में बैसाखियों के सहारे सत्ता का सुख भोग रही है और सत्ता का दुरुपयोग करके पक्ष एवं विपक्ष दोनों को डराया धमकाया जा रहा है। भाजपा के केंद्र की सरकार के विरोध में 16 अप्रैल को कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि केंद्र शासन के द्वेषपूर्ण कार्यवाही पर रोक लगावे। अन्यथा सब जानती हैं कि कांग्रेस ने जब अंग्रेजों को उखाड़ फेंका था तो बाकी की बिसात ही नहीं है क्रांति और आंदोलन कांग्रेसियों के खून में है। अनुविभागी अधिकारी कार्यालय का घेराव करने डॉ. रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, पूर्व बोर्ड सदस्य अंकित बागबाहरा, पूर्व बोर्ड सदस्य लक्ष्मी देवांगन, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर पूर्व पार्षद, बसंत चंद्राकर, राजू साहू, ममता चंद्राकर, ईशा टंडन, डॉ एजाज नकवी, निर्मल जैन, भरत सिंग ठाकुर, पार्षद सूरज नायक, बबलू महानंद, टोमन सिंग कागजी, सुनील चंद्राकर, तुलसी देवदास, पोखन साहू, सुरेश पटेल, धर्मेंद्र चंद्राकर, गौरव जानी चंद्राकर, रवि साहू, तुलसी देवदास, भानु सोनी आदि उपस्थित थे।

# धमतरी जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया



- बिना अनुमति नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जाएगा
- आदेश के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**धमतरी,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी जिले में औसत वर्षा से कम वर्षा होने तथा अल्पवृष्टि, खण्डवृष्टि के कारण भूमिगत जलस्तर लगातार गिर रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाए गए विभिन्न पेयजल स्त्रोतों जैसे हैण्डपम्प, नलजल प्रदाय योजना, सिंगलफेस पावर पम्प और सोलर योजनाओं आदि से पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। गर्मी के मौसम में इसके और भी गहराने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत मिले शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण धमतरी जिले को आगामी मानसून आगमन तक अथवा 30 जून 2025 तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा कि कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना, जल अभावग्रस्त क्षेत्र में जलस्त्रोत से सिंचन या औद्योगिक प्रयोजन के लिए अथवा अन्य प्रयोजन के लिए जल नहीं लिया जा सकेगा।

आदेश में यह भी कहा गया है कि धमतरी जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। किन्तु शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम और नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनूमति की >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त चैन माउंटेन मशीन जब्त



**महासमुंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम सेनकपाट तहसील महासमुंद स्थित महानदी में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर खनिज जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त एक चैन माउंटेन मशीन को मौके से जब्त किया। साथ ही नदी के किनारे बनाए गए अवैध रैंप रास्ते को भी ध्वस्त कर दिया गया, जिससे भविष्य में इस मार्ग से रेत की अवैध ढुलाई रोकी जा सके। जब्त की गई मशीन लावारिस हालत में पाई गई, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह, सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू एवं पुलिस विभाग से सिपाही प्रशांत कालू, मनीष डीडी और मनोज निर्मलकर शामिल रहे।

# हेमंत कुमार अभा हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष



**महासमुंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। गत दिनों अभा हिन्दू महासभा के बिलासपुर कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने हेमंत कुमार साहू मोरधा को महासमुंद जिले के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र देते हुए अपेक्षा की है कि वे हिन्दू महासभा के नीति निर्देशों के अनुसार जिले में संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष आचार्य देवनारायण निखिल, प्रदेश महामंत्री प्रशांत तिवारी, अक्षत तिवारी, आकाश दीवान, मेस नंदन पांडे आदि मौजूद थे। नियुक्त पर मुकेश साहू, देवनारायण साहू, निर्मल साहू, रमेश, कृष्णा, गोपीसेन, चंदन साहू, भोजराम, जीतराम, चमन दीवान, गुलाब, संजय, बसंत, यशवंत, लक्की, लालचंद दीवान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मप्र के नीमच कछाला गांव में 3 जैन संतों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा अशोभनीय तथा अमानवीय दुर्व्यवहार



**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जैन संत राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है जो छोटे से छोटे जीवों की जीवन भर रक्षा करते हैं और विश्व शांति एवं प्राणी कल्याण का उपदेश देते हैं। अपने आत्मकल्याण हेतु स्वयं कष्ट सहकर भी किंचित मात्र भी किसी भी प्राणी को तकलीफनहीं देते। जैन समाज क्षमाशील और उदार एवं, समन्वयवादी दृष्टिकोण वाला है, लेकिन वह मानवीय मूल्य के प्रति संवेदनशील भी है। प्राणी एवं मानव तो क्या छोटे से छोटे सूक्ष्म जीवों की हिंसा भी जैन संतों को स्वीकार्य नहीं है, वे अहिंसा, संयम और तप का जीवन भर पालन करने वाले संतों के साथ अमानवीय कृत्य सहित मारपीट की गई। जिसका सकल जैन समाज घोर निंदा करता हैं और संतो के खिलाफकिए गए दुर्व्यवहार को देखते हुए नगर सकल जैन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बखाना के नेतृत्व में सकल जैन समाज महावीर चौक में एकत्रित होकर मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां तहसीलदार सृजन सोनकर को महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा साथ ही कठोर करवाई की मांग की। सकल जैन समाज ने राष्ट्रपति के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री, केन्द्रीय शासन, मुख्यमंत्री म.प्र. शासन गृह मंत्री म.प्र. शासन, मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, गृह मंत्री छ.ग. शासन के नाम ज्ञापन सौंपा।

विदित हो कि 13 अप्रैल की मध्य रात्रि को शानगच्छ संप्रदाय के 3 जैन संतों श्रीशैलेष मुनि, श्रीमुनिन्द्र मुनि एवं श्रीबलभद्र मुनि के विहार के पश्चात् याम सिंगोली नगर के कुछ किमी. पहले कछाला गांव में 3 जैन संतों के साथ जो असामाजिक तत्वों द्वारा अशोभनीय तथा अमानवीय दुर्व्यवहार एवं प्राणघातक हमला किया गया, जो उनके शरीर पर लगे चोटों से स्पष्ट है। जैन संत राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है जो छोटे से छोटे जीवों की जीवन भर रक्षा करते हैं, विश्व शांति एवं प्राणी कल्याण का उपदेश देते हैं। अपने आत्मकल्याण हेतु स्वयं कष्ट सहकर भी किंचित मात्र भी किसी भी प्राणी को तकलीफनहीं देते। जैन समाज क्षमाशील है, उदार है, समन्वयवादी दृष्टिकोण वाला है, लेकिन वह मानवीय मूल्य के प्रति संवेदनशील भी है। प्राणी एवं मानव तो क्या छोटे से छोटे सूक्ष्म जीवों की हिंसा भी जैन संतों को स्वीकार्य नहीं है, पर्यावरण की रक्षा हेतु अहिंसा, संयम और तप का जीवन भर पालन करने वाले संतों के साथ इस अमानवीय कृत्य की हम सभी घोर निंदा करते हैं। हमारे आदर्श भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने वाले उनकी आज्ञा को शिरोधार्य कर यह संत मुनिराज संयमी जीवन के माध्यम से साधना करते हैं। कल सिंगोली संघ के पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जो त्वरित कार्यवाही समयानुसार नहीं की गई, जिससे समूचे जैन समाज के सदस्यों में घोर असंतोष व्याप्त है। अपेक्षित वाणी व्यवहार एवं सक्रियता की कमी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा देखी गयी जिसकी सकल जैन समाज घोर निंदा करता है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पं. ऋषभचंद शास्त्री, ऋखभचंद बोथरा, रमेश चौधरी, शेखर बाफना, किशोर सिंघई, अशोक गंगवाल, राजेश बोथरा, पारस रायसोनी, डॉ. राजेन्द्र गदिया, राकेश चौधरी, सचिन बोथरा, अरिहंत चौधरी, आशीष जैन, निखिल जैन, प्रभात जैन, मनीष रायसोनी, सुनील बंगानी, अजय कोचर, रविन्द्र जैन, सुरित जैन, उगमचंद कोठारी, आलोक पहाड़िया, मनीष जैन, टोनू चौधरी, आकाश गंगवाल, आशीष गोलछा सहित सकल जैन समाज के अनेकों लोग शामिल थे।

### सकल जैन समाज आक्रोशित , दोषी की गिरफ्तार कार्यवाही की मांग, साधु संतों के बिहार के दौरान सुरक्षा की हो पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था : शेखर बाफना

आप श्री से विनम्र सविनय निवेदन करते हैं कि रास्ते में जो भी संत एवं साध्वी अपनी संयम यात्रा में गतिमान हो, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध हो और >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# भूख हड़ताल कर रहे तीन पंचायत सचिवों का निधन, प्रशासन की उदासीनता से आक्रोश



**बागबाहरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के पंचायत सचिव भीषण गर्मी में भी एक माह से निरंतर अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए है। वहीं हड़ताली पंचायत सचिवों में शासन प्रशासन के प्रति जमकर आक्रोश व्याप्त है। विगत माह भर से अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे कोरबा, जशपुर एवं महासमुंद जिले के तीन सचिवों की धरना स्थल तथा घर पर मौत हो गयी, जिससे सचिव संघ में शासन के उदासीनता के प्रति घोर आक्रोश व्याप्त है। एक माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सचिवों की मांग के सम्बंध में शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई उचित निर्णय नही लेने के चलते डिप्रेशन में चले गए है। जिसका परिणाम यह हुआ कि कल प्रदेश के तीन पंचायत सचिवों का हृदयाघात से मौत हो गयी। आज धरना स्थल पर पूरे प्रदेश में सचिव संघ ने अपने शहीद साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत के लिए राज्य सरकार को जमकर कोसते हुए नारेबाजी किया गया। सचिव संघ बागबाहरा के अध्यक्ष चंद्रप्रताप ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे साथी रिटायरमेंट से पहले ही हृदयाघात तथा ब्रेन हेमरेज जैसी तनावपूर्ण जिंदगी के कारण मौत के मुंह मे समा रहे है। शासन द्वारा 24 घंटे पंचायत सचिवों को केंद्र तथा राज्य की बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी एवं दबाव में काम कराते है। जबकि आज भी पंचायत सचिव राज्य सरकार के कर्मचारी घोषित नही हुए है। जिसके कारण एक तृतीय वर्ग कर्मचारी को मिलने वाली अनेक सुविधाओ जैसे ओल्डपेंशन ,पदोन्नति, क्रमोन्नति ,आवास भत्ता, यात्राभत्ता, जीपीएफ जैसी मूलभूत सुविधाओ से वंचित है। 30 वर्षों की सेवा करने के बाद भी सचिव आज भी सचिव पद पर है। जबकि अन्य कर्मचारियों को निश्चित समय पर पदोन्नति का लाभ मिल जाता है।

**जिला रोजगार सहायक संघ ने किया समर्थन**

आज बुधवार को धरना स्थल पर जिला रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारियों ने पहुंचकर हड़ताली पंचायत सचिवों को अपना समर्थन दिया है। रोजगार सहायक संघ के जिला अध्यक्ष राजू तांडी ने सचिव संघ को आश्वस्त किया है कि प्रशासन द्वारा जारी ऐसे किसी भी आदेश का पालन नही करेंगे। जिससे पंचायत सचिव भाइयो के अधिकारों का हनन हो। इस सम्बध में उन्होंने इस आशय का पत्र जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया है। इधर जिला प्रशासन ने भी हड़ताली सचिवों के हौसलों को तोड़ने हेतु संघ के पदाधिकारियों के पंचायत में आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारियों को प्रभार देने संबंधी आदेश एवं दस्तावेज जांच के आदेश जारी कर दिए है। परन्तु संघ ने इस बार आर या पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। ऐसे किसी भी आदेश से घबराकर आंदोलन को तोड़ने के मूड में नही है। क्योंकि इसके बाद अनेक पंचायत सचिवों का रिटायरमेंट होने वाला है। ऐसे में उनके पास जिंदगी चलाने के लिए कुछ भी नही है। सरकार चाहे कितनी भी दमनात्मक नीति अपना ले। जब तक शासकीयकरन की मांग पूर्ण नही होगी , तब तक सचिव संघ हड़ताल पर अनवरत डटे रहेंगे। अब दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है।

पंचायत सचिव संघ गत एक माह से भीषण गर्मी में सुबह से लेकर शाम तक सड़क किनारे कर्मचारी भवन के पास अपनी एकसूत्रीय मांगो को लेकर बैठे हुए हैं। लेकिन शासन प्रशासन के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही है। प्रशासन सचिवों की मांग को जानबूझ कर अनदेखा कर रही हैं। जिसके कारण पंचायत सचिवों में शासन प्रशासन के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## दीपक महस्के से अजय रोहरा की मुलाकात

**गरियाबंद,** 16 अप्रैल। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा ने आज छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) के नवनियुक्त चेयरमैन दीपक महस्के से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, स्वास्थ्य औषधियों की आपूर्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा की। अजय रोहरा ने चेयरमैन दीपक महस्के को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सीजीएमएससी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। रोहरा ने कहा की उनके लंबे अनुभव, कुशल कार्यक्षमता का लाभ सीजीएमएससी को मिलेगा। इसके माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर विकसित होगी।



# जीवनदीप समिति की बैठक में इलाज और सुविधाओं पर जोर

**गरियाबंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार को जिला अस्पताल गरियाबंद के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने की। विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू भी शामिल हुए। विधायक और कलेक्टर ने मरीजों के इलाज हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अस्पताल आने वाले मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



इसके पहले बैठक में समिति के कार्यों और एजेंडों पर चर्चा हुई। समिति के बजट, आय-व्यय और कर्मचारियों पर खर्च की समीक्षा की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने पिछले दो वित्तीय वर्षों के बचे आय-व्यय का ऑडिट कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीजीएमएससी में अनुपलब्ध दवाइयों और लैब सामग्री की खरीदी समिति मद से करने के निर्देश दिये। अस्पताल में फायर एग्जिट गेट बनाने, बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान के लिए जगह चिन्हित करने और परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर्स दुकान के चौबीसों घंटे संचालन और सभी प्रकार की दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें तय यूनिफॉर्म में ड्यूटी करने निर्देशित किया। समिति के कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी दर पर रखने और नये कर्मचारियों की भर्ती करने के निर्देश दिए। सभी कर्मचारियों की मोबाइल से फेस रीडिंग आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति शुरू करने के निर्देश दिये।

**विधायक रोहित साहू और कलेक्टर अग्रवाल ने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

वही बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू ने अस्पताल में सभी सुविधाएं व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा मरीजों के इलाज में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा विधायक ने पार्किंग स्टैंड, साफ-सफाई, ऑक्सीजन प्लांट की सक्रियता, सुरक्षा व्यवस्था और परिसर में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल, सिविल सर्जन डॉ. टी.सी. पात्रा, डॉ. हरीश चौहान, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, सीएमओ गिरीश चन्द्राकर सहित समिति के सदस्य और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बम्हंदेही के जंगल में 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**फिंगेश्वर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना फिंगेश्वर से प्राप्त जानकारी अनुसार आज सुबह गांव देहात पेट्रोलिंग के समय बम्हंदेही पारा के वंदबाय के जंगल में गांव के ही युवक यशवंत कुमार कमार पिता कुमार सिंह कुमार उम्र 20 वर्ष थाना फिंगेश्वर के द्वारा लंबे समय से महुआ की अवैध शराब बनाने का कार्य किया जाता था आज मौके पर फिंगेश्वर थाना प्रभारी पवन वर्मा चिंताराम देशमुख एवं पुलिस टीम ने अचानक छापामार कार्यवाही की जिसमें मौके पर प्लास्टिक के ड्रम जर्मन के गजों में महुआ की 105 लीटर अवैध शराब जप्त की गई आरोपी युवक द्वारा जमीन में प्लास्टिक के ड्रम को गढ़ा कर एवं गुप्त रूप से बड़े-बड़े गड्ढे जमीन के अंदर बनाकर छुपा कर शराब का अवैध कारोबार बड़े जोरों से किया जाता था जो कि आज पुलिस के हत्थे चढ़ने से अवैध कारोबार करने वालों के ऊपर बहुत बड़ी कार्रवाई से पूरे जंगल क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारी में भय पैदा हो गया है गरियाबंद जिले के एसपी के निर्देशन से लगातार जिले के सभी थाना में महुआ कीअवैध शराब बनाने व बिक्री पर रोक लगा है इस मामले में आज थाना फिंगेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपराधी यशवंत कुमार को 7 नंबर 10 लीटर एवं साथ डब्बा 5 लीटर बड़े प्लास्टिक के ड्रम जर्मन की बड़ी-बड़ी गंज पूरी सामग्री समेत गिरफ्तार किया गया कार्यवाही में अपराध क्रमांक 100/25 एवं धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर जिला न्यायालय गरियाबंद भेजा गया युवक द्वारा जंगल के अंदर नदी के किनारे धान की पैरावत में छुपकर शराब बनाने के अवैध कार्य को अंजाम देता था जैसे ही पुलिस की छापा मार कार्रवाई की गई पूरे गांव के लोग सामने आने से बचते रहे लंबे समय से इस क्षेत्र से शिकायत मिलती रही है पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई पर क्षेत्र वासियों ने ने खुशी जाहिर की है।

# विधायक ने किया 2 करोड़ 58 लाख के रोड का भूमिपूजन



**पिथौरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने 2 करोड़ 58 लाख की लागत से बनने वाले रोड का भूमिपूजन किया।

बसना विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत ग्राम खम्हन से कुदारीदादर मार्ग पर रोड व पुल पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक संपत अग्रवाल ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुवे कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी व राज्य में विष्णुदेव साय जी जो बोलते है वो करते है क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति की सौगात मिल रही है आने वाले समय में विधानसभा के हर गांव में लोगो को सुगम रास्ता दिलाने पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता डा एन के अग्रवाल जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी जनपद सदस्य हरप्रसाद पटेल विमला बेहरा सरपंच भरत चौधरी मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान विधायक प्रतिनिधि खोलबहरा निराला छबीलाल रात्रे कौशिक प्रधान नवीन प्रधान त्रिलोचन नायक दीनदयाल भोई रूपानन्नद नायक रमेश प्रधान नारायण पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक देश एक चुनाव से समय, श्रम व धन की बचत होगी : अशोक बजाज

**खरोरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आज भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला ग्रामीण की वर्चुवल बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत में लगातार हो रहे बदलाव की श्रृंखला में अब देश एक देश-एक चुनावज्ञ की ओर कदम बढ़ा रहा है. अब समूचा देश बार बार के चुनाव से मुक्ति चाहता है. उन्होनें कहा कि दिनोंदिन चुनावी खर्चे बढ़ते जा रहे है. 2024 के लोकसभा चुनाव में 1.35 लाख करोड़ रु खर्च हुए जबकि 2019 के चुनाव में 60000 करोड़ रु खर्च हुए थे। श्री बजाज ने कहा कि एक देश एक चुनाव से समय, श्रम व धन की बचत होगी. उन्होनें कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि सभी पंचायतों में जाकर जनजागरण करें ताकि इस बदलाव के लिए गांव गांव से राष्ट्रपति तक प्रस्ताव पहुंच सके।



# शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध



**तिल्दा नेवरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा में वार्ड नम्बर 6 बाजार पारा मे वार्ड वासी के द्वारा शुलभ शौचालय निर्माण का विरोध किया गया, वार्ड वासीयो का कहना है कि पहले से ही पास मे दो शुलभ शौचालय भवन का निर्मान किया जा चुका जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है ,उस पर ताला लगा के रखा गया है, और नए शुलभ शौचालय का निर्माण किया जा रहा है , जबकी यहा सामुदायिक भवन कि जरूरत है , जिसमे सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के कार्यक्रम मे आसानी होगी क्योकी अधिकतर परिवार गरीब वर्ग से आते है, जिनके पास रहने के लिये छोटे छोटे घर है , पास मे लगे मछली मार्केट का प्रबंध भी ठीक से नहीं किया जा रहा ,मार्केट मे गाड़ी कि पारकिंग कर दि जाती है ,जिससे मछलि विक्रेता को परेशानी होती है, इस पर वार्ड वासीयो के द्वारा, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्?तीसगढ़ पार्टी को मदद कि गूहार लगाइ गई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष तेजराम देवांगन का कहना है कि , नगरपालिका तिल्दा नेवरा का भ्रस्टाचार उजागर सामने आ रहा है,आम जनता के टेक्स के पईसा को बंदरबाट, बोर खनन एवं शुलभ शौचालय भवन का निर्माण करके किया जा रहा है , जबकी यहा सबसे ज्यादा पानी कि किल्लत हैऔर 100मीटर के अंदर मे सात बोर किया जा चुका है , जीसमे पानी नहीं निकलता है जिनका पाईप लाईन बिछा के समस्या का निदान किया जाना चाहिये , जीसका भी विरोध किया जा रहा है, ईस अवसर पर राकेश साहू पूर्णिमा साहू , प्रदीप साहू , कमलेश साहू,साजन निषाद, दुर्गेश सेन टेकराम साहू , अक्कूडान, मनिष, माया, ज्योती, तिजन, सीमा, पायल, रानू, गौरी, सपना, मनिशा,एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

## निधन

### लच्छन साहू

**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल।



परिक्षेत्र साहू समाज नवापारा के संरक्षक लच्छन साहू का आकस्मिक निधन गत रात्रि को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को प्रात:11 बजे निज निवास किसानपारा से निकाली गई। वे शेखर साहू,गजेंद्र साहू के पिता थे।

### तुलसीराम चंद्राकर

**महासमुंद,** 16 अप्रैल। स्थानीय पुरानी बस्ती निवासी तुलसीराम पिता जगन्नाथ चन्द्राकर का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सोनू चन्द्राकर, लक्की चन्द्राकर के पिता तथा आदर्श प्रिंटर्स स्टेशन रोड़ के संचालक चंद्रमणी चन्द्राकर व भोलाराम चन्द्राकर के भाई थे।



### वल्लभ भाई कारिया

**दुर्ग,** 16 अप्रैल। आर्य नगर निवासी वल्लभ भाई कारिया उम्र 78 वर्ष का कल 15 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र कारिया, सुरेन्द्र कारिया के पिता थे। कल 17 अप्रेल को संध्या 4.30 बजे से 5 बजे तक सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड दुर्ग में उठावना (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया है।



# पानी पाइप से सड़क खराब हुए हैं तो मुझे रिपोर्ट दें अधिकारी : कलेक्टर

**बिलाईगढ़,** 16 अप्रैल (देशबंधु)। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले के कार्यों का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार से सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा किया। कलेक्टर ने कहा कि जिस विभाग का आवेदन नहीं है वो संबंधित विभाग को आवेदन फॉरवर्ड करें। जो आवेदन जिले का है उसे जिले में और जो राज्य स्तर का है, उसे राज्य को भेजें। जिन आवेदक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, विषय आदि अस्पष्ट है उस आवेदक को ढूंढने की कोशिश करें यदि नहीं मिलते तो उन आवेदन का निराकरण करें।



कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड के लिए अंगूठे से आधार अपडेट के संबंध में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। खाद के उठाव और भंडारण आदि के लिए कलेक्टर ने उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव को कहा कि कृषि कलेंडर बनाएं जिसमें खाद, बीज, केसीसी, पीएम फसल बीमा आदि का मांग, उठाव आदि का निर्धारित समय अवधि में किया जाए। इसी प्रकार मृदा परीक्षण के बाद उपयोगी फसल का पैदावार करने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र जहां बारदाना की कमी है वहां बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पीडीएस सहकारी समिति के संचालकों को तुरंत डीडी जमा कराने के लिए खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह को निर्देश दिए। इसी प्रकार वसूली नहीं करने पर सीईओ बिलाईगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप को सख्त निर्देश दिए कि, कोई भी ठेकेदार रोड को खराब नहीं करेंगे। पीडब्लयूडी अधिकारी ऐसे रोड जो खराब हुआ है उसकी रिपोर्ट मेरे पास (कलेक्टर कार्यालय में) जमा करें। कलेक्टर ने आगामी जल जीवन मिशन की बैठक में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों को हाजिर रहने के लिए सूचना देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी को कोर्ट के आदेश का पालन करने के निर्देश दिए और सख्त निर्देश दिए कि कोर्ट की अवमानना के पूर्व कार्य संपादित करें। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बाबा साहब आंबेडकर सर्व समाज के उद्धारक थे : शैलेन्द्र बंजारे

**पलारी** 16 अप्रैल (देशबन्धु) पलारी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लकड़ियां में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 134 वीं जयंती के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया गया। अम्बेडकर जयंती एवं प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन बंजारे सतनामी समाज प्रमुख ने किया विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी तिलक भारद्वाज सरपंच ग्राम पंचायत लकड़ियां,

मंजू हीरादास रात्रे जनपद सदस्य, बसंत जांगड़े ब्लाक उपाध्यक्ष सतनामी समाज पलारी बलीराम यादव उपसरपंच राजकुमार बंजारे पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, सुकदास बंजारे पूर्व सरपंच हरिनभट्ठा राम लाल कोशले भण्डारी तथा ग्राम प्रमुखों के उपस्थित थे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र बंजारे के ग्राम लकड़ियां पहुंचने पर गाजे-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। शैलेन्द्र बंजारे ने पुजा अर्चना कर अतिथियों के उपस्थित में फीता काट कर अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण किया। उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर अमर रहे,जब तक सुरज चांद रहेगा बाबासाहेब आंबेडकर का नाम रहेगा का जयघोष करते रहें। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर उपस्थित जनसमूह एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेन्द्र ने कहां कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारत को विश्व का सर्वोच्च संविधान दिया जिसके बदौलत आज देश चल रहा है।बाबा साहब अम्बेडकर अट्ठारह अट्ठारह घंटे पढ़ाई करता था। उन्होंने विपरित परिस्थितियों में अपने कठिन मेहनत के बल पर 32 डिग्रीयां हासिल किया किया। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में डाक्ट्रेट की डिग्री जो आठ वर्ष में पूर्ण होता उसे केवल 2 वर्ष 3 माह में पूर्ण करने वाला विश्व एक मात्र विद्वान व्यक्ति हैं। सिंबल आफ नालेज के नाम से आज विश्व में उनकी पुजा किया जाता है।ऐसे महान व्यक्ति का आज जयंती मनाने एवं उनके प्रतिमा अनावरण का सौभाग्य मिला।आप सबको अंबेडकर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय संविधान में बाबासाहेब आंबेडकर ने गरीब वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति महिलाओं सबको समानता का अधिकार दिए ।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सर्वसमाज के उद्धारक थे। कार्यक्रम को अध्यक्षता कर रहे मोहन बंजारे ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें बाबा साहब डॉ आम्बेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबासाहेब आंबेडकर के बताए मार्ग चलकर शिक्षित बनों संगठित रहो संघर्ष करो की बात को आत्मसात कर आत्मनिर्भर समाज बनाना है।सभा को विशेष अतिथि किशोर नवरंगे ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंचगण चतुरदास कोशले, अश्वनी बंजारे, धन्ना संत कुमार बंजारे,दीक्षा साय,नाथू घृतलहरे,रेशम चतुर्वेदी,पायल भारद्वाज,किशन मार्कण्डेय, सीमा घृतलहरे, शांति बांधे,हीरा लाल बांधे, जेठूराम, सहित ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे।



**जयंती पर लकड़ियां में बाबा आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया गया**

## प्रादेशिकी का शेष...

### सोनिया गांधी, राहुल गांधी के ...

दयाराम वर्मा, सतीश अग्रवाल, आलोक मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, अजय ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, खिलेंद्र वर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल, संदीप पांडे, योगेश बंजारे, नल कुमार पटेल, राम शंकर साहू, सुरेंद्र ठाकुर, अयाज अहमद फारुकी, अश्वनी वर्मा, मानस पांडे, मनोज प्रजापति, पार्षद सलमान शेख,गोविंद पात्रे,सुभाष राव, सुरेंद्र जायसवाल, राजा तिवारी, सतीश पांडे, अमर मिश्रा अनिल साहू, दिवाकर मिश्रा, वैभव केसरवानी, सुश्री पद्मेश्वरी साहू,सूर्यकांत वर्मा, संतोष चंद्राकर, दीपक साहू, जय नायक, चंद्र कुमार साहू, चेतेश्वर साहू, आयुष भतपहरी, लेखराम जायसवाल, अमृत साहू, उमाशंकर मनहरे, आबिया खान, कमल पटेल, धर्मेंद्र वर्मा, संदीप साहू , सोनू ठाकुर,भेंनू प्रसाद साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### धमतरी जिले को जल...

आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। इस आदेश के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए हैं। धमतरी नगरनिगम सीमा के अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी धमतरी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह राजस्व अनुविभाग धमतरी, कुरूद और नगरी के अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्राधिकृत क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन पाया जाता है या जलस्त्रोतों का दोहन करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

### मप्र के नीमच कछाला गांव में ...

भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसे एक स्पष्ट आदेश के माध्यम से राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया जावे ताकि इस तरह की घटनाओं पर विराम लग सके तथा भविष्य में इन निंदित घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# भव्य प्राचीन खल्लारी मेले में रोजाना उमड़ रही जनसैलाब

**बागबाहरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थस्थल खल्लारी भीमखोज में प्रतिवर्ष अप्रैल माह के चैत्र पूर्णिमा में आयोजित ऐतिहासिक मेला को देखने के लिए दूरदराज से लोग बड़ी संख्या में रोजना पहुंच रहे हैं। वहीं इस बीच शांतिपूर्ण रूप से मेला का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। मेले के दौरान पहाड़ावाली खल्लारी देवी एवं माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी देवी के दर्शन के लिये हर रोज श्रध्दालु भक्तो की जबरदस्त भीड़ यहां मंदिरों में देखने को मिल रहा है।

पर्यटन स्थल खल्लारी भीमखोज में चैत्र पूर्णिमा मेला शुक्रवार 11 अप्रैल को खल्लारी पहाडी के गुफा में स्थापित सिध्द बाबा के प्रथम पूजा अर्चना पश्चात, पहाड़ावाली मॉ के मंदिर में दैवीय माता खल्लारी के विशेष पूजा अर्चना के बाद मध्य रात्रि 12 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही भव्य खल्लारी मेला का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत बागबाहरा के द्वारा ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव के लोककला संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन 12, 13, 14 अप्रैल को रात्रिकालिन आयोजन भी रखा गया था। वहीं पूरे तीन दिनों तक खल्लारी मेला महोत्सव में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगीन छटा बिखरती रही। जहां जनपद पंचायत बागबाहरा के द्वारा ऐतिहासिक खल्लारी मेला महोत्सव 2025 में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन में पहले दिन शनिवार 12 अप्रैल को जय मॉ शीतला सुवा बिटिया परिवार भानपुर (बागबाहरा) और गुरतुर लोककला मंच संतोष सारथी टीम रायपुर, दूसरा दिन रविवार 13 अप्रैल को जगराता कार्यक्रम कु. दुर्गा साहू ठुमसा पटेवा और गरिमा दिवाकर, स्वर्णा दिवाकर नाईट शो, तीसरे दिन सोमवार 14 अप्रैल को मया के बोली, योगेश मोंगरे और विवेक शर्मा नाईट शो का आयोजन हुआ। जहां पहले दिन के आयोजन में बतौर मुख्यअतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत खल्लारी के युवा सरपंच पुष्पेन्द्र साहू, विशेष अतिथि भूमिका रामलाल सिन्हा सहित स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित थे। वहीं दूसरे दिन के आयोजन में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, अतिविशिष्ट अतिथि बागबाहरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, जनपद सदस्य भूमिका रामलाल सिन्हा, ग्राम पंचायत खल्लारी के युवा सरपंच पुष्पेन्द्र साहू थे। इसी कडी में तीसरे दिन आयोजन के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, अतिविशिष्ट अतिथि छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्राहास चंद्राकर, महासमुंद लोक सभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथि खल्लारी के पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, महासमुंद के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रवि फरोदिया सहित स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा भाजपा संगठन एवं मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित थे। वहीं इसके अलावा ग्रामीणों के विशेष सहयोग से मंगलवार 15 और 16 अप्रैल को भी लोककला मंच के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का और भी भव्य आयोजन रखा गया है। जहां खल्लारी मेले के आयोजन को बढ़ाकर अब 18 अप्रैल तक कर दिया गया है।



**अब खल्लारी मेला महोत्सव 18 तक चलेगी**

**मेले में मौत का कुआं एवं आकाश का हवाई झूला आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं**

मेले में मौत का कुआं, आकाश झूला, हवाई झूला, सुपर ड्रेगन, ब्रेक डांस झूला, टोरा डॉसिंग झूला, मिक्की मॉऊस एवं बच्चों के लिए भी झूला, धूम मोटर सायंकल व ड्रेगन रेल गाडी, हेलीकॉटर झूला आदि मेले का विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जहां मेले में इन आयोजनों के संचालक दीपक मौर्य (बिलासपुर) ने बताया कि खल्लारी भीमखोज के चैत्र पूर्णिमा के ऐतिहासिक खल्लारी मेला में इस बार भी मौत का कुआं में दो मारूती कार और बुलेट संहित चार मोटर सायंकलों का एक साथ रेशों में हैरत अंगेज कारनामा में जबरदस्त रोचक खेल दिखाये जा रहे हैं। जहां मेला स्थल के परिसर में इस बार दो जगहों में आकाश झूला से मेला स्थल खूब सुशोभित हो रहा है। वहीं रंग बिरंगे लाईटों का बहुत सुंदर तरीके से साजसज्जा के कारण मेला स्थल रात्रि में काफी आकर्षक दिखने लगा है। मेले में इस बार भी भव्य पारिवारिक प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए क्राफ्ट बाजार भी लगी हुई हैं।

**चैत्र पूर्णिमा मेले का खूब आनंद उठा रहें हैं श्रद्धालु भक्तगण**

मेले स्थल में जनसुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवानो की पुख्ता इंतजाम से लेकर बिजली, पानी आदि की व्यवस्था इस बार बहुत ही अच्छे ढंग से की गई है। इसके अलावा मेले में बाहर के व्यापारियों के अलावा क्षेत्रीय लोग भी भारी संख्या में दुकान लगाये हुए हैं । जहां लोग अपने विभिन्न प्रकारों के दैनिक उपयोग के सामाग्रियों की खरीदी कर चैत्र पूर्णिमा मेला का खूब आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान खल्लारी मेला देखने पहुंचे लोगों द्वारा किस्म - किस्म के मिठाई जलेबी, लड्?डू, पेंडा, बतासा, बडा, भजीया सहित खासकर ओखरा लई एवं गन्ना और विभिन्न प्रकार के सामाग्रियों की खरीदी कर रहें हैं।

**जनसुरक्षा एवं व्यवस्थित यातायात के लिए पुख्ता इंतजाम**

चैत्र पूर्णिमा मेला खल्लारी में दर्शनार्थी एवं श्रध्दालुओं की जनसुरक्षा और मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस जवानों की तगड़ी व्यवस्था की गई है। मेले को लेकर खल्लारी थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार नाग ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार खल्लारी मेले में पहुंचने वाले श्रद्धलुओ की भीड़ को संभालने के लिए इस बार भी पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। जहां हम सब पुलिस के जवान मॉ खल्लारी के दोनों मंदिरों, मेला महोत्सव स्थल, खल्लारी मेला स्थल आदि जगहों पर अधिक संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। ताकि किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना न हो।

# नवापारा में हुआ कांग्रेस का सम्मेलन, पहुंचे पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू

## नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने धनेंद्र साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान





**नवापारा-राजिम,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार दोपहर पीसीसी के पूर्व चीफ एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नवापारा स्थित कार्यालय संगवारी में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव द्वारा धनेंद्र साहू एवं पार्षदों का आभार कार्यक्रम रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, सभी कांग्रेस के पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से यह नया दायित्व मिला है। अतएव मुझ पर विश्वास कर मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है मै विश्वास दिलाती हूं कि इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगी। पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन करते हुए सभी कांग्रेस के साथियों तथा पार्षदो के साथ मिलकर काम करूंगी। इस अवसर पर संध्या राव ने पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, सभी पार्षद, कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों व अपने वार्ड नं 4 के सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान की। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारो का सम्मान शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### जनता के मौलिक अधिकार के लिए सामने आएं : धनेंद्र साहू

इस अवसर पर पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने नेता प्रतिपक्ष संध्या राव एवं सभी पार्षदो से कहा कि नगर की जनता के समस्याओं पानी, बिजली, सड़क, नाली, जो उनका मौलिक अधिकार है उसे नगर पालिका में उठाने के लिए निर्देश किया। बूथ अध्यक्ष वार्ड अध्यक्षो को चुनाव में बहुत अच्छा मेहनत करने के लिए तारीफ किया। श्री साहू ने कहा कि जनता के साथ जुड़े रहे उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए नगर पालिका में दबाव बनाएं। शहर में जो भी समस्याएं सामने आती है उसके हल करने के लिए एकजुट होकर काम करे। इसी तरह वार्ड के समस्याओं को लेकर आप नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के पास जा सकते है, संगठन को बतला सकते है मेरे भी ध्यान में इसे ला सकते है, मै हमेशा आप लोगो के साथ हूं, हमेशा उपलब्ध हूं।

**ये थे उपस्थित:** कार्यक्रम में ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति रमेश तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शेखर बाफना, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अरूणा शुक्ला, पूर्व पार्षद स्वर्णजीत कौर, पार्षद अजय साहू, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू, फागुराम देवांगन, हेमंत साहनी, तरूण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, सुश्री दीपाली राजपूत, रेखा तिवारी, आशीष दीवान, अजय कोचर, चतुर जगत, राजा चांवला, शाहिद रजा, निर्माण यादव, राकेश सोनकर, अनुप खरे, मंगराज सोनकर, गुड्डु मिश्रा, बल्लु देवांगन, प्रतीक साहू, अहमद रिजवी, विनोद कंडरा, अतुल ठाकुर, सत्तार भाई, सौरभ सोनी, सुनील साहू, राजा ठाकुर, मोंटु मिश्रा, सुरेंद्र साहू सहित त्रिवेणी निर्मलकर, महेश साहू, शीतल जगत, रूखमणी कंसारी, योगिता कंसारी, मानसिंग ध्रुव, सुनीता सोनकर, शालु एशानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएमएचओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला का औचक निरीक्षण



**बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में यह देखा गया कि बायोमेडिकल को जनरल वेस्ट में ही सम्मिलित कर दिया गया है जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कर्मचारियों को सीएमएचओ ने फटकार भी लगाई और उचित प्रबंधन के निर्देश दिये।

### बायोमेडिकल वेस्ट का उचित प्रबंधन करने के निर्देश

सीएमएचओ ने अस्पताल में वार्ड, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। लैब में टीबी की जाँच बढ़ाने को कहा गया। जो अधूरे केस शीट थे उसे पूरा करने को कहा गया। ड्यूटी रजिस्टर बनाकर पीएनसी और आईपीडी वार्ड अलग करने, मितानिन की बैठक कर उन्हें दवाई देने तथा 20 बिस्तर वार्ड की साफसफाई करने को भी सी एम एच ओ ने निर्देशित किया। इसके बाद विकासखंड सिमगा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिटकुली में चल रहे ऑनलाइन एनक्यूएएस एसेसमेंट में भी सीएमएचओ सम्मिलित हुए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी, प्रसव कक्ष और फार्मेसी में दी जा रही सुविधाओं को भी देखा तथा सन्तुष्टि जाहिर की। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल, नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य डॉ. शशि जायसवाल, सलाहकार हर्ष लता जायसवाल तथा डीपीएनएचओ पारस सोनबर मौजूद थे।

# अम्बेडकर जयंती में हरनादादर की सरपंच कोमल टंडन हुई सम्मानित



**बागबाहरा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। संविधान निर्माता एवं भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती पर ऑल एसटी-एससी वेलफेयर एसोसिएशन बागबाहरा के तत्वावधान में आयोजित कलम के बादशाह संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत हरनादादर की सरपंच श्रीमती कोमल हीरादास टंडन को मंच में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष विजय कुमार बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, पंकज हरपाल, प्राचार्य डोमन लाल टंडन, सोमनाथ टोंडेकर, सुश्री दुर्गा सागर, रेखराज बघेल, सोनू टंडन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सम्मानित करने पर सरपंच श्रीमती कोमल हीरादास टंडन द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं एसटी-एससी परिवारजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# पीएम श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा में आर्ट ऑफ लिविंग की चार दिवसीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ





**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। आज पी.एम. श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा में आर्ट ऑफलिविंग की चार दिवसीय विशेष कक्षाओं का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफलिविंग संस्था से अमित माखीजा एवं सुनील नागवानी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती फाखरा खानम दानी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता और रुचि के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एस. एन. देवांगन, भुवन लाल अवसरीया, राजेश अवसरीया, दुर्गेश बंजारे, महेश वर्मा, सोनू साहू, अश्वनी साहू, सौरभ साहू, चन्द्रकांत धनकर, हिमानी दास, अल्फिया बानो, रेणुका यादव, कुसी सीखा, आरती तिवारी, अर्चना सिंह एवं प्रगति बरेठ कृ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और बच्चों के उत्साह में चार चाँद लगाए। कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रशिक्षकों ने बच्चों को शरीर की ऊर्जा, उसके विभिन्न अंगों और उनके महत्व के बारे में सरल और प्रभावशाली ढंग से जानकारी दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्राणायाम और योग के कई व्यायाम भी सिखाए गए, जिन्हें करके सभी बच्चों ने अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा और ताजगी का अनुभव किया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और आनंद की झलक देखते ही बन रही थी। विद्यालय में आयोजित यह चार दिवसीय कार्यशाला निश्चित ही विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाएगी तथा उन्हें तनावमुक्त और आत्मविश्वासी जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगी।

# छग चेंबर्स आफ कामर्स के चुनाव में व्यापारियों ने दिखाया उत्साह

**महासमुंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के व्यापारियों ने छग चेंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष पद के लिए उत्साह पूर्वक मतदान किया। मतदान केंद्र सरस्वती

### मतदान केंद्र के बाहर रहा चुनावी माहौल

स्कूल के बाहर चुनाव का माहौल शाम तक बना रहा। मतदान के बाद मतपेटियां रायपुर ले जाई गई। जिस तरह का माहौल व्यापारियों के चुनाव में दिखाई दिया उसको लेकर नगर में चर्चा होती रही। छग चेम्बर्स आफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज के लिए महासमुंद जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए मतदान स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। जिसमें व्यापारियों



ने एक जूटता दिखाते हुए बेहतर मतदान किया। 479 मतों में 433 मत पड़े जो कि व्यापारियों के उत्साह और एकता का परिचायक है, चुनाव प्रचार के दौरान जय व्यापार पैनल के अमर परवानी ने व्यापारियों से कहा था आप मतदान किसके पक्ष में करोगे यह तो प्रत्याशी को देखकर तय करो लेकिन मतदान जरूर करो और हर मतदान करने के लिए उन्होंने अपील की जिससे व्यापारियों का वजूद बढ़े। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष के लिए जय व्यापार पैनल से संजय अग्रवाल तथा एकता पैनल से प्रवीण अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर प्रत्याशी हैं। प्रदेश मंत्री पद के लिए जय व्यापार पैनल के महासमुंद से जितेंद्र चंद्राकर निर्विरोध होने के कारण चुना जाना तय है। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इसमें सरायपाली विख से 148, बसना विख से 35, पिथौरा से 7, बागबाहरा विख से 42, महासमुंद बिरकोनी से 247 सदस्य है।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे रूपेश्वर का स्वागत



**महासमुंद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। नांदगांव का बेटा सेना में रह कर देश के प्रति अपना कर्तव्य निभा कर जब वापस अपने गांव लौटा तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीण उसे जुलूस के रूप में गांव लेकर आए। बाद में फूल बरसा कर स्वागत किया गया। रास्ते में जगह.जगह साफे बांधे गए, मालाएं पहनाई गई, सेना में नौकरी करने के बाद सेवानिवृत्ति पर ग्रामीणों के लाड़.प्यार को देख कर फौजी भावुक हो गया और बोला कि वो यह प्यार और सम्मान कभी नहीं भुला पाएगा। नांदगांव निवासी रूपेश्वर धीवर 2008 से 2025 हाल ही में सेना में अपनी नौकरी पूरी कर लांस नायक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। मंगलवार को जब गांव लौटे तो ग्रामीण बेहद खुश हुए। ग्रामीण अपने घरों के समाने आरती की थाली व मालाएं लिए स्वागत के लिए इंतजार करते नजर जाए। इस अवसर पर भारत माता की जय और देशभक्ती नारों से गांव गूंज उठा। धीवर समाज, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी, अजय जांगड़े, योगेश पटेल, ठाकुराम धीवर, गंगा प्रसाद धीवर, पूर्व सैनिक नारायण चंद्राकर, दीनू पटेल, तिलक धीवर, उदय धीवर, लोचन चंद्राकर, दसरू पटेल, देवनाथ रैला, सालिक पटेल, एसकुमार पटेल सहित ग्रामीणजनों ने उनका स्वागत किया।

# सीएचसी में महतारी सुघर दिवस का शुभारंभ



**नवापारा राजिम,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएचसी में महतारी सुघर दिवस का शुभारंभ के उपलक्ष्य मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथलेश चौधरी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा साहू के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ तेजेंद्र साहू के मार्गदर्शन मे महतारी सुघर दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सामु.स्वा.केन्द्र में पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, नागेंद्र वर्मा, सौरभ जैन, सचिन सचदेव, एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ तेजेंद्र साहू, बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सक कश्यप मेडम, एल.पी. तारक, सुपरवाइजर, लैब टेक्नीशियन रामअवतार यदु, मुकेश साहू, नीतेश कुंभकार, सिस्टर महिपाल, फार्मेसिस्ट दुष्यंत साहू, मितानिन दीदी आदि की उपस्थिति रही।

# जिलाबदर हुए निगरानी बदमाश सूरज उर्फ सूरजभान निषाद धमतरी में घुमते गिरफ्तार

**धमतरी,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने गुंडा बदमाशों के उपर नजर रख कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली की थाना सिटीकोतवाली धमतरी क्षेत्र का जिला बदर एवं निगरानी बदमाश सूरज उर्फ सूरजभान निषाद पिता नन्दू राम निषाद उम्र 51 वर्ष साकीन स्कूल चौक के पास दानीटोला धमतरी, थाना कोतवाली धमतरी क्षेत्र के गोकुलपुर चौक में बिना अनुमति के प्रवेश कर घूम रहा है। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली टीम द्वारा बदमाश को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ





किया गया, बदमाश के पास धमतरी जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था, जो आरोपी को थाना सिटी कोतवाली में धारा 223 बीएनएस0 एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

उक्त आरोपी को दिनांक 19/11/24 को जिला दंडाधिकारी धमतरी के द्वारा जिलाबदर की कार्यवाही की गई थी।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी. राजेश मरई, प्रआर. रवि जगने, आरक्षक युवराज ठाकुर, कृष्णा पाटिल, सुरेंद्र डड़सेना, रुपेश रजक का विशेष योगदान रहा।

# पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रो में दी जा रही है जानकारियां

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के सभी आंगनवाड़ी में पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनायें जा रहे हैं। इस दरम्यान आयुष आरोग्य मंदिर रावन पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रो में आयुष चिकित्सा डा रितु रानी वर्मा ने उचित खान-पान के बारे में जानकारी दी। वहीं योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा द्वारा प्रतिदिन योग प्राणायाम बारिकियों से जानकारी देते हुए रोगानुसार योगाभ्यास करा रहे हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा बाई केंवरा बाई, संतोषी, नीमा वर्मा, संतोषी वैष्णव और अनिता बाई और सहायिका सहित विशेष योगदान दे रहे हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण जैसे आयोजन किए जा रहे हैं आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। पखवाड़ा के दौरान पोषण रैली, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन जारी है।



# सेना अग्निवीर भर्ती के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

**बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय सेना अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्कध्स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समेन के लिए 10वीं पास तथा अग्निवीर ट्रेड्समेन 8वीं, 10वीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भारतीय सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 25 अप्रैल 2025 तक भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं इस बार से अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थीयों को ऑनलाइन परीक्षा सीईई के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा ऑनलाइन परीक्षा सीईई जून 2025 में होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर दूरभाष नंबर 0771-2965212,0771-296524 पर संपर्क कर सकते है।

### संस्था एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु आवेदन 22 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय पॉलीटेक्नीक व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि के सस्था प्रमुख व छात्रवृत्ति प्रभारी एवं विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन की प्रक्रिया राज्य स्तर से प्रारंभ कर दिया गया है। परिवर्तन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात प्रेषित जानकारी पर विचार नहीं किया जायेगा।

## देशबन्धु के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



अनिल शर्मा

**अनिल शर्मा**
अध्यक्ष
जिला अधिवक्ता संघ
महासमुंद

## देशबन्धु के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



जीवराज चन्द्राकर

**जे.के. ब्रिक्स**
ग्राम- लभराखुर्द (महासमुन्द)
मथई ईट, चिमनी ईट के निर्माता एवं विक्रेता
मो. 9669056228
7587180388
आफिस- 9826604698
7489408218

बोल्डर, पत्थर, गिट्टी, रेत एवं बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर

## देशबन्धु के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



पूनम चन्द्राकर
पूर्व राज्य मंत्री
छ.ग. शासन



निश्चय पूनम चन्द्राकर
पार्षद, वार्ड नं. 20
नगर पालिका परिषद, महासमुंद

## देशबन्धु के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



श्रीमती दुर्गा रूपलाल पटेल
सरपंच



रूपलाल पटेल
पूर्व सरपंच

ग्राम पंचायत कुरूभाठा, आश्रित ग्राम गोंगल

## देशबन्धु
### के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...



**योगेश्वर राजू सिन्हा**
विधायक
महासमुंद

## देशबन्धु
### के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...



**निखिलकांत साहू**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
महासमुंद

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं...



शुभेच्छु
आर्यन श्याम शुक्ला
जनपद सदस्य लटुवा क्षेत्र
जनपद पंचायत बालौदाबाजार

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं...



:: शुभेच्छु ::
सुश्री सुमित्रा धृत्तलहरे
अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी
बालौदाबाजार-भाटापारा

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं...
एवं
बलौदाबाजार के समाजसेवी, युवा व्यवसायी
श्री सौराष्ट्र कड़वा पाटीदार सेवा समाज छ.ग. के अध्यक्ष
श्री संजय (संजू) पटेल जी
को भारतीय रेडक्रास
सोसायटी राज्य शाखा के कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर ढ़ेर सारी बधाई



श्री संजय (संजू) पटेल जी


विनीत : समस्त मित्रगण बलौदाबाजार
सौजन्य : बजरंग रेस्टोरेंट बलौदाबाजार

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट
(श्री सीमेंट लिमिटेड की इकाई)
की ओर से दैनिक देशबंधु समाचार पत्र के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं




ग्राम-खपराडीह, तहसील-सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)


देशबन्धु
के 67वें
स्थापना दिवस पर
मा. विष्णु देव साय
मुख्यामंत्री
(छत्तीसगढ शासन)
एवं
लोकप्रिय जननायक
श्री रामू रोहरा जी
को धमतरी नगर निगम
के महापौर बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं ...
उदित माहेश्वरी
विनित-उदित माहेश्वरी धमतरी छ.ग.


देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
छत्तीसगढ़ का
पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
के 67वें स्थापना दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. विष्णु देव साय
मुख्यामंत्री
(छत्तीसगढ शासन)
अरूण साव
उप मुख्यमंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ शासन
विनित- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. शासन (K.M. JDP) (G.B.RYP)